कार्तिक कृष्ण पक्ष एकादशी 07:51 उपरांत द्वादशी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 28 अक्टूबर 2024

वर्ष 5, अंक 343, पृष्ठ 16

2 राज्य, 6 संस्करण

मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





आतंकवाद बर्दाश्त नहीं : जयशंकर 16

परमसुंदरी में बिजनेस टाइकून होंगे सिद्धार्थ 15


# आयुष्मान योजना का भुगतान समय पर न होने पर झलकी डॉक्टरों की चिंता

## अमृत विचार के हेल्थ केयर कॉन्क्लेव में डॉक्टरों ने की प्रमुख समस्याओं पर चर्चा

- महिला डॉक्टरों की सुरक्षा और अस्पतालों के नवीनीकरण के मुद्दे भी उठाए

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** अमृत विचार की ओर से रविवार को आयोजित हेल्थ केयर कॉन्क्लेव में डॉक्टरों ने अस्पतालों को आयुष्मान योजना के तहत समय पर भुगतान न किए जाने पर गंभीर चिंता जताई। महिला डॉक्टरों की सुरक्षा और अस्पतालों का पंजीकरण कराने की अनिवार्यता को हर साल के बजाय पांच साल में लागू किए जाने जैसे कई और मुद्दे भी प्रमुखता के साथ उठाए। डॉक्टरों ने कहा कि ये समस्याएं इस कदर चुनौतीपूर्ण हो चुकी हैं कि इनकी वजह से कई अस्पतालों का अस्तित्व दांव पर लग गया है।

पीलीभीत बाईपास पर स्वर्ण फार्म में आयोजित कॉन्क्लेव में निजी-सरकारी डॉक्टरों के साथ जिले के प्रमुख जनप्रतिनिधियों, उद्यमियों और अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया। निजी डॉक्टरों का सबसे ज्यादा फोकस आयुष्मान योजना की विसंगतियों पर रहा। अस्पतालों के हर साल रजिस्ट्रेशन कराने की अनिवार्यता पर डॉक्टरों ने कहा कि इसकी वजह से अस्पतालों को उत्पीड़न से जूझना पड़ता है। कॉन्क्लेव में बरेली में राजकीय मेडिकल कॉलेज की स्थापना का मुद्दा भी उठा। विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहे नवाबगंज विधायक डॉ. एमपी आर्य ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराने के लिए शहर के डॉक्टरों को वहां भी समय देने की जरूरत है। कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने कहा कि बरेली में मेट्रो की सुविधा मिलने जा रही है। तीन सौ बेड अस्पताल को सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल बनाने के लिए वार्ता हुई है। बिथरी चैनपुर विधायक डॉ.राघवेंद्र शर्मा ने कहा कि रजिस्ट्रेशन अवधि बढ़ाने के लिए मैं आईएमए के चिकित्सकों के साथ स्वास्थ्य मंत्री से मिला था।

जल्द रिन्यवूल की अवधि पांच साल होने वाली है। कॉन्क्लेव में विशिष्ट अतिथि के तौर पर मेयर उमेश गौतम, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव कुमार अग्रवाल, प्रति कुलाधिपति डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल, डॉ. अर्जुन अग्रवाल, अमृत विचार के समूह संपादक शंभू दयाल वाजपेयी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रमेंद्र माहेश्वरी ने किया।




कॉन्क्लेव में मंचासीन मुख्य अतिथि वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार, कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, नवाबगंज विधायक डॉ. एमपी आर्य, बिथरी चैनपुर विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा, मेयर डॉ. उमेश गौतम, एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव कुमार अग्रवाल, प्रति कुलाधिपति डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल। ● अमृत विचार

### जल्द लागू होगी पांच साल में रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था : डॉ. अरुण

मुख्य अतिथि वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने निजी डॉक्टरों की ओर से उठाई गई समस्याओं पर बिंदुवार जवाब दिए। कहा, अस्पतालों का रजिस्ट्रेशन हर साल के बजाय पांच साल बाद कराने की व्यवस्था जल्द लागू होने वाली है। उन्होंने आईएमए से इस संबंध में एक पत्र भी देने को कहा ताकि सरकार में उनकी बात एक बार फिर रखी जा सके। आयुष्मान योजना का भुगतान लटकाने को वन मंत्री ने भी गलत करार दिया। कहा, ये मुद्दा भी शासन में रखेंगे। उन्होंने कहा कि नर्सिंग होम का रजिस्ट्रेशन कराने में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की एनओसी नहीं मिल रही है तो उनसे कभी भी संपर्क किया जा सकता है।



एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति को अमृत विचार ने लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया। उन्होंने श्रीराम मूर्ति स्मारक मेडिकल कॉलेज खोलने की यात्रा का अनुभव साझा किया।



ऑब्स एंड गायनी संस्था की अध्यक्ष डॉ. मृदुला शर्मा को एक्सीलेंस इन गाइनेकोलॉजिस्ट के अवार्ड से सम्मानित किया गया। उन्होंने जागरूकता से सर्वाइकल कैंसर व ब्रेस्ट कैंसर को रोके जाने की बात कही।


पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा

सर्वमंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके। शरण्ये त्र्यंबके गौरी नारायणी नमोस्तुते।।

MK

हर समझदार गृहणी की पसन्द

एम. के. बन्धानी हींग

51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर

फोन: 9519456555, 9695416555


## एक नजर

### अमृतपाल के सहयोगी सहित तीन गिरफ्तार

**जालंधर।** जालंधर कमिश्नरेट पुलिस ने महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए अवैध हथियारों, ड्रग्स, जबरन वसूली और अन्य की तस्करी में शामिल होने के आरोप में अमृतपाल सिंह के एक पीएसओ सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा ने रविवार को बताया कि यह रैकेट राज्य में सक्रिय था और राज्य में कानून व्यवस्था को बिगाड़ने के लिए बड़ी कार्रवाई की योजना बना रहा था।

### जम्मू-कश्मीर में नार्को तस्कर गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने रविवार को उधमपुर जिले में पोस्ता भूसी के साथ एक अंतर्राज्यीय नार्को तस्कर अवतार सिंह निवासी रामदास जिला, तहसील अमृतसर, पंजाब को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम ने राउंडोमेल में चेकिंग के दौरान एक ट्रक से 9.680 किलो पोस्ता भूसी बरामद किया।

# 50 उड़ानों में बम होने की धमकी

## धमकी के बाद इंडिगो एयर लाइन के दो विमानों का परिवर्तित किया गया मार्ग

## पिछले 14 दिनों के भीतर 350 से ज्यादा फ्लाइट्स को मिल चुकी हैं धमकियां

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय विमानन कंपनियों को रविवार को 50 विमानों में बम होने की धमकी मिली जिससे दो उड़ानों के मार्ग में परिवर्तन करना पड़ा। पिछले 14 दिनों में भारतीय विमानन कंपनियों द्वारा संचालित 350 से अधिक उड़ानों में बम होने की झूठी धमकी मिली है। ज्यादातर धमकियां सोशल मीडिया के जरिए दी गईं।

अकासा एयर ने रविवार को कहा कि उसकी 15 उड़ानों को सुरक्षा अलर्ट मिला। इंडिगो की 18 उड़ानों और विस्तारा की 17 उड़ानों के दौरान विमान में बम होने की धमकियां मिलीं। धमकियों के बाद इंडिगो की दो उड़ानों का मार्ग परिवर्तित कर दिया गया। इंडिगो के एक अधिकारी ने कहा कि इसकी पुणे से जोधपुर उड़ान को अहमदाबाद और कोझिकोड से दम्मम को मुंबई की ओर मोड़ दिया गया। जिन उड़ानों को सुरक्षा संबंधी अलर्ट मिले उनमें दिल्ली-इस्तांबुल, जेद्दा-मुंबई, गोवा-अहमदाबाद, बेंगलुरु-झारसुगुड़ा, अमृतसर-अहमदाबाद, कोलकाता-पुणे, हैदराबाद से बागडोगरा, दिल्ली से बेंगलुरु, बेंगलुरु से दिल्ली, रायपुर से हैदराबाद, मुंबई से कोलकाता, अहमदाबाद-लखनऊ, बेंगलुरु से कोलकाता, कोलकाता-बेंगलुरु) और रियाद-मुंबई शामिल हैं।



केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने रविवार को कहा कि केंद्र उन अपराधियों को उड़ान भरने से प्रतिबंधित करने के लिए कदम उठाने पर विचार कर रहा है, जो बम होने की झूठी धमकियां देते हैं। मंत्री ने यह भी कहा कि इन फर्जी खतरों को रोकने के लिए अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों, कानून प्रवर्तन शाखा और गुप्तचर ब्यूरो की मदद लेने के अलावा केंद्र सरकार दो नागरिक उड्डयन कानूनों में संशोधन करने पर भी विचार कर रही है।

### लखनऊ के 9 होटलों को उड़ाने की धमकी

- होटलों की आईडी पर ई-मेल भेजकर दी गई धमकी, मांगे 55 हजार डॉलर
- मेल मिलते ही पूरे प्रदेश में हाई अलर्ट, होटलों और रेस्टोरेंट की जांच शुरू

**लखनऊ।** राजधानी के 9 होटलों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। यह धमकी ई-मेल के जरिए दी गई। धमकी के बाद पुलिस ने सभी 9 होटलों में छानबीन की। पुलिस उच्चाधिकारियों ने पूरे प्रदेश में हाई अलर्ट घोषित कर दिया। प्रमुख शहरों में भी होटलों की जांच की गई। आरोपी ने एडम लांजा के नाम से सभी होटलों को मेल किया। जिसे Sandyhookchildkilling‹bha›@‹/bha›outlook.com मेल आईडी से सुबह 8.30 बजे भेजा। जिसके बाद होटल प्रबंधन ने पुलिस के उच्चाधिकारियों को जानकारी दी। जिसके बाद सभी होटलों में बम निरोधक दस्ता, फोरेंसिक और डॉग स्क्वायड टीमें पहुंचीं। साइबर क्राइम की टीम आईपी एड्रेस का पता लगा रही है। जिन होटलों को धमकी मिली उनमें होटल क्लार्क अवध, फार्च्यून, पिकैडली, लेमन ट्री, होटल मैरिएट, होटल कम्फर्ट विस्टा, होटल कासा, होटल दयाल गेटवे और सरका होटल शामिल हैं। मेल भेजने वाले ने लिखा है, आपके होटल के परिसर में काले बैग में बम छिपाए गए हैं। मुझे 55 हजार डॉलर (लगभग 45.6 लाख रुपये) चाहिए, नहीं तो मैं बम से उड़ा दूंगा और हर जगह खून फैल जाएगा।

### अयोध्या की एक और उड़ान में बम की सूचना

**अयोध्या।** रविवार को बेंगलुरु से अयोध्या आ रहे विमान में बम की सूचना से हड़कंप मच गया। विमान में 173 यात्री थे। महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर विमान की लैंडिंग के बाद बम स्क्वायड व सुरक्षा टीमों ने दो घंटे तक जांच की। सूचना झूठी साबित होने के बाद यात्रियों को एयरपोर्ट से जाने दिया गया। इससे पहले 15 अक्टूबर को जयपुर से अयोध्या आ रहे एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान में बम की सूचना मिली थी। अयोध्या एयरपोर्ट के डायरेक्टर विनोद कुमार ने विमान में बम की सूचना के बाद एयरक्राफ्ट और सामानों की जांच कराई गई लेकिन कुछ नहीं मिला।

# फिर से शुरू होंगे गुरुकुल पद्धति के विद्यालय : योगी

## संस्कृत छात्रवृत्ति योजना की शुरूआत, 69195 विद्यार्थियों को मिलेगी छात्रवृत्ति

- मुख्यमंत्री ने कहा-कंप्यूटर साइंस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी तकनीकों में भी उपयोगी संस्कृत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी के संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय से रविवार को राज्य के सभी संस्कृत विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति योजना की शुरूआत की। उन्होंने कुल 69195 विद्यार्थियों को 5.86 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति की घोषणा करते हुए संकल्प जताया कि प्रदेश में फिर से गुरुकुल पद्धति के आवासीय संस्कृत विद्यालय शुरू होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि संस्कृत न केवल देववाणी है, बल्कि यह विज्ञान की भाषा भी है, जो कंप्यूटर साइंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी आधुनिक तकनीकों में उपयोगी है। संस्कृत की विशेषताएं इसे तकनीकी दृष्टिकोण से सहज बनाती हैं। इसीलिए संस्कृत के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले संस्कृत के केवल 300 विद्यार्थियों को ही छात्रवृत्ति मिलती थी, उसमें भी आयु सीमा तय थी, लेकिन अब सभी संस्कृत स्कूल, कालेज व विश्वविद्यालय के 69195 विद्यार्थियों को लाभान्वित किया जाएगा। उन्होंने सभी विद्यार्थियों का बैंक खाता खुलवाने का निर्देश भी दिया। कहा कि संस्कृत विद्यालयों में शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाई जाएगी। जिन स्थानों पर अभी तक शिक्षक नहीं हैं, वहां मानदेय के आधार पर शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी और उनके अनुभव को वरीयता दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने पिछली सरकारों में संस्कृत शिक्षा को उपेक्षित रखे जाने की आलोचना करते हुए कहा कि जो मानवता का पक्षधर है, वह संस्कृत का भी हिमायती है। मुख्यमंत्री ने 12 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का चेक देकर योजना का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविन्द्र जायसवाल, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर मिश्र दयालू, कुलपति प्रो. बिहारी लाल शर्मा, श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर न्यास परिषद् के अध्यक्ष प्रो. नागेन्द्र पाठक, काशी विद्वत परिषद के अध्यक्ष प्रो. वशिष्ठ त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।



### आप करें संस्कृत की पढ़ाई सरकार करेगी सारी व्यवस्था

मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि गुरुकुलों को अतिरिक्त सुविधाएं दी जाएंगी, छात्रों के लिए नि:शुल्क छात्रावास और भोजन की व्यवस्था करने वाले संस्थानों को विशेष सहायता मिलेगी। अच्छे आचार्यों की नियुक्ति की भी स्वतंत्रता दी जाएगी। उन्होंने विद्यार्थियों के कहा कि निश्चिंत होकर संस्कृत की पढ़ाई करें, सरकार सारी व्यवस्था करेगी। एलान किया कि काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में स्थापित वैदिक विज्ञान केंद्र के माध्यम से विशिष्ट शोध को प्रोत्साहित करते हुए राज्य सरकार शोध करने वाले छात्रों को विशेष छात्रवृत्ति भी देगी।

# जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देने पर केंद्र तैयार

- संसद के शीतकालीन सत्र में लाया जाएगा प्रस्ताव
- लद्दाख का दर्जा केंद्र शासित प्रदेश का ही रहेगा

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र में जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने पर सहमति बन गई है। वहीं, लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश बना रहेगा। नवंबर के आखिरी हफ्ते में शुरू होने वाले संसद के शीतकालीन सत्र में इससे जुड़ा प्रस्ताव लाया जाएगा। राज्य के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने 23 अक्टूबर को गृह मंत्री अमित शाह और 24 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी। इस दौरान उमर ने पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने का आग्रह किया था। उन्हें इसी साल राज्य का दर्जा बहाल करने का आश्वासन मिला था।

केंद्र सरकार ने वर्ष 2019 में अनुच्छेद 370 और 35ए हटाते समय जम्मू-कश्मीर और लद्दाख दो केंद्र शासित प्रदेश बना दिए थे। सरकार ने राज्य के हालात सामान्य होने पर पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने का भरोसा भी दिया था। हालिया राज्य विधानसभा चुनाव में भी भाजपा ने इसे दोहराया था। चुनाव के बाद गठित सरकार की पहली कैबिनेट मीटिंग में राज्य का दर्जा बहाल करने का प्रस्ताव पास करके उप-राज्यपाल (एलजी) को भेजा गया था। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने 19 अक्टूबर को प्रस्ताव मंजूर करने के बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय को भेज दिया था।

### राज्य दर्जे के बाद यह होगा बदलाव

पुलिस और कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी राज्य सरकार के पास आ जाएगी। सरकार का पुलिस पर सीधा नियंत्रण होगा। भूमि, राजस्व और पुलिस से जुड़े मामलों पर कानून बनाने का अधिकार भी राज्य सरकार को मिल जाएगा। सरकार चलाने में तब उपराज्यपाल का दखल नहीं होगा। वित्तीय मदद के लिए केंद्र पर निर्भरता खत्म होगी। वित्त आयोग से वित्तीय सहायता मिलेगी। राज्य की विधानसभा को पब्लिक ऑर्डर यानी सार्वजनिक व्यवस्था और समवर्ती सूची के मामलों में कानून बनाने के अधिकार मिलेंगे। सरकार कोई वित्तीय बिल पेश करती है तो इसके लिए उसे राज्यपाल की मंजूरी लेने की जरूरत नहीं होगी। एंटी करप्शन ब्यूरो और अखिल भारतीय सेवाओं पर राज्य सरकार का पूरा नियंत्रण हो जाएगा। यानी राज्य में अधिकारियों के ट्रांसफर और पोस्टिंग राज्य सरकार के हिसाब से होंगे, उस पर उपराज्यपाल का नियंत्रण नहीं रहेगा। व्यापार, टैक्स और वाणिज्य के मामलों में राज्य सरकार को सभी अधिकार हासिल हो जाएंगे। राज्य का दर्जा बहाल होने से विधायकों की संख्या के 15 प्रतिशत तक मंत्री बनाए जा सकेंगे।

# मुंबई के बांद्रा रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में दस घायल, 2 गंभीर

मुंबई, एजेंसी

मुंबई में बांद्रा रेलवे स्टेशन पर रविवार तड़के गोरखपुर जाने वाली एक ट्रेन में चढ़ने के लिए धक्का-मुक्की के दौरान मची भगदड़ में दस लोग घायल हो गए। जिनमें दो की हालत गंभीर है। नगर निकाय और आपदा प्रबंधन अधिकारियों ने यह जानकारी दी। वहीं, पश्चिमी रेलवे ने घायलों की संख्या दो बताई है।

दिवाली और छठ उत्सवों के मद्देनजर घर जा रहे लोग बड़ी संख्या में बांद्रा टर्मिनल पहुंचे। जब अनारक्षित ट्रेन को प्लेटफॉर्म पर लाया जा रहा था तो कई यात्री उसमें चढ़ने के लिए दौड़ पड़े। नगर निकाय के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना तब हुई जब बड़ी संख्या में लोग 22921 बांद्रा-गोरखपुर अंत्योदय एक्सप्रेस पर चढ़ने के लिए बांद्रा टर्मिनल की प्लेटफॉर्म संख्या एक पर मौजूद थे। पश्चिम रेलवे ने बताया कि यह घटना देर रात 2:45 बजे बांद्रा टर्मिनल की प्लेटफॉर्म संख्या एक पर हुई जब अंत्योदय एक्सप्रेस यार्ड से प्लेटफॉर्म की ओर बढ़ रही थी।

# शोहदों से परेशान छात्रा ने फंदे पर लटक कर दी जान

## आत्मघाती कदम : कॉल और मैसेज कर फोटो-वीडियो वायरल करने की देते थे धमकी



- पिता की तहरीर पर दो आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

संवाददाता, निगोही (शाहजहांपुर)

**अमृत विचार :** आए दिन शोहदों के कॉल व मैसेज करने और फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी से परेशान होकर बीटीसी की छात्रा ने फंदे पर लटक कर जान दे दी। एएसपी सिटी ने मौका मुआयना किया।

फॉरेंसिक टीम ने भी मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। पिता की तहरीर पर चाचा-भतीजे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। निगोही क्षेत्र के एक गांव निवासी 24 वर्षीया बीटीसी की छात्रा को कुछ समय से झरू और अमनदीप कॉल व मैसेज करके तंग कर रहे थे। आरोपी फोटो व वीडियो वायरल करने की धमकी देते थे। उनकी हरकतों से छात्रा परेशान रहती थी। लंबे समय तक प्रताड़ित होने के बाद रविवार सुबह करीब सात बजे उसने कमरे में दुपट्टे से दीवार के कुंडे से फंदा लगा लिया। मां कमरे में गई तो बेटी को फंदे पर लटका देख शोर मचाया। जिस पर भाई ने दुपट्टा काटकर उसे नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। सूचना पर एएसपी सिटी संजय कुमार, प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह चौहान ने पुलिस टीम के साथ गांव पहुंचकर मामले की जानकारी की। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मृतका के पिता की तहरीर पर दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

पुलिस के अनुसार आरोपियों ने छात्रा के साधारण फोटो खींचकर उसे एडिट कर वीडियो बना लिए थे। उसी को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देते थे। फोटो और वीडियो छात्रा के भाई के पास भी पहुंच गए थे। ऐसे में छात्रा ने आत्मघाती कदम उठा लिया।

# दीपावली से पहले कई शहरों की खराब होने लगी आबोहवा

## पूर्वी से पश्चिम उप्र. तक बढ़ा वायु प्रदूषण, लखनऊ, कानपुर, बरेली, मेरठ, आगरा, गाजियाबाद में वायु गुणवत्ता प्रभावित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** पूर्वी से लेकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई शहरों की हवा इन दिनों प्रदूषित हो चली है। आबोहवा ऐसी ही बनी रही तो आने वाले दिनों में दिल के मरीज बढ़ सकते हैं। दरअसल, पूर्वी से लेकर पश्चिम उप्र. के तमाम शहरों में दिवाली से पहले वायु प्रदूषण बढ़ा हुआ है। इस क्रम में लखनऊ, कानपुर, बरेली, मेरठ, आगरा, गाजियाबाद में चल रही हवा की गुणवत्ता प्रभावित है।

चिकित्सा विशेषज्ञों का कहना है कि लंबे समय तक ऐसी हवा में रहने पर सांस की बीमारी का खतरा हो सकता है। 401 से 500 तक एक्यूआई (एयर क्वालिटी इंडेक्स) होने पर स्वस्थ आदमी पर भी असर पड़ सकता है। पहले से बीमार लोगों को ज्यादा खतरा होता है। 51 से 100 के बीच एक्यूआई को संतोषजनक जाता है और 0-50 एक्यूआई को अच्छी स्थिति माना जाता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) की साइट पर जारी आंकड़ों के अनुसार रविवार की सुबह राजधानी लखनऊ स्थित बीआर अम्बेडकर यूनिवर्सिटी के पास एक्यूआई 59, गोमतीनगर में 61, कुकरैल में 70, लालबाग में 106 रहा। जबकि पश्चिमी उप्र. की स्थिति यह है कि कई इलाकों में सूक्ष्म, धूल, सल्फर और कार्बन के कणों की अधिकता से लोग खांसने लगे हैं। खुले में निकलने पर आंखों में जलन महसूस हो रही है। सांस संबंधी बीमारियों के मरीज बढ़ गए हैं। डाक्टरों के पास सबसे ज्यादा यही मरीज हैं। कानपुर के किदवई नगर में 64, कल्याणपुर में 81 और नेहरू नगर में 56 एक्यूआई पाया गया। आगरा के मनोहरपुर में 190 एक्यूआई पाया गया है। मुरादाबाद के कांशीराम नगर में एक्यूआई 134, ट्रांसपोर्ट नगर में 99 पाया गया है। मेरठ के गंगानगर में 122 जयभीमनगर में 251, पल्लवपुरम में 213 एक्यूआई पाया गया है। प्रयागराज के झूंसी में 67, मोतीलाल नेहरू एनआईटी के पास 33 एक्यूआई पाया गया है।



### कई जिलों में बारिश के आसार

**लखनऊ।** मौसम में हो रहे बदलाव के बीच सुबह और रात में ठंड का एहसास बढ़ रहा है। कई शहरों के तापमान में गिरावट भी दर्ज की जा रही है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक अगले 24 घंटे में वाराणसी, प्रयागराज, कौशांबी, प्रतापगढ़, बांदा, फतेहपुर, चित्रकूट, जौनपुर, मिर्जापुर, संत रविदासनगर, सोनभद्र, चंदौली, आजमगढ़, बलिया, मऊ, गाजीपुर और देवरिया में हल्की बारिश हो सकती है। कानपुर में बादल छाए रहेंगे लेकिन बारिश की संभावना नहीं है। लखनऊ और आसपास मौसम साफ रहने की संभावना है।

### दिल्ली में वायु की गुणवत्ता बेहद खराब

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में रविवार को वायु गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में दर्ज की गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 359 दर्ज किया गया जबकि शनिवार को यह 255 था। बोर्ड ने 40 निगरानी केंद्र में से 36 का आंकड़ा साझा किया जिसमें से आनंद विहार, अलीपुर, बवाना, जहांगीरपुरी, मुंडका, वजीरपुर, विवेक विहार और सोनिया विहार में वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में दर्ज की गई जबकि शेष 28 में एक्यूआई बेहद खराब श्रेणी में रहा।

## एक नजर

### धन्वंतरि का प्राकट्य दिवस 29 को

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** भारतीय जीवन विज्ञान आयुर्वेद के प्रवर्तक समुद्र मंथन में प्रकट हुए भगवान विष्णु के अंशावतार धन्वंतरि का प्राकट्य दिवस (धनतेरस) 29 अक्टूबर को मनाया जा रहा है। संकल्प संस्था के संस्थापक डॉ. अवधेश मणि त्रिपाठी ने बताया कि प्राकट्य दिवस 29 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से 11.30 बजे तक खिरनीबाग बिस्मिल उद्यान के समीप स्थित त्रिपाठी आयुर्वेद भवन में मनाया जाएगा। यह कार्यक्रम संकल्प, योग विज्ञान संस्थान और आयुष चिकित्सकों की ओर से संयुक्त रूप से होगा।

### अब 29 को मनेगा राष्ट्रीय अखंडता दिवस

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बताया है कि 31 अक्टूबर को मनाया जाने वाला लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल का जन्म दिवस इस बार 29 अक्टूबर को मनाया जाएगा। उन्होंने बताया चूंकि 30 अक्टूबर को नरक चतुर्दशी और 31 अक्टूबर को दीपावली का त्योहार है, इसलिए शासन स्तर से यह निर्णय लिया गया है 31 अक्टूबर के स्थान पर अब 29 अक्टूबर को राष्ट्रीय अखंडता दिवस अत्यंत भव्यता के साथ गरिमापूर्वक मनाया जाएगा।

### अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**पुवायां, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला बड़ी होली निवासी पूरनलाल ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि 21 अक्टूबर को उसकी मां राजवती पत्नी हरिओम पुवायां हाइडिल के पास पैदल घर की तरफ जा रही थी, इसी दौरान एक चार पहिया वाहन ने उनके टक्कर मार दी, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई। मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने चार पहिया वाहन के अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

### बरातियों के साथ मारपीट

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** बदायूं के उसहैत थाना के गांव भुंडी निवासी गुरुनाम सिंह ने परौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके पुत्र उपेंद्र प्रताप सिंह का रिश्ता रुचि पुत्री अमर पाल निवासी रंजीत नगला थाना परौर के साथ हुआ था। 24 अक्टूबर को बारात आई थी। कुछ लोगों ने बरात में मारपीट कर दी। तीन कारों को तोड़ दिया, जिससे काफी नुकसान हुआ। बरात में आए लोगों के साथ मारपीट की। परौर पुलिस ने रामकिशन निवासी मदनापुर, उमेश, राकेश, नरेश निवासी परौर के खिलाफ मारपीट आदि की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### तमंचा समेत दो युवक गिरफ्तार, जेल भेजे

**जलालाबाद, अमृत विचार :** थाना प्रभारी प्रदीप कुमार राय को रविवार की दोपहर सूचना मिली कि एक व्यक्ति गांसनगर में संदिग्ध अवस्था में घूम रहा है। पुलिस ने उसे पकड़ा तो उसके पास से तमंचा व कारतूस बरामद किया। पकड़ा गया आरोपी जीशान निवासी गौसनगर थाना जलालाबाद है। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं, बंडा थाना प्रभारी सोनी शुक्ला ने रविवार को सूचना मिली कि छज्जूपुर पुलिया के निकट एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में घूम रहा है। पुलिस ने उसे पकड़ लिया और जामा तलाशी में तमंचा व दो कारतूस बरामद किए है। पकड़ा गया अभियुक्त धर्मेंद्र निवासी पिपरा जप्ती थाना बंडा है।

### वारंटी गिरफ्तार

**तिलहर, अमृत विचार :** थाने के उप निरीक्षक मोहित कुमार ने बताया कि अभियुक्त बब्लू निवासी दिलाजाक थाना तिलहर के खिलाफ कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ था। अभियुक्त के ऊपर पहले से छह मुकदमे दर्ज है। पुलिस ने रविवार को उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## ईओ ने नोटिस जारी कर लगाया था प्रतिबंध, हाईकोर्ट ने नोटिस को माना वैध

# चेयरमैन प्रतिनिधि नहीं जा सकेंगे नगर पंचायत कार्यालय

संवाददाता, तिलहर

- कार्यालय के गोपनीय दस्तावेजों में हस्तक्षेप करने का आरोप

**अमृत विचार :** अधिशासी अधिकारी द्वारा पूर्व चेयरमैन/चेयरमैन प्रतिनिधि पर नगर पंचायत कार्यालय में प्रवेश पर लगाए गए प्रतिबंध के विरोध में चेयरमैन प्रतिनिधि को उच्च न्यायालय से भी कोई राहत नहीं मिली है। उनकी याचिका को न्यायालय ने खारिज कर दिया।

मीरानपुर कटरा के पूर्व चेयरमैन शमीउश्शान खान पर नगर पंचायत कार्यालय में प्रवेश को लेकर अधिशासी अधिकारी कल्पना शर्मा ने 10 अक्टूबर को प्रतिबंध लगाते हुए इसकी प्रतिलिपि जिला अधिकारी सहित तमाम उच्च अधिकारियों को प्रेषित कर दी थी। उल्लंघन की दशा में कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी थी। अधिशासी अधिकारी का आरोप था कि पूर्व चेयरमैन नगर पंचायत कर्मचारियों को धमका कर कार्यालय के गोपनीय दस्तावेजों को जबरन तलब करते हैं तथा उस पर हस्तक्षेप करते हैं, जबकि पूर्व चेयरमैन समीउश्शान खान ने बताया था कि वर्तमान चेयरमैन मुख्तियार अहमद द्वारा अपने निरक्षर होने के कारण वित्तीय मामलों को छोड़कर अन्य सभी कार्यों की देखरेख करने का अधिकार पत्र उन्हें दिया गया है इसीलिए वह नगर पंचायत के कार्यों को देख रहे हैं। अधिशासी अधिकारी द्वारा लगाए गए प्रतिबंध के विरोध में पूर्व अध्यक्ष ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया लेकिन वहां पर भी उन्हें राहत नहीं मिली। उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति अंजनी कुमार मिश्रा तथा जयंत वनर्जी ने अधिशासी अधिकारी द्वारा दिए गए नोटिस के तथ्यों को सही माना और अध्यक्ष द्वारा जारी किए गए अधिकार पत्र को असंवैधानिक मानते हुए पूर्व चेयरमैन शमीउश्शान की याचिका खारिज कर दी।

### लिपिक के निलंबन पर स्टे आर्डर

चेयरमैन मुख्तार अंसारी द्वारा तमाम आरोप लगाकर चार अक्टूबर को निलंबित किए गए वरिष्ठ लिपिक सुरेंद्र कुमार ने भी राहत पाने के लिए उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। लिपिक ने न्यायालय को बताया कि बिना कोई आरोप पत्र दिए अथवा उनका पक्ष जाने बिना किसी भी मामले की जांच किए बिना ही उन्हें निलंबित कर दिया गया। इस मामले में भी उच्च न्यायालय ने निलंबन पत्र पर स्टे कर दिया लेकिन उनके खिलाफ विभागीय जांच जारी रहेगी।

## दीपावली से पूर्व ठीक कराई जाएं सड़कें

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- सीनियर सिटीजन सोसाइटी की बैठक में उठी मांग

**अमृत विचार :** सीनियर सिटीजन सोसाइटी की एक बैठक रविवार को बृज बिहार कॉलोनी स्थित आर्य महिला डिग्री कॉलेज की पूर्व प्रचार्या डॉ. रानी त्रिपाठी के आवास पर हुई। अध्यक्षता उमेश चंद्र पाठक व संचालन सत्य प्रकाश तिवारी ने किया। बैठक में चर्चा हुई कि महानगर की सड़कें ठीक न होने से वृद्धों का घर से बाहर निकलना दूभर हो गया है। आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। मांग की कि दीपावली से पूर्व सड़कें ठीक कराई जाए। सोसाइटी का विस्तार करते हुए जिलाध्यक्ष उमेश चंद्र पाठक ने आर्य महिला डिग्री कॉलेज की पूर्व प्राचार्य को जिला महिला प्रकोष्ठ की महामंत्री, लेखपाल संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष सर्वेश कुमार मिश्र को किसान प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष, भगवती सहाय पांडेय एडवोकेट को अधिवक्ता प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष, मोहम्मद सईद खां को जिला संपरीक्षक तथा पूर्व सेल्स टैक्स अधिकारी श्याम मोहन मिश्र को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया।

बैठक में राजेश शुक्ल, हरप्रसाद पांडेय, ओंकार मनीषी वरिष्ठ, श्रीप्रबंध त्रिपाठी, सावित्री शर्मा, रवि शर्मा, राम रक्षपाल, जगत नारायण अवस्थी, गजेंद्र प्रसाद, रमेश चंद्र सक्सेना, अशोक मिश्र, कैलाश मिश्र, राजेश द्विवेदी आदि ने मौजूद रहे।

# पहले खोदाई और अब गड्ढे वाली सड़कों का दंश झेल रहे शहरवासी

## भ्रष्टाचार जिम्मेदार या सरकार...पता नहीं, मुक्त होने के बाद फिर गड्ढा युक्त हो गईं शहर की सड़कें

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


पचराहा में बनी सड़क में हो गए हैं तमाम गड्ढे। • अमृत विचार


घंटाघर में आंबेडकर पार्क के सामने बदहाल सड़क। • अमृत विचार

- 24 सितंबर को दिए गए मुख्यमंत्री योगी के आदेश पर भरवाए गए थे गड्ढे
- भरने के चंद दिन में दोबारा उखड़ गईं सड़कें, गिरकर चोटिल हो रहे लोग

**अमृत विचार :** पहले सीवर लाइन के लिए सड़कें खोद कर डाल दी गईं और सालों तक शहरवासियों ने इसका दंश झेला। अब गड्ढे वाली सड़कें सिर दर्द बनी हुई हैं। लगभग एक साल से लोग गड्ढे वाली सड़कों से होकर गुजरने को मजबूर हैं। 24 सितंबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 15 दिन में सभी सड़कों के गड्ढे भरने के निर्देश दिए थे। इसके बाद लोगों को उम्मीद थी कि शायद अब सड़कों के गड्ढों से लोगों को आजादी मिल जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। कब सड़कें गड्ढा मुक्त हुईं और कब दोबारा से गड्ढा युक्त हो गईं पता ही नहीं चला। 30 सितंबर के आसपास सड़कें ठीक कराई गईं और 25 अक्टूबर के आसपास तमाम सड़कें फिर से ऊबड़-खाबड़ और गड्ढों से पट गईं। एक महीने भी लोगों को ठीक से गड्ढा मुक्त सड़कों से सफर करने का मौका नहीं मिला। अब फिर से महानगर की तमाम सड़कें बदहाल हो गई हैं। कुछ सड़कें एक माह तक भी ठीक से गड्ढामुक्त नहीं रहीं। आंबेडकर पार्क के सामने वाली सड़क, घंटाघर के पास वाली सड़क, बहादुरगंज को जाने वाली सड़क, पचराहा, सदर बाजार थाने के पास, बहादुरगंज को जाने वाली सड़क, एसपी कॉलेज रोड, मोहनगंज मंदिर के सामने स्टेशन रोड सहित तमाम सड़कें ऐसी हैं जो वर्तमान में बदहाल हैं। गड्ढों से दोबारा भर गई हैं, लेकिन देखने वाला कोई नहीं है। अब इन सड़कों को देखकर लोग कहने लगे हैं कि क्या महानगर की सड़कें ऐसी ही होती हैं।


सदर बाजार थाने के पास कुछ इस तरह सड़क बदहाल।


एसपी कॉलेज रोड के गड्ढे। • अमृत विचार

महानगर में सीवर लाइन डालने के दौरान तमाम सड़कों को खोद कर डाल दिया गया था। ऐसे में लगभग तीन साल तक लोग परेशान होते रहे। हाल ही में सीएम के आदेश पर गड्ढे भरे गए। अब फिर से हाल बेहाल हो गया है। कई सड़कों में जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। गड्ढों की संख्या तो अनगिनत है। लगातार वाहन चलने के कारण हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। दो पहिया वाहन चालक परेशान होते रहते हैं। अक्सर ई-रिक्शा गड्ढे में जाने से अनियंत्रित होकर पलट जाते हैं। लोग जोखिम उठाकर इन गड्ढे वाली सड़कों से गुजरते हैं।

### गुणवत्ता को लेकर उठ रहे हैं सवाल

लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के किए कार्यों की गुणवत्ता को लेकर लगातार सवाल उठते रहते हैं। मई में पुवायां विधायक चेतराम ने एक सड़क का निरीक्षण किया था। उन्होंने नई बनी सड़क को देखा तो पता चला कि गुणवत्ता बहुत ही खराब है। विधायक ने पेन से सड़क को उखाड़ा तो वह उखड़ने लगी। इसके बाद विधायक ने सड़क की जांच को लिखा था। हालांकि बाद में लोक निर्माण विभाग की ओर से खानापूर्ति कर दी गई। इसी तरह महानगर में विभाग की ओर से बनाई गई कई सड़कों के निर्माण में गड़बड़ी देखने को मिली। एक ओर सड़कों का निर्माण हुआ और दूसरी ओर सड़कें धंसने लगी। इसके बाद भी गुणवत्ता को लेकर सवाल उठे थे। दूसरी ओर समय से पहले सड़कें उखड़ जाती हैं। इसको लेकर भी सवाल उठते रहते हैं। वहीं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों का कहना है कि मुख्यमंत्री के आदेश पर सड़कों को गड्ढामुक्त किया गया है। कई बार ट्रैफिक ज्यादा होने व कुछ अन्य कारणों से सड़कें उखड़ जाती हैं। कई बार खराब गुणवत्ता की वजह से भी सड़कें उखड़ती हैं। महानगर की सड़कें दोबारा क्यूं गड्ढों से भर गईं, यह दिखवाया जाएगा।

## भावलखेड़ा ब्लॉक में 19 पुलियों, रजवाहा का निर्माण शुरू

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** विधानसभा क्षेत्र ददरौल के विकास खंड भावलखेड़ा में राष्ट्रीय जल प्रबंधन योजनांतर्गत शारदा नहर खंड रजवहा 19 पुलियों का निर्माण शुरू हो गया है। विधायक अरविंद कुमार सिंह ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि नहर पर नए सिरे से लगभग 100 वर्षों बाद पुर्नस्थापना का कार्य शुरू हो रहा है। क्षेत्रवासियों की समस्याओं को देखते हुए 19 नवीन पुलियों का निर्माण कराया जा रहा है, इससे क्षेत्रीय लोगों को आवागमन में बहुत लाभ मिलेगा। विधायक ने बताया कि पुलियों की लागत 10 व रजवाहा की लागत 7 करोड़ सहित कुल कार्य 17 करोड़ की लागत से कराए जा रहे हैं। जिन पुलियों का निर्माण होना है, उनमें हुसैनापुर-शाहगंज, हुसैनपुर- रुकनपुर, सरही-चक भिटारा, पींग-रामापुर, सिसौआ-बरमौला, जमौरा-रायपुर-गौरिया, अली हरसनपुर-नौसिया, नौसिया-सेहरामऊ, सहजापुर-डींगुरपुर, महोलिया-गौरी खुर्द-गौरी कलां-सिउरा, बादशाह नगर-रौरा-मिर्गापुर, सेहराम- कहेलिया-दाऊदपुर, शाहगंज-मानपुर, दमदौर-पड़रा, बाड़ीगांव-रामापुर- पैतापुर, महोलिया-गौरी खुर्द-गौरी कलां-सिउरा, गौरी खुर्द-गौरी कलां-सिउरा और कहेलिया-दाऊदपुर- ददऊ शामिल हैं।

## वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज ने लगाया निःशुल्क हड्डी रोग शिविर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


शिविर में जांच करते चिकित्सक।

- मरीजों की बीएमडी व ब्लड शुगर की जांच की, दवाइयां दीं

**अमृत विचार :** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा की ओर से संचालित ग्रामीण स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र निकट फल मंडी मीरानपुर कटरा में निःशुल्क हड्डी रोग शिविर का आयोजन रविवार को किया गया, जिसमें मरीजों का परीक्षण किया गया।

कैंप में मरीजों की बीएमडी व ब्लड शुगर की जांच की गई। सभी मरीजों को परामर्श व दवाइयां निःशुल्क दी गई और जांचें, सिटी स्कैन और एमआरआई के डिस्काउंट कूपन भी वितरित किए गए। मेडिकल कॉलेज के पीआरओ ने बताया कि आगे भी प्रत्येक माह के द्वितीय रविवार को निःशुल्क हड्डी रोग का शिविर का आयोजन किया जाएगा। हड्डी रोग विभाग में उपलब्ध सुविधाओं गठिया, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, साइटिका, पैरों की कमजोरी, पैरों का सुन्नपन, झनझनाहट, गर्दन का दर्द, रीढ़ का दर्द, जन्म से टेड़े-मेड़े हाथों पैरों का इलाज, हड्डी का संक्रमण, हड्डी की टीबी, गली हड्डी से मवाद आने का सफल इलाज, घुटना एवं कूल्हा प्रत्यारोपण, सभी प्रकार की टूटी हुई हड्डी का प्लास्टर व ऑपरेशन से सफल इलाज ऑपरेशन, आईसीयू की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। अस्पताल में परिवार स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा भी उपलब्ध है। जिसका शुल्क मात्र 200 रुपये है। शिविर में स्पाइन डॉ. आदिल व डॉ. शिवम की चिकित्सीय टीम के साथ पैरामेडिकल स्टाफ और मेडिकल कॉलेज के एमएसडब्ल्यू जितेंद्र गंगवार मौजूद रहे।

## दिव्यांग बच्चों के साथ आज मनाएंगे दीपोत्सव

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** दीपावली के अवसर पर मातृत्व सोशल वेलफेयर सोसायटी एवं एसोसिएशन ऑफ द डीफ वेलफेयर की ओर से आज दिव्यांग बच्चों के लिए प्रोत्साहन एवं जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

मातृत्व सोसायटी की डायरेक्टर नेहा यादव सक्सेना व बधिर संघ बरेली मंडल के महासचिव अमन सक्सेना ने बताया कि यह कार्यक्रम 11 बजे से कंपोजिट विद्यालय किला चारखंभा में होगा। मुख्य अतिथि दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी वरुण सिंह रहेंगे। संस्था की ओर से दिव्यांग बच्चों के साथ दीपावली उत्सव मनाया जाएगा। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि आइए, बधिर दिव्यांग बच्चों के साथ मिलकर दीप उत्सव मनाएं और एक समावेशी समाज की ओर कदम बढ़ाएं। बच्चों को पटाखे, मिठाइयां व गिफ्ट वितरित किए जाएंगे।

## इंद्रधनुषी रंगों से सराबोर रहा तक्षशिला का वार्षिकोत्सव

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** तक्षशिला पब्लिक स्कूल का अभिव्यक्ति थीम पर आधारित 25वां वार्षिकोत्सव उत्साह, उमंग और उल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने मनमोहक प्रस्तुतियों से सतरंगी छटा बिखेरने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी। समारोह में हजारों की संख्या में अभिभावक और विशिष्टजन भी मौजूद रहे और बच्चों की प्रस्तुतियों पर झूमते रहे।

वार्षिकोत्सव का आरंभ रविवार देर शाम मुख्य अतिथि वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने मां शारदे की प्रतिमा और संत त्यागी जी महाराज (टापर वाले) के चित्र पर पुष्पार्चन और दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद आकर्षक परिधानों में सजे-धजे बच्चों की भारी-भरकम टीम ने श्री गणेश वंदना पर भावपूर्ण नृत्य किया। इसी क्रम में राधा-कृष्ण नृत्य, योगा, टीपीएस म्यूजिक बैंड, बार्बी वर्ल्ड, कव्वाली, तीरंदाजी, शास्त्रीय संगीत, विभिन्न राज्यों के लोकनृत्य, महाभारत के अंतर्गत एक यात्रा अधर्म से धर्म तक, कल्कि अवतार, हॉरर शो डरना जरूरी है, भक्त प्रह्लाद-नृसिंह अवतार, कंटारा समेत कई अन्य मनोहारी प्रस्तुतियां देकर बच्चों ने खूब वाहवाही लूटी। कॉलेज के मुख्य द्वार से आयोजन स्थल तक बड़ी संख्या में बच्चों ने अलग-अलग प्रांतों की वेशभूषा में लोकनृत्य के माध्यम से अतिथियों का स्वागत किया।


तक्षशिला स्कूल के वार्षिकोत्सव में मनोहारी प्रस्तुति देते बच्चे। • अमृत विचार

- कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने किया समारोह का आरंभ
- मनोहारी प्रस्तुतियों पर झूमें अतिथि और अभिभावक

इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में एसपी सिटी संजय कुमार, आईआईए के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, राजीव मोहन पांडेय, रचित अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, अशोक अग्रवाल (मोती), जय गोपाल अग्रवाल, श्रीगोपाल अग्रवाल, मून जौहरी, पवित्र नील जौहरी, समेत बड़ी संख्या में विशिष्टजन मौजूद रहे। इससे पहले कॉलेज प्रबंधक राज कुमार खंडेलवाल, निदेशक अरुण खंडेलवाल, मनु खंडेलवाल ने अतिथियों का स्वागत किया।

### रजत जयंती वर्षः प्रधानाचार्य ने गिनाए सफलता के सोपान

प्रधानाचार्य प्रखर खंडेलवाल ने कॉलेज की 25 वर्ष की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए सफलता के सोपान गिनाए। मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने कॉलेज में संस्कारपरक शिक्षा की गुणवत्ता की सराहना करते हुए सभी को रजत जयंती वर्ष की बधाई दी।

# दीक्षांत समारोह में सम्मानित किए गए मेधावी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- आईटीआई रोजा में मनाया गया जिला स्तरीय कार्यक्रम

**अमृत विचार :** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) का जनपद स्तरीय दीक्षांत समारोह रविवार को रोजा स्थित संस्थान में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय व्यावसायिक परीक्षा में उत्तीर्ण और मेधावी प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण-पत्र, प्रशस्ति पत्र तथा मेडल देकर सम्मानित किया गया।

समारोह का शुभारंभ करने के बाद मुख्य अतिथि ददरौल विधायक अरविंद कुमार सिंह ने अखिल भारतीय व्यावसायिक परीक्षा- 2024 में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले आईटीआई जलालाबाद और पुवायां के प्रशिक्षार्थियों को मेडल पहनाकर प्रमाण-पत्र और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। नोडल प्रधानाचार्य नागेंद्र सिंह की अध्यक्षता में चले दीक्षांत समारोह कार्यक्रम प्रभारी राजीव कुमार सिंह, सोमिन्द्र कुमार, कृष्ण कुमार, ब्रह्म पाल, मनोज शर्मा, संजय कुमार सिंह, राजेंद्र कुमार, वीरेंद्र कुमार, शरदवीर सिंह, प्रशांत कुमार, शोभना दीक्षित, अवनीश कुमार, राज कुमार आदि मौजूद रहे।

### लक्ष्य के प्रति समर्पित रहें विद्यार्थी

इस अवसर पर विधायक अरविंद सिंह ने कहा कि सभी को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहना चाहिए। प्रदेश और केंद्र सरकार समय-समय पर अनेक योजनाएं लाती रहती है, जिनका लाभ युवाओं उठाना चाहिए। प्रयास होगा कि युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए अधिक से अधिक उद्योग स्थापित कराए जाएं।


दीक्षांत समारोह में मौजूद विद्यार्थी। • अमृत विचार

## पूर्व सैनिक सेवा परिषद का स्थापना दिवस मनाया

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद का प्रथम स्थापना दिवस रविवार को शहर के एक मैरिज हॉल में मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर ददरौल विधायक अरविंद सिंह, सत्यप्रकाश मिश्रा, विनय अग्रवाल, डॉ. कैप्टन एबी सिंह, कर्नल एके राय आदि शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता रमेश दीक्षित ने की और संचालन देवेश त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम में जिले भर से 150 पूर्व सैनिकों, वीर नारियों, वयोवृद्ध योद्धाओं ने शिरकत की। कार्यक्रम में सतीश सिंह चौहान, राजीव मिश्रा, सुदेश मिश्रा, हेमेंद्र त्यागी, राजीव त्रिवेदी आदि मौजूद रहे।

# निरीक्षण के समय बंद न करें दुकानें


मनोनीत पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र देते जिला कमेटी के पदाधिकारी। • अमृत विचार

संवाददाता, कांट

- जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन की बैठक में बोले जिलाध्यक्ष

**अमृत विचार :** जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन की बैठक रविवार को बालाजी मेडिकल एजेंसी कुर्रिया कलां में हुई। जिसमें जिलाध्यक्ष संचित सिंह ने कहा कि सभी दवा व्यापारी बिना डरे अपनी दुकानें खोले, किसी भी अधिकारी से डरने की कोई जरूरत नहीं है।

दुकानें बंद करने से अधिकारियों के ऊपर गलत संदेश जाता है। फूड लाइसेंस के बारे में बताते हुए जिला महामंत्री लक्ष्मण प्रसाद ने कहा कि हर मेडिकल स्टोर पर फूड लाइसेंस होना आवश्यक है। उन्होंने फूड लाइसेंस कैंप कुर्रिया कलां में लगवाने का भी आश्वासन दिया, जिससे बिना किसी परेशानी के लोगों के लाइसेंस बन सकेंगे। जिलाध्यक्ष संचित सिंह ने बालाजी मेडिकल एजेंसी के वीर प्रताप सिंह को कांट ग्रामीण का अध्यक्ष व संजीव पांडेय को महामंत्री मनोनीत किया। इस अवसर पर शैलेंद्र सक्सेना, शोभित गुप्ता, संदीप चावला, नरेश चंद्र गुप्ता, विश्वनाथ तिवारी, विमलेश मिश्रा, प्रशांत सिंह चौहान, मनीष सिंह चौहान, आशीष सिंह, संजीव आदि उपस्थित रहे।

## आभूषण खरीदते वक्त हॉलमॉर्क ही नहीं, छह अंकों की एचयूआईडी भी देखें, दुकानदार से लें पक्का बिल

# ...हर पीली धातु सोना नहीं होती, खरीदने में बरतें सावधानी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर/पीलीभीत


सर्राफ शोरूम में सजे आभूषण। ● अमृत विचार

- छह अंकों की एचयूआईडी बीएसई केयर एप पर खुद चेक कर सकते हैं ग्राहक
- डायमंड ज्वैलरी में भी चल रहा खेला, नेचुरल और लैब मेड आ रहा हीरा

**अमृत विचार :** धनतेरस या दिवाली पर आप गोल्ड ज्वैलरी खरीदने का मन बना रहे हैं, तो जरा सावधानी बरतें, अन्यथा आपको चूना लग सकता है। सराफा कारोबार से जुड़े कई धंधेबाज फर्जी हॉलमार्क वाला सोना खपा देते हैं। बिना हॉलमार्क वाले सोने की कैटेगरी तय नहीं होती है। इसकी जानकारी तब होती है, जब ग्राहक किसी बजह से उसे बेचने जाता है। पक्का बिल न होने के कारण वह दुकानदार भी बताए गए कैरेट को मानने के लिए तैयार नहीं होता जहां से खरीदे। ऐसे में ग्राहकों को चाहिए कि अपने विश्वसनीय प्रतिष्ठान से ही गोल्ड और डायमंड ज्वैलरी खरीदें। गोल्ड खरीद में सिर्फ जागरूकता और सतर्कता की जरूरत है।

सोने के खरे सौदे में चूना लगना बहुत बड़ी बात नहीं है। दुकानदार टंच में खेल कर देते हैं, तो कभी कैरेट में। खास बात यह है कि ग्राहक थोड़ा बहुत टैक्स बचाने के चक्कर में पक्की रसीद यानि बिल मांगने में संकोच करते हैं, इसका लाभ ग्राहकों को कम और दुकानदार ज्यादा उठाते हैं। ग्राहकों को लगता है कि उन्होंने कच्चे बिल के माध्यम से टैक्स न देकर सरकार को चूना लगा दिया है, लेकिन सच्चाई यह है कि असली चूना तो दुकानदार लगा रहा है, इसलिए ग्राहकों को सीधा सुझाव है कि वह पक्का बिल जरूर लें। चूंकि अगर कच्ची पर्ची के आधार पर बिना मेकिंग चार्ज के गहने खरीदने के बाद गुणवत्ता खराब निकली, तो कहीं दावा नहीं कर सकेंगे। इतना ही नहीं कारोबारी 10 से 18 फीसदी तक की छूट दे रहे हैं तो भी थोड़ा जानकारी कर लें। कहीं कैरेट का खेल न हो गया हो।

| कैटगरी | शुद्धता फीसदी |
|---|---|
| ● 18 कैरेट | 75 फीसदी |
| ● 20 कैरेट | 83.50 फीसदी |
| ● 22 कैरेट | 91.60 फीसदी |
| ● 24 कैरेट | 99.9 फीसदी |

चूंकि आजकल हॉलमार्क गोल्ड ज्वैलरी का चलन शुरू हो चुका है, लेकिन अब हॉलमार्क के भरोसे भी नहीं रहा जा सकता है। हॉलमार्क के साथ अब एचयूआईडी (हॉलमार्क यूनिक आईडी) जो छह अंकों की होती है, को भी देखना भी जरूरी है। हालांकि यह एचयूआईडी नंबर दो ग्राम से अधिक वजन की ज्वैलरी पर ही अंकित किया जाता है। ज्वैलरी में गोल्ड यानि सोने की शुद्धता परखने के लिए भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) बना हुआ है, उसी की लैब में शुद्धता परखी जा सकती है। हॉलमार्क सेंटर भी बीआईएस के माध्यम से संचालित होते हैं, जिसको बाकायदा बीआईएस से लाइसेंस जारी किए जाते हैं। जानकार बताते हैं कि ज्वैलरी पर हॉलमार्क के अतिरिक्त अब एचयूआईडी अर्थात जेवर का आधार नंबर भी देखना जरूरी है। अकेले हॉलमार्क से कुछ नहीं होने वाला। बिना एचयूआईडी के गोल्ड की गुणवत्ता खराब मिल सकती है, इसमें ग्राहक धोखा खा सकता है। क्योंकि हर पीली धातु सोना नहीं होती। ज्वैलरी का मेकिंग चार्ज प्रति ग्राम/भाव से निर्धारित होता है, जो आठ से 25 प्रतिशत तक रहती है।

### कितने कैरेट में कितना है खरा सोना

सोने के जेवर खरीदने में कैरेट का महत्व बहुत मायने रखता है। गोल्ड जेवर बाजार में 14, 18 और 22 कैरेट का चलन में रहता है और 24 कैरेट को शुद्ध यानि प्योर गोल्ड माना है, जिसके बिस्कुट यानि रबा के नाम से देखा जा सकता है। फिलहाल 14, 18, 20 और 22 कैरेट के जेवर ही बाजार में उपलब्ध हैं। कैरेट में सोने की शुद्धता की बात करें तो 14 कैरेट के जेवर में 58.50 प्रतिशित सोना, 18 कैरेट के जेवर में 75 प्रतिशत सोना, 20 कैरेट में 83.30 प्रतिशत और 22 कैरेट के जेवर में 91.60 प्रतिशत सोना पाया जाता है। इस प्रतिशत को टंच भी कहा जाता है। यह शुद्धता प्रत्येक आइटम पर अंकित होती है।

### क्या है एचयूआईडी कैसे चेक करें

एचयूआईडी अर्थात हॉलमार्क यूनिक आईडी छह अंकों की होती है, जिसे ज्वैलरी का आधार नंबर भी कहा जाता है। इसे परखने के लिए भारतीय मानक ब्यूरो के ऐप को डाउनलोड किया जाता है। संबंधित ऐप पर ज्वैलरी में अंकित छह अंक डाले जाते हैं, इसके बाद ऐप पर ज्वैलरी की सारी डिटेल सामने आ जाती है। यह ऐप बता देता है कि संबंधित जेवर किसने बनाया, कहां बना, चेक किस लैब में हुआ। यहां तक कि बनाने वाले का लाइसेंस नंबर भी पता चल जाता है।

### फर्जी हॉलमार्क का खेल

हॉलमार्क फैसिलिटी सेंटर न होने और जांच करने के लिए लंबे समय तक किसी के न आने पर फर्जी हॉलमार्क लगाकर जेवरात खपाने का खेल भी होता है। इन जेवरात में माल की गुणवत्ता को कम कर 18 कैरेट की मुहर लगाते हैं, लेकिन ग्राहक को 18 कैरेट ही नजर आएगा। कई जगह घरों में ही हॉलमार्क मशीन लगाकर एचएम-750 बीआईएस का मार्का लगाकर जेवरात तैयार करना शुरू कर दिया है। ग्राहकों को 23 कैरेट का माल बताकर कम कैरेट के जेवरात बेचे जा रहे हैं। इसलिए सिर्फ गहने खरीदने के मोह में ही न रहें। सतर्कता बरत कर अपनी जेब कटाने से बचें।

### मेकिंग चार्ज की नहीं कोई सीमा

सोने के जेवरात बनवाने के लिए सराफा कारोबारी मेकिंग चार्ज भी लेते हैं। उनका तर्क है कि मेकिंग चार्ज जेवरात के डिजाइन पर तय होता है। अंगूठी से लेकर रानी हार, और कान के कुंडल आदि का अलग- अलग मेकिंग चार्ज है। सामान्य जेवरात पर 0.9 का मेकिंग चार्ज लिया जाता है। वहीं भरे में डिजाइन के जेवरात पर 15 फीसदी मेकिंग चार्ज लेते हैं। कुछ जेवरात में 25 फीसदी तक मेकिंग चार्ज लिया जाता है।


जब से कारोबार शुरु किया है हॉलमार्क के ही जेवरात बेच रहे हैं। बीएईएस मार्क लागू होने से ग्राहक और कारोबारी दोनों के लिए बचत है। इससे किसी भी तरह का आरोप प्रत्यारोप नहीं लगेगा। ग्राहक हमेशा हॉलमार्क का माल खरीदें। संशय हो तो वह बीएसई केयर एप पर चेक कर सकते हैं। शहर के बाजार में कोई भी धांधली नहीं है।
– **आकाश वर्मा**, सरर्रफ, पीलीभीत


सरकार ने सराफा कारोबार में काफी नियम बदले हैं। अब सोने पर बीएईएस मॉर्क लगना तय कर दिया है। शहर में हॉलमार्क फैसिलिटी सेंटर नहीं है। जिन शहरों से गहने आते हैं वहीं हॉलमार्क करा दी जाती है। ग्राहकों को अपने परिचित कारोबारी से ही खरीदारी करना चाहिए। साथ ही वे हॉलमार्क चेक करके ही गहने खरीदें।
– **शैली अग्रवाल**, जिला महामंत्री, सराफा एसोसिएशन, पीलीभीत


सराफा का कारोबार ग्राहक और विक्रेता के विश्वास पर चलता है। बाजार में सभी जगह हॉलमार्क ही सोना बिक रहा है। फर्जी हॉलमार्क और बिना हॉलमार्क का सोना बिकने से जुड़ा कोई लोकल मामला सामने नहीं आया है। फिलहाल फर्जीवाड़े से बचने के लिए ग्राहक को हॉलमार्क चेक करना चाहिए। फिर सोने का भाव और मेकिंग चार्ज पता करने के बाद पक्के बिल पर जेवरात लेना चाहिए। इससे उन्हें कोई समस्या नहीं होगी।
– **श्याम बाबू अग्रवाल**, अध्यक्ष सराफा एसोसिएशन, पीलीभीत


ग्राहकों को हॉलमार्क के साथ छह अंकों की एचयूआईडी जरूर देखनी चाहिए। यह प्रत्येक आइटम पर अंकित रहती है। सिर्फ हॉलमार्क से ग्राहक धोखा खा सकता है। इस आईडी को जेवर का आधार नंबर भी कहा जाता है। किसी ग्राहक को आभूषण पर कोई संशय है, तो उसकी शिकायत पहले संबंधित दुकानदार से फिर समाधान नहीं होने पर भारतीय मानक ब्यूरो से करना चाहिए। गोल्ड की गुणवत्ता मानक ब्यूरो ही चेक करता है।
– **विनोद सर्राफ** सराफा एसोसिएशन, सदर बाजार


ग्राहक थोड़ा टैक्स बचाने के चक्कर में न पड़ें और पक्का बिल ही दुकानदार से मांगे। कच्चे बिल से दुकानदार अधिक लाभ उठा लेता है। डायमंड ज्वैलरी खरीदते समय ग्राहक नेचुरल डायमंड की ही डिमांड करे और बिल में नेचुरल डायमंड लिखवाकर जरूर ले। अन्यथा लैब निर्मित डायमंड मिलने का अंदेशा बना रहता है। लैब ग्रोन डायमंड नेचुरल डायमंड से हल्का रहता है। इसकी परख के लिए दुकानों पर बैरोमीटर मशीन रहती है, जो डायमंड की हार्डनेस पता करती है।
– **विनीत सर्राफ**, सदर बाजार

## एक नजर

### आढ़ती के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** लखीमपुर खीरी जिले के मोहम्मदी थाना क्षेत्र के गांव गुरैला निवासी संजीव कुमार ने बताया कि उसने एक साल पहले रोजा मंडी से आढ़ती रमेश धान की फसल बेची थी। आढ़ती ने उसे 60 हजार रुपये का चेक दिया था। उन्होंने चेक को बैंक में लगाया तो पता चला कि खाता में पैसा नहीं है। उन्होंने आढ़ती से संपर्क किया तो टाल मटौल करते रहे। संजीव कई बार आढ़त पर गया और आढ़ती नहीं मिला। उसने जनसुनवाई में शिकायत की और कोई सुनवाई नहीं हुई। कई माह हो गए और पैसे नहीं दिए। रोजा प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि आढ़ती के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### नगदी समेत लाखों का जेवर ले गए चोर

**निगोही/शाहजहांपुर, अमृत विचार :** बाबर गांव में चोर एक मकान में घुस गए और नगदी समेत लाखों का जेवर चुराकर ले गए। पुलिस ने मौका मुआयना किया। थाना क्षेत्र के गांव निवासी प्रेमपाल परिवार के साथ शनिवार की रात में मकान में सो रहा था। रात तीन बजे चोर दीवार फांदकर मकान में घुस आए। चोर अलमारी खंगाल रहे थे। इस दौरान उसकी पत्नी सरिता जाग गयी। उसने देखा कि तीन चोर मकान में घुसे थे। महिला ने शोर मचाया तो तीन चोर मकान का मुख्य दरवाजे से भाग गए। उन्होंने थाना पर सूचना दी। थाना प्रभारी अरविंद सिंह मौके पहुंचे और जांच की। मकान स्वामी ने बताया कि चोर अलमारी में रखे 40 हजार रुपये, मोबाइल, सोने की चेन, झाले, एक नथुनी, पायल ले गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### घर के बाहर खड़ी बाइक जली

**खुदागंज, अमृत विचार :** मोहल्ला साहूकारा में शनिवार रात एक बाइक में अचानक आग लग गयी। शोर शराबा होने पर लोगों ने पानी डालकर आग को बुझाया। थाना क्षेत्र के मोहल्ला साहूकारा निवासी कुलदीप रस्तोगी ने शनिवार की रात नौ बजे घर के बाहर बाइक खड़ी कर दी। रात में 11 बजे अचानक बाइक में आग लग गयी। बाइक जलने लगी तो लोगों की नींद खुली। लोगों ने पानी डालकर आग को बुझाया। लेकिन बाइक पूरी तरह जल गयी थी। उन्होंने डायल 112 को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची। लेकिन आग लगने का कारण नहीं पता चल सका।

# मध्य प्रदेश में युवक की मौत, शव लेकर पहुंचे परिजनों का हंगामा

## पुवायां कोतवाली में जुटे लोगों को पुलिस ने बमुश्किल किया शांत, कहा एमपी पुलिस ही करेगी कार्रवाई

संवाददाता, पुवायां/ शाहजहांपुर

- गांव के ही दो लोगों पर लगाया हत्या का आरोप, रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तारी की कर रहे थे मांग
- 20 दिन पहले कंबाइन पर काम करने मध्यप्रदेश गया था विवेक गांव के दो लोग ले गए थे साथ

**अमृत विचार :** साथियों के साथ मजदूरी करने गए युवक की मध्यप्रदेश में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मध्य प्रदेश की रीवा पुलिस ने शव पोस्टमार्टम कराया। परिजन शनिवार रात शव लेकर घर लौटे लेकिन रात इस शंका में कट गई कि कहीं साथियों ने ही युवक की हत्या तो नहीं कर दी। रविवार सुबह ट्रैक्टर-ट्रॉली से शव लेकर पुवायां कोतवाली पहुंचे और गांव के ही दो लोगों पर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। लगभग एक घंटे तक चले हंगामे के बीच पुलिस के समझाने पर बमुश्किल शांत हुए।

पुवायां क्षेत्र के गांव ककरहा निवासी विजय वर्मा का भाई विवेक वर्मा(18) 20 दिन पहले कंबाइन पर काम करने के लिए मध्यप्रदेश गया था। उसे गांव के दो लोग ले गए थे। दो दिन पहले मध्यप्रदेश से किसी ने फोन कर जानकारी देते हुए बताया कि विवेक की मशीन से गिरकर मौत हो गई है। परिजन रीवा के मनगांव पहुंचे तो पुलिस से जानकारी मिलने के बाद शव मिला। विजय ने बताया कि जो विवेक को ले गए थे, वह नहीं मिले।

परिजन शव लेकर शनिवार देर रात लौट आए और इस उधेड़बुन में रोते हुए रात कट गई कि कहीं विवेक की गांव के ही साथ ले जाने वाले लोगों ने तो हत्या नहीं कर दी। सुबह होते ही रविवार को शव ट्रैक्टर-ट्रॉली पर रखकर 7:30 बजे पुवायां कोतवाली पहुंच गए। शव तो ट्रॉली में रखा रहा लेकिन परिजन थाने गेट पर यह कहते हुए हंगामा करने लगे कि विवेक की हत्या की गई है और हत्यारोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उन्हें जेल भेजा जाए।

सुबह-सुबह कोतवाली गेट पर हंगामा की जानकारी लगते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह बालियान भी अपने सरकारी आवास से बाहर निकल आए और पुलिस कर्मी भी परिजनों को समझाने में लग गए। जब प्रभारी निरीक्षक ने पूरा मामला समझा तब उन्होंने परिजनों से कहा कि मध्यप्रदेश से शव लेकर आए हो, तो वहां की पुलिस ने कोई कागज आदि दिया होगा। तब प्रभारी निरीक्षक को कागज दिखाए गए, उन्हें देखते ही प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि इसमें मध्यप्रदेश की पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की हुई है, इसलिए इसमें जो भी कार्रवाई होगी वह मध्यप्रदेश के संबंधित थाना पुलिस करेगी। तब बमुश्किल परिवार वाले शांत हुए और शव लेकर लौट गए।


पुवायां कोतवाली गेट पर हंगामा करते परिजन और रिश्तेदार। ● अमृत विचार

### साथी सोनू ने मध्य प्रदेश में दर्ज कराई रिपोर्ट

विवेक की मौत के मामले में ककरहा निवासी सोनू यादव ने मध्यप्रदेश के जिला रीवा के थाना मनगवां में रिपोर्ट दर्ज कराई है, जिसमें कहा गया है कि विवेक पासी निवासी ककरहा की हार्वेस्टर के रेडिएटर साफ करते समय नीचे गिरकर मौत हो गई। यह घटना चालक कपूर पासी द्वारा लापरवाही से हार्वेस्टर चलाने की वजह से हुई।

### ट्रक मालिक की संदिग्ध अवस्था में मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जमौर गांव के सामने एक ट्रक मालिक के सीने में अचानक दर्द उठा। तबीयत खराब होने पर चालक मालिक को लेकर मेडिकल कॉलेज आया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पंजाब के जिला फतेहगढ़ साही के थाना मंडी गोविंदगढ़ के गांव मुगल माजरा निवासी गुरुदेव सिंह(68) ट्रक में पाइप लेकर कांट थाना क्षेत्र के गांव जमौर में आए थे। उनके साथ चालक शेर सिंह था। शनिवार की दोपहर बाद उनके सीने में अचानक दर्द उठा और तबीयत खराब हो गयी। मालिक ट्रक के केबिन से उतरकर नीचे लेट गए। चालक उन्हें मेडिकल कॉलेज ले आया, यहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। बताते है कि उनकी हार्ट अटैक से मौत हुई है। परिवार वालों ने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया और शव लेकर पंजाब चले गए।

> ककरा गांव निवासी विवेक का शव लेकर परिजन आए थे, रिपोर्ट दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग कर रहे थे, जबकि मामले की मध्यप्रदेश के रीवा जिले के थाना मनगवां में रिपोर्ट दर्ज है। इसलिए मध्यप्रदेश पुलिस ही आगे की कार्रवाई करेगी। परिजनों को समझाकर शांत कर घर भेज दिया गया है।
> – **हरपाल सिंह बालियान**, प्रभारी निरीक्षक, कोतवाली पुवायां

# घर में घुसकर मारपीट मामले में गैस एजेंसी मालिक समेत नौ लोगों पर रिपोर्ट

संवाददाता, खुटार

- शनिवार शाम महिलाओं और बच्चों से की थी मारपीट व तोड़फोड़

**अमृत विचार :** शनिवार शाम पांच बजे गांव रामपुर कला में हुए जमीन के विवाद में गैस एजेंसी स्वामी समेत नौ लोगों ने घर में घुसकर महिलाओं व बच्चों से मारपीट की थी। जिसमें कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर गैस एजेंसी स्वामी समेत नौ लोगों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के गांव रामपुर कलां में रहने वाले बबलू पुत्र रामगोपाल ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि शनिवार शाम लगभग पांच बजे गांव में ही रहने वाले सोनपाल, वीरेंद्र, सुभाष पुत्रगण रामकुमार, गुरु प्रसाद गैस एजेंसी के मालिक मुनेश बाबू, रामकुमार शिवकुमार पुत्र रामभरोसे, शैलेंद्र, अंकित पुत्र शिवकुमार, राकेश उर्फ मोनू पुत्र वेद प्रकाश एक राय होकर तमंचा, लाठी-डंडों सहित धारदार हथियार से लैस होकर अचानक घर में घुस आए और उसके मकान में लगे सीसीटीवी कैमरों को तोड़ते हुए घर में रखा घरेलू सामान तोड़ने लगे। जब पीड़ित के घर में मौजूद महिलाओं ने इसका विरोध किया तो उक्त लोगों ने लाठी डंडों से हमला करते हुए उनसे मारपीट की। आरोप है कि महिलाओं के साथ अभद्रता की और एक महिला पर बांका से प्रहार कर दिया, जो उसके हाथ पर लग गया, जिससे हाथ लहूलुहान हो गया। चीख पुकार सुनकर पीड़ित बबलू उसके भाई अजय, पिता, बेटा व अनुज वधू बीच बचाव करने आए तो लोगों ने उन पर भी हमला कर दिया। जिससे परिवार के कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और उसके पुत्र नैतिक का मोबाइल घटना का वीडियो बनाते समय छीन लिया। पिता बबलू को बचाने दौड़े तो उसके ऊपर भी हमला कर दिया और जेब मे रखी नगदी भी लूट ली। उसके बाद सभी आरोपी जान से मार देने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घायलों को सीएचसी लाया गया। जिसमें डॉक्टर ने तीन लोगों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के बाद पीड़ित व परिवार के लोग थाने के गेट पर आकर हंगामा करने लगे थे। जिस पर पुलिस ने समझाकर उन्हें शांत कराया और पीड़ित बबलू की तहरीर के आधार पर नौ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# विधायक के भाई ने डांसर पर उड़ाए नोट, वीडियो वायरल

संवाददाता, शाहजहांपुर/कांट/रोजा

- वीएस प्रॉपर्टी संस्था के सामूहिक समारोह में हुआ था डांस
- सोशल मीडिया पर अश्लील डांस को लेकर चर्चाओं का दौर

**अमृत विचार :** वीएस प्रापर्टी संस्था के सामूहिक समारोह में विधायक के भाई ने डांसर पर जमकर नोट उड़ाए। एक युवक ने डांसर को गलत तरीके से छुआ। मामला प्रकाश में रविवार को आया, जब सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने लगे। लोगों ने अश्लील डांस बताते हुए कमेंट किए। विधायक अरविंद सिंह ने पार्टी में शामिल होने से इंकार किया है।

रविवार सुबह से एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होना शुरू हुआ। वीडियो में ददरौल से विधायक अरविंद सिंह के भाई विमल सिंह डांसर पर नोट उड़ाते हुए दिखाई दे रहे हैं। वीडियो वीएस प्रॉपर्टी की ओर से शनिवार शाम महानगर के एक होटल में हुए कार्यक्रम का है।

कार्यक्रम की दावत वीएस प्रॉपर्टी के ओनर विमल सिंह की ओर से दी गई थी। शहर के साथ-साथ जिला व बाहर के लोग भी इसमें शामिल हुए। शनिवार शाम को ही कार्यक्रम में एक डांसर पहुंची। उसे डांस करते हुए देख कई लोगों ने उसके साथ ठुमके लगाए। इस दौरान विधायक के भाई विमल सिंह ने डांसर पर जमकर नोट उड़ाए। जिसका वीडियो रविवार को वायरल हो गया। वीडियो में दिखाई दे रहा है कि कुछ तस्वीरों के पास युवतियों का डांस चल रहा है। एक युवक डांसर के साथ अश्लील डांस कर रहा है। जबकि पास में महिलाएं भी हैं। बता दें कि विधायक अरविंद सिंह के भाई विमल सिंह ने हाल ही में वीएस प्रॉपर्टी के नाम से जमीनों के कारोबार की शुरुआत की है। बीते दिनों इसका भव्य आरंभ किया गया था।

प्रचार-प्रसार के दौरान पंपलेट पर विधायक अरविंद सिंह का भी फोटो छपा था। इसके बाद इसी संस्था की ओर से शनिवार को सामूहिक समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले की कई जानी-मानी हस्तियां भी शामिल हुईं। शनिवार की रात को कार्यक्रम का समापन हुआ, जिसे रंगीन बनाने के लिए डांसर का डांस रखा गया।

> मैं गलत कामों का समर्थन नहीं करता हूं। इस कार्यक्रम में शामिल भी नहीं था इसलिए ज्यादा कुछ कह भी नहीं सकता हूं।
> –**अरविंद सिंह**, विधायक ददरौल।


डांसर पर नोट उड़ाते विधायक अरविंद सिंह के भाई विमल सिंह।

# बिजली लाइन सही करते समय करंट से युवक की मौत

- प्राइवेट तौर पर लोगों की बिजली बनाने का काम करता था रोहित

**जलालाबाद, अमृत विचार :** सिख फार्मर के झाले पर खंभे पर चढ़कर ढीले तारों को सही करते समय करंट लगने से युवक की मौत हो गई।

खंडहर चौकी क्षेत्र के गांव चचुआपुर निवासी दलजिंदर सिंह के झाले के पास खेतों में लगे खंभों पर ढीले तारों को सही करने के लिए रविवार सुबह करीब 10 बजे पास के ही गांव काजरबोझी निवासी रोहित(30) पुत्र कृष्ण कुमार को बुलाया गया था। वह बिजली के खंभे पर चढ़कर काम करने लगा, तभी अचानक 11 हजार वोल्टेज की लाइन पर बिजली की सप्लाई चालू हो गई। युवक उसकी चपेट में आ गया और करंट लगने से नीचे गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई। मौत की खबर लगते ही आसपास के लोग एकत्र हो गए। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जलालाबाद थाना को सूचित किया। थाने की पुलिस ने पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक रोहित प्राइवेट रूप से बिजली का काम करता था। उसके पिता कृष्ण कुमार मजदूरी करते हैं। आसपास के इलाके में लाइट की समस्या होने पर वह लोगों के घरों पर जाकर लाइन पर चढ़कर बिजली सही कर दिया करता था। मृतक अविवाहित था। मौत के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# ई-रिक्शा ने टैंपो को मारी टक्कर, पांच लोग घायल

संवाददाता, सेहरामऊ दक्षिणी

**अमृत विचार :** रविवार की सुबह आठ बजे हरदोई रोड पर ऐठापुर गांव के सामने ई-रिक्शा ने टैंपो को टक्कर मार दी, जिससे टैंपो में सवार पांच लोग घायल हो गए। घायलों को मेडिकल कॉलेज भेजा गया।

शहर से शाहाबाद टैंपो सवारियां लेकर सुबह आठ बजे जा रहा था। हरदोई रोड पर सामने से आ रहे ई-रिक्शा ने टैंपो को टक्कर मार दी, जिससे टेंपो पर बैठी पांच सवारियां घायल हो गयी। घायल धर्मेंद्र निवासी नागरपाल थाना सेहरामऊ दक्षिणी, श्रीकांत निवासी भादसी थाना शाहाबाद जिला हरदोई, गीता वर्मा निवासी सब्जी मंडी थाना निगोही, डास अली निवासी शाहाबाद जिला हरदोई को मेडिकल कालेज लाया गया। जबकि अन्य सवारियां गंतव्य को चली गयी। उप निरीक्षक अजय वर्मा ने बताया कि टैंपो व ई-रिक्शा की टक्कर हो गयी थी और पांच लोग घायल हो गए।

### बाइक सवार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कांट थाना क्षेत्र के गांव लालपुर निवासी हरिशचन्द्र ने बताया कि 29 सितंबर को साइकिल से शहर से काम से गया था। दोपहर तीन बजे वापस आते समय साउथ सिटी गेट के सामने बाइक ने उसकी साइकिल को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। उसकी साइकिल क्षतिग्रस्त हो गयी। पुलिस ने अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।


दुर्घटनास्थल पर बिलखते घायल। ● अमृत विचार

# ई-रिक्शा पलटने से बच्ची और तीन महिलाएं घायल

संवाददाता, कलान

- परौर स्थित ब्रह्मदेव महाराज पर प्रसाद चढ़ाकर लौट रहे थे सभी

**अमृत विचार :** परौर स्थित ब्रह्मदेव महाराज पर प्रसाद चढ़ाकर ई-रिक्शा से लौट रहीं श्रद्धालुओं के ई-रिक्शा को दूसरे ई-रिक्शा ने टक्कर मार दी, जिससे ई-रिक्शा पलट गया। हादसे में चार वर्षीया बच्ची और तीन महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायलों को बदायूं रेफर किया गया है।

परौर थाना क्षेत्र के बर्खेमई निवासी सौदान की पत्नी भूरा देवी (50), औसान की पत्नी शीतला देवी (35), जोगिंदर यादव की पत्नी राम सती (40) और मानवेंद्र की पुत्री निधि यादव (4) ई-रिक्शा पर बैठकर रविवार को परौर स्थित ब्रह्मदेव महाराज के स्थान से अपने गांव बर्खेमई शाम तीन बजे रविवार को आ रही थी। जैसे ही उक्त लोग बर्खेमई गांव को जाने वाले मार्ग पर उतर रहे थे, तभी एक ई-रिक्शा तेजी से आया और उनको टक्कर मारते हुए निकल गया। जिससे ई-रिक्शा पलट गया। जिसमें सवार चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को परौर पुलिस ने एम्बुलेंस से कलान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर भेजा, जहां उनकी हालत गंभीर होने पर सभी को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. दिनेश सिंह यादव ने मेडिकल कॉलेज बदायूं के लिए रेफर कर दिया।

डॉ. अमित कुमार कुशवाहा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (चेस्ट स्पेशलिस्ट)
श्वांस, दमा, टी.बी, फेफड़ों के कैंसर, खर्राटों की जांच व इलाज की सुविधा एवं अन्य छाती की बीमारियों के विशेषज्ञ
जन अरोग्य क्लीनिक
बन्नू बाल नगर, पीलीभीत रोड बरेली, निकट शहीद भगत सिंह आई हॉस्पिटल
9411477351
समय : - दोपहर 1 से शाम 6 बजे तक
सोमवार, बुद्धवार, बृहस्पतिवार, शुक्रवार
पीलीभीत क्लीनिक
गौहनिया चौराहा, माधोटांडा रोड, पीलीभीत।
8191813757
समय : - सुबह 10 से शाम 5 बजे तक
मंगलवार, शनिवार

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
डॉ. रजनी कांत साहू
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant- MAX HOSPITAL, DELHI
दिमाग एवं रीढ़ रोग विशेषज्ञ
समय
प्रातः- 11 बजे से 3 बजे तक
सायं- 7 बजे से 9 बजे तक
सुविधायें
• सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
• रीढ़ की हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
• ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हेमरेज का ऑपरेशन।
• दूरबीन विधि द्वारा हाइड्रोसिफेलस (दिमाग में पानी भरना) का इलाज व ऑपरेशन।
• सिर दर्द (माईग्रेन) व मिर्गी के दौरे का ईलाज।
• दिमाग के फोड़े का इलाज व ऑपरेशन।
• गर्दन (सर्वाईकल) व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क का ईलाज व ऑपरेशन।
• रीढ़ की नस का ट्यूमर (स्पाइनल ट्यूमर) का ऑपरेशन।
• बच्चों के पीठ की गांठ का ऑपरेशन।
• अत्याधुनिक माइक्रोस्कोप द्वारा ईलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाइन सेन्टर
427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
पर्चा लगाने के लिए सम्पर्क करें- 7417389433, 7017678157

# शहर में दो स्थानों पर छापा, लाखों का पटाखा बरामद

## कोतवाली पुलिस ने अजीजगंज में दुकान और सदर पुलिस ने बाड़ूजई के मकान में की छापामार कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** पुलिस ने रविवार को मोहल्ला अजीजगंज में जनरल स्टोर की दुकान पर छापा मारकर भारी मात्रा में अवैध रूप से विस्फोटक पटाखा सामग्री बरामद की। पुलिस ने दुकान मालिक को गिरफ्तार कर लिया। इधर सदर बाजार पुलिस ने मोहल्ला बाड़ूजई पेशावरी में एक मकान में अवैध रूप से पटाखे आदि सामग्री बरामद कर मकान मालिक को हिरासत में ले लिया। दोनों स्थानों पर लाखों रुपये के पटाखा बरामद हुए है।

प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर को रविवार की दोपहर सूचना मिली कि मोहल्ला अजीजगंज में विमल कुमार गुप्ता की जनरल स्टोर की दुकान है। उन्होंने दुकान में अवैध रूप से पटाखे आदि सामग्री भर रखी है। पुलिस ने दुकान पर छापा मारा तो पीछे गोदाम में पटाखा, अनार, छुरछुरिया, सुतली बम, राकेट आदि के गत्ते भरे हुए मिले। पुलिस ने दुकान मालिक से पटाखे बेचने का लाइसेंस मांगा तो मना कर दिया। दुकानदार ने कहा कि दीपावली को लेकर पटाखे बेचने के लिए लाए थे।



अजीजगंज में दुकान के अंदर अवैध रूप से रखे पटाखे बरामद करती पुलिस। ● अमृत विचार

बरामद पटाखे करीब एक लाख रुपये के होंगे। पुलिस आरोपी दुकानदार विमल कुमार लेकर थाना पर आ गयी। साथ ही पटाखे आदि थाना पर ले आयी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि दुकानदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा और पटाखे व आतिशबाजी को नष्ट करा दिया जाएगा। इधर सदर बाजार थाना के उप निरीक्षक मनोज कुमार को शनिवार की शाम सूचना मिली कि बाड़ूजई पेशावरी में एक मकान के अंदर गोदाम में अवैध रूप से विस्फोटक पटाखा भरा हुआ है।

पुलिस ने मकान के गोदाम में छापा मारा तो पटाखे, अनार, सुतली बम, राकेट आदि की दस पेटी बरामद की। पुलिस ने पकड़े गए नीरज गुप्ता से पूछताछ की तो बताया कि दीपावली पर बेचने के लिए पटाखे लाए थे। उसके पास पटाखे बेचने का लाइसेंस नहीं है। पुलिस ने आरोपी मकान मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

● अवैध रूप से पटाखा स्टोर करने वाले दो लोगों के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

> कोतवाली और सदर क्षेत्र में अवैध रूप से पटाखा स्टोर करके रखे गए थे, मुखबिर की सूचना पर छापामार कार्रवाई में भारी मात्रा में पटाखा बरामद हुए हैं। इस मामले में दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।
> –संजय कुमार, एएसपी सिटी

# पेट्रोल और डीजल भरवाया, रुपये मांगने पर किया हंगामा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रसकूपा पेट्रोल पंप पर एक युवक ने बाइक में पेट्रोल और एक प्लास्टिक की पिपिया में डीजल भरवाया। सेल्समैन ने रसीद देकर उससे रूपये मांगे तो युवक ने पेट्रोल पंप पर हंगामा कर पेट्रोल पंप आग लगाने की धमकी दी। आरोपी बाइक सवार ने अपने आप को एक विधायक का रिश्तेदार बताया था। कांट थाना क्षेत्र के गांव रसकूपा में पेट्रोल पंप है। 26 अक्टूबर की शाम एक युवक बाइक लेकर पेट्रोल पंप पर गया। उसने सेल्समैन से बाइक में 50 रुपये पेट्रोल भरवाया। साथ ही प्लास्टिक की पिपिया में 1900 रुपये का डीजल भरवाया। सेल्समैन ने उसे रसीद दी। बाइक सवार ने अपने आप को जाति विशेष का बताकर पेट्रोल पंप पर आग लगाने की धमकी दी। आरोपी ने अपने आप को एक विधायक का रिश्तेदार बताया और बिना रुपये दिए चला गया। पंप मालिक ने थाना पर सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार पंप पर गए और जानकारी की। बताया कि पंप मालिक देवेश कुमार ने सूचना दी थी।

## माई भारत स्वयंसेवकों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** दीवाली विद माई भारत कार्यक्रम के तहत रविवार को शहर के मुख्य बाजारों में स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को त्योहारों के दौरान अपने आसपास साफ सफाई रखने और डस्टबिन के उपयोग को लेकर जागरूक किया गया। इस अवसर पर व्यापार मंडल महानगर अध्यक्ष सचिन बाथम ने माई भारत अंतर्गत कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी व्यापारियों, आमजनों व राहगीरों से स्वच्छता के प्रति सजग रहने हेतु प्रेरित किया व सभी से बढ़ चढ़ कर इस अभियान में हिस्सा लेने का भी आह्वान किया। जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया ने बताया कि दीपावली विद माई भारत कार्यक्रम अंतर्गत आगामी तीन दिनों तक आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों में मार्केट एरिया में स्वच्छता, सड़क सुरक्षा व ट्रैफिक नियमों को लेकर आमजन में जागरुकता व सेवा से सीखें थीम पर आधारित अस्पतालों में माई भारत स्वयंसेवकों द्वारा जरूरतमंद मरीजो की सहायता करना शामिल हैं। इसी क्रम में बहादुरगंज व सदर बाजार सहित आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। विभिन्न दुकानदारों को डस्टबिन भी उपलब्ध कराए गए। इस अवसर पर नमामि गंगे डीपीओ विनय सक्सेना ने स्वभाव व संस्कार में स्वच्छता को अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर मुकेश सिंह परिहार, व्यापार मंडल से कंचन गुप्ता, अशोक गुप्ता, लकी खान, पंकज टंडन आदि उपस्थित रहे।

# सखी री बरसाने में आज लाडली प्यार लुटाती है

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** कृष्णानगर मंदिर से लड्डू गोपाल और राधा रानी की कार्तिक मास में निकाली जा रही प्रभातफेरी रविवार को भी जारी रही। मुख्य यजमान सिटी पार्क निवासी मनमोहन अरोरा बिट्टू के परिजनों ने प्रभातफेरी का अपने आवास पर फूलों की बरसा और आरती के साथ स्वागत किया।

पूजन अर्चन और श्री गणेश वंदना के बाद भजनोत्सव का श्रद्धालुओं ने आनंद लिया। पार्थ सचदेवा ने सखी री बरसाने में आज लाडली प्यार लुटाती है भजन सुनाकर कार्यक्रम को गति दी। इसके बाद मनमोहन अरोरा बिट्टू, देवेंद्र खुराना, अंकित सचदेवा, नवीन सचदेवा, हरीश बजाज, मोहन लाल, रविंद्र मिश्रा, अनिल कक्कड़, गौरव अरोरा आदि ने भजन सुनाकर अपने भाव प्रकट किए। भजनों पर महिलाओं और पुरुषों ने जमकर नृत्य कर भजनोत्सव का आनंद लिया। फूलों की होली खेल कर मस्ती की। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। मंदिर कमेटी की भेंट मनमोहन अरोरा परिवार को दी गई। इस अवसर पर युवा सेवा समिति के प्रधान संजीव सचदेवा, प्रेम नारंग, डॉ. अनुज गोयल, भागवंती देवी, ममता सचदेवा, रितेश टंडन, पवन ग्रोवर, पुनीत भसीन, अमित गुप्ता समेत कृष्णा नगर मंदिर कमेटी के सदस्यगण और बड़ी संख्या में कालोनीवासी मौजूद रहे।



सिटी पार्क में हुए भजनोत्सव में भजनों पर झूमते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

● प्रभात फेरी के बाद सिटी पार्क में हुआ राधारानी और बांके बिहारी जी का गुणगान

# राम वनवास और केवट संवाद लीला का मनोहारी मंचन देख दर्शक भावुक

संवाददाता, मिर्जापुर

**अमृत विचार:** मिर्जापुर कस्बा में चल रही रामलीला में रविवार को राम केवट संवाद, राम वनवास का जीवंत मंचन किया गया। इस दौरान दर्शक भावुक हो उठे।

मिर्जापुर में अयोध्या से आए मां लालते आदर्श रामलीला नाट्य कला के कलाकारों द्वारा रविवार को रामलीला मंचन के पांचवे दिन दिखाया गया कि भरत और शत्रुघ्न ननिहाल से बुलाए गए। जब यह जानकारी हुई कि उनके बड़े भैया राम को वनवास मिला है, तो उन्हें बड़ा दुख हुआ। वह तुरंत अयोध्यावासियों को सूचना देकर गुरु वशिष्ठ, माता कैकेई और सुमंत के साथ राम को मनाने के लिए निकल गए लेकिन राम ने क्षत्रिय धर्म होने के नाते उनकी बात नहीं मानी। अंत में गुरु वशिष्ठ से भरतजी ने आज्ञा लेकर राम की खड़ाऊ लेना उचित समझा। कहा कि जब तक भैया वन से नहीं वापस आ जाएंगे तब तक अयोध्या में उनकी चरण पादुका रखकर पूजा करूंगा। गुरु वशिष्ट के साथ वापस अयोध्या चल दिए । केवट-राम संवाद में लोगों ने तालियां बजाकर खूब उत्साहवर्धन किया। इस दौरान मेला अध्यक्ष सत्यवीर सिंह, रनवीर सिंह , मुकेश सक्सेना , प्रेम सिंह पंजाबी आदि व्यवस्था में लगे रहे।



राम वनवास का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार



मिर्जापुर में रामलीला का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

## रामलीला में राम जन्म का हुआ मंचन

**रौसर कोठी, अमृत विचार :** रामलीला में नवचेतना कला परिषद के कलाकारों द्वारा राम जन्म का भावपूर्ण मंचन किया गया। मंचन की शुरुआत राजा दशरथ और कौशल्या के बीच रघुवंश के उत्तराधिकारी की चिंता को लेकर हुई। राजा दशरथ अपने गुरु वशिष्ठ से सलाह लेने पहुंचे, जिन्होंने उन्हें श्रंगी ऋषि द्वारा यज्ञ करवाने का परामर्श दिया। यज्ञ के बाद, अग्नि देव की कृपा से राजा दशरथ को चार पुत्रों की प्राप्ति हुई। महर्षि वशिष्ठ द्वारा नामकरण के गीत, एवं मुंडन संस्कार की लीला ने दर्शकों को तालियां बजाने के लिए मजबूर कर दिया। जनकपुर से सीता के स्वयंवर का निमंत्रण पर राम और लक्ष्मण, गुरु विश्वामित्र के साथ जनकपुर के लिए प्रस्थान कर गए। अंतिम दृश्य में राम और लक्ष्मण ने जनकपुर की शोभा का दर्शन किया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। मेले में झूले और अन्य खेलों के साथ–साथ खाने–पीने स्टॉल भी लगे हैं।

अमृत विचार
Lifelines OF BAREILLY
MEDICAL
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव
प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
60000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है।
बी–स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकॉम की जाँच उपलब्ध
8077344353
समय प्रातः 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

# मोतियाबिंद: 25 मरीज निःशुल्क ऑपरेशन को चयनित

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा की ओर से रविवार को निगोही क्षेत्र के ग्राम कजरी नूरपुर में मुफ़्त स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 340 मरीजों ने पंजीकरण कराया, जिनमें 25 मरीजों में मोतियाबिंद पाया गया। जिनका ऑपरेशन वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा में निशुल्क किया जायेगा। 147 मरीजों की निशुल्क ब्लड शुगर की जांच व लगभग 212 मरीजों की ब्लड प्रेशर की जांच निशुल्क की गई। लगभग 297 मरीजों को निशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। एमआरआई, सीटी स्कैन व अन्य जांचों के छूट के कूपन भी वितरित किए गए। स्वास्थ्य टीम व पीआरओ ने लोगों को नियमित जांचें करवाने के लिए जागरूक किया। परिवार स्वास्थ्य कार्ड की भी जानकारी दी गई। यह कार्ड अस्पताल की ओर से 200 रुपये में बनाया जाता है, जो 1 वर्ष के लिए मान्य है। सभी रोगियों को बताया गया कि परिवार स्वास्थ्य कार्ड से ओपीडी का पर्चा निःशुल्क बनेगा और दवाइयों व सभी जांचों पर 20 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट भी मिलेगी। भर्ती होने पर भर्ती फाइल मुफ्त बनेगी। स्वास्थ्य कार्ड धारक को सामान्य ऑपरेशन में 25 प्रतिशत और खून की आवश्यकता होने पर 10 प्रतिशत की छूट भी मिलेगी। शिविर में समाजसेवी विजय बहादुर सिंह, पुष्पेंद्र सिंह आदि का विशेष योगदान रहा। शिविर में वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा शाहजहांपुर के चिकित्सक डॉ. सावन कुमार, डॉ. मोहित, डॉ. राजेन्द्र, डॉ. अक्षय अग्रवाल, डॉ. हर्षित, डॉ. कीर्ति पटेल व मेडिकल कॉलेज के पीआरओ अतुल गंगवार, पैरामेडिकल स्टाफ आदि मौजूद रहे।



वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज के शिविर में जांच करते चिकित्सक। ● अमृत विचार

● वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज की ओर से निगोही के गांव मजरी नूरपुर में लगाया गया शिविर

### कई सुविधाएं 24 घंटे सस्ती दरों पर उपलब्ध

पीआरओ ने बताया कि अस्पताल में मरीजों के लिए मुफ्त भर्ती, मुफ्त पलंग, मुफ्त नर्सिंग केयर व मुफ्त चिकित्सकीय परामर्श की सुविधा उपलब्ध है। हर प्रकार के ऑपरेशन, सस्ती दवाइयों, आईसीयू, वेंटीलेटर, डायलिसिस, एमआरआई, सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड आदि की सुविधा 24 घंटे सस्ती दरों पर उपलब्ध है।

## डिवाइडर पर चढ़कर पलटा ट्रक

**निगोही, अमृत विचार :** निगोही में ब्लॉक गेट के सामने एक ट्रक शनिवार रात करीब 2 :45 बजे डिवाइडर पर चढ़कर पलट गया। हादसे में चालक अबरार निवासी रजपुरा थाना मदनापुर घायल हो गया। वह लालकुआं से रेत भरा ट्रक लेकर शाहजहांपुर आ रहा था। सामने से आ रहे वाहन की तेज रोशनी में डिबाइडर नजर नहीं आया और ट्रक डिवाइडर पर चढ़ कर पलट गया। पुलिस ने घायल को ट्रक से बाहर निकाला और निगोही सीएचसी पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के दिया गया।

# टीम में स्थान पाने को महिला क्रिकेटरों ने दिया ट्रायल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 31 अक्टूबर को पुण्यतिथि पर राष्ट्रीय छात्र संगठन कांग्रेस की ओर से एकदिवसीय महिला क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन जीएफ कॉलेज खेल मैदान पर किया जाएगा। जिसका रविवार को ट्रायल किया गया।

एनएसयूआई जिलाध्यक्ष रफी उल हसन ने महिला खिलाड़ियों से संपर्क किया और कोच के साथ ट्रायल भी देखा। रफी ने बताया कि शाहजहांपुर की टीम के साथ ही अन्य जिलों की टीमें भी शामिल होंगी। यह क्रिकेट टूर्नामेंट जीएफ कॉलेज के खेल मैदान पर आयोजित किया जाएगा।

मैच के अंत में महिला खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया जाएगा। इस दौरान महानगर अध्यक्ष अनुभव कटारिया,जिला उपाध्यक्ष मोहसिन खान, जिला महासचिव गौरव त्रिपाठी, प्रीतेश कुमार,अहद खान भी मौजूद रहे।



क्रिकेट खेलती महिला खिलाड़ी।

● पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि होगा महिला क्रिकेट टूर्नामेंट

## कमरे में फंदे से लटका मिला महिला का शव

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** नयागांव बग्गर में एक महिला का शव कमरे में साड़ी के फंदे से लटका मिला। सूचना पर परौर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस लाइन से पहुंची एफएसएल टीम ने जांच की।

परौर थाना क्षेत्र के गांव नयागांव बग्गर निवासी अमरपाल की शादी दो साल पहले मीरा(24) निवासी इस्माइलपुर थाना मदनापुर के साथ हुई थी। शनिवार की दोपहर एक कमरे में मीरा का शव साड़ी के फंदे से लटका मिला। पति ने बताया कि दरवाजा अंदर से बंद था। वह खेत पर चला गया था। उसने शाम को आकर पत्नी का शव लटका देखा था। उन्होंने परौर थाना पर सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार मौर्य सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने दरवाजे की कुंडी तोड़कर शव को उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस लाइन से एफएसएल टीम पहुंची और जांच करके नमूने लिए। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मृतका के मायके वालों की तरफ से कोई तहरीर नहीं आई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# ...हर मजा तो हवा ले गई, मेरी आवारगी जिद एक पगली निभा ले गई

## ओसीएफ रामलीला की पूर्णाहुति के रूप में हुआ अखिल भारतीय कवि सम्मेलन और मुशायरा, भोर तक काव्य गंगा में डुबकी लगाते रहे श्रोता

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


महशर आफरीदी।


जहाज देवबंदी।


चंदन राय।


रामेंद्र मोहन त्रिपाठी।


जौहर कानपुरी।


मणिका दुबे।

- वित्त मंत्री ने ओसीएफ महाप्रबंधक के साथ लिया कवि सम्मेलन का आनंद


प्रवीण पांडेय।


शशिकांत यादव।


अज्म शाकिरी।


स्वयम श्रीवास्तव।


मुमताज नसीम।


कवि सम्मेलन का आनंद लेते वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, ओसीएफ महाप्रबंधक राजेश कुमार वर्मा व बड़ी संख्या में श्रोता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** ओसीएफ रामलीला एवं प्रदर्शनी की पूर्णाहुति के रूप में शनिवार देर रात अखिल भारतीय कवि सम्मेलन और मुशायरा का आयोजन किया गया। भोर होने तक चले कवि सम्मेलन-मुशायरा में हजारों श्रोता काव्य गंगा में गोते लगाते रहे। नामचीन कवियों और शायरों ने अपनी रचनाएं और गजलें सुनाकर श्रोताओं को अंत तक बांधे रखा। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने भी ओसीएफ महाप्रबंधक राजेश कुमार वर्मा के साथ काफी देर तक कवि सम्मेलन का आनंद लिया। शुभारंभ दिल्ली की ख्यातिलब्ध शायरा मुमताज नसीम ने मां शारदे की वंदना और गंजडुंडवारा के वरिष्ठ शायर अज्म शाकिरी ने नात पाक के पाठ से किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे आगरा के वरिष्ठ कवि रामेंद्र मोहन त्रिपाठी ने गीतों के माध्यम से खूब धूम मचाई और तालियां बटोरीं। उनका यह गीत खूब सराहा गया- गुल से खुशबू उड़ा ले गई, हर मजा तो हवा ले गई। मेरी आवारगी जिद मेरी, एक पगली निभा ले गई।

अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठ शायर जौहर कानपुरी ने अपने चरिपर्चित अंदाज में सुनाया- धूप को आजमा रहा हूं मैं, मोम का घर बना रहा हूं मैं, उसको लेकर गया था कांधे पर, खुद को दफ़ना के आ रहा हूं।

मुंबई के युवा गीतकार चंदन राय ने श्रृंगार गीतों की छटा बिखरते हुए कुछ इस तरह अपनी बात रखी- तू मेरा पैगाम सुन, मैं तेरा पैगाम। तेरे-मेरे बीच में दुनिया का क्या काम।

मध्य प्रदेश के संचालक कवि शशिकांत यादव ने श्रोताओं में जोश भरते हुए वीर रस के मुक्तक सुनाए- सीमा की सुरक्षा हेतु जिसने बहाया रक्त, ऐसे नौजवान की उतारें हम आरती। वंदेमातरम गीत गाकर शहीद हुए, ऐसे मस्तानों की उतारें हम आरती।

वरिष्ठ शायर अज़्म शाकिरी ने अपने कलाम से श्रोताओं की भरपूर दाद पाई। उनका यह शेर बहुत सराहा गया- रख दिया कांधों पे मेरे नए इस्लाम का बोझ, कितनी आसानी से बारूद बना दिया मुझे।

प्रख्यात शायरा मुमताज़ नसीम ने अपनी सुरीली आवाज में गीत कुछ यूं गुनगुनाया- पागलपन में क्या बतलाऊं सजना क्या-क्या भूल गई, तुझसे मिलकर लौट रही थी, घर का रस्ता भूल गई।

मुंबई प्रख्यात शायर महशर आफरीदी ने सुनाया- जमीं पर घर बनाया है मगर जन्नत में रहते हैं, हमारी खुशनसीबी है कि हम भारत में रहते हैं।

जबलपुर की कवियत्री मणिका दुबे ने अपनी खनकती आवाज से दर्शकों पर जादू चलाते हुए सुनाया- शहर के शोर में वीरानियां हैं यहां तुम हो मगर तन्हाइयां हैं। वही पे बैठ के हरसा गुजारूं जहां तेरी-मेरी परछाइयां हैं।

फिरोजाबाद के गीतकार प्रवीण पांडेय ने श्रोताओं पर जादू चलाते हुए कहा- जब जब कोयल गाती होगी, कली कली मुस्काती होगी। प्रिये हमारे प्रथम मिलन की याद तुम्हें तो आती होगी।

सहारनपुर से आए हास्य शायर जहाज़ देवबंदी ने दर्शकों को खूब ठहाके लगवाए- तमन्ना का प्याला भरा फिफ्टी फिफ्टी, हुआ इश्क़ मेरा खरा फिफ्टी- फिफ्टी। सुरैया का अब्बा है कोमा में कल से, मरा तो है लेकिन मरा फिफ्टी- फिफ्टी।

उन्नाव के युवा गीतकार स्वयम श्रीवास्तव कहा- पत्थर की चमक है न नगीने की चमक है, चेहरे पे सीना तान के जीने की चमक है।

### कवियों और शायरों को शॉल ओढ़ाकर किया सम्मानित

इससे पहले कवि सम्मेलन एवं मुशायरे का आरंभ मुख्य अतिथि ओसीएफ महाप्रबंधक राजेश कुमार वर्मा और विशिष्ट अतिथि टीसीएल महिला कल्याण समिति की उपाध्यक्ष मीरा वर्मा ने मां शारदे के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कवि गोविंद कृष्ण वाजपेयी के संचालन में शुरू हुए साहित्यिक कार्यक्रम में महाप्रबंधक ने सभी कवियों और शायरों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

इस मौके पर सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष दिव्यानंद पांडेय, अपर महाप्रबंधक एके वर्मा, उप महाप्रबंधक शेर सिंह मीणा, प्रकाश प्रभाकर, ऋषि बाबू, छावनी परिषद के उपाध्यक्ष अवधेश दीक्षित, नगर आयुक्त डॉ. विपिन मिश्रा, कार्यप्रबंधक दीपक, एससी सिंह, किरन सिंह, देवेश दीक्षित, सचिव शारिक अली, राम मोहन अग्निहोत्री आदि मौजूद रहे।

व्यवस्था में देवेंद्र कुमार, जर्रार तिलहरी, शरीफ अमीन, जितेंद्र अग्निहोत्री, मो. शारिक, मो. रिजवान, असलम तारिक आदि का सहयोग रहा।

# बाढ़ नियंत्रण, कचरा प्रबंधन मॉडल सर्वश्रेष्ठ

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- स्वामी धर्मानंद सरस्वती इंटर कॉलेज में लगी विज्ञान प्रदर्शनी
- प्रधानाचार्य ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर किया छात्रों का उत्साहवर्धन


प्रदर्शनी का अवलोकन करते प्रधानाचार्य डॉ. अमीर सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** स्वामी धर्मानंद सरस्वती इंटर कॉलेज में शनिवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी के माध्यम से छात्रों ने तमाम बहुउपयोगी वर्किंग मॉडल प्रस्तुत कर न सिर्फ वाहवाही लूटी, बल्कि वैज्ञानिक सोच प्रदर्शित की।

प्रधानाचार्य डॉ. अमीर सिंह के मार्गदर्शन में लगी विज्ञान प्रदर्शनी में 250 से अधिक छात्रों ग्रुप बनाकर 65 मॉडल प्रदर्शित किए। इनमें कई वर्किंग मॉडल भी शामिल थे। चार्ट के माध्यम से सिद्धांतों को समझने का भी छात्रों ने सराहनीय प्रयास किया। विज्ञान प्रदर्शनी में बाढ़ नियंत्रण प्रदर्शित करने वाले नैतिक भारद्वाज के मॉडल को प्रथम स्थान मिला, जबकि द्वितीय स्थान पर कचरा प्रबंधन करने वाला विमलेश राज का मॉडल रहा। तीसरे स्थान पर मोहम्मद तुरब अली एवं अनिकेत रहे। प्रदर्शनी का आयोजन भौतिक विज्ञान प्रवक्ता राजाराम, रसायन विज्ञान प्रवक्ता डॉ. नीलम शाक्य, गणित प्रवक्ता उमेश कुमार दीक्षित, विज्ञान शिक्षक डॉ. अनुराग शर्मा, जुल्फिकार अहमद के संयोजन में किया गया। प्रधानाचार्य डॉ. अमीर सिंह ने सभी मॉडलों का गहनता के साथ अवलोकन कर छात्रों से उनके बारे में सवाल-जवाब किए। साथ ही सभी का उत्साहवर्धन किया।

## दीपावली के मद्देनजर पीटीआर में अलर्ट

**पीलीभीत, अमृत विचार:** उल्लू के शिकार की घटनाओं के मद्देनजर टाइगर रिजर्व प्रशासन ने अलर्ट जारी किया है। रेंजरों-वन कर्मियों को सख्त निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। बता दें कि अंधविश्वास के चलते दिवाली के आसपास उल्लू के शिकार की घटनाएं बढ़ जाती है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व बाघ-तेंदुए के साथ विभिन्न प्रजातियों के पक्षियों को भी एक बड़ा संसार बसा हुआ है। उल्लू की भी खासी मौजूदगी रहती है। दिवाली पर्व के आसपास उल्लू की डिमांड बढ़ जाती है। इसकी वजह यह है कि कुछ अंधविश्वासी लोग तांत्रिक क्रिया के लिए उल्लू का प्रयोग करते हैं। डिमांड बढ़ने के कारण इन्हें ऊंचे दामों में बेचा जाता है। इधर पीलीभीत टाइगर रिजर्व में शातिर शिकारियों की अवैध घुसपैठ रोकने को टाइगर रिजर्व प्रशासन ने जंगल और इससे सटे इलाके में अलर्ट जारी किया है।

# समाजवाद के अग्रदूत थे महाराजा अग्रसेन

संवाददाता, तिलहर

- अग्रसेन जयंती के दौरान बच्चों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम
- विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर किया गया सम्मानित


कार्यक्रम का आरंभ करते बरेली कैंट विधायक संजीव अग्रवाल। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** अग्रवाल सभा भवन में आयोजित अग्रसेन जयंती के दौरान बच्चों ने रविवार देर रात तक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां बांध दिया। अंत में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत का सम्मानित किया गया। महाराजा अग्रसेन के चित्र के समक्ष दीपक प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का आरंभ करते हुए बरेली कैंट के विधायक संजीव अग्रवाल ने कहा कि महाराजा अग्रसेन समाजवाद के अग्रदूत थे।

उन्होंने कहा अग्रवाल समाज को पूरे समाज में अग्रज श्रेणी में माना जाता है। बताया एक सर्वे के अनुसार देश के कुल इंकम टैक्स का 24 प्रतिशत से अधिक हिस्सा अग्रसेन के वंशजों का है। कुल सामाजिक एवं धार्मिक दान में 62 प्रतिशत हिस्सा अग्रवंशियों का है। देश की कुल जनसंख्या का मात्र एक प्रतिशत अग्र-वंशज है, लेकिन देश के कुल विकास में उनका 25 प्रतिशत योगदान है। उसके बाद कविता पाठ में घनक गर्ग ने प्रथम, वंश गर्ग ने द्वितीय तथा भार्वी अग्रवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया जबकि फैंसी ड्रेस के ग्रुप ए में मिशका प्रथम, अदारिका द्वितीय तथा अथांश तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार ग्रुप बी में सिद्धि गर्ग प्रथम, अग्रिम गर्ग द्वितीय, तथा ऋद्धि तृतीय स्थान पर रही। कार्यक्रम के अंत में सभा अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने पूरे वर्ष का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन शिवांगी गर्ग तथा योगिता अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में सचिन गर्ग, अंकित अग्रवाल, विजय अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, अमित अग्रवाल, उपेंद्र, प्रतीक, हर्षित, अर्पित, श्याम गर्ग सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### वाद विवाद में योगिता और वंश प्रथम

वाद विवाद के विवाहित ग्रुप ए में योगिता प्रथम, निशिता गर्ग द्वितीय, ऋचा अग्रवाल तृतीय, विवाहित ग्रुप बी में वंश अग्रवाल प्रथम, साक्षी अग्रवाल द्वितीय तथा संयम गर्ग तृतीय स्थान पर रहे। नृत्य प्रतियोगिता के ग्रुप ए में यति, अनवी अमोघ ग्रुप बी में आहना, अविका तथा ग्रुप सी में राधिका, श्रेष्ठा अग्रवाल तथा रूद्र गर्ग क्रमशः प्रथम द्वितीय स्थान पर रहे।

## टीकाकरण के बाद बच्चे की मौत, एएनएम पर आरोप

**निघासन,अमृत विचार :** सीएचसी निघासन क्षेत्र के झंडी चौराहा निवासी एक दंपती के ढाई माह के बच्चे की शनिवार रात मौत हो गई। दंपति का आरोप है कि शनिवार को टीकाकरण कराया था। एएनएम ने मोबाइल पर बात करते समय गलत तरीके से तीन टीके लगाए, जिससे बच्चे की मौत हुई। सीएचसी अधीक्षक का कहना है कि एक वैक्सीन से चार पांच बच्चों का टीकाकरण किया जाता है। यदि घरवालों को शंका है तो वह पोस्टमार्टम करवा सकते हैं। झंडी चौराहा के बुद्धराम कश्यप ने बताया कि शनिवार को गांव मुलहेपुरवा में कैंप लगा था। इसमें ढाई माह के बच्चे का टीकाकरण कराया था। बुद्धराम का कहना है कि टीकाकरण कर रही एएनएम फोन पर बात करती जा रही थी। इससे टीका गलत लग गया। बच्चे को घर लेकर आ गए, लेकिन रात में अचानक बच्चे की हालत बिगड़ने लगी। जब तक उसे सीएचसी लेकर जाने के लिए घर से निकलते तब तब बच्चे की मौत हो गई। बच्चे का पूरा शरीर काला पड़ गया है।

# खाद की कालाबाजारी करने वालों पर लगेगा एनएसए

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- अधिकारियों की उपस्थिति में वितरण कराने के निर्देश

**अमृत विचार:** डीएपी और एनपीके खाद की कालाबाजारी के संबंध में जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने रविवार को जिला कृषि अधिकारी, सहायक आयुक्त व सहायक निबंधक (सहकारिता) को बुलाकर समीक्षा की। जिसमें खाद की कालाबाजारी करने वालों पर एनएसए लगाने का निर्णय लिया गया।

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि जनपद में 115 सहकारी समितियों के माध्यम से खाद का वितरण चल रहा है। अभी तक लगभग 1500 मीट्रिक टन खाद बफर स्टॉक में उपलब्ध है, जो अगले पांच दिनों में समितियों तक पंहुचेगा। इसी प्रकार निजी क्षेत्र की दुकानों से वितरण के लिए सोमवार तक इंडियन फॉस्फेट लिमिटेड, पारादीप फॉस्फेट लिमिटेड से 1600 एमटी खाद उपलब्ध होने की संभावना है। जिसको जिलाधिकारी की ओर से लेखपालों व अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में वितरण कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही कालाबाजारी करने वाले व निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर खाद बेचने वाले दुकानदारों और संबंधित समिति के सचिवों के विरुद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत कार्रवाई की जाएगी।

# मगटोरा में लगी ग्राम शिक्षा चौपाल

संवाददाता, जलालाबाद


बच्चों को पुरस्कृत करते शिक्षक। ● अमृत विचार

- बच्चों ने मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत कर किया प्रतिभा का प्रदर्शन

**अमृत विचार :** ग्राम शिक्षा चौपाल का आयोजन रविवार को मगटोरा के प्राथमिक विद्यालय मझरेता में किया गया। जिसमें उच्च प्राथमिक विद्यालय मगटोरा, प्राथमिक विद्यालय रपरा मगटोरा, प्राथमिक विद्यालय रपरा म.नवीन, प्राथमिक विद्यालय मझरेता के छात्रों ने मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत कर प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नायब तहसीलदार सत्येंद्र कटियार ने शिक्षा के महत्व पर चर्चा करते हुए कहा कि शिक्षा व्यक्ति, समाज एवं राष्ट्र के विकास का मार्ग प्रशस्त करती है। एआरपी मदन गोपाल कटियार ने बच्चों की शिक्षा में अभिभावकों एवं समुदाय के महत्व पर चर्चा की। कार्यक्रम में पंकज कुमार, लक्ष्मी सिंह, विनोद राजपूत, प्रमोद कुमार, ललित कुमार शुक्ला, दिनेश कुमार रजक, सत्येंद्र सिंह यादव, नक्षत्रपाल सिंह व सभी विद्यालयों के एसएमसी अध्यक्ष, किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष कप्तान सिंह एवं ग्राम पंचायत के अभिभावक मौजूद रहे। संचालन प्रधानाध्यापक नरेश कुमार ने किया। अंत में बच्चों को पुरस्कार प्रदान किया गया। शिक्षकों ने मुख्य अतिथि नायब तहसीलदार तथा एआरपी मदन गोपाल कटियार को स्मृति चिह्न प्रदान किया।

# तालाब में कूदे ग्रामीण का 18 घंटे बाद बरामद हुआ शव


मृतक के रोते-बिलखते परिजन। ● अमृत विचार

संवाददाता, बेहजम

- 15 फिट गहरा था तालाब, सर्च अभियान में आ रही थी दिक्कत

**अमृत विचार:** थाना नीमगांव के भूलनपुर स्थित एक तालाब में छलांग लगाने वाले प्रकाश (50) की तलाश के लिए एसडीआरएफ सीतापुर की टीम शनिवार की देर शाम मौके पर पहुंची। टीम ने 18 घंटे से अधिक समय तक तलाश करने के बाद उसके शव को बरामद कर लिया। शव मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने पंचायतनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

बता दें कि गांव भूलनपुर निवासी प्रकाश नशे की हालत में शनिवार की दोपहर गांव के ही मेला मैदान के निकट बने विशाल तालाब के पास गया था। वह कुछ देर इधर उधर टहलता रहा। इसके बाद उसने तालाब में छलांग लगा दी थी। मौके पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया था। सूचना पर पहुंची एसओ नीमगांव सुनीता कुशवाहा ने ग्रामीणों की मदद से तालाब में प्रकाश की तलाश कराई, लेकिन नतीजा सिफर रहा। तालाब की गहराई करीब 15 फिट होने के कारण एसओ ने बरेली से एनडीआरएफ और सीतापुर से पीएसी की एसडीआरएफ टीम को बुलाया। देर शाम दोनों टीमें मौके पर पहुंचीं और मौके का निरीक्षण किया। इसके बाद बरेली की एनडीआरएफ टीम वापस लौट गई।

सीतापुर की एसडीआरएफ टीम के प्लाटून कमांडर देवेंद्र नारायण सिंह के नेतृत्व में दस सदस्यीय टीम तालाब में उतरी और देर रात तक उसकी तलाश की, लेकिन उसका पता नहीं चला। अंधेरा अधिक होने पर सर्च अभियान में आ रही दिक्कतों के कारण अभियान को रोक दिया। रविवार की सुबह एक बार फिर टीम स्टीमर के साथ तालाब में उतरी और उसकी खोजबीन की। करीब 18 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आखिरकार प्रकाश का शव बरामद हो गया। शव मिलते ही मौके पर मौजूद परिवार वालों में कोहराम मच गया।

### एसओ के समझाने पर पोस्टमार्टम को राजी हुए परिजन

सर्च अभियान के दौरान तालाब किनारे बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। टीम के शव बरामद करते ही परिवार में चीख पुकार मच गई। पुलिस ने जब शव का पंचायतनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई शुरू की तो परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। इस दौरान मौके पर मौजूद पुलिस के बीच परिजनों और ग्रामीणों की तीखी बहस भी हुई। हालांकि मौके पर मौजूद एसओ सुमीता कुशवाहा ने उन्हें काफी समझाया। तब जाकर परिजन पोस्टमार्टम के लिए राजी हो सके। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सीओ मितौली शमशेर बहादुर सिंह भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने एसडीआरएप टीन के प्रभारी से जानकारी ली।

# दहेज में कार और पांच लाख रुपये न देने पर रिश्ता तोड़ा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- गोद भराई के बाद तय हो गई थी तिलक की तारीख, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** दहेज में पांच लाख रुपये और कार न देने पर वर पक्ष ने शादी से इंकार कर दिया। जबकि गोद भराई कर दी थी और तिलक की तारीख तय हो गयी थी। वर पक्ष ने वधू पक्ष को गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने वर पक्ष के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

निगोही थाना क्षेत्र के गांव दिउरिया निवासी ठाकुर प्रसाद ने बताया कि उसने पुत्री चांदनी की शादी एक माह पूर्व अभिषेक राजपूत निवासी झोथपुर थाना शाहाबाद जिला हरदोई के साथ तय की थी। पांच जुलाई को अनिल कुमार, विष्णु नारायन, अभिषेक व अभिषेक की मां उसके घर पर गोद भराई करने आए। गोद भराई में करीब 55 लोग थे। उन्होंने वर पक्ष के रहने और खाने आदि का प्रबंध किया था। उन्होंने गोद भराई में एक सोने की चेन व एक सोने की अंगूठी अभिषेक को दी थी। साथ ही बड़ों को 501 रुपये और बच्चों को 201 रुपये का लिफाफा दिया था। पीड़ित ने बताया कि गोद भराई में करीब डेढ़ लाख रुपये खर्च हुए थे। वर पक्ष ने तिलक की तारीख 20 जुलाई बतायी थी। वह तिलक की तैयारी में लग गया। ठाकुर प्रसाद ने बताया कि 16 जुलाई को वर पक्ष की तरफ से फोन आया, कहा कि तिलक में पांच लाख रुपये और एक कार न देने पर शादी नहीं करेंगे। उन्होंने काफी खुशामद की और तिलक में एक लाख 51 हजार रुपये व बाइक ही दे पाएंगे। शादी पांच लाख 20 हजार रुपये तय हुई थी। आरोप है कि वर पक्ष ने फोन पर गालियां दी और शादी करने से मना कर दिया। निगोही थाना के उप निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि अनिल कुमार, विष्णु नारायन समेत तीन के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# तेंदुए के हमले में किशोर घायल, दहशत

संवाददाता, निघासन


घायल किशोर से जानकारी लेते रेंजर गजेन्द्र सिंह। ● अमृत विचार

- गन्ने की फांदियां बांधते समय किया हमला, वन अधिकारी ने घायल किशोर से ली जानकारी

**अमृत विचार:** थाना निघासन क्षेत्र में रविवार की सुबह खेत में गन्ने की फांदियां बांध रहे एक किशोर पर जंगल से निकले तेंदुए ने हमला कर दिया। इससे किशोर घायल हो गया। आसपास के खेतों में काम कर रहे लोगों के शोर मचाने पर तेंदुआ किशोर को छोड़कर जंगल की तरफ भाग निकला। घायल को सीएचसी लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार कर डॉक्टरों ने उसे छुट्टी दे दी।

थाना क्षेत्र के गांव बंगलहा राज निवासी उत्तम कुमार अपने बेटे इंद्रेश (14) के साथ जंगल से सटे गन्ने के खेत में गन्ना छिलाई का काम कर रहे थे। बताते हैं कि इंद्रेश गन्ने की फांदियां बांध रहा था। तभी जंगल तरफ से तेंदुआ आ गया। उसने इंद्रेश पर हमला कर दिया। किशोर के चीखने चिल्लाने पर उसके पिता उत्तम कुमार ने भी शोरगुल मचाया। शोर सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे तमाम लोग लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंच गए। इस पर तेंदुआ इंद्रेश को छोड़कर फिर से जंगल की तरफ भाग निकला। तेंदुए के हमले से इंद्रेश के हाथ व पैरों में पंजे से गहरे जख्म हो गए हैं। परिजन आनन फानन में उसे लेकर निघासन सीएचसी पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने इलाज करने के बाद उसे वापस घर भेज दिया है। सीएचसी प्रभारी पीके रावत ने बताया कि हाथ व पैरों में पंजे के गहरे निशान आए है। किशोर मानसिक रूप काफी डरा सहमा है। फिलहाल उसकी हालत सामान्य है। उधर हमले की सूचना पाकर वन क्षेत्राधिकारी गजेन्द्र सिंह भी सीएचसी पहुंचे। उन्होंने हमले में घायल किशोर और उसके पिता से घटना की जानकारी ली। डॉक्टर से वार्ता कर घायल किशोर का हाल जाना। वन विभाग ने लोगों को सतर्क रहने और समूह में खेतों की तरफ आने-जाने की सलाह दी है।

> गन्ना और जंगल सटा हुआ है। जिस वजह से तेंदुआ जंगल से निकलकर खेतों की तरफ चला आया। उसे पकड़ने के लिए पिंजड़ा लगवाया जा रहा है। जरूरत पड़ी तो उसे ट्रेंकुलाइज भी किया जाएगा।
>
> **- गजेंद्र सिंह**, वन क्षेत्राधिकारी लुधौरी

### सांडा फार्म के पास दिखा तेंदुआ, कार सवारों ने कैमरे में कैद की फोटो

**लखीमपुर खीरी।** शारदानगर वन रेंज क्षेत्र में सांडा फार्म के पास शनिवार की रात तेंदुआ चहलकदमी करते देखा गया। रास्ते से निकल रहे कार सवारों ने उसकी फोटो अने मोबाइल के कैमरे में कैद कर ली। तेंदुए की आमद से लोग भयभीत हैं और इसकी सूचना वन विभाग को दी है। बताया जाता है कि कार से कुछ लोग संडा फार्म की तरफ जा रहे थे। तभी उनकी नजर रास्ते पर आगे चल रहे तेंदुए पर पड़ी। कार सवारों ने उसका वीडियो बनाया और तस्वीर ली। बाद में उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इसके बाद से सांडा फार्म और उसके आसपास के गांवों में दहशत व्याप्त हो गई है।




# 66 लाख से सुधरेगी मलगांव दियोरीजीत मार्ग की दशा

## चीनी मिल तक पहुंचने के लिए गन्ना किसानों को नहीं होगी परेशानी

कार्यालय संवाददाता बदायूं



**अमृत विचार:** बदायूं विधानसभा क्षेत्र में गन्ने की फसल बहुतायत में होती है। किसानों को खेतों तक आने जाने और चीनी मिल तक गन्ना पहुंचने में रोड टूटी होने के कारण दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। गन्ना किसानों की मांग पर पीडब्ल्यूडी विभाग मलगांव से दियोरीजीत मार्ग का 66 लाख रुपये से निर्माण करेगा।

मलगांव और दियोरीजीत मार्ग पर करीब आधा दर्जन से अधिक गांव जुड़े हुए हैं। यह पूरा क्षेत्र चीनी मिल क्षेत्र कहलाता है। मलगांव दियोरीजीत मार्ग करीब आठ किलोमीटर लंबा है। जिसमें करीब डेढ़ किलोमीटर का हिस्सा बरसात के दौरान टूट कर गहरे गड्ढेदार हो चुका है। गन्ना किसानों को खेतों तक आने के दौरान दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

मार्ग खराब होने से गन्ने से लदी ट्रेक्टर ट्राली रास्ते में खराब हो जाती है। कई बार गन्ना लदी ट्रॉली पलट चुकी है। किसानों की इस समस्या को देखते हुए पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा रोड का सर्वे करने के बाद प्रस्ताव तैयार किया गया। करीब डेढ़ किलोमीटर रोड में 66 लाख की धनराशि खर्च होगी। विभागीय अधिकारियों द्वारा प्रस्ताव तैयार शासन में मंजूरी को भेजा है। मंजूरी मिलने के बाद रोड का निर्माण शुरू करवाया जाएगा। रोड निर्माण को प्रस्ताव भेजे जाने की खबर से किसान खुश हैं।

- **कई साल से टूटा पड़ा था दियोरीजीत मार्ग, ग्रामीणों को थी परेशानी**

> मलगांव और दियोरीजीत मार्ग का डेढ़ किलोमीटर का हिस्सा 66 लाख से तैयार किया जाना है। जिसका प्रस्ताव शासन में भेज दिया गया है। मंजूरी मिलने के बाद उसका निर्माण कराया जाएगा। **-नरेश कुमार**, अधिशासी अभियंता, पीडब्ल्यूडी विभाग

# बेटों ने खेत में स्थापित की मां की प्रतिमा

**उघैती, अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव मेवली में पांच भाईयों ने अपनी मां की प्रतिमा खेत में स्थापित की है। जिसका रविवार को विधायक राजीव कुमार सिंह ने अनावरण किया । गांव निवासी डॉ मुनीश कुमार सिंह एवं उनके भाई प्रमोद कुमार एडवोकेट तथा अन्य भाईयों ने एक वर्ष पूर्व स्वर्गलोक सुधारने वाली अपनी मां मुन्नी देवी की प्रतिमा को खेत में स्थापित किया है। जिसका रविवार को विधिवत हवन पूजन के साथ अनावरण किया। प्रतिमा का अनावरण विधायक ने किया।

उन्होंने कहा कि अपनी मां के लिए सभी बेटों में इस तरह प्रेम की भावना जागृत होनी चाहिए। इस दौरान इस्लामनगर ब्लॉक प्रमुख गजेंद्र सिंह, बिल्सी के समाजसेवी दीपक चौहान, अनूप चौहान, मुरली मनोहर वार्ष्णेय, पुरुषोत्तम टाटा,करनपुर से ठाकुर राहुल सिंह, प्रदीप ठाकुर,सद्दाम हुसैन मौजूद रहे।

# कंपोजिट ग्रांट जारी अब विद्यालयों में हो सकेंगे काम

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** वर्तमान शैक्षिक सत्र के लिए शासन की ओर से बेसिक शिक्षा विभाग को कंपोजिट ग्रांट की पहली किस्त जारी कर दी गई है। विभाग को करीब ढाई करोड़ रुपये का बजट मिला है। जिसे स्कूलों में छात्र संख्या के आधार पर भेजे जाने की प्रक्रिया विभाग द्वारा शुरू कर दी गई है। साथ ही मिली धनराशि से तीस नवंबर तक काम कराने के आदेश भी दिए जा रहे हैं।

जिले में 2155 परिषदीय विद्यालय संचालित हैं। इस स्कूलों में कंपोजिट ग्रांट के माध्यम से रंगाई-पुताई, टाट-फट्टी, शिक्षण सामग्री समेत अन्य जरूरत के काम कराए जाते हैं। इस धनराशि को अब तक स्कूलों में नहीं भेजा गया था। अब शासन की ओर से कंपोजिट ग्रांट की करीब दस करोड़ का 25 प्रतिशत यानि 2.50 करोड़ बजट विभाग को जारी किया गया है। शासन की ओर से समग्र शिक्षा की वार्षिक कार्य योजना व बजट 2024-25 के संबंध में जिले के प्राथमिक, उच्च प्राथमिक व कंपोजिट स्कूलों को छात्र नामांकन के आधार पर पांच श्रेणियों में बांटते हुए कंपोजिट ग्रांट की स्वीकृति दी गई है। मिले बजट को स्कूलों की प्रबंधन समिति खाते में भेजने का काम विभाग द्वारा शुरू कर दिया है। साथ ही शिक्षकों से इस धनराशि को 30 नवंबर तक खर्च करने के निर्देशों औरउपभोग प्रमाण प्रेरणा पोर्टल पर भी अपलोड करने की बात कही जा रही है।

- **परिषदीय स्कूलों में बच्चों की संख्या के आधार पर भेजी जाती है कंपोजिट ग्रांट**

> शासन की ओर से कंपोजिट ग्रांट की 25 प्रतिशत धनराशि विभाग को मिली है। जिसे स्कूलों में आवंटित किया जा रहा है। साथ ही धनराशि खर्च करने के बाद उपभोग प्रमाण प्रेरणा पोर्टल पर अपलोड करने के आदेश दिए जा रहे हैं। **-वीरेंद्र कुमार सिंह**, बीएसए

# रिपोर्ट एक्सपंज कराने को दूसरे दिन भी धरना जारी

**बदायूं, अमृत विचार :** नगर पालिका की अतिक्रमण हटाने वाली टीम पर हमले के विरोध में उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ और स्वायत्त शासन कर्मचारी महासंघ का धरना-प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी रहा। उन्होंने पूर्व चेयरमैन पर झूठी रिपोर्ट दर्ज कराने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट को एक्सपंज करने के अलावा सिटी मजिस्ट्रेट का चार्ज किसी और अधिकारी को देने की मांग की।

स्वायत्त शासन कर्मचारी महासंघ के शाखा अध्यक्ष सचिन सक्सेना ने बताया कि पालिका टीम ने तो अतिक्रमण हटाने की बात कही थी। उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ के नगर अध्यक्ष रमेश डी लाल बाल्मीकि ने सिटी मजिस्ट्रेट व प्रभारी ईओ को वित्तीय अधिकार देने की मांग की। जिससे दीपावली के त्यौहार के चलते कर्मचारियों को वेतन, बोनस, पेंशन का भुगतान किया जा सके। कहा कि जब तक रिपोर्ट एक्सपंज नहीं हो जाती। धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा।

# छात्रवृत्ति की व्यवस्था होगी पारदर्शी विभाग ने शुरू की प्रक्रिया

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** पूर्व दशम और दशमोत्तर कक्षाओं की छात्रवृत्ति योजना को सरकार पारदर्शी बना रही है। नई नीति के तहत समाज कल्याण विभाग सभी शिक्षण संस्थाओं के प्रधानाचार्य व नामित नोडल का अपनी लॉगिन से पोर्टल पर बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन करा रहे हैं। इस प्रक्रिया के पूरा होने के बाद इनके द्वारा छात्रों की ई-केवाईसी कराई जाएगी। तब कहीं जाकर विद्यार्थियों लाभ मिल सकेगा। समाज कल्याण विभाग के पोर्टल पर बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन कराने के लिए रोजाना स्कूलों के प्रधानाध्यापक या फिर नोडल अधिकारी जुट रहे हैं।

वर्ष 2024-25 में पूर्व दशम और दशमोत्तर विद्यार्थियों के लिए मिलने वाली छात्रवृत्ति के लिए शिक्षण संस्थाओं के प्रधानाचार्य व नामित नोडल का समाज कल्याण विभाग में समाज कल्याण अधिकारी की लॉगिन आईडी के माध्यम से उनका बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन किया जा रहा है। इस प्रक्रिया के पूरा होने पर शैक्षिक संस्थाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों का विद्यालय में ही ई केवाईसी/बायोमैट्रिक ऑथेंटिकेशन किया जाएगा। इसके उपरांत ही छात्रों की छात्रवृत्ति का आवेदन अग्रसारित किया जाएगा।

जिले में करीब 304 माध्यमिक स्कूलों के साथ ही करीब पचास से अधिक उच्च शिक्षण संस्थान संचालित हैं। इन शिक्षण संस्थाओं के प्रधानाचार्य और नोडल रोजाना विकास भवन स्थित समाज कल्याण विभाग में पहुंच रहे हैं। विभागीय कर्मचारियों के द्वारा उनकी बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन पोर्टल पर की जा रही है।

- **समाज कल्याण विभाग करा रहा सभी संस्थाओं के प्रधानाचार्य की पोर्टल पर बायोमेट्रिक**
- **माध्यमिक स्कूलों के प्रधानाचार्य और नोडल हर रोज विकास भवन पहुंच रहे**

> माध्यमिक विद्यालयों व उच्च शिक्षण संस्थाओं के प्रधानाचार्य और नामित नोडल का बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन अनिवार्य कर दिया गया है। उनके बायोमेट्रिक कराई जा रही है। पोर्टल नहीं चलने से प्रक्रिया धीमी है। काम जल्द पूरा कर लिया जाएगा। प्रधानाचार्य और नामित नोडल का बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन पूरा होने के बाद इनके द्वारा ही छात्रवृत्ति के आवेदन को अग्रसारित किया जाएगा। जब छात्रवृत्ति का लाभ विद्यार्थियों को मिलेगा। **-मीनाक्षी वर्मा**, समाज कल्याण अधिकारी

# स्कूलों को निपुण बनाएंगे खंड शिक्षा अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** एआरपी के बाद अब खंड शिक्षा अधिकारी और डायट मेंटर को परिषदीय स्कूलों को निपुण बनाने की नई जिम्मेदारी मिलेगी। उन्हें बीआरसी केंद्र के नजदीक स्कूलों को निपुण बनाना होगा। महानिदेशक शिक्षा से निर्देश प्राप्त होने के बाद बीएसए ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को अवगत कराया है।

जिले में 2155 परिषदीय स्कूल संचालित हैं। इन स्कूलों में कक्षा एक से दो तक के बच्चों को गणित, भाषा तथा अन्य विषयों में दक्ष करने के लिए निपुण भारत मिशन की जिम्मेदारी एआरपी (एकेडमिक रिसोर्स पर्सन) को मिली हुई है। उनके द्वारा दस दस स्कूलों को निपुण किया जाना है। शासन की ओर से मिशन निपुण को पूरा करने के लिए शैक्षिक सत्र 2026-2027 तक का समय निर्धारित कर रखा है। जिसे जिले में नामित एआरपी और एसआरजी द्वारा पूरा करना संभव नहीं है। ऐसी दशा में समय से मिशन निपुण पूरा करने के लिए सभी खंड शिक्षा अधिकारी और डायट मेंटर को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। बीईओ को ब्लॉक संसाधन केंद्र या फिर उनके कार्यालय के पास स्थित विद्यालय को निपुण बनाना होगा। वह प्राथमिक स्कूल या फिर कंपोजिट विद्यालय में से किसी भी विद्यालय का जिम्मा लेंगे। डायट मेंटर को भी विद्यालय आवंटित किया जाएगा। प्रत्येक ब्लॉक में एक डायट मेंटर है।

न्याय पंचायत स्तर पर पांच-पांच शिक्षकों को संकुल शिक्षक बनाया गया है। एसआरजी को भी अपने मूल विद्यालय को निपुण बनाने का जिम्मा दिया जाएगा। यह सभी एक-एक विद्यालय की जिम्मेदारी लेंगे। इसके अलावा एआरपी को अपने ब्लॉक के 10 विद्यालयों को निपुण बनाने की जिम्मेदारी दी गई है। ऐसे विद्यालय जहां 80 प्रतिशत छात्र गणित एवं भाषा में दक्ष होंगे, उन्हें निपुण विद्यालय घोषित किया जाएगा।

- **बीआरसी के नजदीक स्कूलों को बीईओ के लिए बनाना होगा निपुण**
- **डायट मेंटर को स्कूल को निपुण बनाने की मिलेगी जिम्मेदारी**

> निपुण मिशन की शासन की ओर से नई गाइडलाइन जारी की गई है। शिक्षकों के अलावा सभी बीईओ, डायट मेंटर, एसआरजी, एआरपी व शिक्षक संकुल को स्कूलों को निपुण बनाया जाएगा। इसके लिए स्कूलों का चयन करने के लिए सभी को कहा गया है। **-वीरेंद्र कुमार सिंह**, बेसिक शिक्षा अधिकारी

## नामदेव महाराज की मनाई 754 वीं जयंती

**कादरचौक, अमृत विचार :** संत शिरोमणि नामदेव महाराज की रविवार को 754 वीं जयंती मनाई गई। जयंती पर संगठन के पदाधिकारियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए। जयंती का कार्यक्रम गांव लभारी में संपन्न हुआ। इ स मौके पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रिंकू बाबू, जिला अध्यक्ष रोहित कुमार चौहान, नन्हें, संजय, विनोद कुमार पाल, राजू, शिवकुमार यादव आदि मौजूद रहे।

# पिकअप की टक्कर से युवक की मौत

**बिनावर, अमृत विचार :** बरेली-मथुरा राजमार्ग पर पिकअप ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को बरेली के अस्पताल ले जाया जा रहा था एक युवक की रास्ते में मौत हो गई । साथी को भर्ती कराया है।

बिनावर थाना क्षेत्र के गांव कुतुबपुर थरा निवासी इरशाद (28) और बाबू पुत्र नसरुद्दीन रविवार शाम डीजल लेनेको बाइक से गए थे। उन्होंने पंप से केन में डीजल लिया। अपने गावं जाने के लिए बरेली-मथुरा राजमार्ग क्रास कर रहे थे। इसी दौरान बरेली की ओर से तेज रफ्तार से आई पिकअप ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। बाइक सवार दोनों युवक राजमार्ग पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद पिकअप चालक खुद थाने पहुंच गया। पुलिस ने घायलों को बरेली के अस्पताल भेजा लेकिन रास्ते में इरशाद ने दम तोड़ दिया जबकि दूसरे घायल को भर्ती किया गया है।

# संस्कृत विद्यालयों के 275 विद्यार्थियों को मिली छात्रवृत्ति



संस्कृत छात्रवृत्ति योजना का सीधा प्रसारण देखते जनप्रतिनिधि और अधिकारी।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार द्वारा सम्पूर्णानन्द संस्कृत स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति योजना शुरू की है। जिसका मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को शुभारंभ किया। जिसका सीधा प्रसारण कलेक्ट्रेट में अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने देखा। इस योजना का लाभ जिले के 275 विद्यार्थियों को मिला है। शासन की ओर से विद्यार्थियों के बैंक खातों में 235450.00 धनराशि भेजी गई है। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सदर विधायक महेश गुप्ता, बिल्सी विधायक हरीश शाक्य ने जिला अधिकारी निधि श्रीवास्तव तथा अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी परिसर में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ प्रवेश कुमार ने बताया कि योजना के तहत संस्कृत माध्यमिक विद्यालय के 153 एवं संस्कृत महाविद्यालय के 122, कुल 275 छात्र-छात्राओं को योजना का लाभ मिला है। इस मौके पर अब्दुल सुबूर खान, प्रधानाचार्य, हाफ़िज सिददीक इस्लामिया इन्टर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

- **शासन से विद्यार्थियों के खाते में भेजी गई 235450.00 धनराशि**

# प्रेमी के साथ जाने की जिद पर अड़ी पत्नी आत्महत्या करने लखनऊ पहुंचा पति

संवाददाता, इस्लामनगर

**अमृत विचार :** थाना इस्लामनगर क्षेत्र के एक गांव में बार-बार समझाने के बाद भी प्रेमी के साथ रहने की जिद पर अड़ी पत्नी से नाराज पति आत्महत्या की धमकी देकर लखनऊ पहुंच गया। जहां उसने मुख्यमंत्री आवास के कुछ दूर थाना गौतम पल्ली के पास आत्मदाह का प्रयास किया। वहां की पुलिस ने उसे पकड़ लिया। युवक को इस्लामनगर थाने लाया गया। पुलिस ने महिला के पति और प्रेमी का शांतिभंग में चालन किया है।

एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि लगभग 18 साल पहले उसकी शादी हुई थी। उसके दो बच्चे भी हैं। उसके घर के पास एक युवक अपने भाई और मां के साथ रहता है। पड़ोसी होने के नाते युवक महिला के घर आता जाता था। 18 अक्टूबर की रात वह खेत पर था। उसकी पत्नी अपने दोनों बच्चों के साथ घर पर थी। पति खेतों पर फसल की रखवाली करके रात को एक बजे जब वापस आया तो उसकी पत्नी घर पर नही थी। उसके बाद पुलिस ने गांव के ही रहने वाले महिला के प्रेमी के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट की गई थी। पुलिस ने महिला और उसके प्रेमी को बरामद कर लिया। महिला ने प्रेमी के साथ रहने और पति को छोड़ने की जिद की। जिससे पति को आघात पहुंचा। वह आत्महत्या की धमकी देकर लखनऊ चला गया। जहां लखनऊ में मुख्यमंत्री आवास से कुछ दूर आत्महत्या करने की कोशिश की। गौतम पल्ली पुलिस ने युवक को पकड़ लिया। सूचना मिलने पर इस्लामनगर पुलिस युवक को बदायूं लाई। जहां पुलिस ने युवक और उसकी पत्नी के प्रेमी का शांतिभंग में चालान किया जबकि महिला को छोड़ दिया गया।

- **लखनऊ में मुख्यमंत्री आवास से कुछ दूर थाना गौतम पल्ली के पास की आत्महत्या की कोशिश**
- **सूचना पर पहुंची इस्लामनगर पुलिस ने महिला के पति और प्रेमी का किया चालान**



## ट्रक और दीवार के बीच फंसकर मजदूर की मौत

**बदायूं, अमृत विचार :** सिलेंडर उतारते समय ट्रक को बैक करने के दौरान एक मजदूर ट्रक और दीवार के बीच फंस गया। बीच में दबकर मजदूर की मौत हो गई। शाम तक समझौते का प्रयास चलता रहा। किसी ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

दातागंज कोवताली क्षेत्र के गांव बराही निवासी आशु (30) पुत्र वीरेंद्र दातागंज-बरेली मार्ग के गांव सुखौरा स्थित गैस एजेंसी पर मजदूरी करते थे। रविवार को एजेंसी पर गैस सिलेंडर भरा ट्रक आया था।

आशु ट्रक के पीछे दीवार से सटकर खड़ा था और चालक को इशारा करके ट्रक बैक करा रहा था। इसी दौरान वह ट्रक और दीवार के बीच में फंस गया। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोग घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मौत के बाद परिवार मे कोहराम मचा है।

# सड़क हादसों में बुजुर्ग समेत तीन लोगों की मौत, तीन घायल

## जरीफनगर, फैजगंज बेहटा और कोतवाली क्षेत्र में हुए हादसे

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- संभल से चाचा की शादी में शामिल होने फैजगंज बेहटा आया था युवक


मृतक सुभाष।

**अमृत विचार :** सड़क हादसों में जिला संभल व सहारनपुर के दो बुजुर्ग समेत तीन लोगों की मौत हो गई जबकि एक महिला, बच्चा समेत तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने रविवार को तीनों शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिए। मौत के बाद परिजनों में कोहराम मचा है।

कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के गांव निजामपुर निवासी छेदपाल सिंह (60) खेती करते थे। शनिवार को वह गांव में रहने वाले खेत के बटाईदार धनुषपाल के साथ साइकिल से उझानी क्षेत्र के गांव बरामयखेड़ा स्थित कोल्डस्टोर गए थे। जहां से उन्हें आलू निकालने थे। जहां से वह दोनों देर शाम वापस लौट रहे थे। रास्ते में सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के गांव कठोली के तिराहे पर तेज रफ्तार बाइक ने उनकी साइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में छेदपाल की मौत हो गई जबकि धनुषपाल और बाइक पर सवार गांव शेखूपुर निवासी राज मोहम्मद, उनकी पत्नी शकीना, बेटी शबीना घायल हो गए। हादसे की सूचना पर पुलिस पहुंची। घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया। मौत के बाद छेदपाल सिंह के परिवार में कोहराम मचा है।

दूसरा हादसा थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र में हुआ। जिला संभल के थाना कुढ़ फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव खतेता निवासी अनिकेत (18) पुत्र राजकुमार शनिवार शाम अपने चाचा दीपक कुमार की शादी में शामिल होने के लिए शहर के एक बैक्वट लॉन में आए थे। शादी के बाद वह रात को बाइक से वापस लौटकर जा रहे थे। थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव सैद सराय के पास किसी वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में अनिकेत की मौके पर मौत हो गई। तीसरा हादसा शनिवार रात जरीफनगर थाना क्षेत्र के गांव अजीजपुर के पास हुआ। जिला सहारनपुर के थाना सिरसाबाद क्षेत्र के गांव चतरसाली निवासी सुभाष (52) पुत्र साईंराम जरीफनगर थाना क्षेत्र के गांव अजीजपुर में मधुमक्खी पालन करते हैं। गांव में उन्होंने प्लांट लगाया था। शनिवार रात वह अपने घर से बस से आ रहे थे। बस से उतरने के बाद वह पैदल गांव अजीजपुर जा रहे थे। रास्ते में किसी वाहन ने टक्कर मार दी। मौके पर ही सुभाष की मौत हो गई। पुलिस ने उनका शव भी पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## किशोर लापता, एक युवक पर अपहरण की रिपोर्ट दर्ज

**इस्लामनगर, अमृत विचार :** इस्लामनगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोर 23 अक्टूबर दोपहर 12 बजे से लापता हो गया है। परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने एक युवक पर अपहरण की रिपोर्ट दर्ज की है।


लापता, शिवेंद्र।

गांव ब्यौर कासिमाबाद निवासी सत्यपाल सिंह का 15 साल का बेटा शिवेंद्र 23 अक्टूबर को अचानक लापता हो गया। काफी तलाश करने के बाद भी पता नहीं चल सका। सत्यपाल को ग्रामीण ने जानकारी दी कि उनके गांव निवासी युवक शिवेंद्र से ड्राइविंग सिखने की बात कहता था। जिससे वह रुपये कमा सकता है। लापता किशोर के परिजन ने गांव के उसी युवक पर शक जताया। किशोर के पिता ने गांव के ही राहुल पुत्र पप्पू के खिलाफ अपहरण का आरोप लगाते हुए तहरीर दर्ज की।

# बुखार के बाद ब्लड प्रेशर हो गया लो, चौकी इंचार्ज की मौत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- 24 अक्टूबर को सरकारीगंज चौकी के इंचार्ज को आया था तेज बुखार
- परिजनों ने लखनऊ के अस्पताल में कराया था भर्ती, इलाज के दौरान हो गई मौत

**अमृत विचार :** सदर कोतवाली की सरकारी गंज पुलिस चौकी के इंचार्ज की लखनऊ के अस्पताल में इलाज के दौरान शनिवार को मौत हो गई।


मृतक विनय द्विवेदी।

24 अक्टूबर को उन्हें तेज बुखार आया था। जिसके बाद ब्लड प्रेशर भी लो हो गया था। हालत नाजुक होने पर परिजनों ने लखनऊ के अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां इलाज के दौरान चौकी इंचार्ज ने दम तोड़ दिया। मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा गया।

लखनऊ के मोहल्ला इंद्रानगर निवासी विनोद द्विवेदी चार महीने से सदर कोतवाली की सरकारी गंज पुलिस चौकी के इंचार्ज थे। 24 अक्टूबर को उन्हें तेज बुखार आया था। साथ ही उनका ब्लड प्रेशर लो हो गया। पुलिस ने उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। चौकी इंचार्ज ने अपने परिजनों को इस बारे में बताया। परिजन अगले दिन उन्हें बरेली के अस्पताल में ले गए। वहां भी चौकी इंचार्ज की तबीयत में सुधार नहीं हुआ। 25 अक्टूबर को उन्हें लखनऊ के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां शनिवार दोपहर इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। लखनऊ पुलिस ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

### बुखार से युवक की मौत



**बिल्सी, अमृत विचार :** क्षेत्र गांव दिधौनी में एक 20 वर्षीय युवक की बुखार से मौत हो गई। जिसके बाद परिवार में कोहराम मच गया है। गांव दिधौनी निवासी राजेंद्र सिंह का 20 वर्षीय पुत्र लोकेश कुमार को पांच-छह दिन पहले उसे बुखार आया था। जिसके बाद परिवार के लोगों ने पहले गांव और उसके बाद बिल्सी नगर में निजी चिकित्सक यहां उपचार कराया। जहां कोई सुधार न होने पर उसे सहसवान इलाज कराया, यहां भी कोई उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ तो उसे बरेली के एक अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी बीती शुक्रवार की शाम इलाज के दौरान मौत हो गई। लोकेश कुमार की मौत के बाद परिवार के लोगों में कोहराम मच गया है।

# पहले बियर पिलाओ फिर लगेगी रिपोर्ट

**वीडियो वायरल**

संवाददाता, दातागंज

- जाति प्रमाण पर रिपोर्ट लगाने को लेखपाल ने मांगी बीयर, एसडीएम ने बैठाई जांच

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भ्रष्टाचार पर जीरो टांलैस के खिलाफ चल रही मुहिम के बाद भी राजस्व विभाग के कर्मचारी रिश्वत लेने से बज नहीं आ रहे है। एक लेखपाल ने जाति प्रमाण पत्र के नाम पर एक छात्र से बीयर की बीयर कैन मांग ली। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए एसडीएम ने लेखपाल के विरुद्ध जांच के आदेश दिए हैं।

तहसील के गांव बेलाड़ाडी निवासी पीड़ित छात्र सौरभ सिंह पुत्र धीरेन्द्र सिंह ने एसडीएम से शिकायत की है। उसने एसडीएम को बताया कि उसने रेलवे में आवेदन किया है। सके लिए जाति प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए उसने आवेदन किया था। जिस पर रिपोर्ट लगाने के लिए छात्र के द्वारा आग्रह किया था। आरोप है कि लेखपाल रिपोर्ट कई दिन तक टहलाता रहा। अधिक आग्रह करने पर लेखपाल ने उससे चार बीयर मांगी। उसके बाद उसने रिपोर्ट लगाई। इसका वीडियो छात्र ने वायरल कर दिया। लेखपाल के बीयर लेने का वीडियो वायरल होने से प्रशासन में हड़कम्प मच गया। वायरल वीडियो जब एसडीएम के पास पहुंचा तो उन्होंने तहसीलदार को जांच के आदेश जारी कर दिए। एसडीएम धर्मेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि लेखपाल का छात्र से बीयर लेने को वीडियो मिला है। तहसीलदार को जांच के आदेश दिए हैं। इसके बाद कार्रवाई की जाएगी।

## सीएचसी में बैठकर सिगरेट पीने के फोटो वायरल

**बदायूं, अमृत विचार :** आसफपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात एक फार्मासिस्ट दवाओं के स्टोर में बैठा है। सामने लेपटॉप रखा है। ड्यूटी पर होते हुए भी वह सिगरेट पी रहा है। किसी ने उसके फोटो खींचे और वायरल कर दिए। लोगों का कहना है कि अस्पतालों में जगह-जगह लिखा होता है कि धूम्रपान वर्जित है लेकिन वह सिगरेट के अलावा सीएचसी पर बैठकर शराब भी पीता है। आरोप है कि दवाएं मेडिकल स्टोर्स पर भी बेचता है। इस फार्मासिस्ट की शह पर मेडिकल स्टोर संचालक अपने यहां मरीजों को भर्ती करके ड्रिप तक चढ़ाते हैं। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. पवन जैसी ने मामले की जानकारी से इंकार किया बताया कि अस्पताल में कोई सिगरेट पीता है यह गंभीर मामला है। उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# युवक का फंदे पर लटका मिला शव

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- एक साल पहले सांड़ के हमले के बाद युवक का बरेली के चिकित्सक से चल रहा था इलाज
- इलाज के लिए रुपये न होने से परेशान चल रहा था युवक, इसलिए दे दी जान

**अमृत विचार :** अपनी दवा लेने के लिए बरेली जाने के लिए घर से निकले युवक का शव एक गांव के पास फंदे पर लटका मिला। सुबह खेतों पर जा रहे ग्रामीणों ने शव देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शिनाख्त करके युवक के परिजनों को सूचित किया। परिजन चीत्कार करते हुए मौके पर पहुंचे। बताया कि युवक एक साल पहले सांड़ के हमले में घायल हो गया था। उसका इलाज चल रहा था। आर्थिक रूप से कमजोर होने की वजह से वह परेशान चल रहे थे। जिसके चलते उन्होंने फंदा लगाकर जान दी है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

थाना कादरचौक क्षेत्र के गांव खितौलिया निवासी रामसेवक (45) पुत्र केवलराम खेती करके परिवार का पालन पोषण करते थे। लगभग एक साल पहले वह सांड़ के हमले में घायल हो गए थे।

उनका इलाज चल रहा था। वहीं कुछ दिनों से उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं चल रहा था। परिजनों के अनुसार आर्थिक रूप से कमजोर होने की वजह से वह कुछ दिनों से परेशान चल रहे थे। जिसके चलते वह अपनी दवा लेने के लिए शनिवार को बरेली जाने की बात कहकर घर से निकले थे। देर रात तक घर न पहुंचने पर परिजनों ने उनकी तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। रविवार सुबह खेत पर जा रहे ग्रामीणों ने कादरचौक क्षेत्र के गांव रमजानपुर के पास बाग में पेड़ पर शव लटका देखा तो पुलिस को सूचित किया। कादरचौक पुलिस मौके पर पहुंची। पहचान पत्र से युवक की शिनाख्त करके उनके परिजनों को सूचित किया। परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर जांच शुरू कर दी है।

## पुलिस ने आगरा से बरामद की लापता हुई युवती

**म्याऊं, अमृत विचार :** थाना अलापुर क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती एक डिग्री कॉलेज में पढ़ती है। वह 25 अक्टूबर को वह कॉलेज गई थी। शाम तक वापस घर नहीं लौटी। वह लापता हो गई। परिजनों ने तलाश किया लेकिन कहीं पता नहीं चल सका तो पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने अपहरण की रिपोर्ट दर्ज करके युवती की तलाश शुरू की। शनिवार को पुलिस को जांच के दौरान पता चला कि युवती आगरा में है। पुलिस आगरा रवाना हुई। रविवार को उसे वापस ले आई। पुलिस ने उससे पूछताछ करके मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा। जिसकी रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## घर में घुसकर किशोरी से छेड़छाड़, बचाने आई मां को पीटा

**विजयनगला, अमृत विचार :** गांव के दबंगों ने घर में घुसकर किशोरी से छेड़छाड़ की। बचाव करने पहुंची किशोरी की मां को पीटा। पीड़िता ने तहरीर दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

थाना बिनावर क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने तहरीर देकर बताया कि वह अपनी नाबालिग बेटी के साथ घर पर रहती है। पति जिले से बाहर रहकर मजदूरी करता है। गांव के कुछ दबंग उसकी बेटी पर गलत नजर रखते हैं। शनिवार रात लगभग 10 बजे तीन लोग उसके घर में घुस आए थे। उसकी बेटी से छेड़छाड़ करने लगे। विरोध करने पर उन्होंने महिला को पीटा। बेटी के चिल्लाने पर वह कमरे से निकलकर बाहर आईं तो दबंगों ने महिला और उसकी बेटी को भी पीटा।

आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। महिला की तहरीर पर पुलिस ने एक नामजद समेत तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। महिला व उसकी बेटी का मेडिकल परीक्षण कराया। प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार कंबोज ने बताया कि महिला की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है।

# पीड़ित परिवार को एक लाख की मदद करेगी सपा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** बिल्सी कोतवाली क्षेत्र में सात साल की बच्ची का अपहरण करके दुष्कर्म और फिर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। रविवार को सांसद आदित्य यादव बदायूं पहुंचे। उन्होंने दुष्कर्म पीड़िता के परिजनों से मुलाकात की। परिवार को सांत्वना दी। हरसंभव मदद का भरोसा दिया।

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पार्टी की ओर से परिवार को एक लाख रुपये आर्थिम मदद की घोषणा की।

सांसद ने कहा कि सपा हर तरीके से परिवार के साथ खड़ी है। जो लोग भी शक के दायरे में उनसे पूछताछ करके दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाए। प्रदेश सरकार से जनता दुखी है। सपा जिलाध्यक्ष आशीष यादव, सहसवान विधायक बृजेश यादव, पूर्व विधायक प्रेमपाल सिंह यादव, पूर्व विधायक हाजी बिट्टन, रजनीश गुप्ता, सपा जिला उपाध्यक्ष हाजी अहमल खान, सुनील यादव, उयदवीर शाक्य, नाहिद खान, कविंद्र सक्सेना आदि मौजूद रहे।


बिल्सी में पीड़ित परिवार के घर सपा सांसद आदित्य यादव के पहुंचने पर जुटी भीड़। ● अमृत विचार

## मशीन से युवक का हाथ कटा, अस्पताल में भर्ती

**कुंवर गांव, अमृत विचार:** कुट्टी काटने वाली मशीन से कुटी काटते समय एक युवक का हाथ कट गया। परिजनों ने आनन-फानन में युवक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसका इलाज चल रहा है।

थाना क्षेत्र के गांव नंदगांव निवासी किशनपाल पुत्र लाल सिंह उम्र 18 वर्ष अपने ट्रैक्टर में लगी कुट्टी मशीन से गांव गांव जाकर पशुओं के लिए पुआल का चारा काटने का कार्य करता है। किशनपाल गांव हसनपुर में एक किसान के यहां मशीन से पुआल काट रहा था। इसी दौरान उसका हाथ मशीन में चला गया। मौके पर चीख-पुकार मच गई किसी तरह ट्रेक्टर बंद करने के बाद युवक का हाथ कुट्टा मशीन से बाहर निकाला गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने उसे बदायूं में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसका इलाज चल रहा है।

# किशोरी से दो साल तक सामूहिक दुष्कर्म, रिपोर्ट

संवाददाता, उघैती

- 12 अक्टूबर की रात पानी भरने जाने के दौरान दोनों किशोरों ने खंडहर में ले जाकर किया था दुष्कर्म

**अमृत विचार :** कक्षा 11 में पढ़ने वाली किशोरी को डरा-धमकाकर सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता ने अपने तहेरे भाई और भतीजे पर उसके साथ गलत काम करने का आरोप लगाया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके दो आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। सीओ बिल्सी ने भी पीड़िता से बात की।

मामला उघैती थाना क्षेत्र के एक गांव का है। एक किशोरी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह कक्षा 11 में पढ़ती है। तहेरा भाई और भतीजा दो साल से उसके साथ दुष्कर्म करते आ रहे हैं। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर डराते रहे हैं। जिसकी वजह से वह पुलिस और न ही परिजनों से शिकायत करने की हिम्मत जुटा सकी। आरोप है कि 12 अक्टूबर की रात लगभग 8 बजे वह अपने घर के बाहर सरकारी हैंडपंप से पानी भरने गई थी। दोनों किशोर वहां पहुंच गए और किशोरी को पास के ही खंडहर में ले गए। जहां दोनों ने किशोरी के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। किशोरी अपने घर पहुंची और बेसुध हो गई। परिजनों ने उसे मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां किशोरी ने घटना के बारे में बताया। परिजन पीड़िता को लेकर पुलिस के पास गए। पुलिस ने पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा। दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके उनकी तलाश शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष राजेश कौशिक ने बताया कि तहरीर प्राप्त होने के बाद रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपियों को जल्द पकड़ा जाएगा।

## गांव में जरीफनगर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**उस्मानपुर, अमृत विचार :** दीपोत्वस त्योहार पर सुरक्षा के मद्देनजर जरीफनगर थाना क्षेत्र के गांव उस्मानपुर में क्षेत्राधिकारी कर्मवीर ने थाना प्रभारी रविकरन सिंह तथा पुलिस फोर्स के साथ फ्लैग मार्च किया। उनके द्वारा मैन मार्केट तथा बाजार, बैंक पेट्रोल पंप समेत पूरे गांव का चक्कर लगाया गया। इस दौरान पुलिस ने गांव के लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

**चेहरे भी रोशन** — कुम्हारों को उम्मीद इस बार दिवाली पर खूब होगी दीया की बिक्री

# तेजी से घूम रहे कुम्हारों के चाक, दीयों की बिक्री ने भरी रफ्तार


ग्राहकों के आने का इंतजार करती महिला। ● अमृत विचार


चाक पर दिये बनाता कुम्हार। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- मिट्टी के दीया जलाने का फिर बढ़ रहा है चलन

**अमृत विचार:** लोग त्योहार मनाने की तैयारी में जुटे हुए हैं। बाजार भी ग्राहकों का स्वागत करने के लिए तैयार हैं। त्योहार पर घरों को रोशन करने वाले दीए निर्माण काम तेजी पकड़ चुका है। कुम्हारों के चाक तेजी से घूम रहे हैं। दीए, गणेश लक्ष्मी प्रतिमा अन्य वस्तुओं को बनाने का कुम्हारों के द्वारा दिन रात एक कर तैयार किया जा रहा है। उन्हें उम्मीद है कि इस बार बिक्री अच्छी होगी। जिससे अन्य लोगों के साथ उनका भी घर रोशन हो जाएगा। हालांकि बाजार पर आधुनिकता रंग चढ़ा है। विभिन्न प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक झालर, दीपक, प्रतिमा आदि बाजार में आने से मिट्टी के दीये की बिक्री में काफी कमी आई है। इसके बाद भी कुम्हार समाज ने उम्मीद नहीं छोडी है। इस बार भी मां लक्ष्मी की कृपा उन पर रहेगी।

शहर के पनबडिय़ा मोहल्ले में निवास कर रहे कुम्हार समाज के लोगों के द्वारा मिट्टी से बर्तन, दीये और अन्य वस्तुओं का निर्माण किए जाने का काम किया जाता है। यह उनका पुश्तैनी काम है। परिवार के साथ दिन रात दिए बना रहे भागीरथ ने बताया कि दीपावली पर्व पर उनके द्वारा 25 हजार से अधिक मिट्टी के दीये बनाए हैं। परंतु बाजार में इलेक्ट्रॉनिक सामान की बिक्री होने की वजह अधिक बिक्री नहीं हो पा रही है। दीपावली पर दीये व अन्य वस्तुएं अधिक बिकेगीं जिससे मुनाफा जरूर होगा। रामदास प्रजापति ने बताया कि बाजार में बिजली से जलने वाले दिये आए हैं। उन दिये की वजह से लोग मिट्टी के दिये कम खरीदते हैं। इसके बाद भी उन्हें उम्मीद है कि इस बार दीपावली पर अधिक बिक्री होगी। सेवाराम प्रजापति ने बताया कि दीपावली व गर्मी के सीजन में मिट्टी से बने बर्तनों की मांग अधिक रहती है। लेकिन बाद के दिनों में दूसरा कोई काम करके ही परिवार का पेट मुश्किल पड़ जाता है। दूर से मिट्टी लाना, महंगी लकड़ी खरीदकर दीपक पकाने में जो खर्च आता है उसके बदले आमदनी लगातार घटती जा रही है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मेरी हाईस्कूल एवं इन्टरमीडिएट वर्ष क्रमश: 2018 एवं 2020, अनुक्रमांक क्रमश: 0996251 एवं 0739656 की अंकतालिकाएं वास्तव में खो गई है। **अभिषेक सोनी पुत्र राधेश्याम सोनी मो. मतानी छोटा चौक, शाहजहांपुर (उ.प्र.)**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा एक बैग जिसमें मेरे हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट की मार्कशीट, आधार कार्ड, पैन कार्ड, मूल निवास प्रमाण पत्र, बीए मार्कशीट आदि दस्तावेज थे, कहीं गिर गया है जो काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिला है। **तहजीब फातिमा निवासी हजियापुर थाना बारादरी जिला बरेली।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## नार्थ जोन ताइक्वांडो चैंपियनशिप में बच्चों को पांच पदक

**उसहैत , अमृत विचार:** बरेली में यूपी नॉर्थ जोन ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन चल रहा है। जिसमें कई जिले के बच्चों ने प्रतिभाग किया है। इस चैंपियनशिप में अच्छा प्रदर्शन करते हुए चौधरी ताइक्वांडो अकादमी के सात बच्चों ने गोल्ड, रजत और कांस्य पदक हासिल किए हैं। बच्ची जीत पर अकादमी संचालकों ने खुशी जाहिर की है।

बरेली में चल रही यूपी नॉर्थ जोन ताइक्वांडो चैंपियनशिप में चौधरी ताइक्वांडो अकादमी के सात बच्चों को पदक मिला है। जिसमें प्राची कश्यप को 42 किग्रा में स्वर्ण, लक्ष्य गुलाटी को 65 किग्रा में स्वर्ण, कनिष्क वर्मा को 40 किग्रा में स्वर्ण, जयवर्धन सिंह 29 किग्रा में स्वर्ण, सक्षम पाराश्वरी को 30 किग्रा में स्वर्ण मिला है। वहीं रोहित राजपूत को 40 किग्रा में रजत, और देवयानी राठौड़ को 29 किग्रा में कांस्य पदक मिला है। बच्चो के मेडल जीतने पर कोच विकेश यादव ने बताया कि इन सभी बच्चों का सिलेक्शन यूपी स्टेट चैंपियनशिप के लिए हुआ है।

# मुजरिया के मेला में झूले की पालकी टूटी, छह लोग घायल

## घायलों को अस्पताल में किया गया भर्ती, मची अफरा-तफरी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** मुजरिया कस्बा में चल रही रामलीला मैदान में लगे मेला में शनिवार रात एक झूला की पालकी अचानक नीचे गिर गई। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे में पांच युवक और किशोर घायल हो गए घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया। दो किशोर की हालत गंभीर होने पर परिजनों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। हादसे के बाद से झूला संचालक फरार है। केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने घायलों के परिजनों को हरसंभव मदद की सांत्वना दी।

कस्बा मुजरिया के कृषि इंटर कालेज में रामलीला चल रही है। साथ ही मेला लगा हुआ है। लोग मेला का आंनद ले रहे थे। शनिवार रात कोई खरीदारी कर रहा था तो कोई चाट खा रहा था। कुछ युवक और किशोर झूला झूल रहे थे। झूले की पालकी तेज चल रही थी। इसी


हादसे के बाद मौके पर पड़ी पालकी और मौजूद लोग।

दौरान 20 मीटर ऊंचे झूले की सात नंबर की पालकी टूटकर नीचे गिर गई और दूसरी पालकी से टकराकर जमीन पर गिर गई। गनीमत रही कि दूसरी पालकी नहीं टूटी। पालकी में बैठे गांव जीजाहट निवासी निशांत (17) पुत्र मूलचंद, अवधेश यादव (18) पुत्र अशोक कुमार, अर्जुन (16) पुत्र विद्याराम, विकास (15) पुत्र सुखवीर, गांव मटकुली निवासी एक अन्य किशोर जमीन पर जा गिरे। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। लोग इधर-उधर भागने लगे। कुछ लोग बचाव के लिए घटनास्थल की ओर दौड़े। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची। घायलों को रात में ही जिला अस्पताल ले जाया गया। अवधेश और गांव मटकुली के किशोर की तबीयत खराब होने पर अवधेश को शहर के एक निजी अस्पताल और किशोर को बरेली के अस्पताल में भर्ती किया गया है। बताया जा रहा है कि झूले का ढांचा जर्जर हालत में था। इसके बाद भी संचालक झूला चला रहा था।

## बच्चों ने रोशनी दीपोत्सव मनाया, प्रस्तुत किए कार्यक्रम


लॉर्ड कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल के रोशनी दीपोत्सव में कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** दीपावली के त्यौहार के मद्देनजर लॉर्ड कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार शाम रोशनी दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का एक और मुख्य आकर्षण मदर्स रैंप वॉक रहा। लकी ड्रा आयोजित किया। पहले तीन विजेताओं को सम्मानित किया गया।

स्कूल परिसर में दीपों की श्रृंखला बनाई गई। मुख्य अतिथि एडीजे योगेश कुमार और डॉ. अभिषेक गुप्ता ने दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छात्र-छात्राओं ने डांडिया वर्लविंड, डांसिंग स्टार्स, दिया डांस, डैंजलिंग डुओस, हनुमान चालीसा, अयोध्या वंदनम आदि प्रस्तुत किए।

हनुमान चालीसा की प्रस्तुति ने माहौल भक्तिमय कर दिया। मुख्य अतिथि, चेयरमैन वेदव्रत त्रिवेदी, वाइस चेयरमैन तेजस्व त्रिवेदी, डायरेक्टर छवि शर्मा व रीता शर्मा, ने मंच पर भगवान श्रीराम का राज तिलक किया। राम बारात निकाली गई। समारोह के अंत में लकी ड्रा रखा गया। जिसके पहले, दूसरे व तीसरे नंबर पर रहे विजेताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में रावण के पुतले का दहन किया गया। चेयरमैन ने स्कूल की उपलब्धियां बताईं।

## सार-संक्षेप

### रवीश अध्यक्ष और फूल सिंह बने उपाध्यक्ष



**बदायूं,अमृत विचार :** अधीनस्थ कृषि सेवा संघ का चुनाव संपन्न हुआ इसमें रवि कुमार मुरारी लाल गंगवार चुनाव अधिकारी रहे। सर्वसम्मति से बदायूं शाखा के रवीश कुमार गंगवार को संघ का जिला अध्यक्ष और फूल सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोनीत किया। डॉ शिव प्रताप पाराशरी को जिला मंत्री, सतेंद्र पाल सिंह को संगठन मंत्री, नरेश चंद्र वर्मा को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष रवि कुमार सहित अन्य लोगों ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर प्रेम प्रकाश पांडेय, सरोज यादव आदि ने भी अपने विचार प्रकट किए।

### कुंवरगांव में पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



**कुंवरगांव ,अमृत विचार :** आगामी त्योहारों धनतेरस दशहरा,दीपावली,भैयादूज के मद्देनजर रविवार को थाना प्रभारी रामेंद्र सिंह ने पुलिस फोर्स के साथ नगर फ्लैग मार्च किया। साथ ही सुरक्षा को लेकर नगर के लोगों को भरोसा दिलाया। थाना प्रभारी रामेंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल नगर के प्रमुख चौराहों पर घूमा। साथ ही नगर में स्थित बैंकों,एटीएम, मुख्य चौराहे पर लोगों को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।

### सृष्टि ने बनाई सबसे अच्छी रंगोली, तमन्ना ने दीपक सजाया



**बिल्सी, अमृत विचार :** फ्यूचर लीडर्स स्कूल में दीपोत्सव पर्व के उपलक्ष्य में दीया मेकिंग और रंगोली सजाओ प्रतियोगिता का आयोजित की गई। जिसमें विजेता रहे विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। दीया मेकिंग प्रतियोगिता में कौटिल्य हाउस से तमन्ना राठौर प्रथम स्थान पर रहीं। कलाम हाउस से शिवम और तान्या सिंह, कल्पना हाउस से आशीष शर्मा, कस्तूरबा हाउस से अक्ष सिंह प्रथम स्थान पर रहे। वहीं रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर टीम 25 के विद्यार्थी सृष्टि, सलोनी, विधि और सौम्या रहें। स्कूल डायरेक्टर वीपी सिंह ने कहा कि रंगोली और दीप सजावट भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग रहा है और यह हमारा दायित्व है कि शिक्षा के माध्यम से हम इस संस्कृति को जारी रखें। एमडी राहुल कुमार ने विद्यार्थियों को प्रदूषण को ध्यान में रखते हुए सावधानी पूर्वक उत्सव को मनाने की सीख दी। इस मौके पर प्रधानाचार्य रविंद्र सिंह, परमेंद्र सिंह, बृजेश पाल सिंह, राखी गुप्ता, अंकित सिंह, प्रशांत सिंह, मुनीश सिंह, रूमा सक्सेना, अंशु वार्ष्णेय, तान्या जैन, ट्विंकल जैन, अंजली सिंह, मौजूद रहे।

### भाजपा के जिला सह चुनाव अधिकारी बने आशीष और संदीप




**बदायूं, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश चुनाव अधिकारी डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय ने शनिवार देर रात 38 सह चुनाव अधिकारियों की सूची जारी की है। अब तक भाजपा के जिला कार्यालय मंत्री आशीष शाक्य और आईटी सेल के जिला संयोजक संदीप सिंह चौहान को जिला सह चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। सूची जारी होने के बाद भाजपाइयों ने दोनों पदाधिकारियों को बधाई दी।

### मालवीय आवास गृह पर भाकियू का धरना जारी

**बदायूं, अमृत विचार :** जमीन पर अवैध कब्जा हटाने को लेकर भाकियू चढ़ूनी के कार्यकर्ता मालवीय आवास पर 15 दिन से धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। परंतु उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। भाकियू कार्यकर्ताओं का कहना है कि जब तक उनकी समस्या का समाधान नहीं होता तब तब अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा। भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) के नगर अध्यक्ष इरफान अहमद की जमीन पर कुछ लोगों के द्वारा कब्जा कर लिया है। जिस कब्जा मुक्त कराने के लिए भाकियू कार्यकर्ता मालवीय आवास गृह पर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। भाकियू का धरना प्रदर्शन रविवार को भी जारी रहा। कहा कि जब तक समस्या का समाधान नहीं होता धरना जारी रहेगा। इस मौके पर दिलबाग, राजेन्द्र सिंह, रघु लाला, असलम, रंजीत, कासिम अली, आरिफ रजा, भगवानदास, जयपाल, कृष्ण अवतार शाक्य, सुरज पाल, मुकेश, रमेश फौजी ,राम किशन, विजय सिंह, हरविंदर, रामदास प्रताप सिंह, आदि लोग उपस्थित रहे।

### हनुमान ने किया लंका का दहन



**बिल्सी, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव धनौली में रामलीला का मंचन चल रहा है। बीती रात कलाकारों ने रावण की लंका दहन की लीला का मंचन किया। भगवान राम सीता की खोज में वन में घूम रहे, तभी राम-लक्ष्मण की मुलाकात हनुमान जी से होती है। हनुमान ने लंका पहुंचकर अशोक वाटिका में सीता को राम जी का संदेश देते है। अशोक वाटिका उजाड़ने की सूचना मिलते ही अक्षय कुमार वाटिका पहुंचते है। जहां हनुमान और अक्षय कुमार के बीच युद्ध होता है। मेघनाद द्वारा हनुमान को बंधक बनाकर रावण के दरबार में पेश किया जाता है। हनुमान रावण को काफी समझाने की कोशिश करते है। मगर रावण उनकी एक बात नहीं सुनता है। रावण की आज्ञा से हनुमान की पूंछ में आग लगाई जाती है। जिसके बाद हनुमानजी ने उछल-कूद कर पूरी लंका जला देते है। इस मौके पर देव सिंह यादव, रमेश यादव, चंद्रकेश श्रीवास्तव, सुवनेश यादव, धर्मेंद्र यादव, मुकेश यादव, मनोज माहेश्वरी, अमित माहेश्वरी आदि मौजूद रहे।

### विधायक ने रामलीला का किया उद्घाटन



**दातागंज, अमृत विचार :** आर्य रामलीला कमेटी के तत्वाधान में चल रहे मेले का विधायक राजीव कुमार सिंह ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि मेला में पुराने सभी लोग मिल जाते है। मेला आपकी सौहार्द एवं मिलन को बढ़ावा देता है। इस अवसर पर एसडीएम धर्मेंद्र कुमार सिंह, सीओ के के तिवारी पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका मोहम्मद इसहाक एडवोकेट, वरिष्ठ भाजपा नेता विजय कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य शिविर में हुआ मरीजों का परीक्षण

**ककराला,अमृत विचार :** कस्बे में लगे स्वास्थ्य शिविर में तमाम मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवाएं दी गईं। इस दौरान डॉ. अच्छन मियां, डॉ. बुशरा फुरकान, डॉ. अरुणेंद्र यादव, डॉ. ए. वार्ष्णेय, डॉ. भुवनेश्वर और डॉ. शाफिन खान ने मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया। स्वास्थ्य शिविर में अनीस खां, जुबैर खां, रबियुल हसन, खान खालिद महमूद, असद अंसारी, निगार खां, शहनवाज खां और शाबान खां ने सहयोग किया।

## निशु खान मिस्टर और विधि सिंह बनीं मिस बदायूं


गांधी ग्रांउड में रविवार को हुए कार्यक्रम में विजेताओं को सम्मानित करते उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के युवा विंग के प्रदेश अध्यक्ष नवनीत गुप्ता।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- रविवार देर शाम गांधी ग्राउंड में चल रही रामलीला में संगठनों की ओर से किया गया आयोजन
- युवा संस्था व बदायूं गौरव क्लब की ओर से कराई प्रदेश स्तरीय बॉडी बिल्डिंग की प्रतियोगिता

**अमृत विचार :** श्री रामलीला महोत्सव कमेटी की ओर से गांधी ग्राउंड में चल रही रामलीला के मंच पर युवा संस्था और बदायूं गौरव क्लब की ओर से दीपावली महोत्सव मनाया गया। जिसमें कलाकारों ने मॉडल नाट्क प्रस्तुत किया। बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता हुई। निशु खान मिस्टर बदायूं और विधि सिंह मिस बदायूं बनीं।

इंडो बॉडी बिल्डिंग फिटनेस एसोसिएशन ने प्रदेश स्तरीय बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता कराई। जिसमें फारुक मिस्टर यूपी और प्रवीन कुमार मसल्स ऑफ यूपी बने। कांसेप्चुअल मॉडलिंग शो में अभिषेक वर्मा मिस्टर रोहिलखंड, शिप्रा जौहरी मिस रोहिलखंड, अलका सागर मिसेज बदायूं, दीपमाला मौर्य मिसेज रोहिलखंड बनी। विजय व प्राची को को बेस्ट मॉडल ऑफ द ईयर चुना गया। किड्स फैशन शो में नित्या तोमर विजेता रहीं। विजेताओं को सम्मानित किया गया। मिस्टर परफेक्ट अभय बेस्ट एक्टर अभिनव पाठक चुने गए। प्रदेश अध्यक्ष नदीम खान ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रदेश से 150 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिताएं ऋतुराज खुसरिया व विक्की की देखरेख में हुईं। निर्णायक मंडल में एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु चौहान, , सुदेश कुमार, शिवम वार्ष्णेय, सोनू बघेल आदि रहे। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के युवा प्रदेश अध्यक्ष नवनीत गुप्ता, अमन मयंक शर्मा ने विजेताओं को सम्मानित किया।

# भक्ति व ललक से ही ईश्वर की प्राप्ति संभव


कथा कहते शांतनु महाराज

संवाददाता, उझानी

**अमृत विचार:** धनवती देवी बालिका आवासीय इंटर कॉलेज में राम कथा के सातवें दिवस कथा वाचक ने शबरी कथा का वर्णन किया।

महाराज शांतनु ने कहा कि भगवान को पाने के लिए उन्हें पुकारो और प्रतीक्षा करो। यही शबरी ने किया था। अहिल्या ने


धनवती देवी कॉलेज में चल रही राम कथा कथा सुनती महिलाएं। ● अमृत विचार

पूरे जीवन भगवान की प्रतीक्षा की, और अंततः भगवान ने उनके पास स्वयं जाकर दर्शन दिए। कहा कि हम सब की यही स्थिति होनी चाहिए, भगवान को पाने के लिए मन में ललक और प्यास आवश्यक है। वन गमन के दौरान जब भगवान राम कथा वाचक ने गुरु महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि जिसका कोई गुरु नहीं उसका जीवन शुरू नहीं। गोस्वामी जी ने सम्पूर्ण मानस में समय समय पर गुरु महिमा का बखान किया है। इस मौके पर रवि समदर्शी महाराज,अंजू चौहान, जगपाल सिंह, अंजू सोलंकी, सरिता मिश्रा, गिरीश पाल सिंह सिसोदिया आदि मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य शिविर में हुआ मरीजों का परीक्षण

**ककराला,अमृत विचार:** कस्बे में लगे स्वास्थ्य शिविर में तमाम मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवाएं दी गईं। इस दौरान डॉ. अच्छन मियां, डॉ. बुशरा फुरकान, डॉ. अरुणेंद्र यादव, डॉ. ए. वार्ष्णेय, डॉ. भुवनेश्वर और डॉ. शाफिन खान ने मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया। स्वास्थ्य शिविर में अनीस खां, जुबैर खां, रबियुल हसन, खान खालिद महमूद, असद अंसारी, निगार खां, शहनवाज खां और शाबान खां ने सहयोग किया।

## स्वाध्या, राधिका, रागिनी प्रियंका ने सजाया सबसे अच्छा दीपक


सजाए गए दीपक के साथ बच्चे। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार:** नगर के ज्वाला प्रसाद जैन बाल निकेतन जूनियर हाईस्कूल में दिया मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें कक्षा छह से आठ तक के बच्चों ने हिस्सा लिया। बच्चों ने सुंदर दीए सजाए। प्रतियोगिता में स्वाध्या, प्रियंका, राधिका, रागिनी की टीम को पहला, नीतेश, छबि, उन्नति, शिवानी, देवराज की टीम को दूसरा और विश्वदीप, आकृति, निधि, वंदना की टीम को तीसरा स्थान दिया गया। प्रधानाचार्य ललिता आहूजा ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि प्रतियोगिताएं हमारे त्योहार से जुड़ी हुई होती है हमें इस तरह की प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। उन्होंने दीपावली में दियो का कितना महत्व होता है इसको लेकर विस्तार से समझाया। इस मौके पर स्कूल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## नवंबर में राशन वितरण नहीं करेंगे कोटेदार

**बदायूं,अमृत विचार :** कोटेदारों ने खाद्य एवं रसद विभाग को चेतावनी दी है कि दिवाली से उन्हें कमीशन नहीं मिला तो नवंबर माह से राशन का वितरण नहीं करेंगे।

जिले में 1726 राशन की दुकानें हैं। इन दुकानों पर 5.26 लाख राशन कार्ड धारकों में प्रतिमाह मुफ्त राशन का वितरण किया जाता है। कार्ड धारकों में वितरण किए जाने वाले राशन पर कोटेदारों को 90 रुपये प्रति क्विंटल कमीशन मिलता है। लेकिन तीन माह से कोटेदारों को यह कमीशन नहीं मिला है। कोटेदार संघ के जिला अध्यक्ष अनिल कुमार साहू ने बताया कि कोटेदारों का लाभांश बढ़ाने के लिए कई बार मांग की जा चुकी है। जिला अध्यक्ष का कहना है कि अगर उन्हें रसद विभाग द्वारा कमीशन की धनराशि नहीं मिली तो वह नवंबर माह में राशन का वितरण नहीं करेंगे। डीएसओ ने कहा शासन में पत्र भेजा गया है। जल्द ही कमीशन की धनराशि कोटेदारों के खाते में भेजी जाएगी।

# पटाखा गोदाम पर जीएसटी का छापा

**रात में कार्रवाई जारी**

- कारोबारी ने 80 लाख की खरीदी थी आतिशबाजी, कर दी बिक्री
- टीम को गोदाम में 18 लाख का मिला माल, बिल नही दिखा पाया

संवाददाता उझानी

**अमृत विचार:** राज्य कर विभाग की टीम ने गोपनीय सूचना के आधार पर उझानी में पटाखा कारोबारी कृष्णा ट्रेडर्स के यहां छापा मारा। पटाखा गोदाम पर जीएसटी टीम को कई गड़बड़ी मिली। कारोबारी ने 80 लाख का माल खरीदा। जिसमें गोदाम पर 18 लाख का माल शेष बचा है। बाकी बिक्री कर दिया। कितने का माल बेचा, किससे खरीदारी, इसके बिल कारोबारी उपलब्ध नहीं करा पा रहा है। देर रात तक टीम कारोबारी के यहां कागजात खंगाली रही।

दीपावली त्योहार पर थोक विक्रेताओं के द्वारा लाखों रुपये की आतिशबाजी खरीदते हैं। परंतु उनके द्वारा कम मात्रा में खरीद होना दर्शाया जाता है। जीएसटी


लेखा पुस्तिका में खरीद फरोख्त का मिलान करते जीएसटी कमिश्नर विकास मिश्रा और उनकी टीम।

विभाग के सेल्स टैक्स के कमिश्नर विकास मिश्रा विकास मिश्रा ने रविवार की दोपहर कस्बा संजरपुर रोड स्थित पाल का नगला स्थित कृष्णा ट्रेडर्स के यहां पर छापा मारा। सेल्स टैक्स के कमिश्नर विकास मिश्रा ने बताया कि जांच के दौरान कारोबारी की लेखा पुस्तिका पूरी नहीं मिली। उसने 80 लाख रुपये का माल खरीदा था। जिसमें से अब मात्र 18 लाख का माल गोदाम में बचा है। लेखा पुस्तिका में बिक्री का कोई जिक्र नहीं है। माल खरीदने संबंधी भी कारोबारी कागजात नहीं दिखा पा रहा है। कार्रवाई अभी जारी है।



## जिले में आज

- शहर में यातायात पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग अभियान दोपहर 12 बजे से।
- सोरों के लहरा में श्री भगवान की लीलाओ का मंचन रात्र आठ बजे से।
- शहर के नदरई गेट स्थित शिव मंदिर भजन संध्या रात आठ बजे से।
- फार्मेसी युवा संघ की बैठक नदरई में सुबह 11 बजे से।

## एक नजर

### दीप जलाकर शहीदों को किया याद

**कासगंज, अमृत विचार :** रविवार को बजरंग दल द्वारा शहीद स्मारक पर वीर शहीदों के लिए दीप जलाकर श्रद्धांजलि सभा का कार्यक्रम आयोजित किया। 2 मिनट मौन रख कर शहीदों को याद किया। इस मौके पर जिला सह संयोजक विश्वनाथ चौहान, नगर संयोजक आदित्य गुप्ता, सत्येंद्र सिंह, लखन प्रताप, विजय, विशु, धनंजय, प्रवीण गुप्ता, अमित लोधी, रामू यादव, भूपेंद्र राजपूत, अमित वर्मा, नमन,आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे बजरंग दल ने संदेश दिया कि सभी देशवासी एक दीप अपने देश के शहीदों के लिए जलाएं।

# सूखे पड़े नहर व बंबा माइनर, परेशान हो रहे किसान

## फसलों की बुआई व सिंचाई के लिए नहीं मिल पा रहा सरकारी योजना का लाभ

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- कई बार मांग उठा चुके किसान, लेकिन नहीं आ रहा है पानी

**अमृत विचार :** वैसे तो इन दिनों हमेशा ही नहर, बंबा और माइनर में पानी रहता था। इसके चलते खरीफ की फसल के लिए किसानों को नहर से पानी मिल जाता था, लेकिन इस बार नहर, बंबा और माइनर सूखे पड़े हैं। सिंचाई विभाग द्वारा नहर में पानी नहीं छोड़ा गया है।

खेतों में खड़ी सब्जी एवं पारंपरिक फसल को सिंचाई के लिए पानी की जरूरत है, लेकिन नहर माइनर सूखे होने के कारण किसानों के खेतों को पानी नहीं मिल पा रहा है। किसान बेहद परेशान नजर आ रहे है।किसान निजी साधनों से महंगी सिंचाई कर रहा है।

कम रकबा वाले किसान के लिए यह पानी बहुत महंगा पड़ता है। नहर में पानी न आने से किसानों के सामने सिचाई की समस्या है। वह परेशान हैं। खेतों में खड़ी फसल सूख रही है। किसानों ने सिंचाई विभाग से नहर में पानी छुड़वाकर सिचाई की समस्या से निजात दिलाए जाने की मांग की है। नहर, बंबा और माइनर सूखे पड़े हैं। किसान परेशान नजर आ रहे है। सिंचाई विभाग के अधिकारी किसानों की समस्या को लेकर गंभीर दिखाई नहीं दे रहे। फर्रुखाबाद ब्रांच की गोरहा नहर सूखी पड़ी रहने से माइनर तक पानी नहीं पहुंच रहा है।


सूखा पड़ा लोहर्रा गांव का माइनर। ● अमृत विचार

### निजी नलकूप से आ रही अतिरिक्त लागत

पंपिंग सेट एवं विद्युत चलित नलकूप से सिंचाई महंगी हो रही है। किसानों की फसलों में अतिरिक्त लागत आ रही है। इसको लेकर किसान काफी परेशान है और सिंचाई विभाग से उम्मीद लगाए बैठे है।

> रोस्टर के अनुसार नहर माइनर में पानी छोड़ जाता है। अब जल्द ही पानी छोड़े जाने की तैयारी है। किसानों को समय समय पर पानी उपलब्ध कराया जाता है। **- अरुण कुमार, अधिशासी अभियंता सिंचाई**

### सूखा पड़ा है बनूपुरा रजवाह



**कासगंज, अमृत विचार :** अमांपुर के बनूपुरा रजवाह में लंबे समय से पानी नहीं है। किसानों को लंबे समय से पानी की जरूरतर है लेकिन रजवाह सूखा पड़ा है। पानी न मिलने से किसान निजी श्रोतों से महंगा पानी लगाने के लिए मजबूर हैं। किसानों ने सिंचाई विभाग से मांग की है।अमांपुर कस्बे के सहावर रोड पर स्थित बनूपुरा व हरथरा गांव को जाने वाले मार्ग पर स्थित रजवाह में दो माह से पानी न आने से किसान रबी की फसल को लेकर परेशान है। किनारे की ज्यादातर जमीन सचाई के लिए इसी पानी पर ही आश्रित है। गेंहू, सरसों, आलू, मटर, चकोरी आदि फसलों की बुआई और सिंचाई के लिए पानी की जरूरत पड़ने लगी है। किसान ट्यूबवेल से पानी का जुगाड कर रहे हैं। वहीं निजी स्त्रोतों से सिचाई करने से लागत भी बढ़ रही है। जिसको लेकर किसान परेशान व आक्रोशित हैं। किसान केशवदेव, राजकुमार, रंजीत, संदीप, मुलायम, इलियास व किताब सिंह का कहना है कि रजवाह में पानी न आने के कारण गेंहू की फसल की सिचाई नही हो पा रही है। एक दो दिन में पानी न आया तो लाखों रुपये का नुकसान हो जाएगा। किसानों ने जिलाधिकारी से पानी छोड़े जाने की मांग की है।

## सार-संक्षेप

### 43 क्वार्टर अवैध शराब सहित दो गिरफ्तार

**कासगंज, अमृत विचार :** दीपावली पर्व के मध्यनजर पुलिस द्वारा अवैध शराब कारोबारियों पर अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। गंजडुंडवारा पुलिस ने रविवार को मिली सूचना के आधार पर दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। जामा तलाशी के दौरान युवकों के पास से 43 अवैध शराब के क्वार्टर बरामद हुए हैं। गंजडुंडवारा के इंस्पेक्टर विनोद कुमार ने बताया कि आरोपी अजय निवासी बहोरनपुर एंव उरुवेंद्र निवासी कूठा पतारा को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों को जेल भेजा गया है।

### पॉस्को एक्ट में वांछित गिरफ्तार कर भेजा जेल

**कासगंज, अमृत विचार :** अमांपुर पुलिस ने पॉस्को एक्ट के मामले में वांछित चले आ रहे एक आरोपी को सूचना के आधार पर गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। थानाध्यक्ष चंचल सिरोही ने बताया कि आरोपी रिजवान निवासी लोहिया नगर अमांपुर को पूछतांछ के बाद न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय ने आरोपी को जेल भेजा है।

### चोरी की घटनाओं के पांच आरोपी गिरफ्तार

**कासगंज, अमृत विचार :** सोरों कोतवाली पुलिस ने रविवार को चोरी की दो घटनाओं का खुलासा करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का माल बरामद किया है। इंस्पेक्टर भोजराज अवस्थी ने बताया कि आरोपी अरमान, कन्हैया, अफरोज निवासी हुसैनपुर विजय निवासी मौजपुर, सचिन निवासी मनकापुर को गिरफ्तार किया है। पूछतांछ में आरोपियों ने चोरी की घटना करना स्वीकारा है। बताया कि पूछतांछ के बाद आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। यहां से उन्हें जेल भेजा गया है।

### अमांपुर नगर पंचायत ने कराया एंटी लार्वा का छिड़काव

**अमांपुर, अमृत विचार :** कस्बे में मच्छरों से बचाव के लिए रविवार को मच्छरों के खात्मे को नगर पंचायत की टीम ने कस्बा में कीटनाशक दवाई का छिड़काव कराया जा रहा हैं। चेयरमेन चांद अली खान एवं ईओ विनय कुमार शुक्ला के निर्देशानुसार चलाए गए अभियान के तहत रविवार को नगर की विभिन्न गालियों में कीटनाशक दवा का छिड़काव कराया। उन्होंने नगर वासियों से भी अपने आसपास सफाई किए जाने के साथ नगर को भी साफ सुथरा रखने में नगर पंचायत कर्मियों का सहयोग किए जाने की अपील की है। इस दौरान लिपिक गोपाल कृष्ण शर्मा, मुकेश बाबू, सफाई निरीक्षक चरन सिंह यादव, ओमकार यादव, सफाई नायक दिनेश कुमार, महाराज सिंह, हिमाचल, सुनील कुमार, मनोज कुमार, नीरज कुमार, अनिल कुमार, विकास कुमार, रीना आदि मौजूद रहे।

# क्यों सार्वजनिक नहीं की जा रही इनामी अपराधियों की फोटो

**मोहिनी हत्याकांड**

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के हो रहे प्रयास, धरातल से दूर है हकीकत
- यदि फोटो सार्वजनिक होते तो पुलिस को मिल जाती आरोपियों को गिरफ्तार करने में मदद

**अमृत विचार :** मोहनी हत्याकांड में पुलिस ने फरार चल रहे दो इनामी अपराधियों के फोटो अभी तक सार्वजनिक नहीं किए हैं। उनकी इनाम की राशि बढ़ाने की संस्तुति कर दी गई है, लेकिन जब तक फोटो सार्वजनिक नहीं होंगे तब तक पुलिस को आसानी से सफलता मिलती दिखाई नहीं दे रही। वहीं दूसरी ओर पुलिस अधिकारियों का दावा है कि गिरफ्तारी के प्रयास किया जा रहे हैं। लेकिन, धरातल पर हकीकत कुछ और ही है।

बीती तीन सितंबर की दोपहर महिला अधिवक्ता मोहिनी तोमर जिला न्यायालय के मुख्य द्वार से लापता हो गई थीं। चार सितंबर की शाम को गोरहा नहर में उनका शव मिला। शव की शिनाख्त महिला के पति एवं अन्य परिजनों ने की। शिनाख्त को लेकर सवाल उठे तो मोहनी की मां दिनेश का डीएनए सैंपल लिया गया। जो जांच के लिए हैदराबाद के तेलंगाना भेजा गया है। अब तक पुलिस मामले का सही खुलासा नहीं कर पाई है। पांच अधिवक्ता और एक विधि छात्र जो मोहनी के पति द्वारा नामजद किए गए थे। वह जेल में है। उन्हें जेल भेजने के बाद पुलिस ने रेनू और बॉबी को गिरफ्तार किया, जिनसे पूछताछ के बाद स्पष्ट हुआ कि मोहिनी की हत्या में पुलिस सुनील फौजी और सिढ़पुरा का रजत सोलंकी मास्टरमाइंड है। वहीं पुलिस ने सुनील के कुछ परिजनों को हिरासत में लिया। उसके बाद भी पुलिस आरोपियों की तलाश नहीं कर सकी है। पहले एसपी ने 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया। फिर इनामी राशि बढ़ाकर 50-50 हजार रुपये कर दी गई। अब इनामी राशि एक-एक लाख रुपये करने की संस्तुति की गई है। सबसे अहम सवाल यहां यह उठ रहा है कि आखिर पुलिस दोनों फरार इनामी अपराधियों के फोटो सार्वजनिक क्यों नहीं कर रही? जबकि फोटो पुलिस के पास हैं।

> फरार चल रहे दो आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है। दोनों के फोटो अभी सार्वजनिक नहीं किए गए हैं, लेकिन आसपास जिलों की पुलिस को फोटो उपलब्ध करा दिए गए हैं। पूरी तरह से प्रयास है कि जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली जाए। **-राजेश भारती, एएसपी**

### लगाए जाएं पोस्टर, चस्पा किए जाएं फोटो

महिला अधिवक्ता के परिजनों का कहना है कि घटना में शामिल फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस गंभीरता से प्रयास नहीं कर रही है जब इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी के दावे किए जा रहे हैं और फोटो भी पुलिस के पास हैं तो पुलिस उनके फोटो सार्वजनिक क्यों नहीं कर रही पति ब्रिजतेन्द्र तोमर का कहना है कि घटना उलझती ही जा रही है। हमारी तो कुछ समझ में ही नहीं आ रहा।

### दूसरे जिलों में फोटो भेजने के दावे

पुलिस ने दावा किया है कि फोटो आधिकारिक रूप से दूसरे जिलों की पुलिस को उपलब्ध करा दिए गए हैं। फरार चल रहे दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए फोटो साझा कर दिए गए हैं, लेकिन अभी तक पुलिस किसी नतीजे पर नहीं पहुंच पा रही।

### सो गए मुखबिर, फेल हो गया खुफिया तंत्र

आए दिन जब घटनाओं के खुलासे होते हैं तो पुलिस स्पष्ट करती है कि मुखबिर की सूचना पर अपराधी को गिरफ्तार कर लिया गया और अपराधी की निशानदेही से बरामद की गई। इस मामले में पुलिस के मुखबिर लगता है सो गए हैं और खुफिया तंत्र फेल हो गया है।

## ईको फ्रेंडली पटाखे चला कर मनाएं त्योहार

**कासगंज, अमृत विचार:** पटाखों के लिए अस्थाई दुकानें एक ही स्थान पर लगाई जाएंगी। यहां मानक पूरे करने होंगे। वहीं त्योहार पर पटाखा चलाने के लिए लोगों के लिए जागरुकता का संदेश दिया गया। ईको फ्रेंडली पटाखे चलाए जाने पर ज्यादा जोर दिया गया।जिले में पुलिस ने भीड़ भाड़ वाले इलाके और बाजारों में पटाखा की बिक्री करने पर पुरी तरह से पाबंदी लगा दी है। पुलिस के द्वारा लोगों को निर्धारित जगहों पर ही पटाखा बेचने के लिए जागरूक किया जा रहा है। डीएम मेधा रूपम द्वारा बाजारों में और आबादी वाली जगहों पर पटाखा की बिक्री पर पुरी तरह से रोक लगाई गई है। जिले में सिढपुरा पुलिस के द्वारा रविवार को ई रिक्शा के माध्यम से प्रचार प्रसार कर लोगों को पटाखा ना बेचने के लिए जागरूक किया गया। नियम का पालन ना करने वाले लोगों पर कार्रवाई की जानकारी लाउडस्पीकर के माध्यम से दी गई। पुलिस ने कहा कि पटाखा बेचने वाले लोग अपनी दुकान पर बालू, रेत और पानी का इंतजाम रखेंगे।

# शहर में बारह पत्थर मैदान पर बिकेंगे पटाखे

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- विक्रेताओं ने शुरु की तैयारियां, लगने लगीं पटाखे की दुकानें
- लाइसेंस धारकों को ही पटाखे बेचने की रहेगी अनुमति

**अमृत विचार:** शहर से लेकर कस्बों और गांव तक आतिशबाजी की बिक्री के लिए जिला प्रशासन ने स्थान चिन्हित किए हैं। इन्हीं स्थानों पर विक्रेता पटाखों की बिक्री कर सकेंगे। लाइसेंस धारकों को ही पटाखे बेचने की अनुमति रहेगी।

दीपावली का पर्व अब नजदीक आ गया है। दीपोत्सव और पटाखों के इस पर्व को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के लिए प्रशासन चौकन्ना है। पटाखों की बिक्री के लिए पुलिस एवं प्रशासन ने शहर से लेकर गांव और कस्बों में आबादी से बाहर खुले मैदानों का चयन किया है।

इन मैदानों पर सुरक्षा के पूरे इंतजाम रहेंगे और लाइसेंस धारकों को ही पटाखा बेचने की अनुमति रहेंगी। जिसके लिए संबंधित तहसील प्रशासन द्वारा लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया की जा रही है। यह लाइसेंस सिर्फ तीन के लिए जारी होते हैं। शहर में बारह पत्थर मैदान को चिन्हित किया गया है। विक्रेताओं ने मैदान में दुकानें लगाना शुरू कर दी हैं।


बारह पत्थर मैदान में पटाखे की दुकान लगाने की तैयारी करते दुकानदार। ● अमृत विचार


अनिल, पटाखा विक्रेता।


निवेश,पटाखा विक्रेता।

> जिले भर में चिन्हित स्थानों पर ही आतिशबाजी की ब्रिकी होगी। लाइसेंस धारक की पटाखे बेच सकेंगे। दिशा निर्देशों का पालन न करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। **- अपर्णा रजत कौशिक।**

# यूपीएस के विरोध में सड़कों पर उतरे कर्मचारी, पैदल मार्च

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** शिक्षक व कर्मचारियों ने रविवार को नवीन पेंशन यूपीएस के विरोध में रविवार को शहर में पैदल मार्च किया। पुरानी पेंशन बहाली की मांग की।

पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा उत्तर प्रदेश, लगातार नवीन पेंशन स्कीम का विरोध कर रहा है। पुरानी पेंशन बहाली की दिशा में प्रयास कर रहा है।मोर्चा के सहयोगी पीडब्ल्यूडी विभाग मिनिस्ट्रियल के क्षेत्रीय महामंत्री आज़ाद खान ने बताया कि पुरानी पेंशन बहाली के लिए जन-जागरुकता अभियान के अंतर्गत पूरे प्रदेश में पेंशन अधिकार मोटर साइकिल पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। 17 नवंबर को नई दिल्ली, जंतर- मंतर पर देशभर के शिक्षक,कर्मचारी,अधिकारी डॉ. मंजीत सिंह पटेल के नेतृत्व में विरोध दर्ज कराएंगे। मोर्चा के सहयोगी योगेश यादव ने बताया कि यह आंदोलन अभियान पुरानी पेंशन बहाली तक जारी रहेगा।इस मौके पर अजय कनोजिया, गौरव माथुर, वसीम अली, उमेश यादव, योगेश यादव, नदीम अख्तर, अभय प्रताप सिंह, धर्मेंद्र कुमार, सूर्य प्रताप सिंह, प्रताप सिंह राकेश, इंजीनियर जावेद खान, इंजीनियर भगत सिंह, इंजीनियर लालता प्रसाद, इंजीनियर ओपी शर्मा आदि सहित सैकड़ों शिक्षक कर्मचारी व अधिकारी मौजूद रहे।


पैदल मार्च के बाद आंदोलन की चेतावनी देते प्रदर्शकारी।

# डीएपी की किल्लत पर जताई चिंता

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- भारतीय किसान संघ की बैठक में धान सेंटर के न खुलने पर आक्रोश

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ के अनुसांगित संगठन भारतीय किसान संघ की जिला स्तरीय बैठक रविवार को शहर के नदरई गेट स्थित प्रभूपार्क में हुई। किसानों की समस्याओं पर विचार विमर्श कर उनके निदान पर चर्चा की गई। डीएपी की किल्लत और धार संेटरों के न खुलने से किसानों को हो रही परेशानी पर आक्रोश जताया गया। बैठक का आरंभ अतिथियों द्वारा मां भारतीय और भगवान बलराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

बैठक में किसानों की समस्याओं को लेकर जिला प्रवक्ता श्यामवीर सिंह चौहान ने किसान की समस्या को सभी पदाधिकारी को अवगत कराया व पूछा के किसानों को सोसाइटी से डीएपी खाद न मिलने के कारण दर-दर भटकना पड़ रहा है। सोसाइटी समिति सेंटर पर डीएपी कहीं कहीं एक बार भी नहीं पहुंची है। ऐसी जगह अधिकारी समस्या का निदान कराए। जिससे बुआई हो सके। जिला सहमंत्री रघुवर दयाल बघेल ने बताया कि धान सेंटर न खुलने के कारण बिक्री नहीं हो पा रहा है। जिससे किसान कम दामों में धान बेचने को मजबूर है। नगर अध्यक्ष गौरव साहू एडवोकेट, नगर उपाध्यक्ष धर्मेंद्र राजपूत, सुमित सविता,राहुल गुरहार, नगर मंत्री जितेंद्र पुंढीर, नगर सहमंत्री उदय चौहान, अभिनव कुमार एडवोकेट, नगर कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार सविता, नगर युवा प्रमुख विजेंद्र यादव, नगर आंदोलन विशाल गुप्ता, नगर प्रचार प्रसार प्रमुख ललित कुमार को नगर के संगठन के कार्य की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में जिला युवा प्रमुख राहुल सिंह बीकेश सिंह, ब्लॉक उपाध्यक्ष विपिन कुमार, गौरव पुण्ढीर ब्लॉक उपाध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष श्याम सिंह, ब्लॉक मंत्री विकास गोला, ब्लॉक उपाध्यक्ष संतोष वर्मा, ब्लॉक सह मंत्री राहुल पुण्ढीर उपस्थित रहे।


किसानों की समस्याओं पर चर्चा करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### समस्या समाधान के लिए लखनऊ पहुंचे किसान

**कासगंज, अमृत विचार :** किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए भारतीय किसान यूनियन स्वराज प्रयासरत है।यूनियन के नेतृत्व में सैकड़ों किसानों ने लखनऊ पहुंच कर धरना दिया है। रविवार को किसान नेताओं के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कासगंज के किसान लखनऊ मुख्यालय पहुंचे और वहां बीज के दामों में हुई बढ़ोत्तरी को लेकर प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप पांडेय ने बताया कि बढ़ती एमआरपी से नुकसान हो रहा है। 10 रुपये की वस्तु पर एमआरपी प्राइस 100 से 150 रुपये डाले जाते हैं। जिससे आम जनमानस और किसान को गुमराह किया जाता है। उनकी जेब ढीली हो रही हैं। सन 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी लगाने से पहले उन्होंने कहा था कि किसान मजदूर को एमआरपी प्रिंट से ऊपर नहीं दिया जाएगा। मगर कॉर्पोरेट कंपनियां मनमानी तरीके से अवैध रेट वसूली करती हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि क्या जीएसटी इसी बात के लिए लागू की गई जिससे किसान मजदूर की व्यापारियों द्वारा जेब काटी जा सके। उन्होंने एमआरपी घटा कर फिक्स प्रिंट रेट पर ब्रिकी करने की अनुमति मांगी। उन्होंने बताया कि अगर प्रिंट रेट ठीक नहीं किए गए, तो किसान नेता उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।



### किसान यूनियन का कार्यकर्ता सम्मेलन

**कासगंज, अमृत विचार :** सोरों विकास खंड क्षेत्र के गांव मिर्जापुर में रविवार को अखिल भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन हुआ।कार्यकर्ताओं ने तय किया कि अतिशीघ्र भ्रष्टाचार, अत्याचार, अन्याय के खिलाफ सभी किसान मजदूर नौजवान महिलाएं संगठित होकर आंदोलन करेंगे। साथ की सक्रिय साथियों को संगठन में शामिल कर जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल संघर्षी, राष्ट्रीय महासचिव तेज सिंह वर्मा, प्रदेश अध्यक्ष रामकिशन यादव, प्रदेश प्रभारी राजेश शीतलपुर, प्रमुख प्रदेश महासचिव विशेष यादव, प्रदेश महासचिव रघुवीर सिंह, मण्डल प्रभारी जदुवीर सिंह, महावीर सिंह प्रधान, जिला मीडिया प्रभारी जितेन्द्र सिंह, जिला संरक्षक रामेश्वर सिंह बाबा, युवा ब्लॉक अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह, कालीचरण सिंह, ब्रजेश शास्त्री उपस्थित रहे।



**त्योहार की रौनक** साज, सज्जा की सामग्री खरीदने पहुंच रहे लोग, धनतेरस से भीड़ उमड़ने की उम्मीद

# सजाएं घर द्वार : दीपावली पर्व को लेकर लगने लगा पटरी बाजार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** दीपावली पर्व को लेकर पटरी बाजार सजने लगा है। शहर के सभी मुख्य बाजारों में साज सज्जा की सामग्री बेचने वालों ने पटरी पर दुकानें लगाई हैं। इन पर खरीदारी भी शुरु हो गई है। धनतेरस से पटरी बाजार में भी चमक आ जाती है। पटरी दुकानदारों को धनतेरस पर्व का इंतजार है।

दीपावली पर्व पर लोग अपने व्यापारिक प्रतिष्ठानों और घरों को सजाते संवारते हैं। पहले चरण में घरों की साफ सफाई, रंगाई , पुताई कराते हैं। दीपावली पर्व नजदीक आते आते घरों को सजाने संवारने का काम शुरु कर देते हैं, तो बाजारों में साज सज्जा की सामग्री की दर्जनों अस्थाई दुकानें सज जाती हैं। इसी के साथ पटरी बाजार भी सजने लगता है।

शहर के मुख्य बाजारों में पटरी बाजार सज कर तैयार है। इन पर लोग पहुंच रहे हैं, लेकिन इन पर खरीदारी पूरे शबाब पर नहीं है। उम्मीद है कि धनतेरस से पटरी बाजार भी शबाब पर होगा। दुकानदारों को धनतेरस पर्व के आने का इंतजार है।


शहर के नदरई गेट स्थित सजे पटरी बाजार में खरीदारी करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार



> साज सज्जा की सामग्री की मांग धीरे धीरे बढ़ने लगी है, लेकिन महंगाई का असर बाजार पर दिखाई दे रहा है। धनतेरस पर्व से खरीदारों की भीड़ बढ़ जाती है, बाजार में रंगत दिखती है। **-संजय कुमार पटरी विक्रेता।**



> प्रतिवर्ष साज सामग्री बेचने के लिए पटरी बाजार लगाते हैं। इस वर्ष भी पटरी बाजार लगाया है। रोज दुकानदारी बड़ रही है। आशा है कि इस बार भी बाजार अच्छा रहेगा। **- प्रेमपाल सिंह, पटरी विक्रेता।**

### सामग्री पर है महंगाई की मार

बीते वर्ष के सापेक्ष इस वर्ष महंगाई अधिक है। खाद्य सामग्री के साथ साथ दीपावली पर्व से संबंधित सामग्री भी बीते वर्ष के सापेक्ष में 20 प्रतिशत तक महंगी हुई है। साज सज्जा की सामग्री इससे अछूती नहीं रही है। यह भी 15 से 20 प्रतिशत तक महंगी है।यहीं कारण है कि अभी साज, सज्जा का पटरी बाजार तेजी नहीं पकड़ रही है।

### आर्टीफिशियल फूल लड़ियों की रहती है अधिक मांग

दीपावली पर्व पर धनतरेस से ही फूलों की मांग बढ़ जाती है। मांग बढ़ने के साथ साथ प्राकृतिक फूलों की उपलब्धता कम होती है और कीमतें आसमान पर पहुंच जाती है। फलस्वरूप लोग बनावटी फूलों की ओर आकृषित हो जाते हैं। बनावटी फूलों की मांग साज सज्जा की सामग्री में सबसे अधिक होती है। जो सामान्यत: लंबे समय तक चलती है। इन्हें धोकर पुन: प्रयोग किया जा सकता है।

# टेंपो और बाइक की भिड़ंत में एक की मौत, तीन घायल

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- सदर कोतवाली क्षेत्र के नगला अता के समीप हुआ हादसा

**अमृत विचार:** कासगंज किसरोली मार्ग पर नगला अता के समीप टेंपो और बाइक की भिड़ंत में टेंपो सवार व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना को लेकर मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

कासगंज से सवारियों को लेकर रविवार की दोपहर 12 बजे टेंपो इस्मालपुर जा रहा था। गांव नगला अता के समीप टेंपो और बाइक की भिड़ंत हो गई। टेंपो में सवार बहादुल्ली(70) निवासी मुनीर थाना अमांपुर गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि बाइक पर सवार प्रदीप कुमार(19) , शिवम कुमार(18) निवासी खड़िया थाना कासगंज के अलावा नितिन कुमार(19) ग्राम जलाली थाना हरदुआगंज घायल हो गए। कोतवाली पुलिस चारों घायलों को लेकर जिला अस्पताल पहुंची। जहां बहादुल्ली को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं तीनों बाइक सवारों की नाजुक हालत को देखते हुए अलीगढ मेडिकल कॉलेज के रेफर कर दिया। वहीं मृतक के शव का पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना को लेकर मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। इंस्पेक्टर लोकेश भाटी ने बताया कि टेंपो बाइक की भिड़ंत में एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन घायल हुए। परिजनों द्वारा तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

परोपकारशून्यस्य धिक् मनुष्यस्य जीवितम्।
जीवन्तु पशवो येषां चर्माप्युपकरिष्यति॥

परोपकार रहित मानव के जीवन को धिक्कार है। वे पशु धन्य है, मरने के बाद जिनका चमड़ा भी उपयोग में आता है।

## संपादकीय

# डिजिटल अरेस्ट पर चिंता

भारत में तेजी से बढ़ रहे 'डिजिटल अरेस्ट' के मामलों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चिंता जाहिर करते हुए नागरिकों से जागरूक रहने का आग्रह किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम में कहा कि जो लोग भी इस तरह की साइबर धोखाधड़ी का शिकार होते हैं, उन्हें ज्यादा-से-ज्यादा लोगों को इसके बारे में बताना चाहिए। गौरतलब है कि 90 करोड़ से अधिक इंटरनेट यूजर्स के साथ, भारत ने डिजिटल इंडिया पहल के तहत असाधारण डिजिटल विकास किया है। लेकिन इस प्रगति के साथ साइबर धोखाधड़ी की चुनौतियां भी आई हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार पिछले कुछ वर्षों में साइबर अपराधों में जबरदस्त बढ़ोतरी देखी गई है। 2017 में 3,466 मामले, 2018 में 3,353, 2019 में 6,229, 2020 में 10,395, 2021 में 14,007 और 2022 में 17,470 मामले दर्ज किए गए। गृह मंत्रालय ने डिजिटल अरेस्ट के मामलों को लेकर इस मार्च में लोगों को पुलिस अधिकारियों, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो, नारकोटिक्स विभाग, भारतीय रिजर्व बैंक प्रवर्तन निदेशालय और अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों के नाम पर फर्जी कॉल करने वाले ब्लैकमेलर्स के प्रति सतर्क किया था। मंत्रालय ने भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) की स्थापना साइबर अपराध से समन्वित और व्यापक तरीके से निपटने के लिए कानून प्रवर्तन एजेंसियों के लिए एक ढांचा और पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करने के लिए की थी। गृह मंत्रालय ने 1,000 से अधिक स्काइप खातों को ब्लॉक कर दिया, जो सरकारी कर्मियों के रूप में प्रस्तुत होने वाले साइबर अपराधियों द्वारा नागरिकों को धमकाने, ब्लैकमेल करने, जबरन वसूली करने और 'डिजिटल अरेस्ट' से जुड़े थे।

गृह मंत्रालय ने पहचान की है कि ये घोटाले सीमा पार अपराध सिंडिकेट द्वारा संचालित होते हैं, जो उन्हें एक बड़े, संगठित ऑनलाइन आर्थिक अपराध नेटवर्क का हिस्सा बनाता है। वास्तव में साइबर सुरक्षा परिदृश्य में सुधार के लिए, भारत में कई पहलें और नीतियां अपनाई गई हैं, लेकिन ये प्रयास अभी अपर्याप्त हैं, क्योंकि भारत को तकनीकी कर्मचारियों, साइबर फोरेंसिक सुविधाओं, साइबर सुरक्षा मानकों और विभिन्न हितधारकों के बीच समन्वय की कमी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही भारत की पुरानी पड़ चुकी साइबर सुरक्षा अवसंरचना, नीतियों और जागरूकता हैकर्स के लिए सिस्टम में अंतराल एवं कमजोरियों का लाभ उठाना आसान बनाती है। ऐसे में पीएम मोदी ने देशवासियों को 'रुको, सोचो और एक्शन लो' का मंत्र देकर ठीक ही कहा है कि समाज में सबके प्रयासों से ही हम इस चुनौती का मुकाबला कर सकते हैं।

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का 'नोबेल' शब्दजाल



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

अल्फाबेट कंपनी की एक सब्सिडियरी डीपमाइंड ने अल्फाफोल्ड-1 या अल्फाफोल्ड-2 सॉफ्टवेयर बना दिया, इसे सन 2021 और 2024 में अपग्रेड कर दिया गया है। इसी सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल करते हुए नोबल पुरस्कार के काबिल समझी गई रिसर्च को पुरस्कृत किया गया है।

आमजन के लिए विज्ञान के एक विषय में लेखन के लिए शब्दावली और इसके फिजिकल कॉन्सेप्ट्स क्लियर किया जाने की जरूरत रहती है। इस साल विज्ञान के क्षेत्र में बेहतर योगदान के लिए दिए गए नोबेल पुरस्कारों की घोषणा होते ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लेकर मीडिया में जो लेख अंग्रेजी भाषा के प्रिंट मीडिया में दिए गए उन्हें बनाने के लिए न तो ज्यादा मेहनत करने की जरूरत है और न ही सटीक शब्द ढूंढने की। विदेशी पॉपुलर साइंस मीडिया और साइंटिफिक जर्नल्स के टेक्स्ट से ये बने-बनाए मिल जाते हैं। भारत में वर्नाक्युलर लैंग्वेजेज के प्रिंट मास मीडिया में स्वच्छ और त्रुटिहीन साइंस कम्युनिकेशन की स्थिति को हासिल करने के लिए हमें अपनी भाषा में एक स्पष्ट और सटीक शब्द की तलाश करनी होती है। वेस्टर्न लैंग्वेजेज में एक शब्द की अवधारणा हिंदी भाषा में उसके निकटतम मेल वाले शब्द जैसी नहीं होती।

भाषा प्रयोग को लेकर अंग्रेज़ी की वर्तनी और अलंकार योजना, वाक्य पद हिंदी से अलग हैं। उदाहरण के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय के अनेक में से एक टॉपिक को चुनकर पॉपुलर शैली में आमजन के लिए लेख बनाना तब चुनौतीपूर्ण हो जाता है, जब हिंदी में वह शब्दावली नहीं मिलती जैसी अंग्रेजी भाषा में प्रकाशित होने अधिकांश साइंटिफिक रिसर्च रिपोर्टिंग करने वाले जर्नल्स में प्रकाशित लेखों में नज़र आती है। आर्टिफिशियल न्यूरल नेटवर्क शब्दों का हिंदी तर्जुमा कृत्रिम तंत्रिका जाल बिलकुल सही नहीं है। संदर्भ के बिना तंत्रिका शब्द ऑर्फ़न अर्थात अनाथ है।

अल्फाबेट कंपनी की एक सब्सिडियरी डीपमाइंड ने अल्फाफोल्ड-1 या अल्फाफोल्ड-2 सॉफ्टवेयर बना दिया, इसे सन 2021 और 2024 में अपग्रेड कर दिया गया है। इसी सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल करते हुए नोबल पुरस्कार के काबिल समझी गई रिसर्च को पुरस्कृत किया गया है। फिजिक्स में नोबेल पुरस्कार के लिए उन वैज्ञानिकों को सर्वथा योग्य पाया गया जिन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के न्यूरल नेटवर्क में अतिरिक्त गुणों, जैसेकि बाहरी या मानवीय कमांड के बिना ही डाटा इंटरप्रिटेशन के लिए मशीन द्वारा खुद ही अपने लिए अक्लमंदी का प्रदर्शन करते हुए प्रोसेस्ड

जर्नलिस्टिक स्टाइल में पॉपुलर साइंस के एक लेख में समाहित जानकारी को जज़्ब करने का सामर्थ्य एक पाठक में तभी उत्पन्न हो सकता है जब कथ्य को वह बिना विशेष प्रयास के समझ पाए।

डाटा के नतीजों की प्रीडिक्शन करने का स्वभाव पैदा कर लेना। अर्थात, एक सयाने इंसान की तरह से बुद्धिमत्तापूर्ण व्यवहार करने का प्रदर्शन करने वाले सॉफ्टवेयर। नोबेल पुरस्कारों के लिए चुने गए शोध में एक का काम दूसरे से, दूसरे का तीसरे से और तीसरे का पहले से मूल काम की पृष्ठभूमि में मौजूद कथाओं की वजह से जुड़ गया। कुछेक के शोध ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को अधिक इंटेलीजेंट बनाया जबकि दूसरों ने इसे कम्प्यूटेशनल बायोलॉजी में डायनामिक मॉडलिंग के जरिये से आर्टिफिशियल प्रोटीन्स बनाने के लिए इस्तेमाल कर दिखाया। अल्फाफोल्ड सॉफ्टवेयर चलाने वाले कंप्यूटर के न्यूरल नेटवर्किंग का आर्किटेक्चर क्या है और इसमें भीतर बहुत से हिस्सों, ख़ासकर प्रोसेसर चिप्स कितनी लेयर्स में सिग्नल्स को प्रोसेस करती हैं, पॉपुलर साइंस कम्युनिकेशन और राइटिंग के नज़रिए से इस बताया जाना जरूरी है। अप्रैल 2024 में जूलियन जे. स्टिएर की द्वारा प्रकाशित 380 पेज की किताब स्ट्रक्चर ऑफ़ आर्टिफिशियल न्यूरल नेटवर्क्स-एम्पायरिकल इन्वेस्टीगेशन्स को पढ़ने से इस विधा के इतिहास को समझने में मदद मिलती है।

जर्नलिस्टिक स्टाइल में पॉपुलर साइंस के एक लेख में समाहित जानकारी को जज़्ब करने का सामर्थ्य एक पाठक में तभी उत्पन्न हो सकता है जब कथ्य को वह बिना विशेष प्रयास के समझ पाए। अहसास और अनुभव से इस तत्व की परीक्षा के लिए थोड़ी सी मात्रा में अतिरिक्त जागरूकता और दक्षता की भी जरूरत इसलिए है कि भाषा में बेसिक क्राइटेरिया को पूरा किए जाने के बाद भी अंग्रेज़ी की शब्दावली का इस्तेमाल अपरिहार्य है।

अबकी बार के नोबेल पुरस्कार लाइफ-सिस्टम्स, बायो-फिजिक्स, बायो-केमिस्ट्री और फिजिकल केमिस्ट्री में भविष्य और इंडस्ट्री के विकास पर असर डालने वाले हैं। मसलन, अल्फाफोल्ड सॉफ्टवेयर से कुछ ख़ास प्रकार की काल्पनिक प्रोटीन संरचनाएं लाखों की संख्या में बना ली गई हैं लेकिन ये फंक्शनल हो पाएंगी या नहीं, इसके बारे में वेलिडेशन या सत्यापन हेतु एक्सपेरिमेंटल या क्लिनिकल डाटा हमारे पास नहीं है जिसके लिए बड़े पैमाने पर शोध कार्य के दरवाजे खुलने वाले हैं। पुरस्कारों में से केमिस्ट्री वाली प्रशस्ति के मूल में जो भाव है वह यह कि ऐसी संरचनाएं 'नियर एक्यूरेट' हैं अर्थात प्राकृतिक संरचनाओं जैसी ही हो सकती हैं। संरचना के बारे में ऐसी उक्ति पर सहज विश्वास नहीं होता क्योंकि साइंस हमेशा से प्रमाण आधारित रही है। इस सिलसिले में एवेन कैल्लावे नेचर जर्नल के 17 अक्टूबर 2024 के अंक में 'एआई हैज़ ड्रीम्ट अप ए ब्लिजार्ड ऑफ़ न्यू प्रोटीन्सः डू एनी ऑफ़ देम एक्चुयली वर्क' शीर्षक से प्रकाशित अपने लेख के जरिये से हमारा ध्यान खींचती हैं। बताया है कि आर्टिफिशियल प्रोटीन्स बनाने की शुरुआत किसने की और, कैसे हुयी। सन 1994 में 'क्रिटिकल एसेसमेंट ऑफ़ स्ट्रक्चर प्रीडिक्शन' जैसे स्टार्ट-अप ग्रुप ने कम्प्यूटेशनल बायोलॉजी के अंतर्गत प्रोटीन स्ट्रक्चर्स बनाने के लिए एक प्रतियोगिता टाइप इवेंट का आयोजन किया। इसमें जीतने वाले कुछ समय बाद यूनिवर्सिटी ऑफ़ मेरिलैंड (अमरीका) के कम्प्यूटेशनल बायोलॉजिस्ट जॉन मौल्ट के इर्द-गिर्द संगठित हो गए। इस घटना के बाद से प्रोटीन लैंग्वेज मॉडल्स को विकसित करने पर खूब माथापच्ची होती रही। एकल प्रोटीन स्ट्रक्चर बनाना बड़ी चुनौती नहीं थी लेकिन एक लिविंग सिस्टम में मल्टीपल इंटर-एक्टिंग प्रोटीन्स की संरचना का विकास बेहद जटिल प्रक्रिया है। कुदरत जिस तरीके से प्राणियों में एक साथ ही बायोलॉजिकल प्रोटीन्स की रचना करती है और इन्हें स्विच ऑन और ऑफ कर सकती है अर्थात रेगुलेट करती है इसके अंतर्गत स्विचेज़ के इस जटिल मैकेनिज्म को 'क्रैक' करना बेहद चुनौतीपूर्ण प्रतीत हो रहा है। माइक्रो-रायबोन्यूक्लिक एसिड्स (माइक्रो-आरएनए) की उस रेगुलेटरी भूमिका को हालांकि निश्चित किया जा चुका है जिसमें माइक्रो-आरएनए में सब-यूनिट या उपखंड एक कोशिका के नाभिक में मौजूद डीएनए पर मौजूद चुनींदा बेस-पेयर्स की सीक्वेंस को एक प्रोटीन संरचना बनाने के लिए एक्टिवेट और डी-एक्टिवेट होने का संकेत करती है। प्रसंगवश जान सकते हैं कि वर्तमान में वैक्सीन बनाने के लिए माइक्रो-आरएनए सब-यूनिट टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल हो रहा है। भारत में इसी टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल से पहली बार कोरोना वायरस के विरुद्ध प्रतिपिंड निर्माण के लिए वैक्सीन बनाई गई थी। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के अल्फाफोल्ड सॉफ्टवेयर के इस्तेमाल के बाद इस क्षेत्र में पहली चुनौती सैल बायोलॉजी और मशीन लर्निंग के बीच एक टू-वे स्ट्रीट के निर्माण की है, ऐसा कैरोलाइन यूह्रेह ने नोबेल पुरस्कारों की घोषणा होने से साढे-आठ महीना पहले ही 16 जनवरी 2024 के नेचर सैल बायोलॉजी जर्नल में कर दी थी।

प्रोटीन डिजाईन प्रयोगशालाओं में बीमारियों के तोड़ ढूंढने, नए बायो-केमिकल्स और दवा के नए मॉलिक्यूल्स बनाने के लिए केमिकल साइंटिस्ट्स एक अरसे से पारंपरिक तकनीकों का इस्तेमाल करते रहे हैं। इस काम के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के पुष्टिकारक उपयोग का प्रकट होना अभी शेष है। यह ठीक वैसी ही स्थिति है जैसे कि प्रो.पीटर हिग्स द्वारा 'हिग्स-बोसॉन' कण खोजने पर इन्हें फिजिक्स विषय का नोबेल प्राइज देने के बाद उत्पन्न हुई थी। पुरस्कार दिए जाने के अगले दस साल तक स्विट्ज़रलैंड स्थित सीईआरएन प्रयोगशाला के लार्ज हैड्रोन कोलॉयडर में कण-भौतिकी में शोधरत अनेक भौतिकविद बार-बार हिग्स-बोसॉन कण को पैदा करके इसके द्रव्यमान को निर्धारित करते रहे थे। हिग्स-बोसॉन पार्टिकल की दशाब्दी के अवसर पर जब बहुत से लेख साइंटिफिक जर्नल्स में छपे थे तब यह रहस्य उजागर हुआ था। इन सतत पुष्टिकारक प्रयासों के बारे में विस्तृत व्याख्या जर्नल ऑफ़ हाई एनर्जी फिजिक्स के 25 जनवरी सन 2021 के अंक में, 68 पन्ने में एक बड़े लेख के रूप में हुई थी। विज्ञान की दुनिया में एक डिस्कवरी या इन्वेंशन का असली चेहरा फिक्शन या फंतासी से बिलकुल अलग होता है क्योंकि इसे संभव होने के लिए टेक्नोलॉजी को भी एवोल्व करने की जरूरत बनी रहती है।

## प्रसंगवश

# दो सृष्टियों की कथा



भगवान सिंह
वरिष्ठ लेखक

सृष्टि की दो कथाएं हैं। सबसे पुरानी कृषि के आविष्कार की कथा है और बाद में विश्व ब्रह्मांड की सृष्टि की कथा का आविर्भाव हुआ। दोनों का उद्गम भारत है जहां इसके किंचित उलझे हुए रूप मिलते हैं और पश्चिम में पहुंचकर इनमें गड्डमड्ड हो जाता है। कृषि के आविष्कार के हजारों साल बाद में इसकी कथाएं गढ़ी गई। खाने को हम कह सकते हैं की कृषि से अनार तो पैदा हुआ ही ब्रह्मांड भी पैदा हुआ, ठीक उसी तरह जैसे पहले वेद अस्तित्व में आए और उसके बाद सृष्टि अस्तित्व में आई। इसके पीछे एक बड़ा बारीक तर्क है। यज्ञ उत्पादन है। वेद मित्रों के बिना यज्ञ हो नहीं सकता। इसलिए पहले वेद अस्तित्व में आए और उसके बाद सृष्टि संभव हो पाई। ऋषियों ने वेद मित्रों का साक्षात्कार नहीं किया, उन्होंने अपनी प्रतिभा और युक्ति से इनकी रचना की और इस मायने में वे अपने समय के कुशल रक्षों की समकक्षता में आने का प्रयत्न कर रहे थे इसका स्पष्ट उल्लेख ऋग्वेद में है। सामी पुराण में यह स्वीकार किया गया है कि वह स्वर्ग जिससे आदम को निकाला गया था वह पूर्व में कहीं था। इसके कई रूप और कई तरह की व्याख्याएं होती रही। पश्चिमी विद्वानों का एक प्रयास इसे मेसोपोटामिया में स्थित करने की रही है। परन्तु वहां नदियां मात्र दो हैं। लगभग चारों दिशाओं में प्रवाहित होने वाली नदियां अफगानिस्तान में है। इसमें काफिर जनों का निवास था जिन्होंने इस्लाम का बहुत दृढ़ता से मुकाबला किया था। ये इंद्र के उपासक थे और जहां इन्द्र का स्थान था उसे इंद्र कुन-इंद्रोद्यान-कहते थे। ऐसा लगता है यहूदी लोग इस रीति से परिचित थे और इसको ईदन गार्डन माना था। परंतु स्वर्ग से निकाले जाने के बाद आदम सरनदीप (श्रीलंका) में उतरे थे और इस तरह खेती का आरंभ भारत से हुआ था। पश्चिमी विद्वान जो उर्वर चंद्ररेखा को कृषि का प्रवर्तक सिद्ध करते रहे हैं इस बात का समाधान करना चाहिए कि पश्चिम एशिया की पुराण कथाओं में ईदन को 'कहीं पूर्व में' कल्पित क्यों किया जाता रहा और आदम के धरती पर उतरने का पर्वत शिखर भारत में क्यों माना जाता रहा। यह नहीं भूलना चाहिए की पुराण कथाएं ही अपने कल्पना विमान के होते हुए भी हमारा प्राचीनतम इतिहास हैं।

# कौन तय करेगा अश्लीलता क्या है



के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

अमेरिका में 'मिलर बनाम कैलिफोर्निया' में अमेरिकी सर्वोच्च न्यायालय के 1973 के फैसले ने यह निर्धारित करने के लिए क्या अश्लील था? एक त्रि-स्तरीय परीक्षण हुआ।

कलात्मक कृतियों में अश्लीलता का ताजा तरीन मामला बंबई उच्च न्यायालय में आया। मामला गंभीर था क्योंकि अभियुक्त द्वय शीर्ष के शिल्पी हैं। फ्रांसिस डीसूजा और अकबर पदमसी। दोनों की नग्न शिल्प कृतियों को मुंबई के सीमाकर अधिकारियों ने जब्त कर लिया। मसला हाईकोर्ट में उठा। नैतिकता का मुद्दा था। न्यायमूर्ति द्वय महेश सोनक और जितेंद्र जैन ने सरकार को फटकार लगाकर पूछा 'इस मंजर में आप कोणार्क और खजुराहो की मूर्तियों को भी जब्त करेंगे?' कला की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर अदालत ने कहा कि 'यह विवेकहीन कदम है।'

प्रश्न फिर उठता है कि कला की अभिव्यक्ति की सीमा क्या हैं? प्रतिबंध की मर्यादा कहां तक उचित है? प्रमुखता से विचारणीय बिंदु यह है कि अश्लीलता की परिभाषा करने से क्या सरकारी एजेंसी सक्षम हैं? वहीं जो फिल्म सेंसर बोर्ड के विषय में भी उठता है। मूलतः बेहूदापन की झलक दिखनी चाहिए। अर्थात अश्लीलता कोई भी कथन या कार्य है जो उस समय की प्रचलित नैतिकता को अपमानित करता है, और इस प्रकार अनैतिकता को प्रदर्शित करता है। यह शब्द लैटिन ऑब्सेनस, ऑब्सकेनस, 'बुरा संकेत, घृणित, अभद्र' से लिया गया है, जिसकी व्युत्पत्ति अनिश्चित है।

अमेरिका में 'मिलर बनाम कैलिफोर्निया' में अमेरिकी सर्वोच्च न्यायालय के 1973 के फैसले ने यह निर्धारित करने के लिए क्या अश्लील था? एक त्रि-स्तरीय परीक्षण हुआ। कृति क्या केवल कामुक थी? न्यायालय की राय देते हुए, मुख्य न्यायाधीश वॉरेन बर्गर ने लिखा : तथ्यों के आधार पर बुनियादी दिशा-निर्देश ये होने चाहिए : क्या औसत व्यक्ति, समकालीन सामुदायिक मानकों को लागू करते हुए, यह पाएगा कि कला का कार्य कामुक रुचि को आकर्षित करता है?, क्या कार्य स्पष्ट रूप से आपत्तिजनक तरीके से यौन आचरण को दर्शाता या वर्णित करता है, और क्या कार्य में गंभीर साहित्यिक, कलात्मक, राजनीतिक या वैज्ञानिक मूल्य का अभाव है?

इस बहस के संदर्भ में एक पुराना चर्चित किस्सा भी हम याद कर लें। तब चित्रकार मकबूल फिदा हुसैन ने हिंदू देवी का नग्न चित्र रचा था। एक कला प्रदर्शिनी (आरूषि आर्टस का ''हार्वेस्ट'') से मकबूल फिदा हुसैन का चर्चित अरबी घोड़े वाला चित्र दिखाया नहीं गया। इसे हटाने का कारण था कि आयोजकों को गुमनाम फोन आए थे कि हंगामा बरपाया जाएगा। क्यों हो ऐसा? ऐसी असहिष्णुता की जड़ में तथ्य यही है कि चित्रकार हुसैन के प्रशंसक और हमलावर लोग बस प्रवाह के मुताबिक बहते रहे। उनका कोई सम्यक आकलन करने की कोशिश नहीं की गई। राग द्वेश से परे रहकर।

हुसैन भी अपने स्वधर्मी सलमान रश्दी से एक हद तक साम्य रखते हैं। रश्दी को कुरान और पैगंबर का मखौल उड़ाने में नैसर्गिक लुत्फ मिलता है। किताब बेचने का सरल तरीका है। हुसैन को केवल हिंदू देवी देवताओं की नंगी तसवीर बनाने का फितूर है। इस तरह वे चर्चा में आते रहे और लाभान्वित भी रहे। एक इंटरव्यू में संपादक ने दिसम्बर 2006 ने हुसैन से पूछा कि ' आप पैगबर को भी उसी तरह चित्रित क्यों नहीं करते ?' वे खामोश रहे। तो क्या इस्लामी कट्टरपंथियों का खौफ था? मौन के मायने स्वीकृति होती है।

ऐसा ही एक वाकया था। तब जनता दल के सांसद प्रो. मधु दंडवते ने अपने साथी सैय्यद शहाबुद्दीन से पूछा कि 'पन्द्रह सौ साल पहले कहीं गई बाते आज भी कैसे तर्कसम्मत मानी जा सकती हैं ?' इस पर शहाबुद्दीन जो बाबरी समिति के नेता भी थे, ने कहा कि कुरान मे जो लिखा है वह अपरिवर्तनीय है। तो क्या हुसैन के भीतर का चित्रकार भी ऐसा ही है ? अब एक वैचारिक अन्तर होगा हिंदुओं की सोच में। जब सलमान रश्दी की विवादित पुस्तक ' सेटानिक वर्सेज' पर लखनऊ प्रेस क्लब में कांची कामकोटी के शंकराचार्य जगतगुरू जयेन्द्र सरस्वती से तक पत्रकार ने सवाल किया तो उनका जवाब सीधा था ''करोड़ो की लोक आस्था से खिलवाड़ करने का हक सलमान रश्दी को नहीं दिया जा सकता है।'' मगर कुछ तथाकथित प्रगतिशील हिंदुओं ने हुसैन द्वारा भारतमाता, देवी दुर्गा आदि को निर्वस्त्र चित्रित करने को कलात्मक बताया। भले ही बहुसंख्यकों की धार्मिक भावना आहत हो।

कूचीकर्मी मकबूल फिदा हुसैन और साहित्यकर्मी तस्लीमा नसरीन के मुद्दों में काफी साम्य है। तस्लीमा इस्लामी मतांधता की शिकार रहीं। त्रासदी यह है कि जो प्रगतिशील जन हुसैन की पैरोकारी चिंघाड़ कर करते थे, तस्लीमा के मसले परचुप लगा जाते हैं। ये दोनों असहिष्णुता तथा अतिवादिता के शिकार हुए।

## सोशल फोरम

# बंटोगे तो कटोगे का निहितार्थ



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मुंह से सहज ही निकल गए इन शब्दों का प्रभाव और आम जन से सीधा कनेक्ट कुछ ऐसा रहा कि विज्ञजन भी इसकी तरह-तरह से व्याख्या करने लग गए। यद्यपि योगी ही जानते होंगे कि यह वाक्यांश बोलते वक्त उनके मन में वस्तुतः क्या रहा होगा, किंतु एक संकेत यह है कि उन्होंने इसका उल्लेख बांग्लादेश के विप्लव और हिन्दुओं की व्यथा कथा के संदर्भ में किया था। अब बात निकली तो दूर तक गई।

विमर्शों की बाढ़ आ गई। भाजपा के उत्साही राष्ट्रप्रेमियों ने दन से इसे पार्टी का नारा बना दिया और हरियाणा में इसका तात्कालिक परिणाम भी अपने पक्ष में हलोर लिया। मगर इस 'वेद वाक्य' का एक सीमित राजनैतिक अर्थ ही नहीं है। यह अपने में एक चिरकालिक सत्य समोये हुए है।

यह एक साथ ही कई परिदृश्यों को सामने ला देता है। हम बंटे तो देश बंटा। कश्मीर घाटी से हिंदू कटे, केरल, पश्चिम बंगाल, असम और उत्तर प्रदेश के भी एक दो जिलों में हिंदुओं की शामत है। वहां तेजी से हिंदू अल्पसंख्यक बने हैं। और देश की डेमोग्रैफी तेजी से बदल रही है।

भाषा की तीन शक्तियां कही जाती हैं-अभिधा, लक्षणा और व्यंजना। अभिधा अर्थात सीधा अर्थ। लक्षणा मतलब कोई तुलना या उदाहरण के रुप में कोई बात कहना। व्यंजना तो भाषा की एक अद्भुत शक्ति है जिसमें कभी-कभी तो प्रगट भाव से बिल्कुल विपरीत अर्थ होता है। मगर अभी तो इस सद्य चर्चित वाक्यांश पर आते हैं। बंटोगे तो कटोगे की अनेक व्याख्याएं सार्वजनिक माध्यमों-टीवी, मुद्रण माध्यमों में ज्यादातर सुरक्षात्मक रुप से, पोलटिकली करेक्ट रहने के लिहाज से हो रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने भी इसी नारे को थोड़ा क्रीमी लेयर के साथ जिसे अंग्रेजी में यूफेमिज्म कहते हैं के बतौर कहा- "बंटोगे तो विपक्षी महफिलें सजाएंगे"। अब इसे लक्षणा या व्यंजना कह सकते हैं। मगर इस वाक्यांश/नारे /जुमले का एक अभिधार्थ जो लोगों के बीच चर्चित है और जिसे सीधा सपाट कहने से किन्ही निजी मजबूरियों से विज्ञजन बच रहे हैं।

-फेसबुक वॉल से

## जीवन राग

# बजी ज्योति की रागिनी या तारों की बारात सजी



डॉ. संजय पंकज
मुजफ्फरपुर

सघन गहन काली रात में जगमग जगमग होती दिशाएं, दूर-सुदूर दिखतीं झिलमिल झिलमिल रौशनी, लपक लपक कर प्रज्ज्वलित होती दीप शिखाएं, ठहरी हवा के पंखों पर तिरती मंगल ध्वनियां, शुभ-लाभ की आरती पर लहराती प्रार्थनाएं। आखिर किस पवित्र मन ने धरती और आकाश के बीच में विराट प्रकृति के पन्नों पर रचकर रख दी हैं अनमोल ऋचाएं। ये ऋचाएं सूरज की हैं, चांद की हैं, देवताओं की हैं, पवित्र मन के उत्सव की हैं। इनसे प्रसरित हो रही हैं सुगंध की अनंत धाराएं। इनमें घुली हुई हैं संजीवनी की रस-गंगा। मौन भी आलोक मुखर होकर शांति की अंतरिक्ष धारा में प्रवाहित होता हुआ प्रतीत नहीं प्रत्यक्ष हो रहा है। अद्भुत है प्रकृति की संस्कृति, उसका संगीत, उसकी खुशबू। मौन के प्रवाह में आलोक आलोड़ित अंतरिक्ष अनगिनत रंगों के आरोह-अवरोह से अलौकिक अनुगुंजन का आकर्षक वितान तानता हुआ आक्षितिज आप्यायित है। आलोक देवता का आह्वान है और आनंदित है अग-जग का विस्तार। चारों ओर उठता हुआ, लहराता हुआ ज्योति का पारावार।। निष्कंप दीप शिखाओं की ज्योति रागिनी की युगलबंदी में बजते दिशाओं के मौन सितारधरती पर उतर आया है आकाश।

आज धरा पर नाचता,चारों ओर उजास।/ तारागण के साथ ही, उतरा है आकाश।।

कार्तिक मास की अमावस्या अग्निस्नात होकर निखरती हुई नृत्य कर रही है। शीत की बारीक चादर उसमें अंतर्लीन हैं। एकरस, एकतान, एकलय सब कुछ है अगर है तो केवल प्रकाश ... प्रकाश ... प्रकाश ...। यह प्रकाश का पर्व ऐश्वर्य लक्ष्मी का आयोजन है, अग्नि प्रज्ञा की आराधना है, सनातन परंपरा का चित्रांकन है। इसमें अंतर्भुक्त हैं जागृत ऋषियों के शाश्वत महामंत्र-तमसो मा ज्योतिर्गमय, असतो मा सद्गमय, मृत्योर्मा अमृतं गमय। अंधकार से प्रकाश की ओर यात्रा का आह्वान हमारे जागृत महान पूर्वजों ने धरती आकाश के बीच बैठकर पूरी प्रकृति को अपनी अंतरात्मा में रचा बसा कर जब किया होगा तो चतुर्दिक बही होगी दैवीय अनंत शक्तियों की मंगल भावनाएं। धरती की उष्मित ऊर्जा वृक्ष-लताओं की हरियाली के साथ आक्षितिज प्रवाहित हुई होंगी लेकर अनंत कामनाएं। जलते हुए दीपों के रूप में ये अग्नि फूल हैं शुभ भावों की असीम प्रार्थनाएं। वे ऋषि थे, कवि थे। देखते थे ब्रह्मांड के हर गोपन को खोलकर। शब्द को देखते थे, नाद को देखते थे। रंग को चखते थे, गंध को सुनते थे। चांद सितारों के प्रकाश को अपनी आंखों में बसाकर पुतलियों को बंद कर लेते थे। उनके पोर पोर में प्रकाश प्रवाहित होता था, नसों में घुलता था, हृदय में धड़कता था, रोम रोम में स्पंदित होता था। ऐसे ही नहीं रचा होगा उन्होंने आलोक मंत्र। सायास नहीं गाया होगा कोई छंद।। ऋषि वाल्मीकि की संवेदना करुणा में प्रवाहित हुई तो अनायास ही आत्मा से अधरों तक छंद अनुष्टुप उतराता चला गया। क्रांतिचेता कवि की करुणा वाणी तमसा के तीर पर बधिक बहेलिए के तीर से तड़प रहे नर क्रौंच के निकलते प्राण और मर्म स्पर्शी स्वर को देख-सुनकर प्रस्फुटित हुई थी। राग के अंतरंग आनंदित पल में वियोग का मारक तीर मादा क्रौंच को जीते जी संपूर्ण मार गया था। वहां मृत्यु का क्रंदन नहीं आनंद का विखंडन हुआ था। ऋषिकवि ने जीवन को अपनी करुणा वाणी से संबल प्रदान किया था। कविता सत्य का दर्शन, जीवन का अभिनंदन और प्रकृति का चुंबन है। शब्द शब्द ज्योति प्रवाहित होती है तो कविता की सार्थकता शाश्वत हो जाती है। सत्य है आलोक, शाश्वत है कविता और काम्य है आनंद।

जलता है दीपक अंधकार के विरुद्ध उजाले के लिए। वह जलता है तो जलती है दीप शिखा। दीपक निजता के लिए नहीं सार्वजनिकता के लिए जलता है। प्रायोजित नहीं होता है उसका प्रकाश। दीपक आमंत्रित करता है अपने प्रज्ज्वलित उल्लास में सबको सम्मिलित होकर उत्सव पर्व मनाने के लिए। जीवन की सार्थकता, व्यापकता और निरंतरता निःस्व होने में है, सर्वस्व होने में है। यही तो शिवत्व है। शिव जगत से प्यार करते हैं इसीलिए उसे बचाने के लिए विष को पीकर काल नियामक कालातीत हो गए। समय की सजगता आलोक की अभ्यर्थना है। आश्विन की शरद पूर्णिमा के ठीक पंद्रहवें दिन कार्तिक अमावस्या को दीपोत्सव का आयोजन हमारे प्रकृत संस्कार की आलोक संस्कृति है। हमारे पूर्वजों ने अपने पुरुषार्थ से आसमान के उज्जवल वैभव को धरती पर असंख्य दीपों के माध्यम से अवतरित कर दिया। "धन्य धरा पर गगन अवतरण अनुपम / याद चांदनी जिसकी छवि वह शबनम।"

धूप जैसे पुरुषार्थ की अमर स्मृतियां होती हैं चांदनी। सूरज जैसा जले थे हमारे साधक ऋषि कवि। आज उनकी कृतियां हमारी स्मृतियों में चांदनी बनकर उतरती हैं और हमें शांति तथा सुकून देती हैं। वेद की ऋचाएं जीवन कला, सत्य दर्शन और आनंद अनुभूति की मंगल प्रार्थनाएं हैं। पौराणिक कथाओं, ऐतिहासिक संदर्भों तथा लोक किंवदंतियों में दीपावली के जो भी महत्व हों सच तो यह है कि समस्त विश्व आलोक विहीन होकर जी नहीं सकता है, इस वैज्ञानिक तथ्य को हमारे ज्योति द्रष्टा, समय स्रष्टा ऋषियों ने आत्म दर्शन से समझ लिया था तभी तो उन्होंने गाया-आत्मवत सर्वभूतेषु। उनका आत्म साक्षात्कार सबके मन-प्राणों में बसने के लिए, उनके जीवन का दर्शन समस्त प्राणियों के कल्याण के लिए, उनकी आत्मा का उत्कर्ष परमात्मा में अंतर्भुक्त हो जाने के लिए, उनके होने की अर्थवत्ता सब में सहभागिता के लिए - इसीलिए तो वे अक्षर-पुरुष अपने शब्द-शब्द में जीवित हैं, व्यापक हैं। ज्योति का आह्वान, ज्योति की ऋचाएं, ज्योति की प्रार्थनाएं करते, लिखते, गाते हुए हमारे आलोक पुरखों ने दीपावली के रूप में ज्योति का अवतरण किया-कराया। सर्वभुक अग्निदेव को मिट्टी के दीप के शीर्ष पर केंद्रित कर दिया। नन्हा-सा दीप लपक-लपक कर प्रज्ज्वलित होता हुआ अंतरिक्ष के गहन तमस को जलाता रहता है, मिटाता रहता है। वाणी और विचार की अकूत शक्ति होती है। एक अनल कण सर्व स्वाहा कर सकता है। भारतीय ज्ञान परंपरा के आलोकित कवि मनीषियों ने अपनी वाणी में अग्नि तेज को समाहित करते हुए शीतल होकर वर्तमान के कंठ से वाक्देवी की प्रार्थना में याचना और कामना के विह्वल स्वर में गाया - "मेरे मन के अंत तमस में ज्योतिर्मयी उतरो।" दीपावली प्रकृति की उपासना है, अग्निदेव की साधना है, अंधकार के विरुद्ध चुनौती पूर्ण युद्ध की खुली घोषणा है। लड़ना होगा हर अंधकार के विरुद्ध उजाले के लिए। लड़े थे जैसे राम धरा-संवेदना सीता की मुक्ति के लिए। महाभारत के रणक्षेत्र में जैसे कृष्ण ने अग्निबीज बोते हुए आलोकित किया था गीता का उत्कर्ष-'नष्टोमोहा'। जैसे तपता दहता जलता है सूरज संसार को प्रकाशमान करने के लिए, खिलता खिलखिलाता जलता है चांद सौंदर्य को बनाए रखने के लिए, जलते हैं सितारे सूरज और चांद से जैसे उत्प्रेरित होकर वैसे ही दीपों की सामूहिकता 'दीपावली' की तरह जलना होगा हमें भी।

# दिवाली पर टिकट की मार



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

अपने शहर के बाहर काम और नौकरी करने वाले लोग दिवाली पर अपने घर पहुंचने को आतुर हैं। इस समय रेल और हवाई जहाज में टिकट की उपलब्धता न होने से परेशानी बढ़ रही है। हवाई टिकट खासे महंगे हो चुके, वहीं रेल के टिकटों में लंबी वेटिंग है। रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए नई और स्पेशल ट्रेन भी चलाई जाने की घोषणा की जा रही है। परंतु बुकिंग खुलते ही ट्रेन में रिजर्वेशन फुल हो रहे हैं। इसी कारण आरक्षण की मारा मारी हो रही है और लोग ट्रेन के तत्काल टिकट के इंतजार में है।

दरअसल आम भारतीय अंतिम दिनों में ही यात्रा की बुकिंग कराना पसंद करते हैं। भारत में 78 प्रतिशत घरेलू और 30 प्रतिशत विदेशी उड़ाने अंतिम समय पर ही बुक होती हैं। यात्रा व्यवसाय से जुड़े अधिकारियों का मानना है कि भारतीयों का टिकट बुकिंग व्यवहार यूरोप और अमेरिका के उनके समकक्षों से अलग है। एक डाटा से पता चलता है कि लचीला कार्य शेड्यूल , बढ़ती डिस्पोजल आय और कुछ अन्य कारणों से भारतीय लोग अंतिम वक्त में ही बुकिंग का विकल्प चुनते हैं। अगर तुलनात्मक रूप से देखा जाए तो दिल्ली और हैदराबाद के यात्री घरेलू उड़ान के टिकट अंतिम सप्ताह में ही बुक करते हैं। कोलकात्ता के यात्री तीन माह पूर्व ही अपना टिकट बुक करा लेते हैं जबकि यूरोप देशों के यात्री चार माह पहले से टिकट बुक कराना पसंद करते हैं। अब जरूरत है इस लेट लतीफी की मनोवृत्ति को बदलने की।

## एक नजर

### तीन वारंटी गिरफ्तार करके भेजे गए जेल

**कासगंज, अमृत विचार :** जिला पुलिस द्वारा वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए धरपकड़ अभियान च लाया जा रहा है। इस अभियान के तहत रविवार को सदर कोतवाली पुलिस ने वारंटी सत्यवीर सिंह निवासी रानीअवंतीबाई कुंज सहावर गेट कासगंज, एंव थाना सिकंद्रपुर वैश्य ने प्रमोद निवासी गढिया, पन्ना लाल निवासी रानी डाबर थाना सिकंद्रपुर वैश्य को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उनके विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई की गई।

### चेकिंग के दौरान पकड़े गए तीन शातिर

**कासगंज, अमृत विचार :** सोरों कोतवाली एवं एसओजी टीम ने रविवार को चेकिंग के दौरान तीन शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से चोरी के दो मोबाइल के अलावा घटना में प्रयुक्त बाइक एवं तमंचा कारतूस बरामद हुआ है। इंस्पेक्टर भोजराज अवस्थी ने बताया कि आरोपी मनीष, प्रदीप निवासी गांव खडेरी, ध्रुव निवासी ग्राम बघेल पुख्ता कोतवाली सोरों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। जहां से उनके विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई हुई है।

### सनातन धर्म संस्कृति विद्यालय के छात्रों को छात्रवृत्ति

**एटा, अमृत विचार :** रविवार को संशोधित छात्रवृत्ति योजना का शुभारंभ किया गया। इसमें जिले के 31 छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति के चेक दिए गए। चेक देख विद्यार्थियों के चेहरे खिल गए। सीडीओ डाक्टर अवधेश वाजपेई, जिला विद्यालय निरीक्षक डा. इंद्रजीत, प्रधानाचार्य नितिन बाबू त्रिपाठी ने सनानत धर्म संस्कृति विद्यालय के विद्यार्थियों को छात्रवृति दी गई। इस कार्यक्रम के लिए विद्यालय में पहले से तैयारियां कर ली गई थीं।

### कृभको के डायरेक्टर बनने पर प्रतीक चिन्ह भेंट किया

**जलेसर, अमृत विचार :** भाजपा नेता ठाकुर भूपेंद्र सिंह को अखिल भारतीय कृभको के डायरेक्टर बनने पर राष्ट्रीय प्रजापति महासभा महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष नीलम चक्रवर्ती ने पुष्प एवं स्मृति चिन्ह बैठकर सम्मानित किया। वहीं उन्होंने मौजूदा समय में किसानों को हो रही डीएपी की समस्या के निदान की मांग की।

# आर्द्र क्षेत्रों को मिलेगी नहर नदियों की धार, बढ़ेगा सौंदर्य

## जैव विविधता के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयास, प्रशासन और डब्ल्यूडब्ल्यूएफ की टीम आर्द्र क्षेत्रों के उद्धार में जुटी

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** जैव विविधता के क्षेत्र में जिले में नित नए प्रयास हो रहे हैं। अब जिला प्रशासन और वर्ल्ड वाइल्ड लाइफ फंड (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) की टीम ने संयुक्त रूप से जिले में जैव विविधता को बनाए रखने की नई संभावना तलाशी है। नहर नदियों की धार से आर्द्र क्षेत्रों को नया जीवन देने की पहल की गई है। इसके लिए प्रस्ताव भी तैयार कर लिए गए हैं। पिछले दिनों जिले में डब्ल्यूडब्ल्यूएफ की टीम ने झीलों पर पहुंचकर वहां जैव विविधता बनाए रखने की संभावना देखी।

पृथ्वी पर पेड़, पौधे, नदियां हों या फिर जीवजंतु। यह सभी जैव विविधता का अंग है। बात आर्द्र क्षेत्रों की करें तो संरक्षण के अभाव में अस्तित्वविहीन होते इन क्षेत्रों से जैव विविधता खतरे में है, लेकिन जिले में जैव विविधता बनाए रखने के लिए अब ठोस पहल हो रही है। दरियावगंज झील पहले ही लीडिंग झील के रूप में चयनित हो चुकी है। अब राम छितौनी झील को नया जीवन देने की कोशिश की जा रही है। वर्ल्ड वाइल्ड लाइफ फंड (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ ) की टीम के अफसर दिल्ली से कासगंज पहुंचकर संभावना तलाशने में जुटे हैं।


कासगंज की रामछितौनी झील ● अमृत विचार

डीएम एवं सीडीओ का प्रयास है कि जिले में जैव विविधता को बनाए रखने के लिए बेहतर प्रयास किए जाएं। इसी कड़ी में दरियावगंज झील को नहर से पानी दिया गया है। रामछिनौती झील को नदी से जीवन देने की संभावना तलाशने के लिए निरीक्षण किया जा चुका है। **-हिमांशु कुमार, परियोजना अधिकारी डब्ल्यूडब्ल्यूएफ**

### दरियावगंज झील

इस झील को चार वर्ष पहले लीडिंग झील के रूप में चिह्नित किया गया, लेकिन संरक्षण के अभाव में यहां पर विदेश परिंदे कम आए। इसको लेकर जिला प्रशासन चिंतित दिखा और फिर संरक्षण की मुहिम छेड़ी। इस झील का पानी सूख चुका था। संभावना तलाशते हुए गोरहा नहर से रास्ता बनाकर झील को जीवन दिया गया। अब यहां जीवजंतु और पेड़ पौधों का विकास हो रहा है।

### क्या है जैव विविधता

सभी पेड़-पौधों और जीवजंतुओं में पाई जाने वाली विभिन्न प्रकार की प्रजातियों को जैव विविधता कहते हैं। इसके अंतर्गत सबसे छोटे बैक्टीरिया से लेकर बड़े पेड़ पौधों और जंतुओं तक की प्रजातियां शामिल रहती हैं।

### राम छितौनी झील

यह झील सहावर क्षेत्र में है। धीमे-धीमे यह संरक्षण के अभाव में अस्तित्वहीन होने लगी। जिला प्रशासन ने इसके संरक्षण को भी मुहिम छेड़ी है। पिछले दिनों राजस्व विभाग की टीम ने इस झील से अतिक्रमण हटवाया। अब डब्ल्यूडब्ल्यूएफ की टीम इस झील की जैव विविधता को बनाए रखने के लिए आगे आई है। इस झील को गंगा नदी से जोड़कर नया जीवन देने की योजना बनाई जा रही है।

### आंकड़े की नजर से

- 5950 हेक्टेयर में तीन दशक पहले थे आर्द्र क्षेत्र
- 517 हेक्टेयर में ही रह गए हैं आर्द्र क्षेत्र
- 300 से अधिक छोटे आर्द्र क्षेत्र सेटेलाइट से तलाशे गए

# पुलिस ने फड़ पर छापा मारकर नौ जुआरी पकड़े


सदर कोतवाली पुलिस की हिरासत में गिरफ्तार जुआरी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** सदर कोतवाली पुलिस ने जुए के अड्डे पर छापा मारकर नौ जुआरियों को गिरफ्तार कर मौके से हजारों रुपये की नगदी के अलावा दो ताश के पत्तों की गड्डी बरामद की है। जुआरियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया गश्स। एसपी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर जुआ, सट्टा के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

रविवार को सदर कोतवाली पुलिस ने शहर के सोरों गेट स्थित गली गद्दियान में छापा मारकर नौ जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया। मौके से 51 सौ रुपये की नगदी के अलावा दो ताश की गड्डी बरामद की है। इंस्पेक्टर लोकेश भाटी ने बताया कि सभी जुआरियों पर एक्ट में पाबंद कर न्यायालय में पेश किया गया।

### ये चढे.पुलिस के हत्थे

छापेमारी के दौरान जुआ खेलते जुआरी शाहरुख, अरशद, शकील, गुड्डू, जुनेद, नईम, शोहिव, इकरार, और फराज को पकड़ा गया है। ये सभी शहर के ही रहने वाले हैं। पुलिस की छापा मारकर कार्रवाई से जुआरियों में हड़कंप मचा हुआ है।

# एसडीएम का स्टेनो बनकर उगाही करने पहुंचे दो युवकों को पीटा

संवाददाता, जलेसर

● व्यापारी ने आरोपितों के खिलाफ जलेसर कोतवाली में दी तहरीर, कार्रवाई की मांग

**अमृत विचार :** नगर में दो युवकों पर एसडीएम के स्टेनो बनकर ट्रक व्यापारियों से पैसे मांगने का आरोप लगा है। इस घटना के बाद राहगीरों ने दोनों युवकों को पकड़कर जमकर पिटाई कर दी। व्यापारी श्याम सुंदर ने कोतवाली पुलिस में तहरीर देकर दोनों युवकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

शनिवार की रात करीब 9.30 बजे व्यापारी श्याम सुंदर के ट्रक में चावल लदा हुआ था, जो कांटे पर तौलने के लिए जा रहा था। इस दौरान, दो युवक गौरव और योगेंद्र ने ट्रक के आगे अपनी मोटरसाइकिल लगाकर उसे रोक लिया और कागजात दिखाने की मांग करने लगे। जब ट्रक चालक ने उनसे पूछा कि वे कौन हैं, तो उन्होंने कहा कि वे एसडीएम के स्टेनो हैं। चालक ने व्यापारी श्याम सुंदर को मौके पर बुला लिया। व्यापारी के पहुंचने के बाद, दोनों युवकों ने अवैध रूप से 5000 रुपये की मांग की। इस पर व्यापारी और युवकों के बीच कहासुनी होने लगी। जैसे ही राहगीरों को इस घटना का पता चला, उन्होंने दोनों युवकों की पिटाई कर दी। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक को कब्जे में ले लिया। ट्रक के स्वामी से माल के कागजात दिखाने के लिए प्रातः काल बुलाया गया। व्यापारी द्वारा कागजात प्रस्तुत करने पर पूर्ति निरीक्षक, नायब तहसीलदार और मंडी समिति के अधिकारियों की एक संयुक्त टीम ने मामले की जांच की, जिसमें व्यापारी के सभी कागजात सही पाए गए। तहरीर में बताया कि गौरव और योगेंद्र ने उसे जान से मारने की धमकी दी है। उन्होंने कहा, मेरी गाड़ी निधौली चौराहा पर धर्म कांटा कराने के लिए जा रही थी, जब दोनों ने गाड़ी रोककर पैसे की मांग की।

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं और बच्चों को किया जागरुक

**एटा, अमृत विचार :** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्याम नरायण सिह के निर्देशन में महिला सुरक्षा दल द्वारा महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा व सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान अभियान के तहत महिलाओं को बच्चों को जानकारी दी। जनपदीय पुलिस द्वारा समस्त थाना क्षेत्रों में महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं एवं मुद्दों पर समझ बनाना व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पॉक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गयी। इस दौरान महिला हिंसा से संबंधित अन्य शिकायतों के निवारण हेतु वीमेन पावर लाइन (1090), पुलिस आपातकालीन सेवा (112), सीएम हेल्पलाइन नंबर (1076), चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर (1098), वन स्टाप सेन्टर (181), साइबर हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी।

# बरात में जा रहे युवक की बाइक पोल से टकराई, मौत


सड़क हादसे में घायल होने के बाद अस्पताल में उपचार कराते युवक। ● अमृत विचार


सड़क हादसे में मृत युवक के परिवार की बिलखती महिलाएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार:** बारात में शामिल होने जा रहे युवक की अलीगंज क्षेत्र के अन्तर्गत हुए सड़क हादसे में मौत हो गई। युवक की मौत के बाद शादी बाले घर में कोहराम मच गया। मामले की जानकारी पर पुलिस पहुंच गई।

कासगंज के मोहल्ला नबाव निवासी ताजीम (25) पुत्र नईम शादी में शामिल होने के लिए सराय अगहत जा रहा था। बाइक सवार युवक अलीगंज क्षेत्र के गांव हरसिंगपुर के पास ही पहुंचा था कि बाइक बिजली के पोल से टकरा गई। घायल युवक को स्थानीय लोगों की मदद से अलीगंज स्थित सामुदायिक सवास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। इसमें चिकित्सकों ने ताजीम को मृत घोषित कर दिया। शादी में शामिल होने आए लोगों को जब मौत की जानकारी हुई तो लोग अस्पताल में पहुंच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अलीगंज थाना प्रभारी निर्दोष सेंगर ने बताया कि जैसे ही सड़क हादसे की जानकारी मिली, पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच गई। घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराकर जान बचाने की कोशिश की गई लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### दो बाइकों की भिड़ंत में राजमिस्त्री की मौत, दो घायल

**एटा, अमृत विचार :** जलेसर थाना क्षेत्र में शनिवार रात पुन्हैरा और जलेसर के बीच रामगढ़ी के समीप दो बाइकों की जबरदस्त भिड़ंत हो गई। इस हादसे में एक बाइक सवार राजमिस्त्री का पैर कट गया। इलाज के दौरान राजमिस्त्री की आगरा में मौत हो गई। मृतक दिलीप (30) राजमिस्त्री था। वह अपनी ग्लैमर मोटर साइकिल पर सवार होकर जलेसर की ओर जा रहा था। गांव पुन्हैरा से करीब ढाई किलोमीटर दूर, सामने से आ रही पल्सर मोटर साइकिल ने लापरवाही से उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयंकर थी कि दिलीप का पैर कट गया। हादसे की सूचना जलेसर थाना पुलिस को दी गई, जो मौके पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस से जलेसर अस्पताल भेजा। वहां से डॉक्टरों ने तीन घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए आगरा रेफर कर दिया। इलाज के लिए ले जाते समय दिलीप की अत्यधिक खून बहने के कारण शनिवार की देर रात मौत हो गई ।पुलिस ने अन्य दो घायल बाइक सवारों को आगरा के एसएन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# 146 वाहनों के काटे चालान दो वाहन किए सीज

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

● यातायात पुलिस ने नियमों का उल्लघंन करने पर की कार्रवाई

**अमृत विचार:** यातायात के नियमों का हर हाल में पालन करना होगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों को जुर्माना भरना होगा। यह संदेश दिया है यातायात पुलिस ने और इसे प्रमाणित किया चालान की कार्रवाई से। रविवार को 146 वाहनों के चालान काट, दो वाहन सीज किए गए। समन शुल्क वसूलने की ऑनलाइन प्रक्रिया की गई है।

यातायात नियमों के पालन के लिए यातायात पुलिस जहां जागरुकता अभियान चला रही है। वहीं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों पर कार्रवाई की जा रही है। रविवार को 146 वाहनों को चालान काटे गए, दो वाहनों को सीज किया गया। पूरे दिन अलग अलग इलाकों में यातायात चेकिंग अभियान चलाया गया। ड्रिंक एंड ड्राइव करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। ब्रीथ एनालाइजर से वाहन चालकों की नशे की स्थिति की जांच की गई। बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाने वाले, बिना सीट बेल्ट के कार ड्राइव करने वाले वाहन चालकों के चालान किए गए। वहीं फोन पर बात करते हुए वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के चालन काटे गए। यातायात प्रभारी लक्ष्मण सिंह एवं यातायात पुलिस की टीम ने सोरोंजी मार्ग, बाईपास व अन्य स्थानों पर चेकिंग अभियान चलाया। यातायात प्रभारी लक्ष्मण सिंह ने वाहन चालकों से अपील की है कि वह यातायात नियमों का पालन करें और कार्रवाई से बचे।


बिना हेलमेट पहने बाइक चालक को चेतावनी देते यातायात प्रभारी लक्ष्मण सिंह।

# त्योहारों की सुरक्षा को लेकर पुलिस लाइन में बलवा ड्रिल का रिहर्सल

**एटा, अमृत विचार :** पुलिस प्रशासन ने आगामी त्योहारों के मद्देनजर शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड में बलवा ड्रिल का रिहर्सल किया। एसएसपी श्याम नारायण सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक राजकुमार सिंह की मौजूदगी में भीड़ से निपटने के कई तरीके बताए।

पुलिस अधिकारियों ने इस ड्रिल के दौरान बलवा और दंगों के हालात में अटैक और डिफेंस की प्रक्रियाओं का अभ्यास कराया। करीब एक घंटे तक चली इस मॉक ड्रिल में पुलिस कर्मियों ने बलवाइयों से निपटने के टिप्स भी सीखे। इस दौरान एंटी राइट्स कंट्रोल ड्रिल के तहत पुलिस कर्मियों को अश्रु गैस, रबर बुलेट, और प्लास्टिक बुलेट जैसे उपकरणों का प्रयोग करने का अभ्यास कराया गया। एसएसपी ने बताया कि सभी थानास्तर पर पुलिस टीमों का गठन कर दिया गया है। उन्होंने बलवा की स्थिति में कैसे निपटा जाए, इस संबंध में भी पुलिसकर्मियों को महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी नगर अमित कुमार राय, क्षेत्राधिकारी सदर संजय कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी सकीट नीतीश गर्ग, क्षेत्राधिकारी अलीगंज शुधांशु शेखर, क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षु कृतिका सिंह और प्रतिसार निरीक्षक किशन लाल गौतम सहित अन्य पुलिस कर्मचारी मौजूद रहे।


पुलिस लाइन में आयोजित बलवा ड्रिल का रिहर्सल करते पुलिसकर्मी। इस दौरान मौजूद एसएसपी, एएसपी व अन्य। ● अमृत विचार

### अलग-अलग आरोपों से दस लोग गिरफ्तार

एटा। अलग-अलग थानों की पुसिल ने दस लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है ।कोतवाली देहात थाना पुलिस ने जुआ खेलते हुए अर्जुन निवासी शाहपुर बागवाला, राजेश निवासी नगला नारायन कोतवाली देहात, दिनेश निवासी उज्जेपुर कोवताली देहात, जितेन्द्र निवासी नगला नारायनबागवाला, बाचाराम निवासी शाहपुर बागवाला, पप्पू निवासी शाहपुर बागवाला को गिरफ्तार किया है। कब्जे से 12700 रुपए बरामद किए गए हैं। निधौलीकलां पुलिस ने सट्टा खेलते उमेश निवासी मोहल्ला मोहरान निधौलीकलां, धनी निवासी निधौलीकलां को बंदी बनाया है।

# दीपावली पर मिठाई खरीदते समय घटतौली से रहें सचेत

**एटा, अमृत विचार :** दीपावली पर मिठाई की बिक्री में शुरू हो गई है। लेकिन इस खुशी के मौके पर ग्राहकों को घटतौली का शिकार बनाया जा रहा है। मिठाई विक्रेताओं द्वारा डिब्बे समेत मिठाई को तौलने की शिकायतें सामने आ रही हैं, जो कि न केवल ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी है, बल्कि यह खाद्य सुरक्षा के नियमों का उल्लंघन भी है। शासन द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि खाद्य वस्तुओं के साथ डिब्बे का वजन नहीं किया जाना चाहिए।

यदि कोई विक्रेता इस नियम का उल्लंघन करता है, तो उस पर बाट माप विभाग द्वारा 50,000 रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। खाद्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि मिठाई का वजन डिब्बे का वजन अलग करके किया जाना चाहिए। खाद्य विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे किसी भी दुकानदार की घटतौली की शिकायत तुरंत खाद्य विभाग से करें। शिकायत के बाद, संबंधित दुकानदार के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# कथा श्रवण से ली सीख को अपने जीवन में उतारें


भागवत कथा के समापन पर आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।

संवाददाता, सोरों जी

● कथा के समापन पर श्रद्धालुओं ने लगाई व्यास पीठ की परिक्रमा

**अमृत विचार:** कछला गंगा घाट के सर्वेश्वरी आश्रम में चल रही भागवत कथा का रविवार को समापन हो गया। भगवताचार्य ने श्रद्धालुओं से कथा श्रवण से ली गई सीख को अपने जीवन में उतारने का आह्वान किया। आयोजकों द्वारा भंडारा कराया गया। प्रसाद पाने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।

आचार्य गौरव कृष्ण पांडे ने श्रोताओं को श्री राम के चरित्र पर मनन करने और उनके पदचिन्हों पर चलने के लिए प्रेरित किया। भरत की मां कैकई ने भरत के लिए राज मांगा लेकिन भरत ने अपने भाई के चरणों में अनुराग रखते हुए अयोध्या जैसे राज्य का त्याग करके मनुष्य जीवन में जो होना चाहिए श्रद्धा विश्वास समर्पण और त्याग का परिचय दिया अगर हम अपने परिवार में श्रद्धा विश्वास समर्पण और त्याग को ध्यान में रखेंगे परिवार सदा संपन्न खुशहाल और क्लेश मुक्त रहेगा यही रामचरितमानस हमको सिखाती है। भंडारे में कुष्ठ आश्रम में रहने वाले संत, ब्राह्मण और भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। व्यवस्था राष्ट्रीय कलाकार परिवार संघ के सदस्यों ने किया। राष्ट्रीय कलाकार परिवार संघ राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरु मुन्नालाल मतवाला ने भक्तों को धर्मपथ पर चलने का आह्वान किया। व्यवस्थापक टीम में संतोष कुमार राजपूत, कमल कुमार, गोला महेश्वर, आनंद, राकेश पचौरी, नीरज भारद्वाज, देवेंद्र राजपूत शामिल रहे।

# परिक्रमा मार्ग की अव्यवस्थाएं दूर की जाएगीं

संवाददाता, सोरों जी

● जीर्णशीर्ण सड़कों और खराब स्ट्रीट लाइटों को किया जाएगा दुरुस्त

● डीएम के निर्देश पर खंड विकास अधिकारी ने किया मार्ग का निरीक्षण

**अमृत विचार:** तीर्थ नगरी सोरों के पंचकोसीय परिक्रमा मार्ग का जिलाधिकारी के निर्देश पर खंड विकास अधिकारी ने निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। संबंधित अधिकारियों को मार्ग की अव्यवस्थाओं को दूर करने के निर्देश नगर पालिका एवं पर्यटन विभाग के अधिकारियों को दिए।

बीते दिनों ब्राहमण कल्याण सभा ने जिलाधिकारी मेधा रूपम को ज्ञापन देकर पंचकोसीय परिक्रमा मार्ग पर व्याप्त अव्यवस्थाओं को दूर किए जाने की मांग की थी, इस पर उन्होंने आश्वासन दिया था। जिलाधिकारी के निर्देश पर रविवार को खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार ने नगर पालिका सोरों, पर्यटन विभाग के अधिकारियों के साथ परिक्रमा मार्ग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने पाया कि भगीरथी गुफा का लेंटर गिर गया है। दीवार जर्जर है। परिक्रमा मार्ग की सड़कें भी दुरुस्त नहीं है। पेयजल और प्रकाश की व्यवस्था भी पर्याप्त नहीं है। उन्होंने संबंधित विभाग अध्यक्षों को निर्देश दिए सभी अव्यवस्थाओं को मार्गशीर्ष मेले से पहले ही दुरुस्त करा लिया जाए। एडीओ संजीव रावत, चंद्र मोहन,बीडीओ संजीव कुमार, प्रधान मनोज शर्मा,विजय कुमार आदि रहे।


पंचकोसीय परिक्रमा मार्ग का निरीक्षण करते बीडीओ संजीव कुमार। ● अमृत विचार

# ई-रिक्शा की टक्कर से मंदिर के महंत घायल

**जलेसर, अमृत विचार :** जलेसर-निधौली मार्ग स्थित ग्राम दौलतपुर के निकट शिव मंदिर पर रहने वाले महंत पूरन दास रविवार को सुबह 9 बजे आश्रम के जरूरी सामान लेने बाजार जा रहे थे इस दौरान शराबी ई रिक्शा चालक रामनरेश उर्फ मंत्री ने महंत में टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। ई रिक्शा चालक के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज कराने हेतु तहरीर महंत पूर्ण दास के द्वारा कोतवाली पुलिस को दे दी गई। घटनाक्रम के अनुसार उक्त शराबी ई रिक्शा चालक के द्वारा 20 दिन पूर्व मंदिर पर पहुंचकर शराब पीकर मौजूद लोगों से अभद्रता कर रहा था जिनकी महंत के द्वारा मना करने पर महंत के साथ अभद्रता एवं जान से मारने की धमकी दी गई थी।

# कलेक्ट्रेट में देखा गया संस्कृत छात्रवृति योजना का आरंभ

कार्यालय संवाददाता, कासगंजः

● वाराणसी के संपूर्णानंद संस्कृत विवि से मुख्यमंत्री ने की शुरुआत

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री ने संपूर्णानंद संस्कृत विश्व विद्यालय वाराणासी से संस्कृत छात्रवृति योजना का रविवार को आरंभ किया। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। अधिकारी और जनप्रतिनिधियों ने योजनाओं की जिले में शुरुआत की।

प्रदेश में संस्कृत माध्यमिक विद्यालयों, महाविद्यालयों, संपूर्णानंद संस्कृत विवि वाराणसी में अध्ययन करने वाले छात्र, छात्राओं के लिए लागू संशोधित संस्कृत छात्रवृत्ति योजना का आरंभ रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणासी के संपूर्णनंद संस्कृत विवि से किया। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में हुए कार्यक्रम में प्रसारण दिखाया गया। इस मौके पर डीएम मेधा रूपम ने बच्चियों और महिलाओं से अपील की वह भी आगे आए और सत्यनारायण की कथा और पूजा आदि कराएं। मुख्य अतिथि विधायक देवेंद्र सिंह राजपूत ने सरकार की योजनाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि इससे संस्कृत के विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन होगा। कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को बुके देकर सम्मानित किया गया।

संस्कृत छात्रवृत्ति योजना से छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र वितरित किया गया। जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी के केपी सिंह सोलंकी, सोरों चैयरमैन रामेश्वर दयाल महेरे सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सजीव प्रसारण देखते अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि। ● अमृत विचार

## एक नजर

### रेंज में 14 हजार संदिग्धों से पूछताछ, 232 को किया गिरफ्तार

**बरेली,अमृत विचार :** त्योहारों को देखते हुए आईजी डॉ. राकेश सिंह के निर्देश पर पांच दिवसीय विशेष अभियान चलाया। इसमें जनपदों में संवेदनशील स्थानों पर 14 हजार संदिग्धों की चेकिंग की गई। पुलिस ने 232 को गिरफ्तार किया। उनके पास से 714 लीटर कच्ची शराब, 15 पव्वे, 68570 रुपये, 25 तंमचे, 30 कारतूस, 650 ग्राम चरस और 1.9 किलो ग्राम अफीम बरामद हुई। आईजी ने बताया कि त्योहारों के मद्देनजर होटल, ढाबा, मॉल, मुख्य चौराहों समेत साप्ताहिक बाजारों और रेलवे स्टेशनों पर संदिग्ध वाहनों और लोगों की चेकिंग के लिए पांच दिन का अभियान चलाया गया। बरेली में 821 स्थानों पर 4363 संदिग्ध लोगों की चेकिंग की गई। इस दौरान कुल 68 मामले दर्ज करते हुए और 127 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। बदायूं पुलिस ने 670 स्थानों पर 3208 संदिग्ध लोगों की चेकिंग करते हुए आठ रिपोर्ट दर्ज की और 15 आरोपियों को गिरफ्तार किया। वहीं, पीलीभीत में 540 स्थानों पर 3134 संदिग्ध लोगों की चेकिंग करते हुए छह रिपोर्ट दर्ज कर सात को गिरफ्तार किया। शाहजहांपुर पुलिस ने 660 स्थानों पर 3323 संदिग्ध लोगों की चेकिंग करते हुए 55 रिपोर्ट दर्ज कर 83 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इस तरह से रेंज में चलाए गए पांच दिन के अभियान में 2591 स्थानों पर चेकिंग करते हुए 14028 संदिग्ध व्यक्तियों की चैकिंग की गई। इस दौरान 137 रिपोर्ट दर्ज कर 232 को गिरफ्तार किया गया।

### सेवानिवृत्त दरोगा से शिक्षक और शिक्षामित्र ने की 10 लाख रुपये की ठगी

**बरेली,अमृत विचार :** सेवानिवृत्त दरोगा से शिक्षक और शिक्षामित्र ने बेटे की सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा देकर 10 लाख रुपये ठग लिए। नौकरी न लगने पर पैसे मांगे तो इन्कार कर दिया। 10 लाख रुपये की ठगी कर ली। थाना सुभाषनगर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सुभाषनगर के अनुपम नगर निवासी सेवानिवृत्त दरोगा छेदालाल ने बताया कि नौकरी के दौरान उनकी जान पहचान रामपुर के कलैइया निवासी शिक्षामित्र सत्यवीर से हुई थी। सत्यवीर का उनके घर पर भी आना जाना हो गया। एक दिन सत्यवीर ने उनकी पहचान मुरादाबाद के मझोला निवासी सत्यपाल और तिगरी निवासी गेंदनलाल से कराई। उसने कहा कि गेंदनलाल की सत्ता में बैठे लोगों से अच्छी जान पहचान है। वह किसी की भी नौकरी लगवा सकता है। कुछ दिनों बाद सत्यवीर और सत्यपाल उनके पास आए और जरूरत बताते हुए 4.50 लाख रुपये ले लिए।

# जनप्रतिनिधियों ने ली डॉक्टरों की समस्याओं के समाधान की जिम्मेदारी

## अस्पतालों के रजिस्ट्रेशन के मुद्दे पर शासन में जल्द फैसला होने का भरोसा, आयुष्मान योजना के भुगतान में देरी का मामला भी सरकार में रखने का वादा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** अमृत विचार की ओर से आयोजित हेल्थ केयर कॉन्क्लेव में चिकित्सकों के लिए काफी सार्थक रही। उन्होंने कॉन्क्लेव में उन समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की जिनमें वे लंबे समय से घिरे हुए हैं। जनप्रतिनिधियों ने उनके मुद्दों को गंभीरता से लिया। वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार के साथ विधायकों ने भी उन्हें भरोसा दिलाया कि वे उनकी समस्याओं को शासन में में उठाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

अधिकांश चिकित्सकों की समस्या हर साल होने वाली अस्पताल के रिन्यवूल को लेकर थी। उनका कहना था कि एक बार पंजीकरण कराने के बाद रिन्यूवल कराते समय कई तरह की असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। इसमें काफी काफी समय बर्बाद होता है। मांग की कि एक साल के बजाय रिन्यूवल की सीमा पांच साल की जानी चाहिए। शहर के वरिष्ठ रेडियोलॉजिस्ट डा. मोहित अग्रवाल ने कहा कि चिकित्सा के क्षेत्र में तमाम रोगों के उपचार के लिए मशीनों पर जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) बहुत अधिक लिया जाता है। अच्छी क्वालिटी की मशीन में समझौता नहीं किया जा सकता। इस कारण ज्यादातर अस्पतालों में जरुरत होते हुए भी डॉक्टर सभी जरुरत की और मशीनें नहीं ले पाते।

अस्पतालों के रजिस्ट्रेशन का वार्षिक नवीनीकरण डॉक्टरों के लिए एक बड़ी समस्या है। इस कॉन्क्लेव में यह समस्या जनप्रतिनिधियों के सामने रखकर इस अवधि को पांच साल करने की अपील की है। अस्पतालों में आयुष्मान योजना के तहत मरीज का इलाज करने के बाद सरकार की ओर से भुगतान में देरी पर भी निराशा व्यक्त की है। जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया है कि यह समस्या सरकार के समक्ष रखनी होगी वर्ना आने वाले समय में डॉक्टरों के समक्ष भारी दिक्कतें खड़ी हो जाएंगी।
**-डॉ. आरके सिंह**, आईएमए अध्यक्ष

सरकार की आयुष्मान योजना शानदार है। इससे गरीबों को मुफ्त इलाज मिल रहा है लेकिन दूसरा पहलू यह है कि भुगतान में देरी होने से अस्पताल चलाने वालों की कमर टूट रही है। कोई तीन तो कोई छह महीने से भुगतान के लिए परेशान है। करोड़ों का भुगतान नहीं किया गया है। कुछ राज्यों में चिकित्सकों ने आयुष्मान का भुगतान न मिलने की वजह से इलाज करना बंद कर दिया है। अगर यह समस्या हल न हुई तो कुछ समय बाद अस्पताल बड़े संकट से घिर जाएंगे।
**- डॉ. रवीश अग्रवाल**, पूर्व उपाध्यक्ष यूपी आईएमए

ईएसआई अस्पताल के लिए जगह चिह्नित होने के बाद भी निर्माण शुरू नहीं होने से कारखानों में करने वाले कर्मचारियों को काफी असुविधा होती है। ईएसआई में चुनिंदा अस्पताल जोड़े गए हैं जबकि शहर में कई मल्टी स्पेशलियटी हास्पिटल हैं। कर्मचारियों को कागजी प्रकिया पूरी करने में काफी दिक्कतें होती हैं। पैनल में ज्यादा से ज्यादा अस्पताल जोड़ने, ईएसआई अस्पताल का निर्माण शीघ्र शुरू कराने के साथ कर्मचारी हित से जुड़ी कई मांगें रखी हैं ताकि उन्हें एक प्लेटफार्म पर सभी सुविधाएं मिल सकें। **-राजेश गुप्ता**, उद्यमी



अमृत विचार हेल्थ केयर कॉन्क्लेव। बाएं से- बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के प्रति कुलाधिपति डॉ. अशोक अग्रवाल, एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति, विधायक संजीव अग्रवाल, एमपी आर्य, मेयर उमेश गौतम, डॉ. प्रमेंद्र माहेश्वरी और बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव अग्रवाल। ● अमृत विचार

ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराने के लिए शहर के डॉक्टरों को वहां भी समय देने की जरूरत



है। एक समय था जब नवाबगंज क्षेत्र की सड़कें जर्जर हुआ करती थीं। लोगों को आवागमन में भारी दिक्कत होती थी। बरखन तक दो घंटे लगते थे। अब यह सफर 20 मिनट में हो जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की स्थिति भी काफी हद तक बदल चुकी है। **- डॉ. एमपी आर्य, विधायक नवाबगंज**

शहर हर क्षेत्र में तेजी से विकास कर रहा है। बरेली में मेट्रो की सुविधा मिलने जा रही है। नाथ कॉरिडोर का काम चल



रहा है। तीन सौ बेड अस्पताल को सुपर स्पेशलियटी अस्पताल बनाने के लिए वार्ता हुई थी। बहुत जल्द ही सौगात मिलेगी। मेडिकल के क्षेत्र में प्रदेश में बरेली का महत्वपूर्ण स्थान है। यहां पर निजी क्षेत्र के तीन मेडिकल कॉलेज हैं। अच्छा इलाज होता है। मरीजों की दिल्ली और दूसरे राज्यों की भागदौड़ बच गई है। **- संजीव अग्रवाल, कैंट विधायक**

### वनमंत्री ने डॉक्टरों को दिया भरोसा

- डॉ. अरुण कुमार ने यह भी बताया कि बरेली में एम्स जैसा अस्पताल खुलवाने के बारे में मुख्यमंत्री से बात हुई है, उनका रुख सकारात्मक है। पहले सरकारी मेडिकल कॉलेज खुलवाने का आग्रह करने पर मुख्यमंत्री ने बरेली में पहले से तीन प्राइवेट मेडिकल कॉलेज होने की बात कही थी। इसलिए अब एम्स स्तर के अस्पताल पर बात चल रही है।
- सीबीगंज में निर्माणाधीन ईएसआई हॉस्पिटल भी जल्द चालू होगा। इसमें हार्ट में स्टेंट और बाईपास सर्जरी जैसी सुविधाएं भी मिलेंगी और यहां ईएसआई में पंजीकृत लोगों के साथ आम लोग भी इलाज करा सकेंगे।
- ग्रामीण इलाकों में पीएमएस डॉक्टरों की कमी पर वन मंत्री ने कहा कि सरकार यूपी में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए लगातार प्रयासरत है। मल्टी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल बनाए जा रहे हैं।



हेल्थ केयर कॉन्क्लेव में डॉक्टरों के साथ शहर के तमाम उद्यमियों ने भी हिस्सा लिया। ● अमृत विचार

### ये डॉक्टर भी पहुंचे कॉन्क्लेव में

हेल्थ कॉन्क्लेव में आईएमए यूपी के पूर्व उपाध्यक्ष डॉ. रवीश अग्रवाल, वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. सुदीप सरन, डा. अनूप आर्या, पूर्व आईएमए अध्यक्ष डॉ. राजीव गोयल, वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. पंकज बंसल आईएमए के इलेक्टेड प्रेसिडेंट डॉ. अतुल श्रीवास्तव ने भी हिस्सा लिया।

### इन्हें मिला सम्मान

मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों ने एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के चेयरमैन देवमूर्ति, ऑब्स एंड गायनी सोसायटी की अध्यक्ष डॉ. मृदुला शर्मा, वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रमेंद्र माहेश्वरी, वरिष्ठ पशु रोग विशेषज्ञ डॉ. काजल गुप्ता, वरिष्ठ होम्योपैथिक डॉ. प्रेम गंगवार, संजीव जैन, संदीप जैन, डॉ. बी. प्रसाद, डॉ. अर्चना अग्रवाल, अरविंद कुमार, को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## पिता जी की तकलीफ देखकर लिया था मेडिकल कॉलेज खोलने का संकल्प

**बरेली, अमृत विचार:** अंतिम समय में पिताजी की तबीयत खराब होने के बाद उन्हें बरेली में अच्छा इलाज नहीं मिल पाया। उन्हें हेलीकॉप्टर से लेकर दिल्ली जाना पड़ा। तमाम परेशानियों से जूझने के बाद मन ही मन में तभी मैंने संकल्प लिया था कि बरेली में ऐसे मेडिकल कॉलेज की नींव रखूंगा जो सभी सुविधाओं से परिपूर्ण हो।

अमृत विचार के हेल्थ केयर कॉन्क्लेव में एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति ने मेडिकल कॉलेज बनाने की यात्रा का अनुभव साझा करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि उन्होंने सोचा था कि जो तकलीफ पिता जी ने झेली, वह बरेली के और लोग न झेलें। यह भी सोचा था कि जब पैसा होगा तब ऐसा कुछ करेंगे। आखिर 4 जुलाई 2002 को एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज की स्थापना की। शुरू में मेडिकल कॉलेज में मल्टीस्पेशियलिटी सुविधा थी, धीरे-धीरे इसका दायरा बढ़ाया गया।



उन्होंने बताया कि 4 जुलाई से हमारे कर्मचारी मशीन लेकर हर घर में लोगों के स्वास्थ्य की जांच करने जा रहे हैं। 20 रुपये में ही जांचें की जा रहीं हैं, वैसे ये जांचें 60 रुपये में होती हैं। घर-घर लोगों के स्वास्थ्य की कुंडली तैयार करा रहे हैं, अब तक 26 सौ परिवारों की सूची बन चुकी है। मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में गरीबों के लिए मुफ्त इलाज की व्यवस्था की है ताकि उन्हें पैसों के अभाव में भटकना न पड़े। जिस लेंस की कीमत 40 हजार है, वह गरीबों के लिए निःशुल्क लगा रहे हैं। मेडिकल कॉलेज में उन सुविधाओं को बढ़ाया है, जिनके लिए लोग अब तक दिल्ली दौड़ लगाते थे। अब तो दिल्ली तक के लोग इलाज कराने एसआरएमएस आ रहे हैं।

## मुंबई के बुजुर्ग डॉक्टर की सलाह बनी बरेली में सफर की शुरुआत की वजह

**बरेली, अमृत विचार:** मेडिकल की पढ़ाई करने के बाद मुंबई चला गया था जहां जसलोक हॉस्पिटल में प्रैक्टिस शुरू की। सीखने की ललक इस कदर थी कि कुछ ही समय में हर विभाग में जाकर सर्जरी के साथ कई नई-नई चीजें सीखीं। परिवार को लग रहा था कि वह मुंबई के ही हो गए हैं। अचानक एक घटना ऐसी हुई कि अगले ही दिन इस्तीफा दे दिया और बरेली लौट आया।

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव कुमार अग्रवाल ने चिकित्सा क्षेत्र में बुलंदियों को छूने की दास्तां बयां करते हुए कहा कि कभी सोचा नहीं था कि उनकी यात्रा यहां तक पहुंचेगी। हुआ यूं था कि एक दिन अचानक एक सर्जन पर नजर पड़ी, जो करीब 80 साल की उम्र में भी बिना चश्मे के वे सर्जरी कर रहे थे। जिज्ञासा होने पर उन्होंने उनसे पूछा कि उन्हें और क्या करना चाहिए। उन्होंने सलाह दी कि अपने शहर लौट जाओ, वहीं रहकर काम करो, यहां तो खो जाओगे। इस वाकये के बाद अगले ही दिन उन्होंने इस्तीफा दे दिया।



बरेली आकर सबसे पहले केशलता अस्पताल खोलकर कैंसर का इलाज शुरू किया। पहला ही दिन था, कैंसर का एक मरीज चारपाई आया, जिसकी स्थिति बहुत खराब थी। शरीर पर गांठें ही गांठें थीं। उसका इलाज किया, करीब महीने भर बाद वह पैदल चलकर आया। इसके बाद 20-22 साल तक इलाज कराता रहा। इसके बाद डेंटल कॉलेज, मेडिकल कॉलेज और नर्सिंग कॉलेज खोले। पहले पीलीभीत में मेडिकल कॉलेज खोलने का विचार था, मगर शाहजहांपुर से ज्यादा मरीज आते थे तो लगा कि वहां लोगों को ज्यादा दिक्कत हो रही है।इसलिए शाहजहांपुर में मेडिकल कॉलेज खोला। इसके बाद चिकित्सा क्षेत्र में कदम बढ़ते गए।

## आसपास

## बुखार का प्रकोप स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची



अलीगंज क्षेत्र के नगला गडरियान में जांच पड़ताल करते सीएमओ डा. उमेश त्रिपाठी और स्वास्थ्य विभाग की टीम। ● अमृत विचार

**एटा, अमृत विचार :** विकास खण्ड अलीगंज के रामपुर देहात स्थित नगला गड़रियान गांव में बुखार ने भयावह स्थिति पैदा कर दी है। इस 500 की आबादी वाले गांव में, हाल के दिनों में 100 से अधिक लोग बुखार की चपेट में हैं।रविवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. उमेश त्रिपाठी स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ नगला गड़रियान गांव पहुंचे। टीम ने गांव में जाकर रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और बुखार के कारणों की जांच की। स्वास्थ्य विभाग ने गांव में 137 मरीजों को दवाओं का वितरण भी किया और आवश्यक स्वास्थ्य निर्देश दिए। कार्ड के माध्यम से 15 मरीजों की डेंगू की जांच की गई। 32 मरीजों की मलेरिया की जांच कराई गई। 32 बुखार पीडितों का एलाइजा टेस्ट करवाया गया। ग्रामीणों ने बताया कि वे स्वास्थ्य सेवाओं की कमी और बुखार के बढ़ते मामलों से चिंतित हैं। उन्होंने सरकार से इस स्थिति को गंभीरता से लेने और शीघ्र इलाज उपलब्ध कराने की मांग की है। इस दौरान अलीगंज के खंड विकास अधिकारी गोपाल गोयल, पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान मौजूद रहे। गांव में सफाई कराकर कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराया गया।

## गहने चुराने वाली तीन महिलाएं गिरफ्तार

संवाददाता, फतेहगंज पूर्वी

- मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने चोरी के गहने बरामद किये, चोर गिराह की महिलाओं को भेजा जेल



चोरी के आरोप में गिरफ्तार महिलाएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सर्राफा व्यापारियों के यहां से सोने -चांदी के आभूषण चोरी करने वाली महिलाओं के गैंग को पुलिस ने शनिवार रात को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया । इनके कब्जे से चोरी के जेवर बरामद हुए हैं। कस्बे में राकेश अग्रवाल की सोने -चांदी की दुकान पर 13 अक्टूबर को कई महिलाएं आभूषण खरीदने आई। महिलाओं ने एक जोड़ी कुंडल खरीदने के बाद 6 जोड़ी कुंडल चुराल लिए । उन लोगों के जाने के बाद व्यापारी ने जब आभूषण चेक किए तो 6 जोड़ी कुंडल गायब थे। व्यापारी ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर महिलाओं की पहचान कर ली । शनिवार रात वह महिलाएं राजमार्ग पर नई कॉलोनी के रास्ते जाती हुई दिखाई दी तो मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने तीनों महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया, जिनके कब्जे से चोरी केजेवर बरामद हुए। महिलाओं ने बताया कि वह इसी तरह से दुकानों से चोरी करके दूसरी जगह बेंच देती है । पकड़ी गई महिलाओं ने अपना नाम सुनीता पत्नी धर्मवीर निवासी ग्राम शेरपुर थाना तिलहर शाहजहांपुर, जावित्री पत्नी मुंशीलाल निवासी ग्राम धुरी खुर्द थाना दियूरिया पीलीभीत, गुलशन पत्नी भानु प्रताप निवासी ग्राम ग्वार थाना तिलहर शाहजहांपुर बताया। थाना प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि पकड़ी गई महिलाओं ने अपने साथ की कुछ महिलाओं के नाम भी बताएं हैं, जिनकी पुलिस तलाश कर रही है । इस गिरोह में फतेहगंज पूर्वी की कुछ महिलाओं के नाम भी सामने आए है।

## सीएआरआई में आठ को लगेगा कुक्कुट मेला

**बरेली, अमृत विचार :** केंद्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान (सीएआरआई) की ओर से आईवीआरआई परिसर में 8 नवम्बर को सुबह 10 से शाम चार बजे तक विशाल कुक्कुट मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में मुर्गी, बटेर, टर्की, गिनी फाउल की प्रजातियों के प्रदर्शन के साथ ही किसानों को बैंक से मिलने वाले लोन के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। मेले का मुख्य उद्देश्य किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के साथ ही पाल्ट्री उत्पादों को बढ़ावा देना है। मेले में मुर्गी के अंडों से चूजे निकालने की सस्ती मशीन की तकनीकी जानकारी व प्रदर्शन के साथ ही सरकारी, गैर सरकारी व वित्तीय संस्थाओं द्वारा जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा बैंकों से पाल्ट्री स्थापित करने के लिए वित्तीय ऋण कैसे प्राप्त करें इसके बारे में विस्तार से किसानों को बताया जाएगा।

## दावा: लंबे रूट पर हर आधे घंटे में मिलेंगी रोडवेज बसें

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- अतिरिक्त फेरे भी होंगे, पुराने और सेटेलाइट बस अड्डे पर बना कंट्रोल रूम
- दिवाली और छठ पूजा को लेकर परिवहन निगम के अफसरों ने की तैयारी

**अमृत विचार :** दिवाली और छठ पूजा को लेकर परिवहन निगम ने तैयारियां चाक चौबंद कर ली हैं। अफसरों का दावा है कि दिल्ली, लखनऊ जैसे लंबे रूट पर हर आधे घंटे में बसें यात्रियों को मिलेंगी। इसके अलावा बसों के अतिरिक्त फेरे भी होंगे। 50 अतिरिक्त बसें लंबे रूटों पर उतारी जाएंगी।

सबसे अधिक फेरे बसें दिल्ली, लखनऊ और कानपुर रूट पर लगाएंगी। बरेली रीजन के आरएम दीपक चौधरी के मुताबिक रीजन के बरेली, रुहेलखंड, पीलीभीत और बदायूं डिपो की सभी बसों को रूट पर उतार दिया जाएगा। जिन बसों में कमी थीं, उन्हें भी वर्कशाप में ठीक करा दिया गया है।

रीजन की 600 बसों को लंबे और छोटे रूटों पर लगाया जाएगा। लखनऊ, फर्रुखाबाद और कानपुर जाने वाली बसें भी दिवाली के मौके पर अतिरिक्त फेरे लगाएंगी। पुराने और सेटेलाइट बस अड्डे पर कंट्रोल रूम बना दिया गया। मंगलवार से कंट्रोल रूम में कर्मचारियों को तैनात कर दिया जाएगा।

## श्मशान घाट के आधा दर्जन मंदिरों से नकदी सहित 5 लाख का सामान चोरी

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** श्मशान घाट स्थित आधा दर्जन मंदिरों से चोर दो लाख की नकदी सहित 5 लाख का सामान समेट ले गए। घटना की जानकारी रविवार की सुबह हुई है। श्मशान घाट सीता रोड पुलिस चौकी से मात्र 200 मीटर की दूरी पर स्थित है। पुलिस को घटना की तहरीर दी गई है। श्मशान घाट में भगवान शनिदेव के मंदिर सहित आधा दर्जन मंदिर है। यहां दिन में चौकीदार रहता है और रात में नहीं रहता। शनिवार की रात चोरों ने शनिदेव मंदिर, भेरो मंदिर, शंकर जी के मंदिर, मसानी मंदिर सहित अन्य मंदिरों पर धावा बोला। मंदिरों से 2 चांदी के छत्र (लगभग 2 किलो के) , माता रानी को भोग लगाने के लिए रखे चांदी व ताबे के बर्तन सहित 200 किलो के 20 घंटे व 14 दानपात्र को तोड़ 2 लाख रुपये की नकदी साफ कर दी। घटना की सूचना रविवार की सुबह हुई। सूचना मिलने पर लोग और प्रभारी निरीक्षक रेनू सिंह मौके पर पहुंचीं और घटना की जानकारी की। चोर मंदिर से 2 लाख की नकदी सहित 5 पांच लाख का सामान चोरी कर ले गए हैं। घटना की तहरीर मंतेश वार्ष्णेय निवासी बारह सैनी मोहल्ले की ओर से पुलिस को दी गई है। जबकि श्मशान घाट सीता रोड पुलिस चौकी से महज 200 मीटर की दूरी पर है। बताया जाता है कि चोर अपने औजार मौके पर छोड़ गए। शाम के समय एसपी कृष्ण कुमार ने श्मशान घाट पहुंचकर घटना की जानकारी की।

## तीन सौ बेड अस्पताल के सामने ऑटो चालक ने युवक को फेंका

**बरेली,अमृत विचार :** तीन सौ बेड अस्पताल के सामने ऑटो चालक एक युवक को अर्ध बेहोशी की हालत में फेंक कर फरार हो गया। यह देख एक व्यक्ति ने तुरंत सूचना देकर यूपी 112 को बुला लिया। पुलिस ने उसे जिला अस्पताल भेजा। पुलिस ने आशंका जताई है कि युवक को जहरखुरानी ने शिकार बनाया है।

रविवार शाम साढ़े पांच बजे एक ऑटो तेजी से तीन सौ बेड अस्पताल की ओर आया और एक युवक को अर्ध बेहोशी हालत में फेंक कर फरार हो गया। अस्पताल के सामने रहने वाले अवधेश कुमार ने अनहोनी की आशंका को देखते हुए सूचना देकर पुलिस बुला ली। मौके पर पहुंचे सिपाही सुशील कुमार और होमगार्ड नन्हें सिंह युवक को उठाया और मुंह पर पानी डाला। तब युवक ने बताया कि वह लखीमपुर खीरी के थाना पलिया कलां के गांव वन कुछड़ी का रहने वाला है। उसका नाम छोटेलाल है।

## छात्र-छात्राओं ने पुरानी यादों को किया साझा सीनियर को दी विदाई

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बीआईयू कॉलेज ऑफ फार्मेसी और फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज के छात्रों ने फेयरवेल पार्टी में दी कार्यक्रमों की प्रस्तुति

**अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के बीआईयू कॉलेज ऑफ फार्मेसी के बीफार्म, डीफार्म और फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज के छात्र-छात्राओं की ओर से आयोजित फेयरवेल पार्टी में सीनियर छात्रों को विदाई दी गई। पुरानी यादों को साझा किया गया।

शनिवार को कॉलेज में हुए कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. पुष्पेंद्र कन्नौजिया और रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तस्लीम खान ने की। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। विद्यार्थियों ने फैशन शो में भी भाग लिया।

बीआईयू कॉलेज ऑफ फार्मेसी विभाग में शुभम शुक्ला (बीफार्म) को मिस्टर और प्रगति श्रीवास्तव को मिस फेयरवेल चुना गया।

बेस्ट परफॉर्मर का खिताब बीफार्म के फिजा खान को मिला। बेस्ट अभिनय में निकिता एंड ग्रुप (डीफार्म) ने बाजीमारी। रनरअप दीपाली कश्यप और विकास सोलंकी (बीफार्म) रहे।

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज और मैनेजमेंट विभाग में रवि सिन्हा को मिस्टर और प्रान्सी को मिस फेयरवेल का खिताब दिया। वहीं, बेस्ट परफॉर्मर का खिताब आयु श्री एंड ग्रुप को मिला। मंजीत और महिमा रनरअप रहे। प्राचार्य ने भी सभी छात्रों को अनुभवों पर ध्यान केंद्रित करने और उनसे सीखने के महत्व पर जोर दिया। मुख्य अतिथि तस्लीम खान ने मिस्टर और मिस फेयरवेल को उपहार दिए। प्राचार्य, प्रो. शैलेंद्र कुमार वर्मा, डॉ. प्रशांत गुप्ता, अजय उपाध्याय और फैकल्टी ने फार्मेसी और पैरामेडिकल, मैनेजमेंट पाठयक्रम के सीनियर छात्रों को मोमेंटो देकर विदाई की। संचालन मुख्य कॉर्डिनेटर सुमन पटेल, बलवीर सिंह, महिमा तिवारी ने किया। बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी की कुलपति डॉ. लता अग्रवाल ने सभी को शुभकामनाएं दीं।


### गुमशुदा



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री **महविश** जो दिनांक 12.07.2024 की सुबह 11 बजे घर से ही कहीं चली गयी जो अभी तक लौटकर नहीं आयी है जिसकी सूचना थाना कोतवाली मोहम्मदी खीरी में एफआईआर नं. 0465/2024 धारा 137 (2) बीएनएस दिनांक 14.07.2024 को की जा चुकी है। अगर किसी को कोई जानकारी मिले तो निम्न मोबाइल नं पर सूचित करें। **हुलिया : उम्र लगभग 15 वर्ष, रंग गोरा, चेहरा गोल, आँख-नाक-कान औसत, कद करीब 5 फिट, पैरों में चप्पल, सलवार-सूट जामुनी रंग का पहने है।**
**प्रभारी निरीक्षक थाना मोहम्मदी : मो. 9454403788**
कामिल पुत्र बशीर अहमद, निवासी ग्राम मोहम्मदपुर मजरा अमीरनगर थाना मोहम्मदी जिला खीरी। मो. 9580822584

### कार्यालय ग्राम पंचायत पचपेड़ा विकास खण्ड बहेड़ी (बरेली)

#### निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पचपेड़ा विकास खण्ड बहेड़ी (बरेली) वित्तीय वर्ष 2024-25 में ग्राम निधि व मनरेगा योजना की धनराशि से ग्राम पंचायत में सीसी रोड व स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य कराये जाने के लिए सामग्री क्रय हेतु सीमेंट, बजरफुट, ईट की रोड़ी, बजरी, बारीक रेता, प्रथम श्रेणी की ईट, मिट्टी, स्ट्रीट लाइट, पन्नी, बोर्ड आदि के लिए सीलबन्द निविदाएं टेंडर प्रकाशन की तिथि से दिनांक 31.10.2024 को समय 4:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर आमंत्रित की जाती हैं, जो दिनांक 01.11.2024 को समय दोपहर 2:00 बजे ग्राम पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में खोली जाएंगी। निविदा से संबंधित सभी शर्ते ग्राम पंचायत कार्यालय पर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती हैं। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार, ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1. | देवीदास के घर से नहर तक सीसी रोड निर्माण | 4 लाख |
| 2. | ग्राम पंचायत में विभिन्न स्थानों पर स्ट्रीट लाइट लगने का कार्य | 6 लाख |

विजेन्द्र सिंह (ग्राम प्रधान) अमित प्रकाश (सचिव)

### हिट कर रहा है योगी का बंटेंगे तो कटेंगे वाला मूलमंत्र, दूसरे राज्यों तक के चुनाव में लगे हैं इस संदेश के पोस्टर

# योगी आदित्यनाथ के मूलमंत्र से विपक्षी खेमा हुआ बेचैन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ताजा राजनीतिक मूलमंत्र से विपक्षी खेमा बेचैन हो चला है। खासकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव और पार्टी के वरिष्ठ नेता शिवपाल यादव की प्रतिक्रिया भी इस पर सामने आ गई है। योगी का बटेंगे तो कटेंगे वाला मंत्री इस कदर हिट है कि इसकी चर्चा महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव तक है। इन राज्यों में चुनाव के दौरान इस संदेश के पोस्टर लगे दिखे। उप्र. में भी होने जा रहे विस. उपचुनाव के दौरान योगी के मंत्र को मिशन बनाकर चलने की तैयारी है। इस मंत्र को संघ का समर्थन भी मिल जाने के बाद भाजपा इस संदेश को विपक्ष के पीडीए की काट मानकर आगे बढ़ रही है। यानि इसके पीछे हिंदुत्व के वोट बैंक को समेकित करने का प्रयास हो रहा है। सबसे पहले अगस्त माह में आगरा की एक जनसभा में योगी आदित्यनाथ ने यह बयान दिया था।



- योगी ने आगरा की जनसभा में अगस्त में दिया था बयान

उप्र. में 9 सीटों पर होने वाले विधानसभा उपचुनाव को लेकर भाजपा मतदाताओं को एकजुट करने के लिए इस नए मंत्र का उपयोग कर रही है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव के पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक यानी पीडीए पॉलिटिक्स की काट में योगी आदित्यनाथ के ''बंटेंगे तो कटेंगे'' के मंत्र को चुनावी मैदान की रणनीति को साधने में इस्तेमाल किया जाएगा। हरियाणा विस. चुनाव में ''बंटेंगे तो कटेंगे'' का नारा काफी प्रभावी रहा था।

वर्ष 2027 से विधानसभा चुनाव से पहले इसी 9 सीटों वाले उपचुनाव में भाजपा हिंदुत्व की रणनीति पर वापस लौटती दिख रही है। उपचुनाव की कमान खुद योगी आदित्यनाथ ने संभाल रखी है। प्रचार मैदान में भी वे पार्टी का प्रमुख चेहरा होंगे। उनकी ताबड़तोड़ रैलियों का कार्यक्रम है। योगी सभी 9 विधानसभा सीटों में 18 रैलियों को संबोधित करेंगे। ऐसे में योगी हर सीट पर उनकी दो जनसभाएं करेंगे।

### योगी के बयान को ही हथियार बनाएंगे अखिलेश



लखनऊ। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने बजाय योगी के बयान को निशाना बनाने के इसे चुनावी हथियार बनाने रणनीति बनायी है। सपा प्रमुख ने अपने समर्थकों को राजनीतिक संदेश देते हुए कहा कि यह नारा आपके लिए लगा रहे हैं। वह कह रहे हैं बंटो नहीं तो पीडीए परिवार भी तो नहीं बंटेगा। वह नारा आपके लिए लगा रहे हैं। अखिलेश ने रविवार को को कहा, पीडीए परिवार के लोग आप कन्फ्यूज मत हों। यह किसी लैब में तैयार हुआ नारा था, उन्हें किसी से बुलवाना था तो उप्र. के मुख्यमंत्री से बेहतर कौन बोलता, उनकी छवि भी वैसी है।

### बंटेगा की बात करने वाला पिटेगाः शिवपाल



**लखनऊ।** योगी आदित्यनाथ के बंटोगे तो कटोगे वाले बयान पर सपा के वरिष्ठ नेता शिवपाल यादव ने पलटवार किया है। मैनपुरी की करहल सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए प्रचार करने पहुंचे शिवपाल यादव ने कहा कि पीडीए ( पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक ) ना तो बंटेगा ना तो कटेगा, जो ऐसी बातें करेगा बाद में पिटेगा।

# खाने में सब्जी कम देख तवे से पीटकर पत्नी को मार डाला

सहारनपुर,एजेंसी

- आरोपी इब्बन अली को पुलिस ने गिरफ्तार किया

खाने में सब्जी कम देखकर एक व्यक्ति इतना नाराज हो गया कि उसने रोटी बनाने वाले तवे से पीटकर पत्नी को ही मार डाला। पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में लिया है। घटनाक्रम के अनुसार नगर के मोहल्ला जोगियान में रविवार दोपहर करीब दो बजे इब्बन अली अपने घर की दूसरी मंजिल पर बने कमरे में खाना खा रहा था। उसके साथ उसकी दो बेटियां 12 वर्षीया सोनम और 15 वर्षीया सिबा भी खाना खा रही थी।



मृतका शहनाज।

इसी दौरान इब्बन अली ने पत्नी शहनाज से और सब्जी मांगी। पत्नी ने सब्जी खत्म होने की बात कही तो इब्बन नाराज हो गया। उसने गुस्से में रोटी सेकने के तवे से पत्नी शहनाज( 45 ) के सिर पर लगातार करीब 20 प्रहार कर उसे मौत के घाट उतार दिया। तवे के तेज प्रहारों से शहनाज का सिर दो हिस्सों में बंट गया था।

मां की बेरहमी से की गई हत्या से दोनों बच्चियां कमरे के एक कोने में दुबक गई थी। शोर सुनकर पड़ोसी घटना स्थल की ओर भागे। कमरे में पहुंचे तो वहां की स्थिति देख हर कोई सन्न रहा गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घर पर ही मौजूद इब्बन को गिरफ्तार कर लिया।

पड़ोसियों ने बताया कि इब्बन अली ने शहनाज को छुड़ाने पहुंची पडोस की एक महिला पर भी तवे से हमले का प्रयास किया था। लोगों का कहना था कि इब्बन अली अक्सर बेवजह पत्नी और बच्चों पर चिल्लाता रहता था। मृतका शहनाज अपने पीछे तीन बेटियां छोड़ गई हैं। इनमें से बड़ी बेटी खुशी की एक साल पहले ही शादी हुई थी। सूचना पर सीओ एसएन वैभव पांडेय ने भी घटना स्थल का निरीक्षण किया।

# गांव में हार्ट अटैक तो मरीज को नहीं जाना होगा बड़े अस्पताल

### ग्रामीण क्षेत्रों की सीएचसी पर मिलेगा हार्ट अटैक का इलाज

पद्माकर पाण्डेय , लखनऊ

**अमृत विचार :** ग्रामीण क्षेत्र में हार्ट अटैक (दिल का दौरा) आ जाने की स्थिति में अब मरीज को लेकर शहर के बड़े अस्पताल की ओर भागना नहीं पड़ेगा। जल्दी ही सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों (सीएचसी) की इमरजेंसी में भी अब हृदय रोगियों का इलाज टेलीमेडिसिन के जरिए हो सकेगा। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा तैयार स्टेमी पोर्टल (एसटी-एलिवेशन मायोकार्डियल इंफार्क्शन) से सभी सीएचसी को जोड़ा जाएगा।

ग्रामीण क्षेत्र स्थित सीएचसी से हृदय रोग विशेषज्ञों के अभाव में हृदयघात के मरीजों को निराश नहीं लौटना पड़ेगा। तत्काल जांच के साथ ही उन्हें इमरजेंसी में मौजूद डॉक्टर द्वारा समुचित इलाज मुहैया कराया जाएगा। इसके लिए सीने के दर्द के साथ आने वाले मरीज की तत्काल ईसीजी जांच कराई जाएगी और रिपोर्ट को स्टेमी पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। हार्ट अटैक या सामान्य दर्द है तो पोर्टल पर ही विशेषज्ञ द्वारा इलाज तय कर दिया जाएगा। प्राथमिक इलाज देने के बाद जिले में ही मेडिकल कालेज या अन्य उच्च सरकारी चिकित्सा संस्थान में मरीज को आगे के इलाज (एंजियोप्लास्टी) के लिए रेफर किया जाएगा।

### राज्य स्तरीय समिति गठित

**लखनऊ।** हृदय रोगियों को इलाज मुहैया कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग में महानिदेशक प्रशिक्षण डॉ. सुषमा सिंह की अध्यक्षता में समिति गठित की गई है। समिति में केजीएमयू के कार्डियोलॉजिस्ट डॉ .रिशी सेठी, टेक्निकल सपोर्ट यूनिट के लिए डॉ .सीमा टंडन व डॉ .उमा सिंह, नेशनल हेल्थ मिशन से डॉ .लक्ष्मण और वाराणसी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ .संदीप चौधरी शामिल हैं।

लखनऊ। हार्ट अटैक गंभीर समस्या है, प्रथम चरण में प्रदेश के चार जिलों लखनऊ, कानपुर, वाराणसी और आगरा में इलाज की सुविधा शुरू होगी। इसके लिए राज्य स्तरीय कमेटी बनी है, पोर्टल संचालन की जिम्मेदारी को लेकर अभी निर्णय नहीं हुआ है। सीएचसी पर टेक्नीशियन्स को ईसीजी करने और पोर्टल पर अपलोड करने को लेकर प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

**– डॉ .सुषमा सिंह, महानिदेशक प्रशिक्षण स्वास्थ्य विभाग**

# नाबालिग छात्रा से यौन उत्पीड़न में दो आरोपी हिरासत में

**मुजफ्फरनगर, एजेंसीः** जिले में 15 वर्षीया एक छात्रा से उसके ही स्कूल में पढ़ने वाले दो नाबालिगों ने यौन उत्पीड़न किया और धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। पुलिस के मुताबिक, घटना भोपा थाना क्षेत्र के एक गांव में शनिवार को हुई, जहां 10वीं कक्षा में पढ़ने वाली पीड़िता के परिजनों द्वारा दर्ज कराई गयी शिकायत में आरोप लगाया गया कि दो नाबालिग छात्रों ने लड़की का यौन उत्पीड़न किया और विरोध करने पर उसे जान से मारने की कोशिश की। पुलिस ने बताया कि यह घटना तब हुई जब छात्रा स्कूल से अपने घर जा रही थी। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने पीड़िता का एक वीडियो भी बनाया और उसे संपादित करने के बाद सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) डॉ. रविशंकर ने बताया कि पुलिस ने पॉक्सो सहित कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

# बंटेंगे तो कटेंगे, एक रहेंगे तो नेक रहेंगे : प्रांत संघ चालक

विशेष संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचारः** बीएनएसडी शिक्षा निकेतन सभागार में श्रीमद्भगवत गीता वैदिक न्यास की बैठक में अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रांत चालक भवानी भीख ने कहा कि गीता ग्रंथ एकता और एकजुटता के साथ शक्तिशाली समाज का संदेश देती है। 'बंटेंगे तो कटेंगे, एक रहेंगे, तो नेक रहेंगे' का संदेश आज के परिप्रेक्ष्य में एकजुटता और शक्तिशाली समाज की परिकल्पना के लिए ही है।

बैठक में घर-घर नित्य गीता पाठ का आह्वान करते हुए गीता जयंती पर मानव श्रृंखला तथा भावी कार्यक्रमों पर चर्चा की गयी। बताया गया कि श्रीमदभगवद्गीता वैदिक न्यास एवं अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा शिक्षक गरिमा सम्मान सीएसजेएम विश्वविद्यालय में शीघ्र आयोजित किया जाएगा। विश्व हिंदू परिषद के कार्याध्यक्ष डा.उमेश पालीवाल ने विद्यालयों में निःशुल्क वितरित की जा रही गीता प्रतियों की जानकारी देते हुए कहा कि समाज में ऐसे बौद्धिक योद्धा तैयार करने की आवश्यकता है, जो गीता के महत्व के साथ ही सामाजिक ताने-बाने को मजबूती प्रदान करें। गीता आंदोलन के प्रमुख अमरनाथ ने कहा कि नित्य साप्ताहिक गीता पाठ एवं स्वयं तथा परिवार में गीता पाठ की व्यवस्था स्वयं संकल्पित होकर करें। भाजपा श्रम प्रकोष्ठ के संयोजक भूपेश अवस्थी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

संचालन परमानंद शुक्ल ने किया। बालयोगी अरूण चैतन्यपुरी, महन्त जीतेन्द्र दास, डॉ. रोचना बिश्नोई, प्रेमचन्द्र अग्निहोत्रा, मुकुन्द मिश्रा, प्रेसक्लब महामंत्री शैलेश अवस्थी, रोटेरियन कमल त्रिवेदी, डॉ. हरीश अजमानी, डॉ.श्यामबाबू गुप्ता, आरसी गुप्ता, गायत्री परिवार के अशोक तिवारी, तुशमुल, बृजमोहन सिंह, अमित अग्रवाल, वेणुरंजन भदौरिया, उमेश निगम, अखिलेश शुक्ला, केके शुक्ला, मोरमुकुट ने विचार रखे।

### डीसीएम की ठोकर से बाइक में लगी आग, दो की मौत

**भदफर, सीतापुर, अमृत विचार :** लखीमपुर सीमा क्षेत्र से सटे सीतापुर बार्डर पर रविवार रात डीसीएम की चपेट में बाइक आ गई। लखीमपुर खीरी–बहराइच मार्ग पर हुए हादसे के बाद बाइक में आग लग गई। जिससे वाहन सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मासूम जख्मी हुआ है। इसको देर रात लखीमपुर स्थित नकहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया है। लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के सिमरिया गांव निवासी प्रेम पुत्र श्रीपाल अपनी पुत्री शालिनी पत्नी संग्राम को लेकर लखीमपुर जा रहे थे। प्रेम के साथ 4 वर्षीय पुत्र चन्द्र प्रकाश भी थी। बताते हैं कि बाइक सवार लहरपुर स्थित सेमरिया गांव के करीब पहुंचे। इसी दौरान लखीमपुर– बहराइच मार्ग पर पेट्रोल पंप के निकट तेज तरफ्तार डीएम ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद बाइक डीसीएम में फंसकर दूर तक घिसटती चली गई। जिससे बाइक में आग लग गई। हादसे में घटनास्थल पर ही प्रेम और उसकी पुत्री शालिनी ने दम तोड़ दिया। बालक बुरी तरह से जख्मी हो गई। खबर पाकर भदफर चौकी इंचार्ज लाल बहादुर मिश्रा मौके पर पहुंचे। घायल बच्चे को लखीमपुर खीरी जनपद स्थित नकहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। उधर, हादसे के बाद डीसीएम चालक मौके से फरार हो गया है।

- लखीमपुर-बहराइच मार्ग पर दंडपुरवा गांव के करीब हुआ हादसा
- लहरपुर कोतवाली क्षेत्र का है मामला, देर रात हुई दुर्घटना, मौके पर पुलिस

## सार-संक्षेप

### मऊ में बाल सुधार गृह से फरार हुए आठ बच्चे

**मऊ,एजेंसी :** जिले में एक राजकीय बाल सुरक्षा गृह से आठ बच्चे फरार हो जाने से हड़कंप मच गया। उनमें से छह कैदियों को पकड़ लिया गया है, बाकी दो बच्चों की तलाश की जा रही है। पुलिस क्षेत्राधिकारी ( नगर ) सीओ सिटी अंजनी कुमार पांडे ने बताया कि शनिवार को शहर कोतवाली क्षेत्र में स्थित राजकीय संप्रेक्षण गृह से रसोई के रास्ते आठ किशोर भाग गए थे। उनमें से छह को अभी तक पकड़ लिया गया है जबकि दो अन्य की तलाश की जा रही है। मामले में भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत करते हुए कार्यवाही चल रही है। इस मामले की जांच करने पहुंचे सिटी मजिस्ट्रेट विजेंद्र कुमार सिंह ने संवाददाताओं को बताया कि बच्चे कैसे फरार हुए थे और इसमें किसकी संलिप्तता है, इसकी जांच चल रही है।

### ट्रक ने मारी पिकअप में टक्कर, 2 की मौत, 13 घायल

**फर्रुखाबाद,अमृत विचार :** इटावा–बरेली नेशनल हाईवे पर शनिवार देर रात अनियंत्रित ट्रक ने पिकअप में टक्कर मार दी। जिसमें 2 लोगों की मौत हो गई जबकि 13 लोग घायल हो गये। हादसे के बाद मची चीख–पुकार से आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया। जनपद मथुरा के थाना गोवर्धन के कस्बा महरौली निवासी रासलीला की मंडली जनपद हरदोई के कस्बा सवायजपुर के ग्राम साहिबाबाद से रासलीला समापन होने के बाद पिकअप से फर्रुखाबाद रेलवे स्टेशन जा रही थी। थाना राजेपुर क्षेत्र में जमापुर के निकट ट्रक ने पिकअप में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें पिकअप सवार 15 लोग घायल हो गए। बाद में लोहिया अस्पताल में पिकअप चालक और रासलीला पार्टी के संयोजक ओमप्रकाश की इलाज के दौरान मौत हो गई।

### विदेशी बाजार की मांग पर फसल उगाने की कवायद

**लखनऊ, अमृत विचार :** राज्य सरकार की कोशिश यहां के किसानों से विदेशी बाजार की मांग के अनुसार फसल उगवाने की है। इस कवायद के में प्रति ब्लॉक वन क्रॉप योजना शुरू होगी। इसके तहत हर ब्लॉक में एक विशेष फसल का चयन किया जाएगा, जो उस क्षेत्र की जलवायु और मिट्टी के अनुसार सबसे उपयुक्त होगी।उद्यान और कृषि निर्यात राज्य मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि किसानों को आधुनिक तकनीक और नवाचार से जोड़ा जा रहा है। इसी कड़ी में ' 'पर ब्लॉक वन क्रॉप' ' योजना शुरू की जा रही है, जिसका उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाना और उनकी उपज की गुणवत्ता में सुधार करना है। उद्यान मंत्री ने रविवार को बताया कि हर ब्लॉक में एक विशेष फसल का चयन किया जाएगा, जो उस क्षेत्र की जलवायु और मिट्टी के अनुसार सबसे उपयुक्त होगी। योजना अंतर्गत, किसानों को एक ही प्रकार की फसल उगाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

# ट्रेन में कोच सहायक ने महिला से छेड़छाड़ की, रिपोर्ट दर्ज

**बलिया,एजेंसीः** वाराणसी से मुजफ्फरपुर जाने वाली 15232 गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस में एक महिला यात्री के साथ कोच सहायक द्वारा छेड़खानी की गयी। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) बलिया के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) विवेकानंद के अनुसार, यह घटना 22 अक्टूबर की रात को बलिया रेलवे स्टेशन से ट्रेन के रवाना होने के बाद हुई।

एसएचओ ने बताया,कि बिहार के मोतिहारी जिले की एक युवती जब अपनी सीट पर सो रही ती तब कोच सहायक राकेश कुमार श्रीवास्तव ने कथित तौर पर छेड़छाड़ की और उसे परेशान किया। एसएचओ ने बताया कि पीड़िता ने तुरंत ट्रेन में ही रेलवे पुलिस को घटना की सूचना दी।

शिकायत के आधार पर 24 अक्टूबर को छपरा बिहार जीआरपी थाने में मामला दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि शनिवार को मामले को आगे की जांच के लिए बलिया जीआरपी को सौंप दिया गया है। जीआरपी मामले की छानबीन कर रही है।

# महाकुंभ में खुलेंगे अस्थाई हाईटेक अस्पताल, तैनात होंगे एम्स के चिकित्सक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राज्य सरकार रखेगी श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य का ख्याल, 15 दिसंबर तक काम पूरा करने का लक्ष्य
- 10 लाख ओपीडी व 10 हजार आईपीडी की होगी क्षमता, एक्सरे-एमआरआई एक्सपर्ट की तैनाती

**अमृत विचारः** महाकुंभ में श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य की जांच के लिए हाईटेक अस्थाई अस्पताल बनाए जा रहे हैं, जिसमें रायबरेली एम्स के चिकित्सकों की टीम भी लोगों की देखभाल के लिए मौजूद रहेगी। बाकायदा एक्सरे, एमआरआई, लैब टेस्ट की भी सुविधा रहेगी। स्वस्थ महाकुंभ को नव्य और भव्य रूप देने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने 10 लाख ओपीडी और 10 हजार आईपीडी तक की क्षमता की तैयारी पूरी कर ली है।

राज्य सरकार श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य की देखभाल के पुख्ता इंतजाम कर रही है। सरकार की ओर से विभागीय अफसरों को 15 दिसंबर तक सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए पहले ही 77.5 करोड़ रुपये से ज्यादा के 43 प्रोजेक्ट पर काम किया जा रहा है।

संयुक्त निदेशक (चिकित्सा स्वास्थ्य) प्रयागराज, वीके मिश्र ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर महाकुंभ के दौरान स्वास्थ्य विभाग सभी इंतजाम पुख्ता करने की तैयारियों में जुटा है। किसी भी श्रद्धालु को स्वास्थ्य के लिहाज से कोई समस्या ना आने पाए इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के अफसरों की टीम दिन-रात काम में लगी है। इसके तहत 100 बेड का अस्पताल परेड ग्राउंड में तैयार किया जा रहा है।

वहीं, महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए हर प्रकार की जांच की सुविधा मौजूद रहे, इसकी व्यवस्था बनाई जा रही है। इसके अलावा 10 लाख ओपीडी और 10 हजार आईपीडी की क्षमता का लक्ष्य भी रखा गया है।

श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो इसका विशेष ध्यान रखा जायेगा।

## वर्ग पहेली-235

**बाएं से दाएं**

3. अलग–अलग करने की अवस्था या भाव।
4. 1. अतिसार रोग 2. जलोदर।
5. हंस या बत्तख की जाति का एक पक्षी।
6. दादा या बाबा के पिता,परदादा।

**ऊपर से नीचे**

1. हिमालय, पर्वतराज, नगाधिपति।
2. एक प्रकार की कांटेदार झाड़ी।
4. 1. एक प्राचीन बाजा 2. युद्ध क्षेत्र में बजाया जाने वाला एक प्रकार का ढोल।
5. 1. अरब के मक्का शहर की वह चौकोर इमारत जिसकी नींव इब्राहीम के द्वारा रखी हुई मानी जाती है और उक्त इमारत को मुसलमान ईश्वर का घर मानते हैं, पवित्र तीर्थस्थल 2. उक्त जगह जहां मुसलमान लोग हज करने जाते हैं 3. चौकोर चीज़ 4. पासा।



### वर्ग पहेली -234 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 रू | म | | 2 गे | | 3 लो |
| | | | र | | न |
| 4 अ | ति | दु | स | ह | |
| | | | र | | |
| 5 प | रो | प | का | र | |
| पृ | | | री | | 6 चा |
| 7 पी | ना | | | | रा |

## सुडोकू -148

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | | | 9 | | | |
| 6 | | | | 1 | | 8 | 7 | |
| | 1 | | 3 | 2 | | | | 4 |
| | 4 | | | 3 | | | | 9 |
| 9 | 8 | | 7 | | 6 | | 4 | 2 |
| 5 | | | | 9 | | | 3 | |
| 3 | | | | 6 | 1 | | 2 | |
| | 9 | 1 | | 4 | | | | 6 |
| | | | 8 | | | 5 | | |

### सुडोकू - 147 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 9 | 5 | 1 | 3 | 2 | 8 | 6 |
| 1 | 5 | 6 | 2 | 8 | 4 | 7 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 2 | 7 | 6 | 9 | 4 | 5 | 1 |
| 9 | 2 | 3 | 4 | 7 | 5 | 1 | 6 | 8 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 3 | 8 | 9 | 2 | 5 |
| 5 | 6 | 8 | 1 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 |
| 2 | 3 | 5 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 6 | 9 | 7 | 8 | 2 | 1 | 5 | 4 | 3 |
| 8 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 6 | 9 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 28 अक्टूबर सोमवार 2024 संवत–2081, शक संवत 1946 मास–कार्तिक, पक्ष–कृष्ण पक्ष, तिथि–एकादशी 07 .50 तक तत्पश्चात द्वादशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल–पूर्व। ऋतु–हेमंत।
चन्द्रबल– मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुम्भ, मीन।
ताराबल–अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र–पूर्वाफाल्गुनी 03 .24 तक तत्पश्चात उत्तराफाल्गुनी।

**मेष** – आज कार्यक्षेत्र में आप बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। संतान के विवाह में आ रही परेशानी दूर होगी। आय में वृद्धि होने की संभावना है। मित्रों के साथ सार्थक चर्चा का आनंद उठायेंगे। लवमेट्स के साथ रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी।

**वृष** – आज विवादित मामलों का निपटारा हो सकता है। बच्चों के साथ आप अच्छा समय बितायेंगे। व्यर्थ समय बर्बाद न करें। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद प्राप्त होगा। दोस्तों के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। पारिवारिक जनों की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे।

**मिथुन** – आज नया कारोबार शुरू कर सकते हैं। किसी बड़ी समस्या का समाधान हो सकता है। कमीशन संबंधित कार्यों से धन लाभ होगा। परिवार में मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। आज आपका दिन बहुत ही अच्छा व्यतीत होगा। घर में नजदीकी रिश्तेदार आ सकते हैं।

**कर्क** – आज आपके आत्मविश्वास में बढ़ोत्तरी होगी। आलस्य और प्रमाद से बचें। रोजगार में बाधा आ सकती है। आपको कर्ज लेना पड़ सकता है। अपरिचित लोगों पर अंधविश्वास करना उचित नहीं है। मन में अज्ञात भय व्याप्त हो सकता है।

**सिंह** – आज आपसे बड़े–बुजुर्ग आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। संपत्ति के क्रय–विक्रय से आपको लाभ प्राप्त होगा। सामाजिक स्तर पर आप काफी लोकप्रिय रहेंगे। पूजा–पाठ में मन लगेगा। आपको अपने स्वाभिमान की रक्षा करनी होगी। स्वास्थ्य बहुत ही अच्छा रहेगा।

**कन्या** – आज आप नया वाहन खरीद सकते हैं। पुरानी स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से छुटकारा होगा। प्रेम संबंधों को लेकर भावुक हो सकते हैं। सहयोगी आपकी काफी मदद करेंगे। यात्रा से आपको लाभ प्राप्त होगा। जॉब में आपको बेहतरीन परिणाम प्राप्त होंगे।

**तुला** – आज कार्यक्षेत्र में अपेक्षानुकूल परिणाम मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। भाई–बहनों के साथ संबंध मधुर रहेंगे। लंबी दूरी की यात्रा हो सकती है। वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा। सामाजिक कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी। लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**वृश्चिक** – आज जीवनसाथी के ऊपर धन खर्च कर सकते हैं। परिवार में आपका वर्चस्व मजबूत होगा। व्यापार में आपको जबरदस्त धन लाभ प्राप्त होगा। व्यवसाय में आपको बड़ा धन लाभ हो सकता है। पुराने विवादों को लेकर झगड़ा समाप्त होने की संभावना है।

**धनु** – आज करियर को लेकर आप कुछ विशेष योजना बना सकते हैं। फालतू खर्चों में आप धन बर्बाद कर सकते हैं। दांपत्य जीवन में अनबन हो सकती है। प्रभावशाली लोगों के साथ आपके सम्बन्ध प्रगाढ़ होंगे। सेहत के विकार जन्म ले सकते हैं। अनावश्यक विवादों से आपको बचना चाहिए।

**मकर** – आज अपनी प्रतिभा को पहचाने और उसे विकसित करने का प्रयास करें। रुका हुआ धन आपको प्राप्त होने की संभावना बन रही है। कारोबारी यात्रा हो सकती है। परिवार का माहौल तनावमुक्त रहने वाला है। विदेश यात्रा होने के योग बन रहे हैं। भविष्य की योजनाओं के प्रति आप आकर्षित रहेंगे।

**कुंभ** – आज अपनी जीवनशैली को व्यवस्थित रखें। सर्वाइकल का दर्द उभर सकता है। वाणी में नम्रता बनाये रखें। अनजान लोगों पर ज्यादा विश्वास न करें। आपकी बातों का लोग अनादर कर सकते हैं। दिखावे की प्रवृत्ति से बचना चाहिए।

**मीन** – आज व्यापारिक अनुबंधों में सावधानी रखें। गले में इन्फेक्शन और जलन की समस्या होने की आशंका है। कारोबार में धीमापन रहेगा। परिवार की जिम्मेदारियों का आपके ऊपर दबाव रहेगा। अधिकारी वर्ग से आपको कठिनाई का अनुभव होगा।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
- नाकाबंदी – सुबह : 10 .44
- माफिया राज – रात : 07 .09

**&pictures**
- कमांडो – सुबह : 08 .15
- ब्रूस ली – रात : 07 .30

**Sony Pix**
- द रेड टू – सुबह : 10 .42
- द डार्क टावर – शाम : 05 .07

**Zee Cinema**
- प्यार में ट्विस्ट – सुबह : 11 .30
- एतराज – शाम : 05 .10

**Zee Action**
- देवी – सुबह : 10 .43
- स्पाइडर – रात : 07 .30

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर शाम : 05 .10 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

लड़का– तुम लड़कियां लव मैरिज क्यों करती हो..?
लड़की – अनजान नमूना मिलने से अच्छा है, जाना पहचाना कमीना मिल जाए..!
लड़की – तुम लड़के लव मैरिज क्यों करते ह...
लड़का– एनाकोंडा मिलने से अच्छा है कि पहले से पाली हुई नागिन मिले..!

गप्पू ने अमरूद लिए तो उसमें से कीड़ा निकला
गप्पू अमरूद वाले से– इसमें तो कीड़ा है
अमरूद वाला– ये किस्मत की बात है, क्या पता अगली बार मोटरसाइकिल निकल जाए, गप्पू– 2 किलो और दे दो!

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## एक नजर

### इंजीनियर रशीद की जमानत पर सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत आतंकवाद के लिए आर्थिक मदद मुहैया कराने के मामले में जम्मू-कश्मीर के बारामूला से लोकसभा सदस्य इंजीनियर रशीद की नियमित जमानत याचिका पर सोमवार को आदेश सुना सकती है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश चंदर जीत सिंह ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए इंजीनियर रशीद के नाम से मशहूर शेख अब्दुल रशीद को 10 सितंबर को अंतरिम जमानत दी थी। न्यायाधीश ने इससे पहले उनकी नियमित जमानत याचिका पर आदेश स्थगित कर दिया था। न्यायाधीश ने रशीद के पिता के स्वास्थ्य के आधार पर अंतरिम जमानत 28 अक्टूबर तक बढ़ा दी थी।

### दिल्ली में दो बाइक सवारों ने घर पर की गोलीबारी

**नई दिल्ली।** बाहरी दिल्ली में मोटर साइकिल सवार दो हथियारबंद बदमाशों ने एक घर पर गोलीबारी की। पुलिस ने रविवार को बताया कि शनिवार सुबह 8.40 बजे रानी बाग इलाके में हुई इस घटना के बारे में सूचना मिली। उन्होंने बताया कि घटना के तुरंत बाद पुलिस मौके पर पहुंची। फोन कॉल की घटना की पुष्टि की गई और शिकायतकर्ता से विवरण लिया गया। पाया गया कि दो मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति आए और उनमें से एक ने कई राउंड गोलियां चलाई और फरार हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि आरोपियों ने एक पर्ची भी फेंकी जिस पर बंबीहा गिरोह लिखा था।

### थाना में युवक के आत्महत्या में थानाध्यक्ष निलंबित

**बक्सर।** बिहार के बक्सर जिले के सिमरी थाने में हिरासत में बंद शराबी धनहा गांव निवासी युवक राजेश कुमार खरवार ने शनिवार की शाम थाना के हाजत में अपने बेल्ट से फंदा बनाकर आत्महत्या करने की कोशिश की, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। इलाज के लिए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और फिर सदर अस्पताल भेजा गया, जहां उसकी मौत हो गई। थानाध्यक्ष ने हालांकि, इस बात को छिपाने की कोशिश की।

### सवाई माधोपुर में मालगाड़ी पटरी से उतरी

**भरतपुर।** राजस्थान में सवाई माधोपुर में दिल्ली-मुम्बई रेलमार्ग पर शनिवार देर रात दिल्ली से मुंबई जा रही मालगाड़ी पटरी से उतर गई। सूचना पर स्थानीय अधिकारी, जिला प्रशासन एवं पुलिस मौके पर पहुंची। रेलवे के अनुसार मालगाड़ी सवाई माधोपुर रेलवे स्टेशन के पास पहुंची उसी समय गंगापुसिटी की तरफ बी केबिन के पास मैन लाइन से लूप लाइन पर लेते वक्त मालगाड़ी के इंजन की ओर से तीसरे नम्बर का डिब्बा पटरी से उतर गया।

# डिजिटल अरेस्ट पर रूको, सोचो और एक्शन लो : मोदी

## प्रधानमंत्री बोले- देश में रचनात्मक ऊर्जा की लहर, एनिमेशन की दुनिया में मेड इन इंडिया और मेड बाइ इंडियंस छाया

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डिजिटल अरेस्ट के बढ़ते मामलों पर चिंता जताते हुए रविवार को देशवासियों से रुको, सोचो और एक्शन लो का मंत्र साझा किया। इस बारे में अधिक से अधिक जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 150वीं कड़ी में प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के रचनात्मक ऊर्जा की लहर चल रही है और एनिमेशन की दुनिया में मेड इन इंडिया और मेड बाइ इंडियंस छाया हुआ है।

उन्होंने कहा कि एनिमेशन की दुनिया में भारत नयी क्रांति की राह पर है जबकि गेमिंग क्षेत्र का भी विस्तार हो रहा है और ये दुनिया में लोकप्रिय हो रहे हैं। डिजिटल अरेस्ट से जुड़े

**मन की बात**



● एनिमेशन की दुनिया में भारत नई क्रांति की राह पर, गेमिंग क्षेत्र का भी विस्तार हो रहा

फरेबी और पीड़ित के बीच बातचीत का वीडियो भी साझा किया और कहा कि कोई भी एजेंसी न तो धमकी देती है, न वीडियो कॉल पर पूछताछ करती है और न पैसों की मांग करती है। प्रधानमंत्री ने इससे बचने के लिए राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर डायल करने और साइबर क्राइम डॉट जीओवी डॉट इन पर रिपोर्ट करने के अलावा परिवार व पुलिस को सूचना देने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि डिजिटल अरेस्ट से निपटने के लिए राज्य सरकारों के साथ मिलकर नेशनल साइबर कोआर्डिनेशन केंद्र की स्थापना की गई है।

प्रधानमंत्री ने छोटा भीम, कृष्णा, हनुमान और मोटू-पतलू जैसे एनिमेशन चरित्रों का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि यह सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि दूसरे देश के बच्चों को भी खूब आकर्षित करते हैं और इन्हें चाहने वाले भी दुनियाभर में हैं। उन्होंने स्पाइडर मैन और ट्रांसफॉर्मर्स जैसी फिल्मों में भारतीय एनिमेटर हरि नारायण राजीव के योगदान की चर्चा की। मोदी ने आत्मनिर्भर भारत पर कहा कि यह देश की सामूहिक चेतना का हिस्सा है हमारी प्रेरणा व जुनून बन गया है।

### भारतीय संस्कृति विश्व को कर रही आकर्षित

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारतीय संस्कृति विश्व को आकर्षित कर रही है जिसकी वजह से दुनिया भर के लोग भारत को जानना चाहते हैं। मोदी ने कहा कि सुलेख के जरिए हमारी लिखावट साफ, सुंदर और आकर्षक बनी रहती है। आज जम्मू-कश्मीर में इसका उपयोग स्थानीय संस्कृति को लोकप्रिय बनाने के लिए किया जा रहा है। अनंतनाग की फ़िरदौसा बशीर को कैलीग्राफ़ी (सुलेख) में महारत हासिल है, इसके जरिए वह संस्कृति के कई पहलुओं को सामने ला रही हैं। ऐसा ही प्रयास उधमपुर के गोरीनाथ कर रहे हैं। एक सदी पुरानी सारंगी के जरिए वह डोगरा संस्कृति और विरासत को सहेजने में जुटे हैं। डी. वैकुन्ठम चेरियाल फोक आर्ट को लोकप्रिय बनाने में जुटे हैं। तेलंगाना से जुड़ी इस कला को आगे बढ़ाने का उनका यह प्रयास अद्भुत है। छत्तीसगढ़ में नारायणपुर के बुटलूराम माथरा अबूझमाड़िया जनजाति की लोक कला को संरक्षित करने में जुटे हुए हैं।

### आजादी के महापुरुष रास्ता दिखाते हैं

प्रधानमंत्री ने बिरसा मुंडा और सरदार पटेल की 150वीं जयंती के वर्ष को जीवंत बनाने के लिए देशवासियों से सहभागिता का आह्वान करते हुए कहा कि आजादी के आंदोलन में योगदान देने वाले महापुरुष अतीत में खो नहीं जाते हैं, बल्कि भविष्य का रास्ता दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा की जयंती पर उनकी जन्मस्थली उलिहातू की यात्रा उनके जीवन के खास पलों में एक थी, जिसका उनपर प्रभाव पड़ा। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में हर युग में कुछ चुनौतियां आईं और हर युग में ऐसे असाधारण भारतवासी जन्मे, जिन्होंने इन चुनौतियों का सामना किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने दोनों स्वतंत्रता सेनानियों की 150वीं जयंती को मनाने का निश्चय किया है।

# महायुति ने कॉरपोरेट मित्रों को लाभ पहुंचाया : कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने रविवार को आरोप लगाया कि महाराष्ट्र की महायुति सरकार ने सत्ता में रहते हुए राज्य के लोगों की भलाई की बजाय अपने कॉरपोरेट मित्रों को लाभ पहुंचाया है। कांग्रेस महासचिव एवं संचार प्रभारी जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि नवंबर 2023 में अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) के प्रमुख सलाहकार को केंद्र की विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (ईएसी) में नियुक्त किया गया, जो एजीईएल जैसी कंपनियों द्वारा बनाई गई जलविद्युत परियोजनाओं के प्रस्तावों को मंजूरी देती है।

उन्होंने कहा कि इसके तुरंत बाद, दिसंबर 2023 में कोल्हापुर के 100 से अधिक गांवों के निवासी एजीईएल की 7,000 करोड़ की पटगांव पंप



● ईएसी में नियुक्त एजीईएल के सलाहकार ने जलविद्युत परियोजनाओं को मंजूरी दी

स्टोरेज परियोजना के खिलाफ आंदोलनरत होने लगे थे। रमेश ने एक्स पर कहा कि चूंकि कोल्हापुर कम वर्षा और पानी की सीमित उपलब्धता से जूझ रहा है तथा परियोजना को अनुमति देने से पहले कोई बैठक नहीं हुई थी, इसलिए लोग इस बात को लेकर चिंतित हैं कि इससे पानी की स्थिति और खराब होगी। उन्होंने कहा कि चिंता की बात ये है कि यह अदाणी की उन तीन परियोजनाओं में से एक है, जिन्हें पश्चिमी घाटों के पारिस्थितिकी दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों में मंजूरी मिली है।

# न्यायालय ने दोषी को सजा में छूट देने पर उत्तराखंड सरकार से जवाब मांगा

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने 2003 में कवयित्री मधुमिता शुक्ला की हत्या के एक दोषी की समयपूर्व रिहाई के अनुरोध वाली याचिका पर उत्तराखंड सरकार से जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने रोहित चतुर्वेदी की याचिका पर उत्तराखंड सरकार को नोटिस जारी किया, जिसमें उनकी समयपूर्व रिहाई का आदेश देने के लिए एक सक्षम प्राधिकारी को निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त महाधिवक्ता गरिमा प्रसाद ने बिलकिस बानो मामले में आठ जनवरी और 13



**मधुमिता हत्याकांड**

● रोहित चतुर्वेदी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने जारी किया नोटिस

मई, 2022 को पारित शीर्ष अदालत के पहले के फैसलों का हवाला दिया और कहा कि इस मामले में सक्षम प्राधिकारी उत्तराखंड सरकार होगी। उन्होंने कहा कि आठ जनवरी को कहा था कि जिस राज्य में मामले की सुनवाई हुई है, वह राज्य की नीति के अनुसार दोषियों की समयपूर्व रिहाई से निपटने के लिए सक्षम प्राधिकारी होगा।

## छत्तीसगढ़ के पूर्व डीजीपी के बेटे ने की आत्महत्या

**भोपाल /रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सेवानिवृत व पूर्व डीजीपी मोहन शुक्ला के बेटे तुषार ने भोपाल में गला काटकर आत्महत्या कर ली। भोपाल के कमला नगर स्थित आवास में तुषार (54) ने आत्महत्या की तो परिजन घर पर ही थे। तुषार छत पर बैठे था। उन्होंने सबसे पहले ब्लेड से हाथ की नस काटी। इसके बाद गला काट लिया। तुषार को अस्पताल लेकर गए, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मोहन शुक्ला छत्तीसगढ़ के पहले डीजीपी थे और तुषार जेएसपीएल में लायजनिंग अधिकारी रायपुर था।

# मध्यस्थता कानून में संशोधन के लिए मसौदा विधेयक पेश

नई दिल्ली, एजेंसी

● विधि मंत्रालय के विधिक मामलों के विभाग ने मसौदे पर टिप्पणियां मांगी

संस्थागत मध्यस्थता को और अधिक बढ़ावा देने तथा ऐसे मामलों में अदालती हस्तक्षेप को कम करने के उद्देश्य से सरकार ने मसौदा विधेयक पेश किया है, जिसमें प्रस्तावित संशोधनों पर विचार मांगे गए हैं।

विधि मंत्रालय के विधिक मामलों के विभाग ने मध्यस्थता और सुलह (संशोधन) विधेयक, 2024 के मसौदे पर टिप्पणियां आमंत्रित करते हुए कहा है कि इसका उद्देश्य संस्थागत मध्यस्थता को और बढ़ावा देना, मध्यस्थता में अदालती हस्तक्षेप को कम करना और समय पर निष्कर्ष सुनिश्चित करना है। यह मसौदा विधेयक पूर्व विधि सचिव और पूर्व लोकसभा महासचिव टीके. विश्वनाथन की अध्यक्षता वाली विशेषज्ञ समिति द्वारा मध्यस्थता क्षेत्र में प्रस्तावित सुधारों पर रिपोर्ट विधि मंत्रालय को सौंपे जाने के कुछ महीने बाद आया है।

विधेयक में आपातकालीन मध्यस्थता की अवधारणा है। मध्यस्थ संस्थाएं अंतरिम उपाय प्रदान करने के उद्देश्य से मध्यस्थ न्यायाधिकरण के गठन से पहले आपातकालीन मध्यस्थ की नियुक्ति का प्रावधान कर सकती है।

## 200 से अधिक न्यायिक अधिकारियों का तबादला

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने अधीनस्थ अदालतों में कई न्यायिक अधिकारियों का तबादला किया, जिनमें पूर्व भाजपा सांसद एवं भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के प्रमुख रह चुके बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न मामले की सुनवाई करने वाली जज भी हैं। दिल्ली न्यायिक सेवा में 233 न्यायिक अधिकारियों की नई पदस्थापना करने के अलावा, हाईकोर्ट ने दिल्ली उच्चतर न्यायिक सेवा में 23 न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति के लिए अलग अधिसूचना भी जारी की।

# पूर्व कांग्रेस सांसद को बरी करने के खिलाफ सीबीआई की अपील मंजूर

नई दिल्ली, एजेंसी

● 1984 दंगे के एक मामले और हत्या में आरोपी है सज्जन कुमार

दिल्ली हाईकोर्ट ने 1984 के सिख विरोधी दंगों से जुड़े हत्या और दंगे के एक मामले में पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार और अन्य को बरी करने के खिलाफ सीबीआई की अपील स्वीकार कर ली है।

न्यायमूर्ति प्रतिभा एम. सिंह और अमित शर्मा की पीठ ने 21 अक्टूबर को दिए आदेश में जांच एजेंसी को निचली अदालत के 20 सितंबर 2023 के आदेश के खिलाफ अपील की अनुमति दी और मामले पर अगली सुनवाई दिसंबर में करने का फैसला किया। अपील की अनुमति किसी अदालत द्वारा किसी पक्षकार को उच्च अदालत में फैसले को चुनौती देने की औपचारिक अनुमति देना होता है। अदालत ने कहा कि अदालत की राय में सीबीआई को अपील की अनुमति स्वीकार की जाती है। अदालत ने आदेश के खिलाफ पीड़िता शीला कौर की अपील भी स्वीकार कर ली।

## शहाबुद्दीन की पत्नी और बेटे राजद में शामिल

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के पूर्व सांसद मोहम्मद शहाबुद्दीन की पत्नी हिना शहाब रविवार को अपने बेटे ओसामा शहाब के साथ पार्टी में शामिल हो गईं। हिना ने हाल ही में बिहार के सीवान से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में लोकसभा चुनाव लड़ा था। पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद व तेजस्वी यादव ने उनका स्वागत किया और शहाबुद्दीन को राजद का संस्थापक सदस्य बताया। यादव ने दावा किया कि दिवंगत नेता के परिजनों से भाजपा के खिलाफ हमारी लड़ाई में मदद मिलेगी।

## अहमदाबाद की फैक्टरी में जहरीले धुएं से दो लोगों की मौत, सात भर्ती

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद में रविवार को कपड़ा फैक्टरी में विषैले धुएं में सांस लेने के बाद दो श्रमिकों की मौत हो गई जबकि सात को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना शहर के नारोल औद्योगिक क्षेत्र में देवी सिंथेटिक्स में हुई। डीसीपी रवि मोहन सैनी ने बताया कि फैक्टरी में जब तेजाब को टैंक में डाला जा रहा था, तब नौ श्रमिकों ने जहरीला धुआं अंदर ले लिया। पुलिस को पूर्वाह्न 10:30 बजे सूचना मिली कि नारोल की फैक्टरी में जहरीली गैस के रिसाव से नौ लोग प्रभावित हैं और उन्हें एलजी अस्पताल ले जाया गया, जहां दो की मौत हो गई। सात श्रमिक अस्पताल में भर्ती है, जिनमें से चार की हालत गंभीर है।

● तेजाब टैंक में डालते समय श्रमिकों ने जहरीला धुआं अंदर ले लिया, चार श्रमिकों की हालत चिंताजनक

## 105 किलो हेरोइन व 6 हथियारों समेत दो गिरफ्तार

**अमृतसर।** पंजाब पुलिस ने तुर्की-आधारित ड्रग तस्कर नवप्रीत सिंह उर्फ नव भुल्लर के दो सहयोगियों को 105 किलो हेरोइन और पांच विदेशी एवं एक देशी पिस्तौल समेत गिरफ्तार किया है। पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने रविवार को बताया कि आरोपियों में नवजोत सिंह निवासी बाबा बकाला, अमृतसर और लवप्रीत निवासी काला संघिया, कपूरथला है। यादव ने बताया कि हेरोइन के अलावा, 31.93 किलो कैफीन एनहाइड्रस व 17 किलो डेक्स्ट्रोमेथॉर्फ़न सहित बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित दवाएं मिली हैं।

## असम में चतुर्थ श्रेणी की परीक्षा आयोजित, इंटरनेट सेवाएं बंद

**गुवाहाटी।** असम सरकार में चतुर्थ श्रेणी के पदों पर भर्ती के लिए रविवार को लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया और इस दौरान राज्य में करीब सात घंटे के लिए मोबाइल इंटरनेट सेवाएं बंद की गईं। राज्य भर में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं सुबह साढ़े आठ बजे से शाम चार बजे तक निलंबित की गई हैं। पिछले दो महीनों में यह तीसरा मौका है जब मोबाइल इंटरनेट सेवाएं निलंबित की गई हैं। शुक्रवार को जारी किए गए एक आदेश में कहा गया कि ''स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी लिखित परीक्षा आयोजित कराने तथा सार्वजनिक सुरक्षा पर प्रभाव डालने वाली कानून-व्यवस्था संबंधी घटनाओं को रोकने के लिए'' मोबाइल इंटरनेट, वाई-फाई और मोबाइल डेटा सेवाएं सुबह साढ़े आठ बजे से शाम चार बजे तक निलंबित की गई हैं।

## कारोबार/कृषि

## एक नजर

### विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 688.3 अरब डॉलर पहुंचा

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में भारी कमी होने से 18 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.2 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 688.3 अरब डॉलर पर आ गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10.8 अरब डॉलर गिरकर 690.4 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 18 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 3.9 अरब डॉलर की बड़ी गिरावट के साथ 598.2 अरब डॉलर पर आ गई। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 1.8 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 67.4 अरब डॉलर पहुंच गया।

### ओएनजीसी प्रमुख एचपीसीएल के चेयरमैन भी हो : समिति

**नई दिल्ली।** ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक को उसकी अनुषंगी कंपनी हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन (एचपीसीएल) का भी चेयरमैन होना चाहिए। दोनों कंपनियों के बीच समन्वय बनाने पर काम करने वाली समिति ने कहा कि ऐसा करना कॉरपोरेट समूह का केवल एक चेयरमैन होने के आम चलन के अनुरूप है। ओएनजीसी ने जनवरी, 2018 में सरकार से एचपीसीएल में उसकी पूरी 51.11 प्रतिशत हिस्सेदारी 36,915 करोड़ रुपये में खरीदी थी।

### हयात का होटल की संख्या 100 तक पहुंचाने का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** वैश्विक आतिथ्य क्षेत्र की प्रमुख कंपनी हयात होटल्स कॉरपोरेशन का पांच से छह साल में भारत में होटल की संख्या को दोगुना कर 100 तक पहुंचाने का लक्ष्य है। कंपनी के प्रबंध निदेशक (भारत और दक्षिण-पश्चिम एशिया) संजय शर्मा ने ईमेल से बताया कि कंपनी वैश्विक ब्रांड को भारत में पेश करने के अवसरों की तलाश कर रही है।

# अफ्रीका का समर्थन जारी रखेगा भारत : सीतारमण

## केंद्रीय मंत्री ने जी7 व जी20 से अफ्रीका को समर्थन देने का किया आग्रह

● बुनियादी ढांचे के विकास व स्वास्थ्य क्षेत्र में हर तरह से करेगा मदद

वाशिंगटन, एजेंसी

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जी7 व जी20 से अफ्रीका के लिए समर्थन बढ़ाने का आग्रह करते हुए कहा है कि बुनियादी ढांचे के विकास और स्वास्थ्य क्षेत्र जैसे क्षेत्रों में अफ्रीका को तकनीकी विशेषज्ञता और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण की पेशकश करते हुए भारत अफ्रीका को हर तरह से समर्थन करना जारी रखेगा।

सीतारमण ने रविवार को विश्व बैंक और अतंर्राष्ट्रीय मुद्रा कोर्ष (आईएमएफ) की वार्षिक बैठक के दौरान अफ्रीका में विकास के लिए जी7 पहलों और विकास वित्त चुनौतियों के लिए देश-विशिष्ट समाधानों पर चर्चा करने के लिए जी7 अफ्रीकी मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन में भाग लिया। भारत-अफ्रीका के बीच गहरी साझेदारी को देखते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 10 मार्गदर्शक सिद्धांतों के साथ इस साझेदारी को फिर से परिभाषित किया है, जिसका उद्देश्य क्षमता निर्माण, सार्वजनिक सेवाओं और जलवायु परिवर्तन से निपटने के माध्यम से अफ्रीका के विकास का समर्थन करना है। वित्त मंत्री ने बहुपक्षीय विकास बैंकों की बढ़ी हुई ऋष्ठा देने की क्षमता से अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों से समर्थन पर जोर दिया।

### सीतारमण ने की गीता गोपीनाथ से भेंट



वाशिंगटन। सीतारमण ने आईएमएफ की प्रथम उपप्रबंध निदेशक गीता गोपीनाथ से मुलाकात की जहां गोपीनाथ ने 16वीं सामान्य समीक्षा के लिए भारत के समर्थन का अनुरोध किया। सीतारमण ने आयोजन की सफलता पर गोपीनाथ को बधाई दी और निरंतर सहयोग के प्रति आशा व्यक्त की। उन्होंने नौकरियों और कौशल पर केंद्रित हाल की केंद्रीय बजट घोषणाओं पर भी प्रकाश डाला।

# शेयर बाजार-फाइनेंशियल सर्विसेज : अवसर-जोखिम

फाइनेंशियल सर्विसेज और शेयर बाजार के बीच का संबंध वित्तीय दुनिया का एक महत्वपूर्ण पहलू है। फाइनेंशियल सर्विसेज कंपनियां पूंजी जुटाने, निवेश के अवसर प्रदान करने और बाजार अनुसंधान के माध्यम से निवेशकों को समर्थन करती हैं। वहीं, शेयर बाजार निवेशकों को उच्च रिटर्न और विविधता के अवसर देता है। हालांकि, इसमें जोखिम भी शामिल हैं, जैसे बाजार की अस्थिरता और क्रेडिट जोखिम। इस लेख में हम इस संबंध की गहराई, इसके लाभ, जोखिम, और जानकारी कैसे प्राप्त करें। फाइनेंशियल सर्विसेज और शेयर बाजार का संबंध गहरा और जटिल है। आइए, इसे विस्तार से समझते हैं।



### दोनों में संबंध- पूंजी जुटाना

- **आईपीओ :** जब फाइनेंशियल सर्विसेज कंपनियां शेयर बाजार में शेयर जारी करती हैं, तो वे सार्वजनिक निवेशकों से धन जुटाती हैं। यह कंपनियों को विस्तार और विकास के लिए पूंजी प्रदान करता है।
- **बॉण्ड इश्यू :** कंपनियां पूंजी जरूरतों के लिए बॉण्ड भी जारी करती हैं, जिससे उन्हें लंबी अवधि में ऋण मिलता है।

### निवेशकों को लाभ

- **लंबी अवधि में वृद्धि :** शेयर बाजार में यदि सही तरीके से किया जाए तो लंबी अवधि में उच्च रिटर्न की संभावना होती है।
- **विभिन्न उत्पाद :** फाइनेंशियल सर्विसेज कंपनियां कई प्रकार के निवेश उत्पादों की पेशकश करती हैं, जैसे शेयर, बॉण्ड, म्यूचुअल फंड्स आदि। इससे निवेशक अपने पोर्टफोलियो को विविधित ला सकते हैं।
- **निवेश सलाहकार :** फाइनेंशियल सर्विसेज कंपनियां पेशेवर वित्तीय सलाहकारों की ओर से मार्गदर्शन प्रदान करती हैं, जो निवेशकों को सही निर्णय लेने में मदद करते हैं।

### जोखिम

- **अस्थिरता :** शेयर बाजार में मूल्य में उतार-चढ़ाव होता है, जो निवेशकों को वित्तीय नुकसान पहुंचा सकता है।
- **क्रेडिट :** यदि कोई फाइनेंशियल कंपनी वित्तीय कठिनाइयों में होती है, तो इससे निवेशकों को हानि हो सकती है।
- **नियमों में परिवर्तन :** वित्तीय क्षेत्र में नियम बदलते रहते हैं। इससे कंपनियों के संचालन पर असर पड़ सकता है।

### पहचान और जानकारी

- **एनएसई/बीएसई :** दोनों की वेबसाइटों से कंपनियों की जानकारी, शेयर की कीमतें और अन्य डेटा ले सकते हैं।
- **वित्तीय रिपोर्ट :** कंपनियों की वार्षिक और तिमाही रिपोर्ट का अध्ययन करें। इनमें वित्तीय प्रदर्शन का विवरण होता है।

### निवेश के विकल्प

- **म्यूचुअल फंड्स :** ये फंड निवेश करने के लिए लोकप्रिय हैं। सर्विसेज कंपनियां कई प्रकार के म्यूचुअल फंड्स उपलब्ध कराती हैं, जैसे इक्विटी फंड, डेट फंड, आदि।
- **पेंशन फंड :** ये दीर्घकालिक निवेश विकल्प होते हैं जो शेयर बाजार के माध्यम से फाइनेंशियल सर्विसेज द्वारा प्रबंधित होते हैं।

### बाजार अनुसंधान

- फाइनेंशियल कंपनियां निवेशकों को बाजार के बारे में जानकारी और विश्लेषण प्रदान करती हैं। ये जानकारी निवेशकों को सही निर्णय लेने में मदद करती है।

# त्योहारी सत्र से उपकरण विनिर्माताओं को बिक्री में 30% वृद्धि की उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी

● ऑनलाइन खुदरा मंच के त्योहारी सेल से दहाई अंक में वृद्धि, धनतेरस के लिए ऑफलाइन के जोर पकड़ने की आशा

उपकरण और उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग को इस वर्ष त्योहारी सीजन की बिक्री में 30% वृद्धि की उम्मीद है। प्रमुख ऑनलाइन खुदरा मंच फ्लिपकार्ट और अमेज़न के त्योहारी सेल से दहाई अंक में वृद्धि हुई है तथा धनतेरस सप्ताह के दौरान ऑफलाइन माध्यमों से भी अंतिम समय में इसके जोर पकड़ने की उम्मीद है।

उद्योग जगत के लोगों ने कहा कि इस त्योहारी सीजन में प्रीमियमीकरण का चलन है, जहां उपभोक्ता ऊर्जा दक्षता, उच्च क्षमता और बड़े आकार की सुविधाओं के लिए अतिरिक्त भुगतान करने को तैयार हैं। यहां तक कि एआई और आईओटी प्रौद्योगिकी संचालित उत्पादों में भी रुचि दिखा रहे हैं। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स, पैनासोनिक, सोनी, गोदरेज अप्लायंसेज और हायर जैसी कंपनियों ने ओणम से ही त्योहारी बिक्री की शुरुआत कर दी है।

उम्मीद है कि यह गति 45 दिन की त्योहारी अवधि के शेष सप्ताह तक जारी रहेगी, जो दिवाली के बाद समाप्त होगी। एलजी इंडिया के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (घरेलू उपकरण) संजय चितकारा ने कहा कि सभी श्रेणियों में अच्छी वृद्धि हुई है। इस सीजन में छोटे दूसरी और तीसरी श्रेणी के बाजारों से भी प्रीमियम उत्पादों की मांग बढ़ी है, जो उत्साहजनक है।

## कारोबारी से जुड़े म्यूचुअल फंड ने एक साल में दिया 56% रिटर्न

**नई दिल्ली।** निवेश परिदृश्य में कारोबारी चक्र से जुड़े म्यूचुअल फंड का प्रचलन बढ़ा है। पिछले साल इन म्यूचुअल फंड ने 32-56 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। इस दौरान एचएसबीसी, महिंद्रा मनुलाइफ और क्वॉन्ट की योजनाओं से निवेशकों से 50 प्रतिशत से अधिक का रिटर्न मिला है। कारोबारी चक्र फंड म्यूचुअल फंड का ही एक प्रकार है, जो आर्थिक चक्र के विभिन्न चरणों के दौरान ऐसे शेयरों और क्षेत्रों में निवेश करते हैं जिनके उस समय की परिस्थितियों के आधार पर अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद होती है। इन शीर्ष तीन फंड ने निफ्टी 500 टीआरआई सूचकांक से बेहतर प्रदर्शन किया है, जिसने इसी अवधि में 35.11% रिटर्न दिया। आनंद राठी वेल्थ के डिप्टी सीईओ फिरोज अजीज ने कहा कि यह शानदार वृद्धि इन कोष में निवेशकों की बढ़ती दिलचस्पी को दर्शाती है। वर्तमान में, बाजार में केवल 16 कारोबारी चक्र से संबंधित कोष हैं, जिनमें से केवल तीन ने तीन साल का कार्यकाल पूरा किया है।

# बाजार की दिशा तक करेंगे एफपीआई व वैश्विक रुख

नई दिल्ली, एजेंसी

स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस कम कारोबारी सत्र वाले सप्ताह में विदेशी निवेशकों की गतिविधियों, वैश्विक रुख और कंपनियों के तिमाही नतीजों से तय होगी। विश्लेषकों ने कहा है कि मासिक डेरिवेटिव्स अनुबंधों के निदान से बाजार में कुछ और गिरावट देखने को मिल सकती है। विदेशी कोषों की भारी निकासी और कंपनियों के दूसरी तिमाही के नतीजे अच्छे नहीं रहने से बाजार में बड़ी गिरावट आई थी।

एक विशेषज्ञ ने कहा कि अगले महीने की शुरुआत में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से पहले निवेशकों के सतर्क रहने से निकट अवधि में बाजार में कमजोरी का रुख जारी रह सकता है। दिवाली पर शुक्रवार को शेयर बाजार बंद रहेंगे, लेकिन शाम को एक घंटे के लिए विशेष मुहूर्त कारोबार होगा। बीएसई और एनएसई एक नवंबर को दिवाली पर एक घंटे का विशेष मुहूर्त कारोबार आयोजित करेंगे, जो नए संवत 2081 की शुरुआत का प्रतीक है।

### शीर्ष नौ कंपनियों की पूंजी 2.09 लाख करोड़ घटी

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में गिरावट के बीच गत सप्ताह सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से नौ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में 2,09,952.26 करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान में हिंदुस्तान यूनिलीवर और रिलायंस इंडस्ट्रीज रहीं। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,822.46 अंक या 2.24 प्रतिशत के नुकसान में रहा। सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में सिर्फ एचडीएफसी बैंक के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई।

### एफपीआई ने बाजार से निकाले 85,790 करोड़

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) का भारतीय शेयर बाजार में बिकवाली का क्रम जारी है। इस महीने एफपीआई ने 85,790 करोड़ रुपये या 10.2 अरब डॉलर की निकासी की है। चीन के प्रोत्साहन उपायों, वहां शेयरों के आकर्षक मूल्यांकन तथा घरेलू शेयरों के ऊंचे मूल्यांकन से एफपीआई भारतीय बाजार में बिकवाली कर रहे हैं। विदेशी कोषों की निकासी के मामले में अक्टूबर का महीना सबसे खराब साबित हो रहा है।



# केंद्रीय अनुबंध में ए से बी वर्ग में खिसके अफरीदी

लाहौर, एजेंसी

- फखर इफ्तिखार और मीर को नहीं मिला अनुबंध

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने रविवार को 2024-25 सत्र के लिए केंद्रीय अनुबंध में तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी को ए वर्ग से हटाकर बी वर्ग में खिसका दिया जबकि सीनियर खिलाड़ियों फखर जमां, इफ्तिखार अहमद और ओसामा मीर को अनुबंध नहीं दिया।

हाल में इंग्लैंड पर 2-1 से श्रृंखला में जीत हासिल करने के बावजूद टेस्ट कप्तान शान मसूद बी ग्रेड में बने हुए हैं। बोर्ड ने कुल 25 खिलाड़ियों को केंद्रीय अनुबंध दिए हैं जबकि पिछले साल 27 खिलाड़ियों को अनुबंध पेश किया था। पिछले साल की तरह पीसीबी ने तीन महीने के बाद अनुबंध की घोषणा की। पीसीबी के सूत्र ने बताया कि फिटनेस टेस्ट में विफल होने के कारण ही जमां को अनुबंध सूची से बाहर किया गया। फखर इस समय घुटने की समस्या के लिए लाहौर में एनसीए में रिहैबिलिटेशन की प्रक्रिया में हैं। वह हाल में दो फिटनेस जांच में विफल रहे जिससे अब नवंबर के अंत में फिर उनकी जांच की जाएगी। पीसीबी ने पांच खिलाड़ियों खुर्रम शहजाद, मोहम्मद अब्बास अफरीदी, मोहम्मद अली, मुहम्मद इरफान खान और उस्मान खान को पहली बार केंद्रीय अनुबंध की पेशकश की।

### ऑस्ट्रेलिया और जिम्बाब्वे दौरे के लिए घोषित की टीम

लाहौर। पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया और जिम्बाब्वे के लिए एकदिवसीय और टी-20 सीरीज के लिए टीम की घोषणा कर दी है। बाबर आजम, नसीम शाह और शाहीन शाह अफरीदी की ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए टीम में वापसी हुई है। इसके अलावा जिम्बाब्वे दौरे के लिए भी टीम की घोषणा कर दी है। पाकिस्तान का ऑस्ट्रेलिया दौरा 4 से 18 नवंबर तक होगा। जबकि जिम्बाब्वे दौरा 24 नवंबर से 5 दिसंबर तक चलेगा। ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए पाकिस्तान एकदिवसीय टीम में आमिर जमाल, अब्दुल्लाह शफीक, अराफात मिन्हास, बाबर आजम, फैसल अकरम, हारिस रउफ, हसीबुल्लाह (विकेटकीपर), कामरान गुलाम, मोहम्मद हसनैन, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), मुहम्मद इरफान खान, नसीम शाह, सईम अयूब, सलमान अली आगा और शाहीन अफरीदी को रखा है। वहीं, टी-20 में अराफात मिन्हास, बाबर आजम, हारिस रउफ, हसीबुल्लाह, जहांदाद खान, मोहम्मद अब्बास अफरीदी, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), इरफान खान, नसीम शाह, ओमेर बिन यूसुफ, साहिबजादा फरहान, सलमान अली आगा, शाहीन शाह अफरीदी, सुफियान मोकिम और उस्मान खान शामिल हैं। वहीं, जिम्बाब्वे दौरे के लिए टीम में आमिर जमाल, अब्दुल्लाह शफीक, अबरार अहमद, फैसल अकरम, हारिस रउफ, हसीबुल्लाह, कामरान गुलाम, हसनैन, रिजवान (विकेटकीपर), इरफान खान, सईम अयूब, शाहनवाज दहानी और तैयब ताहिर को चुना गया है।

# गेंदबाजी में सीमित विकल्प चिंता का विषय : रवि

नई दिल्ली, एजेंसी



- पूर्व भारतीय कोच ने कहा- परिवर्तन के मुश्किल दौर से गुजर रही है भारतीय टीम
- गंभीर को लेकर बोले- कोच के रूप में करियर के शुरुआत है, वह जल्द ही सीख जाएंगे

न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट मैच में हार के बाद भारत का अगले साल जून में होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में जगह बनाना अधर में लटक गया है और अगर वह लगातार तीसरी बार इसमें सफल भी रहता है तो डब्ल्यूटीसी के अगले दो साल के चक्र के लिए कप्तान रोहित शर्मा का टीम में बने रहना मुश्किल लगता है। यही बात रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा और विराट कोहली पर भी लागू होती है। अश्विन तब 41 साल जबकि जडेजा और कोहली 39 साल के हो जाएंगे।

न्यूजीलैंड के हाथों शर्मनाक हार के बाद कुछ सीनियर खिलाड़ियों पर उंगलियां उठने लगी हैं। ऐसे में पूर्व भारतीय कोच रवि शास्त्री ने वर्तमान कोच गौतम गंभीर के प्रति सहानुभूति जताई। शास्त्री ने पुणे में दूसरे टेस्ट मैच के दौरान कमेंट्री करते हुए कहा न्यूजीलैंड ने भारत को दोनों टेस्ट मैचों में शानदार तरीके से हराया है। यह सोचनीय विषय है। गंभीर ने अभी-अभी कार्यभार संभाला है। ऐसी टीम का कोच बनना कभी आसान नहीं होता जिसके इतने अधिक चाहने वाले हों। यह कोच के रूप में उनके करियर के शुरुआती दिन हैं, लेकिन वह जल्द ही सीख जाएंगे। इसमें कोई संदेह नहीं कि भारत परिवर्तन के मुश्किल दौर से गुजरने वाला है। कम से कम चार विश्व स्तरीय क्रिकेटर अगले दो साल में खेल को अलविदा कह देंगे और ऐसे में गंभीर कोच के रूप में अविश्वसनीय स्थिति में हैं।

### सेंटनर ने भारतीय बल्लेबाजों की कमजोरी उजागर की : डूल

पुणे। न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज साइमन डूल ने टेस्ट श्रृंखला में भारत की हार के लिए उसके बल्लेबाजों की स्पिन गेंदबाजी को खेलने की कमजोरी को जिम्मेदार ठहराया, लेकिन उन्होंने स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को थका हुआ मानने से इनकार कर दिया। बाएं हाथ के स्पिनर मिशेल सेंटनर के 13 विकेट की मदद से कीवी टीम ने शनिवार को यहां दूसरे टेस्ट मैच में भारत को 113 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल की। डूल ने कहा मुझे लगता है कि उनके पास बेहतर स्पिनर हैं और वे विपक्षी बल्लेबाजों की कमजोरी को उजागर करने में सक्षम हैं, लेकिन इस टेस्ट में मिशेल सेंटनर ने शानदार प्रदर्शन करके उनके बल्लेबाजों को थोड़ा बेनकाब कर दिया। न्यूजीलैंड का स्पिन आक्रमण विश्व स्तरीय नहीं है और उनके सामने भारतीय बल्लेबाजों का लचर प्रदर्शन चिंता का विषय है।

## खेल डायरी

### रन फॉर यूनिटी 29 को होगी : मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि सरदार पटेल की जयंती 31 अक्टूबर को होने वाली रन फॉर यूनिटी दौड़ इस वर्ष 29 अक्टूबर को होगी। मोदी ने रेडियो पर अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात की 115वीं कड़ी में राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि इस वर्ष 31 अक्टूबर को दिवाली का पर्व होगा, इसलिए इस दिन होने वाली रन फॉर यूनिटी दौड़ का आयोजन 29 अक्टूबर को किया जाएगा। मोदी ने कहा इस बार 31 अक्टूबर को सरदार पटेल जी की जयंती के दिन ही दीपावली का पर्व भी है। हम हर साल 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन करते हैं। दीपावली की वजह से इस बार 29 अक्टूबर यानि मंगलवार को इसका आयोजन किया जाएगा। उन्होंने लोगों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में इसमें हिस्सा लेने का आग्रह किया।

### आकांक्षा ने पीएसए चैलेंजर स्क्वैश का जीता खिताब

क्रूजिक्स (फ्रांस)। भारत की आकांक्षा सालुंके ने मलेशिया की यशमिता जदीश कुमार को 3-0 से हराकर महिला एकल का पीएसए चैलेंजर वर्ल्ड टूर स्क्वैश का खिताब जीता। शनिवार को खेले गये मुकाबले में आकांक्षा सालुंके ने फाइनल में मलेशिया की यशमिता जदीश कुमार को (11-7, 11-7, 11-6) से हराकर वर्ष का अपना पहला पीएसए वर्ल्ड टूर स्क्वैश खिताब अपने नाम किया। इससे पहले आकांक्षा सालुंके ने दूसरे राउंड में स्थानीय खिलाड़ी लौरेन बाल्टायन को 3-0 (11-9, 11-4, 14-12) से हराया। उसके बाद भारतीय खिलाड़ी ने क्वार्टरफाइनल में ब्रिटेन की कीरा मार्शल के खिलाफ एक मुश्किल मुकाबले में जीत दर्ज की।

### डब्ल्यूटीटी चैंपियंस के क्वार्टरफाइनल में हारीं मनिका

मोंटपेलियर (फ्रांस)। भारत की टेबल टेनिस स्टार मनिका बत्रा को डब्ल्यूटीटी चैंपियंस मोंटपेलियर 2024 टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में चीन की कियान तियानयी से 3-0 से हार का सामना करना पड़ा। इसी के साथ मनिका का टूर्नामेंट में ऐतिहासिक सफर समाप्त हो गया है। शनिवार को खेले गये क्वार्टरफाइनल में मनिका बत्रा को चीन की कियान तियानी ने 11-8, 11-8, 12-10 से हराया। 30वीं वरीयता प्राप्त मनिका बत्रा ने प्री क्वार्टर फाइनल



में उलटफेर करते हुए रोमानिया की बर्नाडेट स्जोक्स को 3-1 से हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई थी। उन्होंने टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत में अमेरीकी खिलाड़ी लिली झांग पर 3-0 से जीत दर्ज की थी।



### बेन्सन और रीना ने जीती कोच्चि स्पाइस कोस्ट

कोच्चि। केरल के सीबी बेन्सन और रीना मनोहर ने रविवार को यहां कोच्चि स्पाइस कोस्ट मैराथन 2024 में क्रमश: पुरुष और महिला वर्ग का खिताब जीता। बेन्सन ने 42.2 किलोमीटर की दूरी तीन घंटे 42 सेकंड में तय की। पिछले दो अवसरों पर वह दूसरे स्थान पर रहे थे। जस्टिन (03:06:56) और श्रीनिधि श्रीकुमार (03:08:49) ने दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। महिलाओं में रीना ने 04:50:06 का समय लेकर पहला स्थान हासिल किया। मैरी जोशी (04:53:59) और निलीना बाबू (04:54:32) क्रमश: दूसरे और तीसरे स्थान पर रही। इस प्रतियोगिता के ब्रांड एंबेसडर सचिन तेंदुलकर हैं जो मैराथन के दौरान प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाने के लिए यहां उपस्थित थे।

# दूसरा वनडे हारीं भारतीय महिलाएं

## न्यूजीलैंड ने 76 रनों से जीता मुकाबला, श्रृंखला 1-1 की बराबरी पर

अहमदाबाद, एजेंसी



- राधा और साइमा ने की नौवें विकेट के लिए 70 रन की रिकार्ड साझेदारी

‹‹ जीतने के बाद जश्न मनाती न्यूजीलैंड की टीम।

कप्तान सोफी डिवाइन (79 रन) और (तीन विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर न्यूजीलैंड की महिला टीम ने रविवार को दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में भारत को 76 रनों से हरा दिया है। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला में 1-1 से बराबरी कर ली है। सोफी डिवाइन को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया।

न्यूजीलैंड के 259 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 27 ओवर में 108 के स्कोर पर अपने आठ विकेट गवां कर बड़ी हार की ओर बढ़ रही थी। स्मृति मंधाना (शून्य), शेफाली वर्मा (11), यास्तिका भाटिया (12), जेमिमाह रॉड्रिग्स (17), कप्तान हरमनप्रीत कौर (24), तेजल हसबनिस (15), दीप्ति शर्मा (15) और अरुंधति रेड्डी (दो) रन बनाकर आउट हुईं। ऐसे संकट के समय में राधा यादव और साइमा ठाकोर ने नौवें विकेट के लिए रिकार्ड 70 रन की साझेदारी कर न्यूजीलैंड को बड़ी जीत से रोक दिया। यह महिला एकदिवसीय क्रिकेट में नौवें विकेट के लिए भारत की तरफ सबसे बड़ी साझेदारी है। इन दोनों ने झूलन गोस्वामी और अल खादीर के 43 रनों की साझेदारी का रिकार्ड तोड़ा। राधा यादव ने 64 गेंदों में 48 रनों की पारी खेली। वहीं साइमा ठाकोर ने 54 गेंदों में 29 रन बनाए। इसके बाद 48वें ओवर में राधा यादव के आउट होने के साथ 183 के स्कोर पर भारतीय पारी का अंत हो गया।

इससे पहले आज यहां न्यूजीलैंड ने भारत को जीत के लिए 260 रनों का लक्ष्य दिया था। न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी सूजी बेट्स और जॉर्जिया पलिमर की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 87 रन जोड़े। 16वें ओवर में दीप्ति शर्मा ने जॉर्जिया पलिमर (41) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद प्रिया मिश्रा ने अपने पदार्पण मैच में लौरेन डाउन (तीन) को रनआउट किया। कप्तान सोफी डिवाइन ने 79 रनों की पारी खेली। मैडी ग्रीन ने 42 गेंदों में 41 रन बनाए। इसके बाद तो भारतीय गेंदबाजों ने न्यूजीलैंड के किसी भी बल्लेबाज को टिकने नहीं दिया। ब्रूक हैलिडे (8), इसाबेला गेज (11), जेस कर (12), लिया तहूहू (शून्य), ईडन कार्सन (एक) रन बनाकर आउट हुईं। न्यूजीलैंड की पूरी टीम 50 ओवर में नौ विकेट पर 259 का स्कोर खड़ा किया। भारत की ओर से राधा यादव ने चार विकेट लिए।

### स्कोर बोर्ड

**न्यूजीलैंड : 259/9 (50 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| सूजी बेट्स का एवं बो राधा | 58 | 70 | 8/0 |
| जॉर्जिया प्लिमर का राधा बो दीप्ति | 41 | 50 | 6/1 |
| लौरेन डाउन रन आउट (प्रिया) | 3 | 19 | 0/0 |
| सोफी डिवाइन का जेमिमाह बो राधा | 79 | 86 | 7/1 |
| कारूक हैलिडे का राधा बो प्रिया | 8 | 15 | 1/0 |
| मैडी ग्रीन का अरुंधति बो राधा | 42 | 41 | 5/0 |
| इसाबेल गेज स्टं तानिया बो दीप्ति | 11 | 9 | 2/0 |
| जेस केर नाबाद | 12 | 6 | 2/0 |
| लिया तहुहू का दीप्ति बो राधा | 0 | 1 | 0/0 |
| ईडन कार्सन बो ढाकोर | 1 | 3 | 0/0 |
| फ्रैन जोनस नाबाद | 1 | 1 | 0/0 |

अतिरिक्त : 3, गेंदबाजी : साइमा 10-0-58-1, अरुंधति 10-0-52-0, दीप्ति 10-3-30-2, प्रिया 10-1-49-1, राधा 10-0-69-4

**भारत :183/10 (47.1 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| शेफाली वर्मा पगबाधा जेस केर | 11 | 9 | 2/0 |
| स्मृति मंधाना का प्लिमर बो ताहुहू | 0 | 2 | 0/0 |
| यास्तिका भाटिया का गेज बो ताहुहू | 12 | 15 | 0/1 |
| हरमनप्रीत कौर का कार्सन बो डिवाइन | 24 | 35 | 1/1 |
| जोमिमा रोड्रिग्स का गेज बो डिवाइन | 17 | 28 | 2/0 |
| तेजल हसबनिस बो कार्सन | 15 | 38 | 2/0 |
| दीप्ति शर्मा का गेज बो ताहुहू | 15 | 23 | 1/0 |
| अरुंधति रेड्डी का गेज बो कार्सन | 2 | 9 | 0/0 |
| राधा यादव का डाउन बो डिवाइन | 48 | 4 | 5/0 |
| साइमा ढाकोर का बेट्स बो जेस केर | 29 | 54 | 3/0 |
| प्रिया मिश्रा नाबाद | 0 | 7 | 0/0 |

अतिरिक्त : 10, गेंदबाजी : ताहुहू 10-1-42-3, जेस केर 10-0-49-2, जोनास 10-2-33-0, डिवाइन 7.1-0-27-3, कार्सन 10-2-32-2

# आर्थर को हराकर स्विस इंडोर्स के फाइनल में पहुंचे बेन शेल्टन

बासेल (स्विटजरलैंड)। अमेरिका के टेनिस खिलाड़ी बेन शेल्टन ने पुरुष एकल में शानदार खेल का मुजाहिरा करते हुए फ्रांस के आर्थर फिल्स को हराकर स्विस इंडोर्स के फाइनल में जगह बना ली है।



सेमीफाइनल मुकाबले में बेन शेल्टन ने अपने युगल जोड़ीदार आर्थर फिल्स को हराया। नंबर छह वरीयता प्राप्त शेल्टन ने टाईब्रेक में 6-3 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए सातवीं वरीयता प्राप्त फिल्स को 6-3, 7-6 (9) से पराजित किया। शेल्टन का फाइनल में मुकाबला अन्य फ्रांसीसी खिलाड़ी जियोवानी एमपेट्शी पेरीकार्ड से होगा। वहीं अन्य सेमीफाइनल मुकाबले में गैर वरीयता प्राप्त एमपेटशी पेरीकार्ड ने 17 ऐस की सर्विस करके डेनमार्क के होल्गर रूण को 7-6 (6), 6-4 से हराकर फाइनल में पहुंचे हैं।

### किनवेन झेंग ने डब्ल्यूटीए फाइनल्स में पक्की की जगह

तोक्यो। चीन की शीर्ष वरीय किनवेन झेंग ने रविवार को यहां अमेरिका की वाइल्डकार्डधारी सोफिया केनिन को 7-6 (5), 6-3 से हराकर टोरे पैन पैसिफिक ओपन का खिताब जीता और अगले महीने होने वाले डब्ल्यूटीए फाइनल्स में जगह बनाई। झेंग ने 2020 ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन पर एक घंटे 52 मिनट में मिली जीत के दौरान 16 ऐस लगाए और सिर्फ एक ब्रेक प्वाइंट का सामना किया। झेंग का यह इस साल का तीसरा खिताब है और पिछले साल हांग्झोउ में जीतने के बाद हार्डकोर्ट पर यह उनका पहला खिताब है। डब्ल्यूटीए फाइनल दो नवंबर को रियाद में शुरू होगा।

# रोनाल्डो-मेस्सी के बाद बेलोन डी ओर जीतने को तैयार हैं युवा

मैनचेस्टर (इंग्लैंड), एजेंसी

- 16 वर्षों में 13 बार खिताब जीत चुके हैं दोनों दिग्गज फुटबॉलर
- इस बार विनीसियस जूनियर को माना जा रहा है बड़ा दावेदार

वैश्विक फुटबॉल के साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को दिये जाने वाले पुरस्कार बेलोन डी ओर का आयोजन जब सोमवार को होगा तो पिछले कई वर्षों में ऐसा पहली बार होगा जबकि दो सबसे बड़े दिग्गजों में शामिल क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लियोनेल मेस्सी दावेदारों में शामिल नहीं होंगे।

अर्जेंटीना के मेस्सी और रोनाल्डो पिछले 16 साल में 13 बार इस खिताब के विजेता रहे हैं लेकिन इस बार इन दोनों का नामांकन नहीं मिला है। मेस्सी उन चुनिंदा खिलाड़ियों में शामिल है जिन्होंने इस खिताब को लगातार दो साल जीता है। 2022 में अर्जेंटीना को विश्व चैम्पियन बनाने के बाद अपने रिकॉर्ड में सुधार करते हुए आठवीं बार इसे जीता था। मेस्सी से पहले लगातार दो पुरस्कार जीतने वाले पिछले खिलाड़ी मार्को वैन बास्टेन थे। मेस्सी और रोनाल्डो के दबदबे को इसी से समझा जा सकता है कि फ्रांस के महान जिनेदिन जिदान सिर्फ एक बार इसके विजेता बने।

# बार्सीलोना ने रियल मैड्रिड को 4-0 से हराया

बार्सीलोना, एजेंसी

रॉबर्ट लेवानदोवस्की के दो गोल की मदद से बार्सीलोना ने ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट में शनिवार को यहां रियल मैड्रिड पर 4-0 से एकतरफा जीत दर्ज की। इस हार के साथ मैड्रिड का ला लीगा में 42 मैच का अजेय अभियान भी थम गया।

टीम 2017-18 में बनाए बार्सीलोना के रिकॉर्ड से एक मैच पीछे रह गई। कार्लो एंकेलोटी की टीम की पिछले साल 23 सितंबर से ला लीगा में यह पहली हार है। पहला हाफ गोल रहित रहने के बाद लेवांदोवस्की (54वें और 56वें मिनट) ने तीन मिनट में दो



‹‹ स्पेन के सैंटियागो बर्नाब्यू स्टेडियम में स्पेनिश ला लीगा फुटबॉल मैच के दौरान गेंद के लिए लड़ते रियल मैड्रिड के विनीसियस जूनियर बार्सीलोना के पाउ क्यूबार्सी।

गोल दागकर बार्सीलोना को 2-0 की बढ़त दिलाई। लेमिन यमाल (77वें मिनट) और राफिन्हा (84वें मिनट) ने भी इसके बाद गोल दागकर बार्सीलोना की आसान जीत सुनिश्चित की। अन्य मुकाबलों में विलारियल ने वेलाडेलिड को 2-1 से हराया जबकि वालेकानो और पालमास ने एल्चेस और गिरोना को 1-0 के समान अंतर से शिकस्त दी।

### ब्राजील के खिलाड़ी को तीन सेकंड के भीतर दिखाया लाल कार्ड

साओ पाउलो। ब्राजील के एक फुटबॉल खिलाड़ी को शीर्ष डिविजन मुकाबले में दौरान विरोधी खिलाड़ी को कोहनी मारने के लिए मैच शुरू होने के तीन सेकंड के भीतर लाल कार्ड दिखाया गया। क्रुजेरो के राफा सिल्वा ने एथलेटिको पेरेनाएंसे के केइके रोचा को मैच शुरू होते ही कोहनी मारी। रैफरी रोड्रिगो जोस परेरा डि लिमा ने क्रुजेरो के 32 साल के खिलाड़ी सिल्वा को लाल कार्ड दिखाया जो इतिहास में सबसे जल्दी दिखाए गए लाल कार्ड में से एक है। क्रुजेरो को 0-3 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

## बॉलीवुड हलचल

# परमसुंदरी में बिजनेस टाइकून होंगे सिद्धार्थ

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म परमसुंदरी में बिजनेस टाइकून का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। मैडॉक फिल्म्स के निर्माता दिनेश विजन, सिद्धार्थ मल्होत्रा और जाह्नवी कपूर को लेकर रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म बनाने जा रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन तुषार जलोटा करेंगे। इस फिल्म का अस्थायी नाम परम सुंदरी रखा गया है। दिनेश विजान पहले सिद्धार्थ और जाह्नवी को लेकर स्पाइडर थ्रिलर फिल्म बना रहे थे, लेकिन बाद में उन्होंने दोनों के साथ एक रोमांटिक फिल्म परमसुंदरी बनाने का फैसला किया। कहा जा रहा है कि फिल्म परम सुंदरी में सिद्धार्थ मल्होत्रा दिल्ली के बिजनेस टाइकून का किरदार निभा रहे हैं। वहीं जाह्नवी कपूर, परम सुंदरी के किरदार में हैं, जो केरल से ताल्लुक रखती है और पेशे से एक कलाकार है। फरवरी, 2025 तक फिल्म की शूटिंग पूरी होने की उम्मीद है।



# सिंघम अगेन का टाइटल ट्रैक विनाशम करोहम रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की आने वाली फिल्म सिंघम अगेन का टाइटल ट्रैक विनाशम करोहम रिलीज हो गया है। रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी फिल्म सिंघम अगेन, सिंघम फ्रैंचाइजी की तीसरी फिल्म है। ट्रेलर और गाना जय बजरंगबली रिलीज होने के बाद, निर्माताओं ने फिल्म का टाइटल ट्रैक विनाशम करोहम रिलीज कर दिया है। अजय देवगन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर सिंघम अगेन के टाइटल ट्रैक 'विनाशम करोहम' का वीडियो साझा किया। गाने में अजय देवगन पुलिस की वर्दी पहने हुए हैं वीडियो में अन्य कलाकारों टाइगर श्रॉफ, अर्जुन कपूर, अक्षय कुमार, करीना कपूर और रणवीर सिंह के किरदारों की भी झलक देखने को मिली है। म्यूजिक वीडियो शेयर करते हुए अजय देवगन ने कैप्शन में लिखा, भयंकर रोंगटे खड़े हो जाने की गारंटी। रोहित शेट्टी निर्देशित सिंघम अगेन में अजय देवगन, सिंघम के किरदार में नजर आएंगे। इस फिल्म में अक्षय कुमार, रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण, करीना कपूर खान, टाइगर श्रॉफ, अर्जुन कपूर और जैकी श्रॉफ जैसे कई सितारे नजर आयेंगे। यह फिल्म 1 नवंबर को दीवाली के अवसर पर रिलीज होगी।




### सीआईडी के नए सीजन का ट्रेलर हुआ रिलीज

मुंबई। लोकप्रिय जासूसी सीरियल सीआईडी के नये सीजन का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। जासूसी सीरियल सीआईडी सोनी एंटरटेनमेंट टेलिविजन पर फिर से शुरू होने जा रहा है, जिसके साथ ही उसके पसंदीदा किरदारों की भी वापसी हो रही है जिन्हें फैंस दो दशकों से अधिक समय से पसंद करते आए हैं। ट्रेलर में एक अकल्पनीय ट्विस्ट भी दिख रहा है। अभिजीत और दया, जो कभी अभिन्न दोस्त थे, अब कट्टर दुश्मन बन कर आमने-सामने खड़े हैं, जो देश के लिए हमेशा साथ में लड़े है, आज दुश्मन बन क्यों आमने सामने खड़े है। सीआईडी में एसीपी प्रद्युमन की भूमिका निभाने वाले शिवाजी साटम ने कहा, सीआईडी के इस सीजन में, दया-अभिजीत की अटूट जोड़ी टूट गई है और दोनों एक दूसरे के विरुद्ध खड़े हैं। सीआईडी की नींव हिल गई है, और एसीपी प्रद्युमन की दुनिया में बवाल मच गया है। छह साल बाद एसीपी प्रद्युमन के रूप में वापसी करके किसी सपने की तरह लग रहा है, क्योंकि इस किरदार को बहुत प्यार मिला है, और हम सस्पेंस और दिल को छू लेने वाले ड्रामा से भरे रोमांचक सफर का वादा करते हैं।

# जापान पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप में भारत ने जीते 24 पदक

तोक्यो। शिवराजन सोलईमलई और सुकांत कदम के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने रविवार को जापान पैरा बैडमिंटन अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में 24 पदक जीते। भारत ने छह स्वर्ण, नौ रजत और नौ कांस्य पदक जीते। शिवराजन को दोहरी सफलता मिली। उन्होंने पुरुष एकल एसएच6 वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने के अलावा पुरुष युगल में सुदर्शन श्रवणकुमार के साथ मिलकर खिताब जीता।

सुकांत ने पुरुष एकल (एसएल4) में स्वर्ण पदक जीतने के अलावा पुरुष युगल (एसएल3-एसएल4) में दिनेश राजैया के साथ मिलकर रजत पदक जीता। उन्होंने एकल फाइनल में साथी भारतीय खिलाड़ी तरुण को 21-12, 21-10 से हराया। नवीन शिवकुमार और सूर्यकांत यादव को कांस्य पदक मिले। पुरुष युगल फाइनल में सुकांत और दिनेश को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। कुमार नितेश ने एसएल3 फाइनल में रजत पदक जीता।

# जो भी क्रिकेट खेल रहा हूं, बस लुत्फ उठाना चाहता हूं : धोनी

नई दिल्ली, एजेंसी

- एमएस धोनी को अनकैप्ड खिलाड़ी के रूप में बरकरार रख सकता है सीएसके

भारत और चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने आईपीएल 2025 में खेल जारी रखने का संकेत देते हुए कहा कि वह खिलाड़ी के तौर पर अपने आखिरी कुछ वर्षों में जो भी क्रिकेट खेल रहे हैं उसका लुत्फ उठाना चाहते हैं। धोनी ने पिछले सत्र में रुतुराज गायकवाड़ को कप्तानी सौंपने के बाद काफी निचले क्रम में बल्लेबाजी की थी।

आईपीएल में सभी फ्रेंचाइजी को मेगा नीलामी से पहले 31 अक्टूबर तक अपने रिटेन किए गए खिलाड़ियों की सूची जमा करनी होगी। इस साल सीएसके द्वारा धोनी को एक अनकैप्ड खिलाड़ी के रूप में बरकरार रखा जा सकता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक धोनी ने गोवा में कुछ दिन पहले आयोजित एक कार्यक्रम में कहा मैं अपने आखिरी कुछ वर्षों में जो भी क्रिकेट खेल सकता हूं उसका आनंद लेना चाहता हूं। मैं खेल का वैसे ही आनंद लेना चाहता हूं जैसे कि बचपन में हम शाम चार बजे बाहर जाते थे और खेलते थे, बस खेल का आनंद लेते थे। पिछले सप्ताह चेन्नई सुपरकिंग्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कासी विश्वनाथन ने भी कहा था कि उन्हें उम्मीद है कि धोनी आगामी सत्र में खिलाड़ी के तौर पर टीम का हिस्सा होंगे।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# मिशेल ओबामा ने मिशिगन में हैरिस के समर्थन में की रैली

अमेरिका, एजेंसी

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा की पत्नी मिशेल ओबामा ने पुरुषों से कमला हैरिस का समर्थन करने की अपील की जिससे वह देश की पहली महिला राष्ट्रपति बन सकें। अमेरिका में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस के समर्थन में मिशिगन में शनिवार को एक रैली में मिशेल ओबामा ने कहा कि यदि डोनाल्ड ट्रंप पुनः राष्ट्रपति बनते हैं तो महिलाओं की जान खतरे में पड़ जाएगी।

अमेरिका की पूर्व प्रथम महिला ने गर्भपात के संवैधानिक अधिकारों



को खत्म करने के मुद्दे का जिक्र करते हुए कहा कि यह महिलाओं के स्वास्थ्य से खिलवाड़ है। ओबामा ने कहा कि कुछ पुरुष विकास की धीमी गति के कारण गुस्से में ट्रंप को मतदान कर सकते हैं, लेकिन आपके इस गुस्से का असर बाकी चीजों पर पड़ेगा।

### ट्रंप को खतरा बताने वाले खुद ही असली खतरा : मस्क

**अमेरिका।** कारोबारी एलन मस्क ने रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन करते हुए कहा कि जो लोग पूर्व राष्ट्रपति को लोकतंत्र के लिए खतरा बताते हैं, वे स्वयं लोकतंत्र के लिए खतरा हैं। मस्क ने पेंसिल्वेनिया में संबोधित करते हुए अमेरिका के संसदीय परिसर यूएस कैपिटल में 6 जनवरी, 2021 को हुए दंगों के संदर्भ में कहा कि इस घटना को एक प्रकार का हिंसक विद्रोह कहा गया, जबकि वास्तव में ऐसा नहीं है।

# धूम्रपान से हर साल भारत में 10 लाख मौतें, दुनिया में 80 पार

सिगरेट पीने से हर साल लाखों लोगों की मौत होती है। कई प्रकार के कैंसर होते हैं। दुनिया का हर स्मोकर जानता है कि वो जहर पी रहा है। हाल ही में विश्व प्रसिद्ध जर्नल द लैंसेट पब्लिक हेल्थ में पब्लिश एक स्टडी के मुताबिक, अगर साल 2050 तक स्मोकिंग रेट घटकर सिर्फ 5% रह जाए तो इसके अविश्वसनीय नतीजे सामने आ सकते हैं। इससे पुरुषों की जीवन प्रत्याशा 1 साल और महिलाओं की 0.2 साल तक बढ़ सकती है। उम्मीद की बात ये है कि रिसर्चर्स ने अनुमान जताया है कि पूरी दुनिया में साल 2050 तक स्मोकिंग रेट घटकर पुरुषों में 21% और महिलाओं में लगभग 4% तक हो सकता है। यह भी अनुमान जताया है कि अगर सिगरेट छोड़ने के प्रयासों में तेजी दिखाई जाए तो पूरी दुनिया में लोगों की जिंदगी में लगभग 87.6 करोड़ साल और जुड़ सकते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, पूरी दुनिया में हर साल सिगरेट पीने की वजह से 80 लाख से ज्यादा लोगों की प्रीमेच्योर मौत होती है। वहीं भारत में हर साल स्मोकिंग के कारण 10 लाख से अधिक लोगों की मौत हो जाती है। इसमें अगर अन्य तंबाकू उत्पादों के सेवन के आंकड़े भी जोड़ दिए जाएं तो भारत में हर साल लगभग 13.5 लाख लोगों की मौत तंबाकू के सेवन के कारण होती है।



### स्मोकिंग से कौन सी बीमारियां होती हैं

स्मोकिंग के कारण 10 से ज्यादा तरह के कैंसर, हार्ट डिजीज, स्ट्रोक और अस्थमा का जोखिम होता है। आपको जानकर आश्चर्य होगा कि दुनिया में सबसे अधिक मौतों की वजह कैंसर और हार्ट डिजीज ही हैं। पूरी दुनिया में हर साल लगभग 6 करोड़ लोगों की मौत होती है। इनमें लगभग 1.80 करोड़ मौतें हार्ट डिजीज के कारण होती हैं और 1 करोड़ मौतों की वजह कैंसर है। भारत में 25.3 करोड़ स्मोकर्स हैं दुनिया में सबसे अधिक तंबाकू का सेवन करने वाले देशों की लिस्ट में चीन के बाद भारत दूसरे नंबर पर है।

### उद्देश्य बनाएं फिर उन्हें नकारें

- खालीपन स्मोकिंग के लिए ट्रिगर पॉइंट है। इसलिए खुद को किसी-न-किसी काम में व्यस्त बनाए रखें। समय मिलने पर कोई फिल्म देख सकते हैं या म्यूजिक सुन सकते हैं।
- अगर खाली समय होने पर दिमाग स्मोकिंग की तरफ जाता है तो इस दौरान अपने घर की साफ-सफाई और सजावट का काम कर सकते हैं।
- सिगरेट छोड़ने के चलते पहले ही दिमाग स्ट्रेस में होता है। ऐसे में जरूरी है कि घर और वर्कप्लेस में स्ट्रेस फ्री माहौल मिले। स्मोकिंग के लिए स्ट्रेस सबसे बड़ा ट्रिगर है।
- अगर स्मोकिंग छोड़ने के कारण बहुत बेचैनी हो रही है या अजीब महसूस हो रहा है तो अपने दोस्तों के साथ या फैमिली के साथ वक्त बिताएं। मौजूदा मनोदशा के बारे में बात करें।
- अगर स्मोकिंग क्विट करने के कारण ऑफिस वर्क करना या घर के काम करना मुश्किल हो रहा है तो कुछ दिन का ब्रेक लें।
- स्मोकिंग क्विट करने से हो रही बेचैनी की भरपाई दूसरे नशे से न करें। इसके लिए शराब या कोई दूसरा नशा विकल्प कभी नहीं हो सकता है।

## एक नजर

### मध्य मैक्सिको में दुर्घटना में 24 की मौत, 5 घायल

**मेक्सिको सिटी।** मध्य मैक्सिकन राज्य ज़ाकाटेकास में शनिवार तड़के एक यात्री बस और ट्रैक्टर-ट्रेलर की टक्कर में चौबीस लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। नेशनल गार्ड के समन्वयक जुआन मैनरिकेज ने कहा कि दुर्घटना तब हुई जब ट्रेलर मकई परिवहन कर रहे ट्रक से अलग हो गया, जिससे बस दाहिनी ओर झुक गई। जाकाटेकास सरकार के महासचिव रोड्रिगो रेयेस ने एक वीडियो बयान में कहा कि बस पश्चिमी राज्य नायरिट के टेपिक से उत्तरी राज्य चिहुआहुआ के स्यूदाद जुआरेज़ तक यात्रा कर रही थी।

### 12 भारतीय मछुआरों को किया गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका की नौसेना ने समुद्र में अवैध तौर पर मछली पकड़ने के आरोप में भारत के 12 मछुआरों को गिरफ्तार किया है और उनकी नौका भी जब्त कर ली है। एक अधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। श्रीलंकाई नौसेना द्वारा 12 और लोगों को गिरफ्तार किए जाने से द्वीपीय देश में इस साल ऐसी घटनाओं में पकड़े गए भारतीय नागरिकों की संख्या बढ़कर 462 हो गई है। श्रीलंका नौसेना ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया गया और उत्तरी प्रांत जाफना के प्वाइंट पेड्रो तट से उनकी नौका भी जब्त की गई है। इसमें बताया गया कि पकड़े गए 12 मछुआरों को कांकेसंथुराई बंदरगाह ले जाया गया और आगे की कार्रवाई के लिए उन्हें मैलाडी मत्स्य निरीक्षक को सौंप दिया जाएगा।

### इंडोनेशिया में ज्वालामुखी विस्फोट, दूर तक फैला लावा

**इंडोनेशिया।** इंडोनेशिया के सबसे सक्रिय ज्वालामुखियों में से एक में रविवार को विस्फोट होने से कम से कम तीन बार राख के गुबार उठे और आसपास के गांवों में मलबा फैल गया। हालांकि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। पश्चिमी सुमात्रा प्रांत के अगम जिले में स्थित माउंट मारापी में होने वाले विस्फोटों का पूर्वानुमान लगाना कठिन है, क्योंकि वे मैग्मा की गहरी हलचल के कारण नहीं, बल्कि भूगर्भीय झटकों के कारण होते हैं। मारापी निगरानी चौकी पर इंडोनेशिया के ज्वालामुखी विज्ञान और भूगर्भीय खतरा शमन केंद्र के अधिकारी अहमद रिफांदी ने बताया कि इससे निकला गर्म लावा कई मील तक फैल गया।

### जापान में महिला बार कर्मचारी की हत्या

**टोक्यो।** जापान के टोक्यो में एक बार में काम करने वाली 18 वर्षीय युवती की रविवार तड़के एक पुरुष ग्राहक ने चाकू मारकर हत्या कर दी। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। क्योदो न्यूज ने पुलिस के हवाले से बताया कि ग्राहक की पहचान गुनमा प्रांत के निवासी 49 वर्षीय हिरोयुकी चिगिरा के रूप में की गयी है। उसने कथित तौर पर टोक्यो के शिम्बाशी जिले के भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में स्थित बार में स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 5:40 बजे महिला कर्मचारी युना तानिसावा की गर्दन पर चाकू से वार किया। रिपोर्ट में बताया गया है कि बार के प्रबंधक ने संदिग्ध को पकड़ लिया और पुलिस ने उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। टोक्यो निवासी तानिसावा की अस्पताल में मौत की पुष्टि की गयी।

# गाजा में हवाई हमले, 22 की गई जान

## इजराइली सेना ने चरमपंथियों पर किया हमला, कहा- फिर से संगठित हो रहे हमास के चरमपंथी

दीर अल बला (गाजा पट्टी), एजेंसी

उत्तरी गाजा पर इजराइल द्वारा किए गए हवाई हमलों में कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई है। बुरी तरह प्रभावित उत्तरी क्षेत्र में इजराइल के हमले तीसरे सप्ताह भी जारी हैं और सहायता समूहों ने इसे मानवीय आपदा बताया है। इजराइल के मुताबिक हमास के चरमपंथी वहां फिर से संगठित हो गए हैं। इस बीच, उत्तरी तेल अवीव में रविवार को एक ट्रक बस स्टॉप से जा टकराया, जिससे दर्जनों लोग घायल हो गए।

इजराइली बचाव सेवा मैगन डेविड अडोम ने बताया कि चिकित्सक दर्जनों लोगों का उपचार कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना के पीछे की परिस्थितियां अभी स्पष्ट नहीं हो पाई हैं लेकिन फिलिस्तीनियों ने अतीत में इस प्रकार के कई हमले किए हैं। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय की आपातकालीन सेवा ने बताया कि उत्तरी शहर बेत लाहिया में शनिवार देर रात कई मकानों एवं इमारतों पर हुए इन हमलों में मारे गए लोगों में 11 महिलाएं और दो बच्चे भी शामिल हैं। उसने कहा कि 15 अन्य लोग घायल हुए हैं और मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। इजराइली सेना ने कहा कि उसने बेत लाहिया में एक इमारत में चरमपंथियों पर हमला किया और आम नागरिकों को नुकसान से बचाने के लिए कदम उठाए। उसने मीडिया द्वारा प्रकाशित आंकड़ों को गलत बताया लेकिन स्वयं हताहतों की कोई संख्या नहीं बताई। सालभर से जारी युद्ध के दौरान विस्थापन की ताजा लहर में सैकड़ों लोग मारे गए हैं और हजारों फिलिस्तीनी 'गाजा सिटी' छोड़कर चले गए हैं। इजराइल गाजा में रोजाना हमले कर रहा है। साथ ही वह लेबनान में हिजबुल्ला के साथ युद्ध लड़ रहा है।

प्राधिकारियों ने बताया कि लेबनान से प्रक्षेपित एक विस्फोटक ड्रोन उत्तरी इजराइल के औद्योगिक क्षेत्र की एक इमारत में जा घुसा, जिससे दो लोग घायल हो गए।



### ईरानी सैन्य ठिकानों को बड़ा नुकसान पहुंचा, उपग्रह से प्राप्त तस्वीरों से हुई पुष्टि

**दुबई।** ईरान की राजधानी के दक्षिण-पूर्व में स्थित उस गुप्त सैन्य अड्डे पर इजराइल के हमले से काफी नुकसान पहुंचा है, जिसे अतीत में विशेषज्ञों ने तेहरान के तत्कालीन परमाणु हथियार कार्यक्रम से संबद्ध बताया था। इस हमले में एक अन्य सैन्य अड्डे को नुकसान पहुंचा, जो ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम से जुड़ा था। समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस (एपी) ने उपग्रह से प्राप्त तस्वीरों का रविवार को विश्लेषण किया, जिससे पता चलता है कि क्षतिग्रस्त हुई कुछ इमारतें ईरान के पारचिन सैन्य अड्डे में स्थित थीं। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी को संदेह है कि ईरान ने पूर्व में वहां परमाणु हथियार से संबद्ध विस्फोटकों का परीक्षण किया था। ईरान लंबे समय से इस बात पर जोर देता रहा है कि उसका परमाणु कार्यक्रम शांतिपूर्ण है।

### इजराइली हमले का जवाब देने का अधिकार रखता है ईरान

**तेहरान।** ईरान ने कहा कि वह अपने तीन प्रांतों में कई ठिकानों पर पहले हुए इजराइली हमले का कानूनी और वैध जवाब देने का अधिकार सुरक्षित रखता है। ईरानी सेना की जनसंपर्क वेबसाइट पर एक बयान में कहा कि इजराइली विमानों ने शनिवार तड़के पश्चिमी प्रांत इलम के सीमावर्ती इलाकों में खुज़ेस्तान का दक्षिण-पश्चिमी प्रांत और तेहरान के आसपास हल्के हथियारों से लैस लंबी दूरी की हवा से प्रक्षेपित मिसाइलें दागीं।

### ईरान पर हमले से सभी लक्ष्य हासिल हो गए हैं : नेतन्याहू

**तेल अवीव।** जराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को कहा कि इजराइल के हमलों से ईरान को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचा है और इस हमले से उसके सभी लक्ष्य हासिल हो गए हैं। इस महीने की शुरुआत में इजराइल पर हुए ईरानी बैलिस्टिक मिसाइल हमले के जवाब में एक दिन पहले इजराइल के लड़ाकू विमानों ने ईरान में कई सैन्य ठिकानों पर हमला किया था।

### नेतन्याहू के संबोधन को प्रदर्शनकारियों ने किया बाधित, शर्म करो के नारे लगाए

**इजराइल।** दक्षिणी इजराइल पर हमास के हमले के पीड़ितों की याद में रविवार को आयोजित एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के संबोधन को प्रदर्शनकारियों ने बाधित किया। प्रदर्शनकारियों ने शर्म करो के नारे लगाए और हंगामा किया, जिससे नेतन्याहू को अपना भाषण शुरू होने के कुछ ही समय बाद रोकना पड़ा। इस प्रमुख स्मृति कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जा रहा था।

# शाह ने बंगाल में सरकार प्रायोजित घुसपैठ के लिए टीएमसी पर साधा निशाना

कोलकाता, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार पर सरकार प्रायोजित घुसपैठ और भ्रष्टाचार में संलिप्त होने का आरोप लगाया और दावा किया कि संदेशखालि में महिलाओं पर हमले तथा आरजी कर अस्पताल में एक चिकित्सक से बलात्कार-हत्या जैसे मामले इस बात का सबूत हैं कि राज्य में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं।

शाह ने पश्चिम बंगाल में भाजपा के सदस्यता अभियान की शुरुआत की और राज्य में एक करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा। उन्होंने 2026 के विधानसभा चुनावों में दो-तिहाई बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनाने के लिए ठोस प्रयास का आह्वान किया और जोर देकर कहा कि भ्रष्टाचार व घुसपैठ जैसे ज्वलंत मुद्दों को हल करने का यही एकमात्र तरीका है। शाह ने अगले विधानसभा चुनाव में दो तिहाई बहुमत हासिल करने के पार्टी के उद्देश्य को रेखांकित किया। उन्होंने कहा हमें 2026 में दो तिहाई बहुमत के साथ बंगाल में अगली सरकार बनानी है। शाह ने पार्टी सदस्यों से राज्य में अपने प्रभाव को कम नहीं आंकने का आग्रह करते

- गृह मंत्री ने पश्चिम बंगाल में भाजपा के सदस्यता अभियान की शुरुआत कहा- राज्य सुरक्षित नहीं



हुए कहा ममता दीदी को यह नहीं सोचना चाहिए कि हमें बंगाल में कुछ सीटें मिली हैं तो हम हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। भाजपा ने लोकसभा चुनाव में बंगाल से 30 से अधिक सीट जीतने का लक्ष्य रखा था, लेकिन उसे 2019 की तुलना में छह कम यानी 12 सीट पर जीत मिली।

पश्चिम बंगाल में 42 लोकसभा सीट हैं। राज्य में महिलाओं की सुरक्षा के प्रति चिंता जताते हुए शाह ने संदेशखालि और आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में हाल ही में हुई घटनाओं का जिक्र किया और कहा कि ये पश्चिम बंगाल में महिलाओं की सुरक्षा के अभाव को दर्शाती हैं।

## रूसी सेना ने सात क्षेत्रों में 51 यूक्रेनी ड्रोनों को किया नष्ट

**मॉस्को।** रूसी वायु रक्षा प्रणालियों ने रूस के सात क्षेत्रों और आजोव सागर के ऊपर 51 यूक्रेनी ड्रोनों को कल देर रात नष्ट कर दिया। रूसी रक्षा मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा यूक्रेन रूसी संघ के क्षेत्रों को लक्ष्य करके ड्रोन से आतंकवादी हमलों को अंजाम देने का प्रयास कर रहा था जिसे ड्यूटी पर तैनात वायु रक्षा प्रणालियों ने 51 यूक्रेनी ड्रोनों को नष्ट कर दिया। बयान के अनुसार, टैम्बोव क्षेत्र में कुल 18 ड्रोन, बेलगोरोड क्षेत्र में 16, ब्रांस्क, लिपेत्स्क और ओर्योल क्षेत्रों में चार-चार, वोरोनिश क्षेत्र में तीन और कुर्स्क क्षेत्र में एक ड्रोन को नष्ट किया गया।

# चीन में जन्मदर में गिरावट हजारों किंडर गार्टन बंद

बीजिंग, एजेंसी

- जनसांख्यिकीय संकट गहराता अधिकारिक रिपोर्ट में दी गई जानकारी

चीन में जनसांख्यिकीय संकट गहराता जा रहा है और जन्म दर में गिरावट एवं बच्चों के नामांकन में गिरावट के मद्देनजर हजारों नामी किंडरगार्टन बंद हो गए हैं। एक अधिकारिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

चीन के शिक्षा मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक 2023 में किंडरगार्टन की संख्या में 14,808 की कमी आई और यह घटकर 274,400 रह गई है। चीन की गिरती जन्म दर के नवीनतम संकेतक में यह लगातार दूसरी वार्षिक गिरावट है। हांगकांग से प्रकाशित साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट ने रविवार को मंत्रालय की रिपोर्ट के हवाले से खबर दी कि किंडरगार्टन में नामांकित बच्चों की संख्या में लगातार तीसरे वर्ष गिरावट आई है। खबर के मुताबिक नामांकन में पिछले वर्ष की तुलना में 11.55 प्रतिशत या 53.5 लाख की कमी के साथ यह संख्या 4.09 करोड़ रह गई है। प्राथमिक विद्यालयों की संख्या भी 2023 में 5,645 घटकर 143,500 रह गई है जो 3.8 प्रतिशत की गिरावट है। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की खबर में कहा गया है कि यह गिरावट चीन में व्यापक जनसांख्यिकीय बदलाव को दर्शाती है, जहां जन्म दर और कुल जनसंख्या दोनों में गिरावट जारी है।

## जापान के प्रधानमंत्री का संसदीय चुनाव में बहुमत खोना तय

**तोक्यो।** जापान के प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा के सत्तारूढ़ गठबंधन का रविवार को संसद के निचले सदन के चुनाव में बहुमत खोना लगभग तय है। ये परिणाम सत्तारूढ़ पार्टी के व्यापक वित्तीय घोटालों पर मतदाताओं के आक्रोश को दर्शाते हैं। एनएचके ने अपनी खबर में कहा कि इशिबा की लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी और उसके गठबंधन सहयोगी 'कोमिटो' को 456 सीटों वाले निचले सदन में बहुमत (233 सीटें) मिलता नहीं दिख रहा है। जापान की द्विसदनीय संसद में निचला सदन बहुत ताकतवर है। बहुमत खोने का मतलब सरकार में बदलाव नहीं है, लेकिन नतीजों से इशिबा के लिए अपनी पार्टी की नीतियों को संसद में पारित कराना मुश्किल हो जाएगा।

# पूर्व सेनाध्यक्ष सहित 10 पूर्व मंत्री तलब

## बांग्लादेश में नरसंहार को लेकर अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने लिया संज्ञान

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश के अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने देश में जुलाई-अगस्त में विद्रोह के दौरान मानवता के खिलाफ कथित अपराधों और नरसंहार के सिलसिले में रविवार को पूर्व सेनाध्यक्ष जियाउल अहसान, 10 पूर्व मंत्रियों और अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के दो सलाहकारों सहित 20 व्यक्तियों को अगले महीने तलब किया है।

देश की अंतरिम सरकार के अनुसार, विद्रोह के दौरान कम से कम 753 लोग मारे गए और हजारों घायल हुए, जिसे आईसीटी अभियोजन टीम और अंतरिम सरकार ने मानवता के खिलाफ अपराध एवं नरसंहार करार दिया। हसीना और उनकी पार्टी के नेताओं के खिलाफ अब तक आईसीटी की जांच एजेंसी और अभियोजन टीम के समक्ष मानवता के खिलाफ अपराध और नरसंहार की 60 से अधिक शिकायतें दर्ज की गई हैं। द डेली स्टार अखबार की खबर के अनुसार, आईसीटी ने संबंधित अधिकारियों को 18 नवंबर को 10 पूर्व मंत्रियों और पूर्व प्रधानमंत्री हसीना के दो सलाहकारों सहित 20 लोगों को अपने समक्ष पेश होने का निर्देश दिया है।

### शेख हसीना के पूर्व सलाहकार पर भी आरोप

मुख्य अभियोजक मोहम्मद ताजुल इस्लाम के एक आवेदन के बाद न्यायमूर्ति एमडी गोलाम मुर्तुजा मजूमदार के नेतृत्व में तीन सदस्यीय आईसीटी पीठ द्वारा जारी किया गया। ढाका ट्रिब्यून अखबार की खबर के अनुसार, आरोपियों की सूची में पूर्व मंत्री फारूक खान, राशिद खान मेनन, हसनुल हक इनु, जुनैद अहमद पलक, अब्दुर रज्जाक, शाहजहां खान, कमाल अहमद मजूमदार और गोलाम दस्तगीर गाजी शामिल हैं। खबर के मुताबिक, आरोपियों की सूची में प्रधानमंत्री शेख हसीना के पूर्व सलाहकार तौफीक-ए-इलाही और सलमान एफ रहमान, पूर्व सेना प्रमुख अहसान, पूर्व न्यायाधीश शमसुद्दीन चौधरी माणिक और पूर्व गृह सचिव जहांगीर आलम के भी नाम शामिल हैं।

# फिलीपीन में भीषण बाढ़ व भूस्खलन से 126 की मौत

फिलीपीन, एजेंसी

फिलीपीन में उष्णकटिबंधीय तूफान ट्रामी के कारण आई भीषण बाढ़ और भूस्खलन के कारण कम से कम 126 लोगों की मौत हो गई है जबकि कई लोग लापता हो गए हैं। फिलीपीन के राष्ट्रपति ने बताया कि प्राकृतिक आपदा के कारण कई क्षेत्रों तक पहुंचना मुश्किल हो गया है जिसके कारण लोग वहां फंस गए हैं।

सरकार की आपदा-प्रतिक्रिया एजेंसी ने पहले बताया था कि शुक्रवार को फिलीपीन के उत्तर-पश्चिमी दिशा की ओर से आए 'ट्रामी' तूफान के कारण कम से कम 85 लोगों की मौत हो गई जबकि 41 अन्य लोग लापता हुए हैं। यह दक्षिण-पूर्व एशियाई द्वीपसमूह में इस साल का अब तक का सबसे घातक और विनाशकारी तूफान है। अधिकारियों ने बताया कि तूफान के



कारण मरने वालों की संख्या बढ़कर कम से कम 126 हो गई है और कई अन्य लोग लापता हैं। तूफान से आई बाढ़ और भूस्खलन के कारण मृतक संख्या और बढ़ने की आशंका है। प्रभावित इलाकों में पुलिस, अग्निशमन और अन्य आपातकालीन कर्मी राहत एवं बचाव कार्यों में लगे हुए हैं। राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस ने तूफान के कारण मनीला के दक्षिण-पूर्व में बुरी तरह प्रभावित हुए क्षेत्र का शनिवार को निरीक्षण किया।

**हिदायत** जयशंकर बोले- मुंबई पर हुए 26/11 हमले के बाद भारत की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई थी

# आतंकवाद बर्दाश्त नहीं, भारत इसके खिलाफ लड़ाई में अग्रणी

मुंबई, एजेंसी

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रविवार को कहा कि 26/11 के मुंबई आतंकवादी हमले के बाद भारत की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई थी, लेकिन यदि ऐसी घटना दोबारा हुई तो अब ऐसा नहीं होगा। जयशंकर ने यहां संवाददाताओं से कहा मुंबई में जो हुआ, उसकी पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए कि यहां आतंकवादी हमला हुआ और कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई।

उन्होंने कहा मुंबई भारत और दुनिया के लिए आतंकवाद-विरोध का प्रतीक है। जयशंकर ने कहा कि जब भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का सदस्य था, तब वह आतंकवाद-निरोधक समिति की अध्यक्षता कर रहा था। उन्होंने कहा हमने आतंकवाद-निरोधक समिति



की बैठक उसी होटल में की थी, जिस पर आतंकी हमला हुआ था। जयशंकर ने कहा लोग जानते हैं कि भारत आतंकवाद के खिलाफ मजबूती से खड़ा है। हम आज आतंकवाद से लड़ने में अग्रणी हैं। उन्होंने कहा जब हम आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की बात करते हैं, तो यह स्पष्ट है कि जब कोई कुछ करता है, तो उसका जवाब दिया जाएगा। यह स्वीकार्य नहीं है कि आप दिन में सौदेबाजी कर रहे हों और रात में आतंक में लिप्त हों और मुझे दिखावा करना पड़े कि सब कुछ ठीक है। अब भारत इसे स्वीकार नहीं करेगा। यही बदलाव है। जयशंकर ने कहा हम आतंकवाद को उजागर करेंगे और जहां हमें कार्रवाई करनी होगी, हम कार्रवाई भी करेंगे। जयशंकर ने यह भी कहा कि भारत और चीन जल्द ही लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गश्त फिर से शुरू करेंगे, जिससे अप्रैल 2020 में सीमा गतिरोध शुरू होने से पहले की व्यवस्था बहाल होगी। जयशंकर ने कहा हमें उम्मीद है कि डेमचोक और देपसांग जैसे क्षेत्रों में 31 अक्टूबर, 2020 से पहले की गश्त व्यवस्था बहाल हो जाएगी।

### देपसांग, डेमचोक में सैनिकों की वापसी पहला कदम, तनाव कम करना अगला कदम

**मुंबई।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को कहा कि लद्दाख के देपसांग और डेमचोक में सैनिकों का पीछे हटना पहला कदम है, और उम्मीद है कि भारत 2020 की गश्त की स्थिति में वापस आ जाएगा। विदेश मंत्री ने स्पष्ट रूप से चीन का जिक्र करते हुए कहा कि अगला कदम तनाव कम करना है, जो तब तक नहीं होगा जब तक भारत को यकीन नहीं हो जाता कि दूसरी तरफ भी यही हो रहा है। इस सप्ताह की शुरुआत में, भारत ने घोषणा की कि उसने पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गश्त करने को लेकर चीन के साथ समझौता कर लिया है। चार साल से अधिक समय से पूर्वी लद्दाख में जारी सैन्य गतिरोध को समाप्त करने की दिशा में यह एक बड़ी सफलता है। मुंबई में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा कि देपसांग और डेमचोक में गश्त करने और पीछे हटने पर आम सहमति बन गई है। उन्होंने कहा, यह स्पष्ट है कि इसे लागू करने में समय लगेगा। यह पीछे हटने और गश्त का मुद्दा है, जिसका मतलब है कि हमारी सेनाएं एक-दूसरे के बहुत करीब आ गई थीं और अब वे अपने ठिकानों पर वापस चली गई हैं। हमें उम्मीद है कि 2020 वाली स्थिति बहाल हो जाएगी। विदेश मंत्री ने कहा कि सैनिकों की वापसी की प्रक्रिया पूरी करना पहला कदम है। अगला कदम तनाव कम करना है।